वार्षिक रिपोर्ट
2021-22

G20 भारत 2023 INDIA | 75 आज़ादी का अमृत महोत्सव

अवसंरचना विकास को गति
नागर विमानन का रूपान्तरण

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

आज़ादी का अमृत महोत्सव

"भारत का विमानन क्षेत्र काफी तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। हम विमानन क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण इनफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण पर बल दे रहे हैं।"

श्री नरेंद्र मोदी
भारत के माननीय प्रधानमंत्री

श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया
मा. केन्द्रीय नागर विमानन एवं इस्पात मंत्री

जनरल वी. के. सिंह
मा. केन्द्रीय नागर विमानन एवं सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री

श्री राजीव बंसल,भाप्रसे
सचिव, नागर विमानन मंत्रालय

श्री संजीव कुमार,भाप्रसे
अध्यक्ष, भाविप्रा

टिप्पणियों हेतु

विषय सूची

4
भाविप्रा के बारे में

7
बोर्ड सदस्य,
सीवीओ एवं केएमपी

13
बोर्ड रिपोर्ट

29
प्रबन्धक विचार विमर्श
एवं विश्लेषण (एमडी एवं ए)

53
निगमित
अभिशासन रिपोर्ट

61
पूंजीगत योजनाओं का
विवरण (क्षेत्र वार)

77
सीएसआर गतिविधियों पर
वार्षिक रिपोर्ट

89
संधारणीयता रिपोर्ट

95
भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
की लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणियाँ

155
चंडीगढ़ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा
लिमिटेड की लेखापरीक्षित
वित्तीय विवरणियाँ

217
भाविप्रा कार्गो लॉजिस्टिक्स एवं अलाइड सर्विसेस
कंपनी लिमिटेड की लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणियाँ

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

भाविप्रा के बारे में

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) 1 अप्रैल 1995 को अस्तित्व में आया। भाविप्रा को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण अधिनियम, 1994 के तहत एक वैधानिक प्राधिकरण के रूप में गठित किया गया है। देश भर के हवाई अड्डों पर हवाई यातायात सेवाओं, यात्री टर्मिनलों, प्रचालन क्षेत्रों और कार्गो सुविधाओं के एकीकृत विकास, विस्तार और आधुनिकीकरण में तेजी लाने के लिए इसे तत्कालीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा प्राधिकरण और राष्ट्रीय हवाई अड्डा प्राधिकरण को मिलाकर बनाया गया है।

भाविप्रा के मुख्य कार्य

- इकाओ द्वारा स्वीकृत देश की क्षेत्रीय सीमाओं से परे भारतीय हवाई क्षेत्र (विशेष उपयोगकर्ता हवाई क्षेत्र को छोड़कर) का नियंत्रण और प्रबंधन।
- संचार, दिक्चालन और निगरानी उपकरणों का प्रावधान।
- प्रचालन क्षेत्रों अर्थात रनवे, एप्रन, टैक्सी वे आदि का विस्तार और सुदृढ़ीकरण और प्रचालन क्षेत्र में हवाई जहाजों और वाहनों के यातायात के लिए जमीन आधारित लैंडिंग और संचलन नियंत्रण उपकरणों का प्रावधान।
- यात्री टर्मिनलों का डिजाइन, विकास, प्रचालन और रखरखाव।
- यात्री टर्मिनलों में यात्री सुविधाओं और सूचना प्रणाली का प्रावधान।

उद्देश्य

विश्व का अग्रणी हवाई अड्डा विकासकर्ता, प्रचालक और विमान दिक्चालन सेवा प्रदाता बनना।

ध्येय

देश भर में हवाई संपर्क बढ़ाना और लागत प्रभावी, आधुनिक, सुरक्षित हवाई अड्डा प्रचालन एवं विमान दिक्चालन सेवाओं के लिए अत्याधुनिक और स्वदेशी तकनीक का उपयोग करके पर्यावरण के प्रति जागरूक संधारणीय संगठन बनना ।

निगमित मुख्यालय

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण राजीव गांधी भवन ,सफदरजंग हवाईअड्डा, नई दिल्ली – 110003 दूरभाष : +91-11-24632950, फैक्स : +91-11-24632990

उत्तरी क्षेत्र

क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, एन ए टी एस भवन, इंदिरागांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के निकट, टी–3 रोड,नई दिल्ली -110037 दूरभाष :011-25656514, फैक्स :011-25656451, ई-मेल : red_nr@aai.aero

पूर्वी क्षेत्र

क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, एन.एस.सी.बी.आई. हवाई अड्डा, कोलकाता-700052, दूरभाष :033-25119616/25119944 फैक्स :033-25118873, ई–मेल: reder@aai.aero

पश्चिमी क्षेत्र

क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक,भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण नया एकीकृत प्रचालन कार्यालय कॉम्प्लेक्स, पारसीवाड़ा के सामने, सहार रोड, विलेपार्ले (पूर्व), मुंबई-400099. दूरभाष :022-29217402, ई-मेल : redwr@aai.aero

दक्षिणी क्षेत्र

क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, एटीएस कॉम्पलेक्स, चेन्नई हवाईअड्डा, चेन्नई -600027, दूरभाष :044-22561234/22561515, फैक्स :044-22561010 ई-मेल : redsr@aai.aero

उत्तर-पूर्वी क्षेत्र

क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक,भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, एल जी बी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा ,गुवाहाटी -781015 दूरभाष:0361-2840223, फैक्स :0361-2840042 ई-मेल : redner@aai.aero

133 हवाई अड्डे

23 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (3 अंतरराष्ट्रीय सिविल एन्क्लेव सहित)

100 अंतर्देशीय हवाई अड्डे (22 घरेलू सिविल एन्क्लेव सहित)

10 सीमा शुल्क हवाई अड्डे (4 सिविल एन्क्लेव सहित)

बोर्ड की संरचना

(30.11.2022 को)



श्री अमल गर्ग, भा.रा.से.
मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ)

प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक (के.एम.पी.)

श्री धर्मेन्द्र भोजवानी
कार्यपालक निदेशक (वित्त)

श्री जे. बी. सैनी
कार्यपालक निदेशक (पीएमक्यूए / निगमित मामले)

अध्यक्ष

श्री संजीव कुमार, 1993 बैच के महाराष्ट्र कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी, ने 07.04.2021 को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया।

उन्होंने रुड़की विश्वविद्यालय (अब आईआईटी रुड़की) से इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार अभियान्त्रिकी (इंजीनियरिंग) में स्नातक और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर (आईआईटी, कानपुर) से संचार इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त की है।

उन्होंने जमनालाल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, मुंबई विश्वविद्यालय से वित्तीय प्रबंधन में भी स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त की है। भाविप्रा में कार्यभार ग्रहण करने से पहले, वह महाराष्ट्र सरकार में राज्य आयुक्त–जीएसटी के रूप कार्यरत थे। श्री कुमार को महाराष्ट्र सरकार और भारत सरकार में आधारभूत संरचना (इन्फ्रास्ट्रचर) और वित्तीय सेक्टर का व्यापक अनुभव है। वे चार वर्षों से भी अधिक समय तक भारत की सबसे बड़ी बिजली वितरक कंपनी, महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल) के सीएमडी थे। उन्होंने एम एस ई डी सी एल में प्रचालन और वित्तीय दक्षता में सुधार करते हुए बड़ी संख्या में जनहितैषी उपायों को लागू किया परिणामस्वरूप कंपनी को चार वर्षों तक निरंतर लाभ होता रहा।

2005 में वैल्यू एडेड टैक्स (वैट) के आरंभिक कठिन समय में राज्य के माल कराधान विभाग के विभिन्न पदों पर श्री कुमार ने पांच वर्ष से अधिक समय तक कार्य किया।

श्री कुमार ने महाराष्ट्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों जैसे जल आपूर्ति एवं स्वच्छता विभाग, ऊर्जा एवं उद्योग विभाग में कार्य किया है। उन्होंने महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) में संयुक्त सीईओ के रूप में कार्य किया है और महाराष्ट्र कृषि उद्योग विकास निगम के प्रबंध निदेशक भी रहे हैं।

भारत सरकार में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने आवास और शहरी गरीबी उन्मूलन मंत्रालय के "सभी के लिए आवास" परियोजना में संयुक्त सचिव और मिशन निदेशक के रूप में कार्य किया। उन्होंने इस पद पर रहते हुए प्रधान मंत्री आवास योजना (पी एम ए वाई) को अभिकल्पित और शुभारंभ किया। उन्होंने विद्युत मंत्रालय में निदेशक, राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना (आरजीजीवीवाई) और पुनर्गठित त्वरित विद्युत विकास और सुधार कार्यक्रम (आरएपीडीआरपी) के प्रभारी के रूप में कार्य किया।

पदेन सदस्य

श्री अरुण कुमार, नागर विमानन निदेशालय प्रमुख, 1989 बैच के हरियाणा कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी तथा गणित मे स्नातक हैं।

भारत के उत्तर में स्थित हरियाणा राज्य में लगभग 22 वर्ष के अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने विभिन्न पदों पर यथा ''पावर डिस्ट्रीब्यूशन एंड ट्रांसमिशन यूटिलिटीज्'' में प्रबंध निदेशक, राज्य कर प्रशासन प्रमुख, राज्य परिवहन उपक्रम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उद्योग एवं खान निदेशक तथा पर्यावरण निदेशक तथा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य–सचिव के पद पर कार्य किया है।

वे चंडीगढ़ संघ शासित प्रदेश के उपायुक्त और हरियाणा राज्य में रोहतक, झज्जर तथा फरीदाबाद के जिला कलेक्टर के पद पर रहे हैं।

लगभग साढ़े छह वर्षो से वे नागर विमानन मंत्रालय में हैं। मंत्रालय मे संयुक्त सचिव तत्पश्चात अपर सचिव के पद पर रहते हुए हवाई अड्डों, एयरलाइन्स, नागर विमानन महानिदेशालय, द्विपक्षीय अनुबंध एवं संसदीय कार्यों की देखरेख करते रहे हैं। द्विपक्षीय अनुबंधों की देखरेख के प्रभारी कार्यों के दौरान उन्होंने अनेक विमान सेवा वार्ताओं का नेतृत्व किया है तथा भारत सरकार की ओर से अनेक देशों के साथ लगभग 40 अनुबंध/समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। जून, 2019 से उन्हे नागर विमानन महानिदेशक के पद का कार्यभार सौंपा गया।

भारत तथा विदेश में आयोजित अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में वे प्रतिभागिता कर चुके हैं तथा साथ ही उन्होंने भारतीय प्रबंधन संस्थान, नेशनल लॉ स्कूल, इंटरनेशल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन तथा कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में अनेक अल्पकालिक व्यावसायिक कार्यक्रमों में भाग लिया है।

सरकारी नामिती

सुश्री रुबीना अली इतिहास में स्नातकोत्तर हैं। उन्होंने सिविल सेवा परीक्षा – 1991 बैच की केंद्रीय सचिवालय सेवा (सीएसएस) उत्तीर्ण की। तब से, वह वित्त मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय और खान मंत्रालय जैसे विभिन्न संगठनों में विभिन्न पदों पर रही हैं और वर्तमान में नागर विमानन मंत्रालय में संयुक्त सचिव के रूप में कार्यरत हैं।

सदस्य (योजना)

श्री अनिल कुमार पाठक एसीआई–इकाओ द्वारा प्रमाणित इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रोफेशनल (आईएपी) हैं और जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय से पर्यावरण विज्ञान और इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री रखते हैं।

उनके पास अत्याधुनिक पर्यावरण अनुकूल हवाई अड्डे के टर्मिनल और रनवे, एप्रन आदि जैसे एयरसाइड इंफ्रास्ट्रक्चर की योजना बनाने, डिजाइन करने उनके वित्तीय मूल्यांकन, विनियामक मंजूरी, निविदा और अवार्ड प्रक्रियाओं का समृद्ध अनुभव है और वे भारत भर में विभिन्न ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड हवाई अड्डा परियोजनाओं के निष्पादन से भी जुड़े हुए हैं।

सदस्य (एएनएस)

श्री एम. सुरेश इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन में इंजीनियरिंग ग्रेजुएट हैं और मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एचआर) में स्नातकोत्तर हैं। वे इकाओ प्रमाणित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा प्रोफेशनल–आईएपी भी हैं।

श्री सुरेश ने वर्ष 1991 में इलैक्ट्रॉनिक अधिकारी के रूप में भा.वि.प्रा. में कार्य भार ग्रहण किया तथा उन्हें क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक (उत्तर–पूर्वी क्षेत्र), कार्यपालक निदेशक (विमानन संरक्षा), विमानपत्तन निदेशक, गोवा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, जम्मू एवं मदुरै के रूप में कार्य करते हुए विमानन क्षेत्र का 31 वर्षों का समृद्ध अनुभव है। उन्होंने भा. वि.प्रा. के निगमित एवं क्षेत्रीय मुख्यालयों में विभिन्न विभागों में महाप्रबंधक के रूप में कार्य किया है। उन्होंने भा.वि.प्रा. की संरक्षा प्रबंधन नीति को विकसित और अनुरक्षित करते हुए विमानक्षेत्र प्रचालनों एवं वायु दिक्चालन सेवाओं में संरक्षा सुनिश्चित करने के रणनीतिक कार्यों का निस्पादन किया है।.

वे एक वायु दिक्चालन सेवा तकनीकी विषेशज्ञ हैं और उन्हें भारत में हवाई अड्डों में सीएनएस सुविधाओं, हवाई अड्डा प्रणाली सुविधाओं और सूचना प्रौद्योगिकी सुविधाओं की योजना, प्रावधान, संचालन और रखरखाव का व्यापक अनुभव है।

सदस्य (एएनएस) के रूप में पदभार ग्रहण करने के बाद से उन्होंने विमानन संरक्षा, ग्रीनफील्ड एवं ब्राउनफील्ड हवाईअड्डों पर ए एन एस सुविधाओं के प्रावधानों, हवाईअड्डों पर सी एन एस एवं ऑटोमेशन सुविधाओं के तकनीकी उन्नयन, रणनीतिक वैश्विक विमानन साझेदारों के साथ भारतीय विमानन क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास, वायुक्षेत्र के लचीले प्रयोग के कार्यान्वयन तथा भारत सरकार की अन्य पहलों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है।

श्री रविन्द्र सिंह बालावत, आयु 50 वर्ष, जालौर जिला (राजस्थान) के निवासी हैं तथा राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर से विधि स्नातक हैं। वह एक अधिवक्ता, सामाजिक कार्यकर्ता और किसान हैं। वह पिछले 34 वर्षों से सामाजिक कार्यों में लगे हुए हैं। उनकी विशेषज्ञता का क्षेत्र कानून है।

स्वतंत्र सदस्य

सुश्री माधवी संजय नायक व्यवसाय से अधिवक्ता हैं। विधि महाविद्यालय, ठाणे में अतिथि व्याख्याता होने के अतिरिक्त, उन्होंने विभिन्न स्कूलों और महाविद्यालयों में महिला विकास प्रकोष्ठ के अंतर्गत महिला संबंधी विषयों और विधिक विषयों पर व्याख्यान भी दिए हैं। उन्होंने आकाशवाणी (ऑल इंडिया रेडियो) पर उद्घोषक के रूप में भी काम किया है और विभिन्न लघु फिल्मों, वृत्तचित्रों और कार्टून धारावाहिक – जंगल बुक में पार्श्व स्वर कलाकार रही हैं। वह विभिन्न पदों का निर्वहन करते हुए विभिन्न शैक्षिक समितियों और गैर–सरकारी संगठनों से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने भारतीय हथकरघा और हस्तशिल्प निर्यात निगम में स्वतंत्र निदेशक के रूप में भी सेवाएँ दी हैं।

स्वतंत्र सदस्य

श्री अमल गर्ग (आईआरएस आईटीः 1995) को 21 अक्टूबर 2020 से भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के सीवीओ, रूप में नियुक्त किया गया है। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर आयकर विभाग में विभिन्न पदों पर कार्य किया है। उन्हें आयकर विभाग के जांच स्कन्ध में कार्य करने का विस्तृत अनुभव है, जो अन्वेषण और अधिग्रहण अभियान चलाता है। उन्होंने आयकर विभाग के कंप्यूटर सिस्टम के कार्यक्षेत्र में भी काफी समय तक कार्य किया है, जहां उन्होंने आयकर रिटर्न की ई–फाइलिंग सहित विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य किया है। उन्हें उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए वित्त मंत्री से प्रशंसा पत्र प्राप्त हुआ है।

श्री अमल गर्ग ने सूचना प्रौद्योगिकी विभाग में भी कार्य किया है, जहां उन्होंने एक वर्ष के लिए राष्ट्रीय ई–गवर्नेंस डिवीजन (एनईजीडी) के निदेशक (वित्त) रूप में काम किया।

उन्होंने रुड़की विश्वविद्यालय (अब आईआईटी रुड़की) से मैकेनिकल स्ट्रीम (बीई) में बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त की है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने सीसीएस विश्वविद्यालय, मेरठ से एलएलबी की डिग्री भी प्राप्त की है। हाल ही में, उन्होंने भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, दिल्ली से लोक प्रशासन में उन्नत व्यावसायिक कार्यक्रम (एपीपीपीए) को सफलतापूर्वक पूरा किया है।

भाविप्रा में सम्मिलित होने से पूर्व, वे आयकर आयुक्त (अपील), मुरादाबाद के रूप में कार्यरत थे।

मुख्य सतर्कता अधिकारी

कार्यपालक निदेशक (वित्त)

श्री धर्मेंद्र भोजवानी एक वाणिज्य स्नातक हैं और भारतीय लागत एवं प्रबंधन लेखाकार संस्थान के एक सहयोगी सदस्य हैं। उन्हें 33 से अधिक वर्षों का वृहत अनुभव है और उन्होंने भाविप्रा में विभिन्न पदों पर सेवाएँ दी हैं। अपने वर्तमान पद पर, वे कॉर्पोरेट खातों, बाजार ऋण, पूंजीगत बजट, वित्तीय सहमति आदि का कार्य देख रहे हैं।

कार्यपालक निदेशक (पीएमक्यूए/सीए)

श्री जे बी सैनी वाणिज्य स्नातक, एमबीए (वित्त), एमबीए (एचआर) और चार्टर्ड एकाउंटेंट हैं। वह इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के फेलो सदस्य हैं।

श्री सैनी अप्रैल 1998 में एएआई में प्रबंधक (वित्त) के रूप में शामिल हुए और उन्हें वित्तीय प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं, विशेष रूप से वित्त, लेखा और कंपनियों के वैधानिक अनुपालन में 30 से अधिक वर्षों का समृद्ध अनुभव है।

उन्होंने 1 जुलाई 2022 को कार्यकारी निदेशक (पीएमक्यूए/कॉरपोरेट अफेयर्स) के पद का कार्यभार संभाला है। ईडी के रूप में अपनी नियुक्ति से पहले, उन्होंने एएआई कार्गो लॉजिस्टिक्स एंड एलाइड सर्विसेज लिमिटेड (भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की 100% सहायक कंपनी) के मुख्य वित्तीय अधिकारी के रूप में 2 साल के लिए और चंडीगढ़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की एक सहायक कंपनी) के संस्थापक मुख्य वित्तीय अधिकारी के रूप में 3 साल के लिए प्रतिनियुक्ति पर काम किया है।

लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, वाराणसी
LAL BAHADUR SHASTRI INTERNATIONAL AIRPORT VARANASI
प्रस्थान DEPARTURE

वाराणसी हवाई अड्डा

बोर्ड की रिपोर्ट

कुशीनगर हवाई अड्डा

वर्ष 2021-22 के लिए सदस्यों की रिपोर्ट

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भा वि प्रा) की 31मार्च 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए 27 वीं बोर्ड की रिपोर्ट, लेखापरीक्षित लेखा विवरण और उस पर लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट के साथ, प्रस्तुत करते हुए हमें प्रसन्नता है।

मुख्य वित्तीय बिन्दु (वित्तीय वर्ष 2021-22)

(राशि करोड़ रुपए में)

विवरण	वित्त वर्ष 2021-22	वित्त वर्ष 2020-21
प्रचालन से प्राप्त राजस्व (वैमानिकी और गैर–वैमानिकी राजस्व)	6333.72	4335.42
अन्य आय	507.57	531.62
कुल राजस्व	**6841.29**	**4867.04**
वित्त लागत और मूल्यह्रास के अतिरिक्त कुल व्यय	5670.96	6178.40
वित्त लागत	69.67	45.01
कर और मूल्यह्रास से पूर्व लाभ	**1100.66**	**(1356.37)**
मूल्यह्रास और परिशोधन	1904.38	1819.75
असाधारण मदों और कर से पूर्व लाभ / (हानि)	**(803.72)**	**(3176.12)**
असाधारण मदें (नीचे नोट 1 देखें)	(836.48)	(409.11)
कर पूर्व लाभ	**32.76**	**(2767.01)**
कर व्यय		
वर्तमान कर	0.00	(0.27)
आस्थगित कर	24.00	(804.68)
कर पश्चात लाभ	**8.76**	**(1962.06)**
लाभांश के रूप में संवितरित राशिः		
(i) अंतरिम लाभांश और लाभांशकर	-	-
(ii) अंतिम लाभांश और लाभांश कर (कृपया नोट 2 देखें)	-	-
आरक्षित निधियों में अंतरितः		
(i) निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व आरक्षित निधि	-	-
(ii) हवाई अड्डा विकास आरक्षित निधि	-	-
(iii) सामान्य आरक्षित निधि	8.76	-

***नोट 1**: – वित्तीय वर्ष 2020–21 और 2021–22 के लिए असाधारण मदें क्रमशः रूपए 409.11 करोड़ की राशि के पुनर्वास व्यय के प्रावधान की वापसी और रुपए 836.48 करोड़ एयर इंडिया के हस्तांतरण के कारण संदिग्ध ऋणों के प्रावधान को दर्शाती हैं।*

भारतीय नागर विमानन और पर्यटन क्षेत्र कोविड–19 महामारी के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था के सबसे बुरी तरह प्रभावित क्षेत्रों में से एक रहा है। वर्ष 2020–21 के दौरान, कुल यात्री यातायात में 66% की गिरावट देखी गई, जबकि 2019–20 अर्थात कोविड–पूर्व अवधि की तुलना में कुल विमानों की आवाजाही में 54% की गिरावट आई। कोविड–19 का प्रभाव वर्ष 2021–22 के दौरान भारत में हवाई यातायात को प्रभावित करता रहा। वर्ष 2021–22 के दौरान, कुल यात्री यातायात में 45% की गिरावट देखी गई, जबकि 2019–20 अर्थात कोविड–पूर्व अवधि की तुलना में कुल विमानों की आवाजाही में 32% की गिरावट रही है।

तदनुसार, वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान भाविप्रा का प्रोद्भूत राजस्व केवल 6841.29 करोड़ रुपए था और व्यय रूपए 7645. 01 करोड़ का रहा था। एअर इंडिया के संदिग्ध ऋणों के प्रावधानों के प्रतिलेखन से संबंधित असाधारण मद को समायोजित करने के बाद, कर पूर्व लाभ रु.32.76 करोड़ रहा। इसके अतिरिक्त वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान 24 करोड़ रुपए के आस्थगित कर देयता के समायोजन के बाद लाभ 8.76 करोड़ रुपए रहा है।

भाविप्रा की वित्तीय स्थिति पर अधिक ब्यौरा "व्यापार सिंहावलोकन" के अंतर्गत प्रबंधन विचार–विमर्श और विश्लेषण में देखा जा सकता है, जो **अनुलग्नक 1** के रूप में इस रिपोर्ट का एक भाग है।

आरक्षित निधियों में अंतरण

वित्तीय वर्ष 2021–22 में रू. 8.76 करोड़ सामान्य आरक्षित निधि में अंतरित किए गए हैं।

लाभांश

वित्त मंत्रालय, निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के दिनांक 27/5/2016 के कार्यालय ज्ञापन एफ संख्या 5/2/2016–नीति के अनुसार, पिछले दिशानिर्देशों के अनुसार, प्रत्येक सी पी एस सी कोपीएटी का 30% या निवल मूल्य का 5%, जो भी अधिक हो, भारत सरकार को भुगतान करना आवश्यक है।

भाविप्रा द्वारा एअर इंडिया बकाए को बट्टे खाते में डालने के संबंध में वर्ष 2019–20 के लिए अंतिम लाभांश (138. 57 करोड़ रुपए), वित्त वर्ष 2020–21 के लिए देय कुल लाभांश (671.70 करोड़ रुपए) और वित्त वर्ष 2021–22 के लिए अनुमानित देय लाभांश (607.23 करोड़ रुपए) के भुगतान से आवश्यक सीमा तक भाविप्रा को छूट देने के लिए दिनांक 24.01.2022 के कार्यालय ज्ञापन (डीआईपीएएम) द्वारा प्रदान किए गए सैद्धांतिक अनुमोदन पर विचार करते हुए, दिनांक 24.02.2022 के यूओ नोट के माध्यम से ना.वि.म. को एक प्रस्ताव भेजा गया था ।

वित्त वर्ष 2021–22 के लिए खातों को अंतिम रूप देने तक, लाभांश की छूट के संबंध में कोई अनुमोदन प्राप्त नहीं हुआ था। तदनुसार वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए भाविप्रा द्वारा भारत सरकार को रुपए 638.56 करोड़ के कुल लाभांश का विनियोजन (निवल मूल्य का 5%) भारत की सामान्य आरक्षित निधियों से किया गया था।

परिणामस्वरूप, सीपीएसई में पूंजी प्रबंधन और लाभांश की निगरानी के लिए गठित समिति (सीएमसीडीसी) ने दिनांक 03.08.2022 को आयोजित अपनी बैठक में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को उपरोक्त लाभांश के भुगतान से छूट दी।

पूंजी विन्यास,दीर्घावधि ऋण और अन्य महत्वपूर्ण मदों में परिवर्तन

पूंजी विन्यास: भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण 100% सरकारी स्वामित्व वाला वैधानिक निगम है। वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान भाविप्रा की पूंजी में कोई बदलाव नहीं हुआ और यह दिनांक 31 मार्च, 2022 को 656.56 करोड़ रु. थी।

दीर्घावधि ऋण: वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान, भाविप्रा ने एक्सिस बैंक से मई और जून 2021 माह में दो किश्तों में सुरक्षित आवधिक ऋण लिया था। इसके साथ, दिनांक 31.03.2022 को एक्सिस बैंक से कुल बकाया आवधिक ऋण 2098.01 करोड़ रु. था।

वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान, भाविप्रा ने एस बी आई से 625 करोड़ रुपए का सुरक्षित रूपया आवधिक ऋण और 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर का बाह्य वाणिज्यिक ऋण भी लिया।

अल्पावधि ऋण: वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान, भाविप्रा ने अपनी कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से 600 करोड़ रु. (2000 करोड़ रु की स्वीकृत सीमा में से) की निधि आधारित कार्यशील पूंजी प्राप्त की। भाविप्रा ने पिछले वर्ष 2020–21 उक्त सीमा में से 1400 करोड़ रुपए लिए थे और 150 करोड़ रुपए का भुगतान वापस किया।

वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान भाविप्रा ने 1650 करोड़ रुपए का भुगतान वापस किया। दिनांक 31.03.2022 को बकाया राशि केवल 200 करोड़ रुपए थी।

उपरोक्त ऋणों की ब्याज दर, अवधि, समय सारणी और भाविप्रा द्वारा दी गई प्रतिभूति के बारे में जानकारी भाविप्रा के वित्तीय विवरणों के नोट संख्या 4 और 7 से प्राप्त की जा सकती है।

निदेशक मंडल, बोर्ड समितियां और बैठकें

वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए निगमित अभिशासन रिपोर्ट इस रिपोर्ट के **अनुलग्नक-2** के रूप में शामिल है। निदेशक मंडल, बोर्ड समितियों और बैठकों का विवरण उक्त अनुलग्नक में प्रदान किया गया है।

प्राधिकरण के अध्यक्ष और सदस्यों में परिवर्तन

पिछले बोर्ड की रिपोर्ट के बाद से, प्राधिकरण के अध्यक्ष और सदस्यों में निम्नलिखित परिवर्तन हुए हैं: –

क. **अध्यक्ष**- प्राधिकरण के अध्यक्ष में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

ख. **कार्यात्मक सदस्य**

1. **सदस्य (मा.सं.)** - श्री अनुज अग्रवाल, सदस्य (मा.सं.) के कोविड संबंधी जटिलताओं के कारण 22 अप्रैल 2021 को हुए आकस्मिक निधन के परिणामस्वरूप, ना.वि.मं. ने अपने दिनांक 30 अप्रैल 2021 के आदेश के माध्यम से श्री अनिल कुमार पाठक, सदस्य (योजना), भाविप्रा को उनके अपने कर्तव्यों के अलावा सदस्य (मा.सं.), भाविप्रा के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा। तब से ना.वि.मं. द्वारा समय–समय पर जारी किए गए अपने आदेशों के द्वारा श्री ए. के. पाठक को सदस्य (मा.सं.) के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा जाता रहा है।
2. **सदस्य (प्रचालन)** - श्री आई. एन. मूर्ति ने सदस्य (प्रचालन), भाविप्रा के रूप में अपना 05

साल का कार्यकाल दिनांक 22.11.2021 को पूरा किया। ना. वि. मं. ने अपने आदेश संख्या एवी–24011/17/2020–एएआई–एमओसीए (189566) दिनांक 31 दिसंबर 2021 के माध्यम से श्री संजीव कुमार, आईएएस, अध्यक्ष, भाविप्रा को 1 (एक) वर्ष की अवधि के लिए या पद पर नियमित पदाधिकारी की नियुक्ति तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, सदस्य (प्रचालन) के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपने के लिए मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) के अनुमोदन की सूचना दी।

बाद में ना. वि. मं. ने दिनांक 24 मई 2022 के अपने समसंख्यक आदेश के द्वारा श्री एम. सुरेश, सदस्य (एएनएस) को 1 (एक) वर्ष की अवधि के लिए या पद पर नियमित पदाधिकारी की नियुक्ति तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, सदस्य (प्रचालन) के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा तदनुसार, श्री एम. सुरेश ने दिनांक 24.05.2022 को पदभार ग्रहण किया और श्री संजीव कुमार, आईएएस, अध्यक्ष, भाविप्रा को उक्त तिथि से अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया।

3. **सदस्य (वित्त)** - दिनांक 31.10.2022 को भाविप्रा के सदस्य (वित्त) श्री के. विनायक राव की सेवा निवृत्ति के परिणाम स्वरूप, ना.वि.मं. ने अपने आदेश संख्या एवी–24011/8/2021–भाविप्रा–एमओसीए दिनांक 01 नवंबर 2022 को श्री संजीव कुमार, आईएएस, अध्यक्ष, भाविप्रा को तीन महीने की अवधि के लिए अर्थात 01.11.2022 से 28.01.2023 तक या पद पर नियमित पदाधिकारी की नियुक्ति तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, सदस्य (वित्त) पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा।

ग. सरकारी निदेशक

1. ना. वि. मं. ने अपनी अधिसूचना संख्या एवी – 24015/2/2015–एएआई–एमओसीए (84261) दिनांक 20 जनवरी 2022 के माध्यम से सुश्री रुबीना अली, संयुक्त सचिव, ना.वि.मं. के भाविप्रा के बोर्ड में अंशकालिक सदस्य के रूप में के कार्यकाल को 11.02.2022 से तीन साल की अवधि के लिए या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, बढ़ाया। उनका तीन साल का पिछला कार्यकाल 10.02.2022 को समाप्त हो रहा था।

2. श्री विमलेन्द्र आनंद पटवर्धन, संयुक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, ना. वि. मं. ने भाविप्रा के बोर्ड में अंशकालिक सदस्य के रूप में अपना 03 साल का कार्यकाल दिनांक 25.10.2022 को पूरा किया। तदनुसार वे उक्त तिथि से भाविप्रा के बोर्ड सदस्य नहीं रहे। 30.11.2022 तक उक्त पद को भरने के लिए नागर विमानन मंत्रालय का आदेश प्राप्त नहीं हुआ था।

घ. स्वतंत्र निदेशक

1. श्री रवींद्र सिंह बालावत और सुश्री माधवी संजय नाइक को ना.वि.मं. की अधिसूचना संख्या 24011/12/2019–एएआई–एमओसीए (166781) दिनांक क्रमशः 21.01.2022 और 29.03.2022 के माध्यम से भाविप्रा के बोर्ड में गैर–सरकारी स्वतंत्र सदस्य (अंशकालिक) के रूप में तीन वर्ष की अवधि के लिए या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, नियुक्त किया गया था।

2. श्री जी. सेकर ने भाविप्रा के बोर्ड में गैर–सरकारी (अंशकालिक) सदस्य के रूप में अपना 03 साल का कार्यकाल दिनांक 21.07.2022 को पूरा किया और तदनुसार, वह उक्त तिथि से भाविप्रा के बोर्ड सदस्य नहीं रहे। भाविप्रा के बोर्ड सदस्य के रूप में उनकी सेवा समाप्ति के परिणामस्वरूप, भाविप्रा में स्वतंत्र बोर्ड सदस्यों की संख्या अब घटकर 02 (दो) रह गई है।

भाविप्रा के साथ अपनी सबद्धता के दौरान पूर्व–बोर्ड सदस्यों के समर्थन, मार्गदर्शन और योगदान के लिए बोर्ड सराहना करता है।

30.11.2022 को, भाविप्रा के बोर्ड में अध्यक्ष, डी जी सी ए (पदेन सदस्य), 02 कार्यात्मक सदस्य, नागर विमानन मंत्रालय का प्रतिनिधित्व करने वाले 01 नामिती और 02 अंशकालिक गैर–सरकारी (स्वतंत्र) सदस्य शामिल हैं।

उपरोक्त दिनांक तक (ए) सदस्य (मा.सं.); (बी) सदस्य (प्रचालन); (सी) सदस्य (वित्त); (डी) नागर विमानन मंत्रालय का प्रतिनिधित्व करने वाले 01 नामित सदस्य; और (इ) 02 गैर–सरकारी (स्वतंत्र) सदस्यों के पद पर नियुक्ति और उन्हें भरने के लिए नागर विमानन मंत्रालय का आदेश प्राप्त नहीं हुआ था।

नीति में महत्वपूर्ण परिवर्तन और प्रमुख घटनाएं, जिनके कारण वर्ष के दौरान प्राधिकरण का लाभ प्रभावित हुआ हो

यह भाग कंपनी की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाले उन भौतिक परिवर्तनों और प्रतिबद्धताओं, यदि कोई हो, का संक्षिप्त विवरण प्रदान करता है, जो कंपनी के वित्तीय वर्ष के अंत जिससे यह वित्तीय सारणी संबंधित है और 30.11.2022 के बीच घटित हुए हों।

ए. **कोविड - 19 महामारी** - कोविड–19 वायरस सीमाओं से निरपेक्ष दुनिया भर में फैल गया।इसने विनाशकारी आर्थिक और वित्तीय नुकसान और गहन अनिश्चितताओं के साथ सभी उद्योगों, सभी क्षेत्रों और हमारे जीवन के सभी पहलुओं को प्रभावित किया।

निम्नलिखित चित्र दुनिया भर में विमानन उद्योग पर कोविड 19 के प्रभाव को दर्शाता है:

कोविड–19 महामारी के कारण उत्पन्न हुए इस "सदी में एक बार" संकट ने भारतीय विमानन उद्योग को भी प्रभावित किया, जिस पर सर्वाधिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, इससे वर्ष 2024 तक उबरने की उम्मीद है। कोविड–19 से उत्पन्न झटके ने पिछले कुछ वर्षों में भारतीय विमानन क्षेत्र द्वारा प्राप्त मजबूत विकास के लंबे दौर को बाधित कर दिया।

कोविड–19 की दूसरी लहर और ओमिक्रॉन वैरिएंट के कारण तीसरी लहर के दौरान कोविड–19 प्रतिबंधों के कारण भारत में वित्त वर्ष 2021–22 में पर्यटकों की संख्या में काफी कमी आई। उपरोक्त कारकों के कारण, भाविप्रा

चित्र 1- विश्व यात्री यातायात विकास, 1945-2022



स्रोतः इकाओ

ने वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान अपने राजस्व में भारी गिरावट देखी।

बी. **जेवीसी हवाई अड्डों (डायल और मियाल) के संबंध में हवाई अड्डा पट्टा राजस्व**

वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान, दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) और मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (मियाल) भाविप्रा को उनके द्वारा देय मासिक वार्षिक शुल्क के संबंध में ओएमडीए (कोविड 19 प्रभाव के कारण) के फोर्समेजर प्रावधानों का उपयोग करते हुए संबंधित माध्यस्थम में चले गए हैं। अतः इन हवाई अड्डों से एयरपोर्ट पट्टा राजस्व वित्तीय वर्ष 2021–22 में भी बुरी तरह प्रभावित रहा।

मियाल - दैनिक आधार पर आय खाते में प्राप्त वास्तविक राजस्व के आधार पर राजस्व साझा करने के लिए मियाल और भा वि प्रा द्वारा की गई अंतरिम व्यवस्था के परिणाम स्वरूप, माननीय अधिकरण के आदेश के अनुसार, माध्यस्थम के अंतिम परिणाम और एक स्वतंत्र लेखापरीक्षक द्वारा सत्यापन के अधीन वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान मियाल से 1027.67 करोड़ रुपए की राशि नकद आधार पर भा वि प्रा को प्राप्त हुई।

(रुपए करोड़ में)

क्रम संख्या	विवरण	राशि
1	भा वि प्रा शुल्क (26.11.2020 तक)	153.00
2	भा वि प्रा शुल्क (27.11.2020 से 21.12.2021)	630.30
3	भा वि प्रा शुल्क (22.12.2021 से 31.03.2022 तक)	244.37
31-03-2022 तक प्राप्त कुल एमएएफ		**1027.67**
4	सावधि जमा के रूप में रखे गए 153 करोड़ रुपए पर ब्याज (माननीय अधिकरण के आदेश के अनुसार)	4.17

यद्यपि, वित्त वर्ष 2020–21 और वित्त वर्ष 2021–22 के लिए मियाल लेखापरीक्षित वित्तीय, सकल राजस्व, मासिक वार्षिक शुल्क (एमएएफ) के आधार पर देय और वास्तविक प्राप्त एमएएफ निम्नानुसार है:

(रु. करोड़ में)

वित्तीय वर्ष	मियाल के वार्षिक लेखा के अनुसार		वास्तविक प्राप्त एमएएफ		प्राप्य शेष
	कुल राजस्व	एमएएफ देय	2020 - 2021	2021 - 2022	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6) = [(3)-(4)-(5)]
2020–2021 (दिसंबर 20 तक भुगतान)	1,826.64	627.18	26.92	379.50	220.76
2021 – 2022	2,144.11	722.38	NIL	648.17	74.21
कुल	**3,970.75**	**1,349.56**	**26.92**	**1,027.67**	**294.97**

डायल- मार्च–अप्रैल 2022 माह में, डायल और भाविप्रा ने अप्रैल 2022 से भाविप्रा को डायल द्वारा एमएएफ के भुगतान के लिए अंतरिम व्यवस्था को नियंत्रित करने हेतु एक समझौता निष्पादित करने पर पारस्परिक रूप से सहमति व्यक्त की, जो कि माध्यस्थम अधिकरण में लंबित है। डायल द्वारा भा वि प्रा को जनवरी 2021 से मार्च 2022 तक की अवधि के लिए किसी मासिक वार्षिक शुल्क का भुगतान नहीं किया गया है।

यद्यपि, वित्त वर्ष 2020–21 और वित्त वर्ष 2021–22 के लिए डायल के लेखापरीक्षित वार्षिक खातों के आधार पर, सकल राजस्व, देय मासिक वार्षिक शुल्क (एमएएफ) और वास्तविक प्राप्त एमएएफ निम्नानुसार है:

(रुपए करोड़ में)

वित्तीय वर्ष	डायल के वार्षिक लेखा के अनुसार		वास्तविक प्राप्त एमएएफ		शेष प्राप्य
	सकल राजस्व	एमएएफ देय	2020 – 2021	2021- 2022	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6) = [(3)-(4)-(5)]
2020 – 2021	2,522.07	768.69	446.21	NIL	322.48
2021 – 2022	3,057.34	989.59	NIL	NIL	989.59
कुल	**5,579.41**	**1,758.28**	**446.21**	**NIL**	**1,312.07**

डायल और मियाल से वार्षिक शुल्क के रूप में प्राप्त राशि को 'आकस्मिक देयता' के रूप में माना गया है और वित्तीय वर्ष 2021–2022 के दौरान डायल और मियाल से प्राप्त होने वाली राशि को 'आकस्मिक संपत्ति' के रूप में माना गया है।

डायल और मियाल के मामले में वार्षिक शुल्क के संबंध में माध्यस्थम की विस्तृत स्थिति को वित्त वर्ष 2021–22 के लिए भाविप्रा के वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी के नोट संख्या 37 (ए) (iv) में संदर्भित किया जा सकता है।

सी. पीपीपी हवाई अड्डों से आय का अंश

वित्तीय वर्ष 2021–22 में तीन पीपीपी हवाई अड्डों अर्थात गुवाहाटी, जयपुर और तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों को रियायतग्राहियों को सौंप दिया गया था। गुवाहाटी, जयपुर और तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के संबंध में वाणिज्यिक प्रचालन तिथि (सीओडी) क्रमशः 08.10.2021, 11.10.2021 और 14.10.2021 थी।

आरएबी/सीडब्ल्यूआईपी के लिए भा वि प्रा को प्रोद्भूत अग्रिम राशि का विवरण और उन 3 पीपीपी हवाई अड्डों के संबंध में प्रोद्भूत मासिक रियायत शुल्क, जिन्हें वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान रियायतग्राहियों को सौंप दिया गया है और दिनांक 31.03.2022 को भा वि प्रा के खातों में राजस्व/आस्थगित राजस्व के रूप में वर्गीकरण निम्नानुसार किया गया है :

विवरण	राजस्व			आस्थगितराजस्व			कुल		
	तिरुवनंतपुरम	जयपुर	गुवाहाटी	तिरुवनंतपुरम	जयपुर	गुवाहाटी	तिरुवनंतपुरम	जयपुर	गुवाहाटी
आरएबी (एयरो)	3.93	2.39	0.66	420.07	250.61	68.34	424.00	253.00	69.00
आरएबी (नॉन–एयरो)	0.07	0.02	0.12	7.08	2.54	12.59	7.15	2.56	12.71
सीडब्ल्यूआईपी	0.01	0.15	3.36	0.72	15.41	345.66	0.73	15.56	349.02
रियायत शुल्क	29.14	37.83	32.47	-	-	-	29.14	37.83	32.47

वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान 06 पीपीपी हवाई अड्डों (2020–21 में सौंपे गए मैंगलोर, अहमदाबाद और लखनऊ हवाई अड्डों से मिले रियायत शुल्क सहित) से रियायत शुल्क के रूप में कुल 296.90 करोड़ रुपए प्राप्त हुए और भाविप्रा की वित्तीय स्थिति पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ा।

डी. वाणिज्यिक प्रचालनों से आय

कोविड–19 के प्रभाव में धीरे–धीरे कमी आने के साथ, वित्तीय वर्ष 2021–22 के मध्य में हवाई अड्डों का प्रचालन सामान्य होने लगा। हवाई अड्डों पर यात्री यातायात में वृद्धि के साथ, विभिन्न भाविप्रा हवाई अड्डों पर व्यावसायिक गतिविधियों में भी तेजी आई है। वित्त वर्ष 2021–22 में गैर–वैमानिक हवाई अड्डा सेवाओं से कुल राजस्व 912.09 करोड़ रुपए था जबकि पिछले वित्त वर्ष 2020–21 में यह 885.84 करोड़ रुपए था। यह नोट किया जाए कि भाविप्रा द्वारा व्यावसायिक रियायतग्राहियों को कोविड–19 से उत्पन्न संकट की स्थिति से निपटने के लिए प्रदान की गई रियायतग्राही सहायता योजना पूरे वित्त वर्ष 2021–22 के लिए जारी रखी गई थी।

यह देखा गया कि वर्ष के उत्तरार्ध के दौरान एफएंडबी और कार पार्क से राजस्व कुछ हद तक बढ़ा था। यद्यपि, खुदरा, विज्ञापन, ड्यूटी फ्री शॉप, मनी एक्सचेंज, और स्पा और कल्याण केंद्र जैसी अन्य संपर्क आधारित सेवाओं जैसी सुविधाओं के लिए व्यावसायिक गतिविधियां अपेक्षाकृत न्यून थीं।

भाविप्रा को आशा है कि अगले वित्तीय वर्ष में भाविप्रा के हवाई अड्डों पर गैर–वैमानिकी हवाई अड्डा सेवाओं से राजस्व सृजन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। मार्च–2022 में अंतरराष्ट्रीय विमानों के प्रचालन पर प्रतिबंध हटाने से भी राजस्व बढ़ाने में सहायता मिलेगी।

ई. उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) भारत सरकार का एक क्षेत्रीय हवाई अड्डा विकास कार्यक्रम है और अल्प सेवित हवाई मार्गों के उन्नयन हेतु क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस) का हिस्सा है। 2016 में उड़ान के शुरू होने तक, भारत में अनुसूचित प्रचालन वाले 74 हवाई अड्डे थे। लेकिन, उड़ान के तहत 5 वर्ष के भीतर, आरसीएस–उड़ान के तहत बोली के चार दौर हो चुके हैं और आरसीएस उड़ानों के प्रचालन हेतु 14 वाटर एयरोड्रोम और 36 हेलीपैड सहित 155 आरसीएस हवाई अड्डे चिह्नित हो चुके हैं।

85 असेवित हवाई अड्डों, 20 अल्प सेवित हवाई अड्डों और 14 वाटर एयरोड्रोम को जोड़ने के लिए 31.03.2022 तक विभिन्न एयरलाइनों को 948 वैध आरसीएस मार्ग प्रदान किए गए हैं। इसके अलावा, उड़ान–2.0,4.0 और 4.1 के तहत पहाड़ी राज्यों के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में 36 हेलीपैड जोड़े जाने हैं। आरसीएस–उड़ान के माध्यम से 31.03.2021 और 31.03.2022 तक क्रमशः कुल 63.00 लाख और 92.93 लाख घरेलू यात्रियों ने यात्रा की। वर्ष 2021–22 के दौरान चयनित एयरलाइन ऑपरेटरों (SAO) को आरएसीएफटी द्वारा वायबिलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) दावे के तौर पर लगभग 625.93 करोड़ रुपए वितरित किए गए और वर्ष 2021–22 के दौरान लगभग 241.16 करोड़ रुपए आरसीएस प्रभार एकत्रित किया गया।

अधिक आरसीएस हवाई अड्डों के प्रचालन और उनकी कनेक्टिविटी से हवाई यातायात में वृद्धि हुई और प्राधिकरण के राजस्व में बढ़ोतरी हुई।

प्राधिकरण के प्रकार्यों और लाभप्रदता में सुधार के लिए किए गए उपाय

1. भारत सरकार ने विमानन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कई पहलें की, जिसमें घरेलू क्षेत्र को महामारी के उतार–चढ़ाव के अनुरूप व्यवस्थित तरीके से खोलना, विशिष्ट देशों के साथ वायु यातायात बबल या वायु यातायात व्यवस्था की शुरुआत, एयर इंडिया का विनिवेश, हवाई अड्डों का निजीकरण और आधुनिकीकरण/विस्तार, हवाई अड्डा अवसंरचना का विकास, क्षेत्रीय संपर्क योजना–उड़ान को बढ़ावा देना, रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल

(एमआरओ) प्रचालनों को प्रोत्साहन आदि शामिल हैं। इन सहायक उपायों की मदद से, भारत का विमानन क्षेत्र कोविड–19 महामारी के कारण उत्पन्न हुई अशांति से धीरे–धीरे उबरने की राह पर है। सरकार और उद्योग द्वारा अपनाए गए त्वरित उपायों के परिणामस्वरूप इस क्षेत्र के पुनरुत्थान की उम्मीद है।

वैक्सीन टीकाकरण की त्वरित गति और विश्व स्तर पर यात्रा प्रतिबंधों में ढील के साथ, भारतीय विमानन क्षेत्र ने फिर से वापसी शुरू कर दी है। अक्टूबर 2022 में कुल यात्रियों की संख्या 137.52 लाख तक पहुंच गई जो पूर्व–कोविड स्तर (146.25 लाख) का 94 प्रतिशत है।

2. भाविप्रा के विभिन्न हवाई अड्डों पर यात्री टर्मिनल भवनों में भीड़ भाड़ को कम करने के उपायों की पहचान करने के लिए एक अध्ययन किया गया था। तदनुसार, विभिन्न हवाई अड्डों पर स्लॉट आबंटन की समीक्षा की गई और यात्री टर्मिनल भवन में भीड़ भाड़ को कम करने के लिए एयरलाइनों, हवाई अड्डों और अन्य हितधारकों के साथ समन्वय कर उपलब्ध टर्मिनल क्षमता के अनुसार व्यस्ततम समय से कम व्यस्त समय तक स्लॉटों को पुनः आबंटित किया गया।

विभिन्न हवाई अड्डों से स्लॉट प्रदर्शन डेटा मांगा गया था और उसका विश्लेषण किया गया था। नियमित रूप से अनुमोदित समय–सारणी का अनुसरण न करने वाली उड़ानों के कारण हवाई अड्डों पर होने वाली भीड़ भाड़ की पहचान की गई। तदनुसार, एयरलाइंस को इसके बारे में सूचित किया गया और अनुमोदित समय सारणी का पालन करने की सलाह दी गई।

3. हवाई अड्डों से यात्रियों का सुरक्षित और सुगम आवागमन

एमओसीए, एमओएचएफडब्लू और एमएचए द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, भाविप्रा ने अपने हवाई अड्डों के माध्यम से यात्रियों को सुरक्षित और सुगम आवागमन के लिए सभी प्रबंध किए। नागर विमानन मंत्रालय ने घरेलू यात्रियों को सुरक्षित आवागमन के लिए हवाई अड्डा प्रचालन, एयरलाइंस, ग्राउंड हैंडलिंग एजेंसियों आदि के लिए दिशा–निर्देश जारी किए। तदनुसार, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने यात्रियों को सुरक्षित और सुगम आवागमन के लिए अपने हवाई अड्डों पर निम्नलिखित सुविधाएं प्रदान कीः

ए. **टर्मिनल बिल्डिंग में और उसके आसपास उचित सफाई, स्वच्छता और स्वच्छताः** प्रबंध सभी भाविप्रा हवाई अड्डों पर टर्मिनल बिल्डिंग और आसपास के क्षेत्रों (वॉशरूम, लिफ्ट, एस्केलेटर, एक्स–रे मशीन, कुर्सियां, काउंटर, रेलिंग, सुरक्षा ट्रे, दरवाजे, हैंडल आदि सहित) के प्रत्येक कोने की सफाई सुनिश्चित की गई। साथ ही, टर्मिनल भवन को नियमित रूप से सनेटाइज किया गया। यात्रियों के सामान और जूतों को प्रवेश द्वार पर सैनिटाइज किया गया। यात्रियों और हवाई अड्डे के कर्मचारियों के लिए महत्वपूर्ण स्थानों पर सैनिटाइजर उपलब्ध कराया गया। जहां भी संभव हो हवाई अड्डों पर उचित संवातन सुनिश्चित किया गया।

बी. **सामाजिक दूरी के नियमः** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार प्रत्येक बैठक स्थल पर और प्रवेश बिंदु, चेकइन, सुरक्षा और बोर्डिंग गेट आदि पर पंक्तियों में सामाजिक दूरी के मानदंडों का पालन किया गया। बैठने की व्यवस्था इस तरह की गई कि यात्रियों के बीच पर्याप्त दूरी बनी रहे। साथ ही, उपयुक्त स्थानों पर स्टिकर/मार्किंग प्रदान की गई। भीड़ भाड़ को रोकने के लिए ट्रैफिक पुलिस/डीजीआर स्टाफ के समन्वय से कर्ब एरिया/सिटी साइड ट्रैफिक/कार पार्किंग एरिया की कड़ी निगरानी की गई। आने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को विशिष्ट चिन्हित एयरोब्रिज प्रदान किया गया। सामाजिक दूरी के मानदंडों को बनाए रखने के लिए धूम्रपान लाउंज, शिशु देखभाल कक्ष में न्यूनतम यात्रियों को अनुमति दी गई।

सी. **अन्य सुरक्षा उपायः** उड़ानों को संभालने वाले सभी हवाई अड्डे के कर्मचारियों को सुरक्षा के लिए आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय प्रदान किए गए। बैगेज ट्रॉलियों का उपयोग कम से कम किया गया। केवल संदिग्ध यात्रियों के लिए आकस्मिक प्राथमिकता क्षेत्र (ट्राइएज एरिया)/आईसोलेशन रूम उपलब्ध कराया गया। यदि किसी संदिग्ध यात्री का पता चला, तो स्वास्थ्य अधिकारी ने उसे दिशा–निर्देशों के अनुसार अस्पताल में स्थानांतरित किया। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी स्वास्थ्य सूचना एवं क्या करें और क्या न करें को उड़ान सूचना प्रदर्शन प्रणाली (एफआईडीएस) और अन्य प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किया। साथ ही यात्रियों के लिए घोषणा भी की गई। चिकित्सा कर्मियों/चालक दल के लिए डी–गाउनिंग क्षेत्र हवाई अड्डों पर व्यक्तिगत बचाव उपकरणों को उतारने और उनका निपटान करने के लिए प्रदान किया गया। जैविक खतरनाक कचरा एकत्र करने के लिए अलग–अलग कूड़ेदान उपलब्ध कराए गए। जैविक खतरनाक कचरे का निस्तारण नियमानुसार किया गया।

डी. आगमन और प्रस्थान करने वाले यात्रियों की थर्मल स्क्रीनिंग

ई. यात्रियों की जागरूकता के लिए उड़ान सूचना प्रदर्शन प्रणाली (एफआइडिएस), बोर्डों, स्टैंडियों के माध्यम से प्रदर्शित सूचना।

4. भाविप्रा की वित्तीय स्थिति पर कोविड–19 महामारी के प्रभाव को कम करने के लिए, वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान प्रतिबंध/विदेश/अंतर्देशीय यात्रा पर रोक/ प्रतिबंध, कर्मचारियों को नए ऋण और अग्रिम की स्वीकृति पर रोक/प्रतिबंध, सेवारत कर्मचारियों के मामले में छुट्टी नकदीकरण पर प्रतिबंध, सम्मेलनों/कार्यशालाओं/सेमिनारों पर व्यय पर प्रतिबंध, विज्ञापन/प्रचार और प्रकाशनों पर खर्च पर प्रतिबंध, कार्यपालकों के आउट ऑफ पॉकेट भत्ता में 50% की कटौती आदि लागू थे।

5. इस संबंध में लागत में कमी सुनिश्चित करने के लिए बजट अनुमानों के संदर्भ में भाविप्रा के प्रचालन व्यय में लक्षित प्रतिशत कटौती का निर्णय लिया गया था जो राजस्व हानि के प्रभाव को कम करेगा।

प्रबंधन विचार विमर्श और विश्लेषण

प्रबंधन विचार विमर्श और विश्लेषण रिपोर्ट इस रिपोर्ट के भाग के रूप में **अनुलग्नक-1** पर है जिसमें भाविप्रा की प्रतिस्पर्धी स्थिति द्वारा निर्धारित सीमाओं के भीतर निम्नलिखित मामलों पर चर्चा शामिल है:

i. उद्योग संरचना और विकासय;
ii. प्रमुख पहलें/उपलब्धियां;
iii. वित्तीय प्रदर्शन सहित व्यापार सिंहावलोकन;
iv. परिदृश्य;
v. जोखिम और चिंताएं;
vi. एसडब्लूओटी विश्लेषण;
vii. आंतरिक नियंत्रण प्रणाली और उनकी पर्याप्तता;
viii. नियोजित लोगों की संख्या सहित मानव संसाधन, औद्योगिक संबंधों के पटल पर वास्तविक विकास।

पूर्ण किए गए कार्यों का विवरण, स्वीकृत योजनाओं की मार्च 2022 तक की प्रगति और उत्तर पूर्व क्षेत्र में हवाई अड्डों का विकास

31 मार्च 2022 तक पूरे किए गए कार्यों, भाविप्रा द्वारा स्वीकृत योजनाओं की प्रगति और हवाई अड्डों के विकास (पूर्वोत्तर क्षेत्र सहित क्षेत्रवार) का विवरण **अनुलग्नक-3** में दिया गया है।

उक्त अनुबंध वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान भाविप्रा द्वारा की जाने वाली गतिविधियों की योजना का एक विचार भी प्रदान करता है।

सहायक/संयुक्त उद्यम/एसोसिएट कंपनी

31 मार्च, 2022 की स्थिति के अनुसार भाविप्रा की सहायक/ जेवी/एसोसिएट कंपनी निम्नलिखित हैं:–

क्रम सं	सहायक/संयुक्त उद्यम का नाम	सहायक/संयुक्त उद्यम
1.	भाविप्रा कार्गो लॉजिस्टिक्स एंड एलाइड सर्विसेज कंपनी लिमिटेड (एएआईसीएलएएस)	सहायक (100%)
2.	चंडीगढ़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (सीएचआइएएल)	सहायक (51%)
3.	धोलेरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट कंपनी लिमिटेड	सहायक (51%)
4.	देवघर एयरपोर्ट लिमिटेड	सहायक (51%)
5.	धालभूमगढ़ एयरपोर्ट लिमिटेड	सहायक (51%)
6.	लुधियाना इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड	सहायक (51%)
7.	दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल)	संयुक्त उद्यम (26%)
8.	मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एमआइएएल)	संयुक्त उद्यम (26%)
9.	जीएमआर हैदराबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एचआइएएल)	संयुक्त उद्यम (13%)
10.	बैंगलोर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (बीआईएएल)	संयुक्त उद्यम (13%)
11.	राष्ट्रीय उड़ान प्रशिक्षण संस्थान प्राइवेट लिमिटेड, गोंदिया	संयुक्त उद्यम (46%)
12.	मिहान इंडिया लिमिटेड, नागपुर	संयुक्त उद्यम (49%)
13.	कन्नूर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड	संयुक्त उद्यम (7.47%)
14.	डिजी यात्रा फाउंडेशन	संयुक्त उद्यम (26%)

उपर्युक्त सूचीबद्ध कंपनियों के अलावा, भाविप्रा भारतीय विमानन अकादमी (आईएए) में भी भागीदार है, जो विमानन में शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान के लिए एक प्रमुख संस्थान है। यह भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा), नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) और नागरिक विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) की संयुक्त प्रशिक्षण अकादमी के रूप में कार्य करता है। इकाओ ट्रेनेयर प्लस (टीपीपी) कार्यक्रम का एक पूर्ण सदस्य, अकादमी विमानन के सभी क्षेत्रों में प्रशिक्षण गतिविधियों के साथ अनुभव आधारित शिक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देती है।

निगमित सामाजिक दायित्व

सीएसआर और संधारणीय पर डीपीई दिशानिर्देशों और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 की आवश्यकताओं के अनुसार भाविप्रा ने एक सीएसआर समिति गठित की है। सीएसआर समिति की संरचना और संदर्भ की शर्तें कॉरपोरेट गवर्नेंस पर रिपोर्ट में प्रदान की गई हैं, जो इस रिपोर्ट का हिस्सा है। भाविप्रा ने एक कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति भी तैयार की है, जो भाविप्रा की वेबसाइट https://www-aai-aero/en/corporate/csr&policy पर उपलब्ध है।

भाविप्रा व्यापक आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय उद्देश्यों को जोड़कर भारत के सतत विकास में एक बड़ी भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है।

वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान, कोविड–19 महामारी और उसके बाद के लॉकडाउन के साथ–साथ यात्रा प्रतिबंधों ने विमानन उद्योग को बहुत बुरी तरह प्रभावित किया है। परिणामस्वरूप, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को भी आर्थिक दबावों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि भाविप्रा के वित्त और आय पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। भाविप्रा पूर्व प्रतिबद्ध ताओं को पूरा करने के लिए विभिन्न स्रोतों से ऋण लेने के लिए मजबूर है। इसके अलावा, जिलों और राज्यों के प्रशासन द्वारा लगाए गए लॉकडाउन के कारण विभिन्न स्थानों पर सीएसआर परियोजनाओं की प्रगति या तो बंद हो गई या धीमी हो गई। इसलिए हितधारकों की ओर से निधियों की मांगों की अपर्याप्तता थी। उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए भाविप्रा सीएसआर गतिविधियों पर वर्तमान वर्ष के बजट से केवल 13.79 करोड़ रुपये तथा सीएसआर संबंधित अव्ययित खाते से वर्ष के दौरान केवल 34.83 करोड़ रुपये खर्च कर सका।

इसके अलावा, कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 135 के प्रावधान एवम उसके अंतर्गत बनाए गए सुसंगत नियमों, संबंधित नियमों के साथ पठित के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए रुपये 17.25 करोड़ की अव्ययित सीएसआर राशि को अनुसूचित बैंक के साथ खोले गए अव्ययित सीएसआर खाते में स्थानांतरित किया गया।

भाविप्रा की सीएसआर पहलों के संबंध में विस्तृत अद्यतन जानकारी निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व खंड में प्रदान की गई है, जो इस वार्षिक रिपोर्ट का हिस्सा है। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के तहत निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व संबंधी वार्षिक रिपोर्ट इस रिपोर्ट के **अनुलग्नक-4** के रूप में संलग्न है।

लेखा परीक्षक और लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

सीएजी, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण अधिनियम, 1994 के तहत गठित एक सांविधिक निगम, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण का एकमात्र लेखापरीक्षक है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण अधिनियम, 1994 में खातों से संबंधित विशिष्ट प्रावधानों और सीएजी के परामर्श से बनाए गए नियमों के तहत निर्धारित प्रारूप में भाविप्रा को अपने खाते तैयार करने की आवश्यकता है। वार्षिक रिपोर्ट तैयार करने के बाद, इसे संसद के दोनों सदनों के समक्ष लेखापरीक्षा रिपोर्ट की एक प्रति और सीएजी द्वारा की गई लेखापरीक्षा रिपोर्ट पर की गई किसी टिप्पणी या सप्लीमेंट के साथ रखा जाता है।

वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए भाविप्रा की वित्तीय स्थिति पर महालेखापरीक्षक की रिपोर्ट की प्रति वित्तीय विवरणों के साथ संलग्न है जो वार्षिक रिपोर्ट का एक भाग है।

विदेशी मुद्रा आय और राजस्व और पूंजी मदों के लिए व्यय

(राशि करोड़ रुपये में)

विवरण	वित्त वर्ष 2021-22	वित्त वर्ष 2020-21
पूंजीगत मद		
पूंजीगत सामान की खरीद	(196.64)	(424.42)
विदेशी ऋणों का पुनर्भुगतान	(2.83)	(2.79)
कलपुर्जे	(28.36)	(14.47)
विदेश यात्रा	(0.21)	(1.87)
परामर्शी	(0.24)	(4.54)
अन्य	(103.44)	(60.63)
सेवाएं	688.24	478.09

व्यय () में दर्शाया गया

वार्षिक एएसक्यू सर्वेक्षण 2021

हवाईअड्डा सेवा गुणवत्ता (एएसक्यू) विश्व प्रसिद्ध और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित वैश्विक बेंचमार्किंग कार्यक्रम है, जिसके माध्यम से यात्रियों की संतुष्टि का आकलन किया जाता है जब वे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा परिषद (एसीआई) द्वारा संचालित हवाई अड्डे के माध्यम से यात्रा कर रहे होते हैं।

एसीआई, हवाई अड्डा प्रचालकों का एक वैश्विक गैर–लाभकारी संगठन एक स्वतंत्र एजेंसी है जो हवाई अड्डा सेवा गुणवत्ता (एएसक्यू) सर्वेक्षण के रूप में ज्ञात अपने प्रतिभागी कार्यक्रम के माध्यम से हवाई अड्डे की अंतरराष्ट्रीय बेंच मार्किंग करता है जिसमें 34 प्रमुख सेवा क्षेत्रों को शामिल किया गया हैं जिनमें 8 प्रमुख श्रेणियां शामिल हैं जैसे कि एक्सेस, चेक–इन, सुरक्षा, हवाई अड्डे की सुविधाएं, भोजन और पेय, खुदरा और अन्य। एसीआई–एएसक्यू सर्वेक्षण उत्तरी अमेरिका, लैटिन अमेरिका और कैरिबियन, अफ्रीका, यूरोप, मध्य पूर्व और एशिया प्रशांत में लगभग 253 हवाई अड्डों पर किया जाता है। एएसक्यू सर्वेक्षण परिणामों की निगरानी ऐरा, नीति आयोग और नागर विमानन मंत्रालय द्वारा भी की जाती है।

एएसक्यू कार्यक्रम यात्रियों के विचारों को बेहतर ढंग से समझने के लिए अनुसंधान उपकरण और प्रबंधन जानकारी प्रदान करता है ताकि यात्रियों के दृष्टिकोण को बेहतर ढंग से समझा जा सके और य भी समझा जा सके कि उत्पादों और सेवाओं के दृष्टिकोण से वे हवाईअड्डे से क्या चाहते हैं।

विश्व के ग्राहकों की आवाज संबंधी एसीआई की पहल उन हवाई अड्डों को मान्यता देती है और उनकी पहचान करती है जो अपने ग्राहकों को प्राथमिकता देना जारी रखते हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध थे कि 2021 में चल रहे कोविड–19 महामारी के दौरान भी उनकी आवाज सुनी गई।

भा.वि.प्रा. के सात (07) हवाई अड्डों में नामतः चेन्नई, कोलकाता, गोवा, पुणे, पटना, भुवनेश्वर एवं चंडीगढ़, जिन्होंने 2021 में एसीआई–एएसक्यू सर्वेक्षण में भाग लिया, को यात्रियों की आवाज सुनने के लिए चुना गया।

2021 के दौरान, चंडीगढ, गुवाहाटी, जयपुर तथा त्रिवेन्द्रम हवाई अड्डा सहित 10 हवाई अड्डो पर एएसक्यू सर्वे करवाया गया। 2020 की तुलना में वर्ष 2021 के लिए भाविप्रा के हवाई अड्डों की एएसक्यू रेटिंग नीचे दी गई है:

क्रम सं.	हवाई अड्डे का नाम	2021		2020		2020 की तुलना में 2021 की रेटिंग में अंतर
		एएसक्यू रेटिंग	पद	एएसक्यू रेटिंग	पद	
1	चंडीगढ़	4.99	18	4.99	13	0.00
2	त्रिवेंद्रम#	4.91	50	4.91	43	0.00
3	गोवा	4.89	54	4.92	37	-0.03
4	गुवाहाटी#	4.85	65	4.73	71	0.12
5	चेन्नई	4.81	69	4.67	80	0.14
6	जयपुर#	4.79	70	4.72	73	0.07
7	कोलकाता	4.72	78	4.77	63	-0.05
8	पुणे	4.57	92	4.58	97	-0.01
9	भुवनेश्वर	4.55	98	4.31	161	0.24
10	पटना	4.52	104	3.72	333	0.80
11	वाराणसी*	-	-	4.94	29	-
12	अमृतसर*	-	-	4.93	36	-
13	इंदौर*	-	-	4.86	51	-
14	रायपुर*	-	-	4.81	62	-
15	त्रिची*	-	-	4.74	69	-
16	बागडोगरा*	-	-	4.61	93	-
17	श्रीनगर**	-	-	4.83	57	-
18	कालीकट**	-	-	4.81	60	-
19	विजाग**	-	-	4.67	81	-
20	कोयंबटूर**	-	-	4.61	92	-
	भाविप्रा हवाई अड्डों का औसत	**4.76**		**4.71**		**0.05**
	विश्व औसत	**4.38**		**4.37**		**0.01**

** *एसीआई–एएसक्यू सर्वेक्षण केवल क्यू–1 2021 के दौरान आयोजित किया गया था*

* *एसीआई–एएसक्यू सर्वेक्षण 2021 के दौरान आयोजित नहीं किया गया था*

गुवाहाटी, जयपुर और त्रिवेंद्रम हवाई अड्डे को 2021–22 के दौरान मैसर्स अडानी एंटरप्राइज लिमिटेड को सौंप दिया गया।

समझौता ज्ञापन

कोविड–19 महामारी और भाविप्रा को संभावित नुकसान के कारण, सार्वजनिक उद्यम विभाग ने भाविप्रा को वित्त वर्ष 2020–21 और वित्त वर्ष 2021–22 के लिए ना.वि.म. के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने से छूट दी। तदनुसार, भाविप्रा की सहायक कंपनियों को भी भाविप्रा के साथ उक्त वर्षों के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने से छूट दी गई थी।

सूक्ष्म और लघु उद्यमों से प्रापण (प्रोक्योरमेंट)

वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा एमएसई (एससी/एसटी उद्यमियों के स्वामित्व वाले एमएसई सहित) से 547.33 करोड़ रुपए के माल एवं सेवा का प्रापण किया गया। यह उक्त वित्तीय वर्ष के लिए भाविप्रा के माल एवं सेवा के 1568 करोड़ रुपए के कुल वार्षिक प्रापण लक्ष्य का 35% (लगभग) था। इस प्रकार भाविप्रा ने एमएसई से 25% के अनिवार्य प्रापण लक्ष्य को प्राप्त किया।

सतर्कता गतिविधियाँ

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) का निगमित सतर्कता विभाग (सीवीडी) नई दिल्ली में निगमित मुख्यालय में स्थित है, जबकि विभिन्न क्षेत्रों (उत्तरी, पूर्वी, पश्चिमी, दक्षिणी और उत्तर–पूर्वी) में भी इसके कार्यालय हैं। सतर्कता विभाग की भूमिका और कार्य समय–समय पर अद्यतित सीवीसी के सतर्कता नियमावली के अनुरूप है।

भाविप्रा के सतर्कता विभाग का नेतृत्व श्री अमल गर्ग, आईआरएस (आईटीः 1995 बैच) 21.10.2020 से मुख्य सतर्कता अधिकारी, भाविप्रा कर रहे हैं।

भाविप्रा एक सेवा संगठन होने के नाते सतर्कता निदेशालय की भूमिका और कार्य तीन आयामी हैं – (क) निवारक (ख) दंडात्मक और (ग) निगरानी और खुफिया। केन्द्रीय सतर्कता विभाग अपनी निवारक भूमिका में जागरूकता अभियान चलाता है जिसमें दिन–प्रतिदिन के ऐसे मामलो के प्रति संवेदनशीलता पैदा की जाती है जिसमें कदाचार एवं भ्रष्टाचार की संभावना होती है। इन अभियानों के तहत सतर्कता जागरूकता सप्ताह (वीएडब्ल्यू) शामिल है, जो एक वार्षिक कार्यक्रम है और भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहनशीलता के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए विभिन्न स्थानों पर कार्यशालाएं, व्याख्यान, सेमिनार आदि जैसे सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम पूरे वर्ष आयोजित किए जाते हैं। अपनी जासूसी/निगरानी भूमिका में, यह प्रणालीगत विफलता और भष्टाचार और कदाचार, यदि कोई हो, का पता लगाने के लिए आकस्मिक, नियमित और सीटीई प्रकार के निरीक्षणों की योजना बनाता है और करता है। यह सतर्कता की दृष्टि से कार्रवाइयों को देखने के लिए आंतरिक लेखापरीक्षा रिपोर्ट और वार्षिक संपत्ति विवरणी आदि की भी छानबीन करता है।

अपनी सक्रिय भूमिका के रूप में सीवीडी कई महत्वपूर्ण विभागों से आग्रह करता है कि वे अपनी कार्य प्रक्रियाओं को संहिताबद्ध करें और अपने मैनुअल को संशोधित करें ताकि कार्यस्थल पर पारदर्शिता आए और स्वनिर्णय का अवसर न रहे। कार्यशालाओं और फील्ड निरीक्षणों में हुए विचार–विमर्श के परिणाम के आधार पर सीवीडी महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रणालीगत सुधार के लिए प्रबंधन को सुझाव प्रदान करता है।

महिला कर्मचारी की सुरक्षा

कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निशेध और निवारण) अधिनियम, 2013 और इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों की आवश्यकता के अनुसार, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने इसी के अनुरूप एक नीति तैयार की है।

वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों का सारांश नीचे दिया गया हैः–

01.04.2021 को शिकायतों की संख्या	01
वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान प्राप्त शिकायतें	02
वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान शिकायतों का निस्तारण	03
31.03.2022 तक लंबित शिकायतें	00

कर्मचारी-नियोक्ता संबंध, हड़तालें आदि।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में नियोक्ता–कर्मचारी संबंध को बहु–आयामी दृष्टिकोण के साथ देखा जाता है और यह व्यापक रूप से वैधानिक दायित्वों, नीतियों और विकास–उन्मुख ढांचे के दायरे में संचालित होता है।

वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान हड़ताल/अनुपस्थिति एवं तालाबंदी के कारण जनशक्ति दिनों का कोई नुकसान नहीं हुआ। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्विपक्षीय चर्चाओं और कर्मचारियों के विभिन्न स्तरों के बीच निरंतर आपसी बातचीत के माध्यम से मुद्दों के सौहार्दपूर्ण समाधान, यदि कोई हो, को बढ़ावा देने के लिए अपने कार्यबल के साथ वार्ता स्थापित करने, बनाए रखने और सुधारने के लिए निरंतर प्रयास करता है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण निम्नलिखित तरीके से कर्मचारी–नियोक्ता संबंध को प्रोत्साहन और बढ़ावा देता हैः

(i) नीतिगत निर्णय लेने और विभिन्न कल्याण समितियों में प्रबंधन के साथ कामगारों के प्रभावी और व्यापक प्रतिनिधित्व के लिए, भाविप्रा प्रबंधन बहुसंख्यक श्रमिक संघ को गुप्त मतदान जनमत संग्रह के माध्यम से बातचीत करने हेतु एकमात्र अभिकर्ता के रूप में मान्यता देता है, जो रोजगार की मौलिक शर्तों, सेवा शर्तें, वेतन वार्ता, स्थानांतरण नीति, आवास आवंटन, चिकित्सा लाभ, आदि पर विचार–विमर्श करने के हकदार हैं।

(ii) द्वि–पक्षीय दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करने और श्रमिकों को प्रबंधन के साथ संवाद करने के लिए मंच सक्षम बनाने के लिए, पांच साल की अवधि में दो बार केंद्रीय और क्षेत्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त श्रमिक संघ के प्रतिनिधियों के साथ संयुक्त परामर्शदात्री मशीनरी बैठकें आयोजित की जाती हैं। .

(iii) उपरोक्त के अलावा, एटीसी, सीएनएस, इंजीनियरिंग और बहुसंख्यक प्रतिनिधि चरित्र वाले बहु संवर्गों में कार्यरत अधिकारी संघों को भी पेशेवर के साथ–साथ कल्याणकारी मामलो पर बोलने के लिए प्रतिनिधि संवर्ग–आधारित संघों को अवसर प्रदान करने के लिए मान्यता दी जाती है।

इस प्रकार, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में नियोक्ता–कर्मचारी संबंध उच्चतम स्तर की आपसी समझ और कार्यस्थल उत्पादक व्यवहार को सुरक्षित करके मजबूत किया जाता है।

खेलकूद गतिविधियां

भाविप्रा सक्रिय रूप से खेलों को बढ़ावा देना जारी रखे हुए है। इसने खेलों से संबंधित विभिन्न योजनाओं और छात्रवृत्तियों में भाग लेकर या प्रायोजित करके हमेशा खेलों को जोरदार तरीके से प्रोत्साहित किया है। भाविप्रा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भी अपनी टीम को मैदान में उतारता है। हालांकि, भाविप्रा द्वारा वित्तीय वर्ष 2021–22 में कोविड–19 के प्रभाव और उक्त अवधि के दौरान मितव्ययिता उपायों के लागू होने के कारण कोई खेल गतिविधि आयोजित नहीं की गई थी।

राष्ट्रीय खेल प्रतियागिता

i. भाविप्रा महिला खो–खो दल ने मध्य प्रदेश एमेच्योर खो–खो संघ द्वारा दिनांक 26 से 30 दिसंबर 2021 तक जबलपुर, मध्य प्रदेश में आयोजित 54वीं उच्चतर (सीनियर) राष्ट्रीय खो खो प्रतियोगिता में भाग लिया, जहां भाविप्रा महिला खो खो दल ने उपविजेता ट्रॉफी जीती।

ii. भाविप्रा क्रिकेट दल ने एआईपीएसएससीबी द्वारा दिनांक 20 से 24 दिसंबर 2021 तक गुरुग्राम, हरियाणा में आयोजित अखिल भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र क्रिकेट खेल प्रतियोगिता में भाग लिया। भविप्रा क्रिकेट दल ने द्वितीय उपविजेता ट्रॉफी जीती।

iii. भाविप्रा कैरम दल ने (ए) एलआईसी द्वारा दिनांक 04 से 07 जनवरी 2022 तक जयपुर, राजस्थान में आयोजित अखिल भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र (ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टर) कैरम खेल प्रतियोगिता में भाग लिया, और (बी) अखिल भारतीय कैरम संघ द्वारा मार्च 2022 में मुंबई में आयोजित 49वीं उच्चतर (सीनियर) राष्ट्रीय कैरम प्रतियोगिता में भाग लिया।

iv. भाविप्रा फुटबॉल दल ने दिल्ली सॉकर संघ द्वारा मार्च 2022 माह में नई दिल्ली में आयोजित फुटबॉल दिल्ली 'सी' डिवीजन लीग 2021/22 में भाग लिया।

भाविप्रा अंतर आंचलिक(जोनल) खेल प्रतियोगिता

i. भाविप्रा अंतर आंचलिक (जोनल) क्रिकेट खेल प्रतियोगिता मार्च 2022 में इंदौर में क्षेत्रीय खेल नियंत्रण बोर्ड, पश्चिमी क्षेत्र द्वारा आयोजित किया गया और मध्य क्षेत्र द्वारा जीता गया।

ii. अखिल भारतीय पर्वतारोहण कार्यक्रम फरवरी 2022 में विमानपत्तन खेल नियंत्रण बोर्ड–चेन्नई विमानपत्तन द्वारा कोडाई पर्वतों में आयोजित किया गया।

हिंदी का प्रगामी प्रयोग

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण भारत सरकार की राजभाषा नीति के अंतर्गत अधिनियम और नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करता है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण वर्ष की प्रत्येक तिमाही में निगमित मुख्यालय और सभी स्टेशनों पर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें आयोजित करता है। इसके अतिरिक्त, संगठन में राजभाषा के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए भाविप्रा के क्षेत्रीय और अधीनस्थ कार्यालयों में नियमित निरीक्षण किया जाता है और तदनुसार संबंधित कार्यालयों को आवश्यक निर्देश/सुझाव दिए जाते हैं।

वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान कर्मचारियों को हिंदी के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित करने के लिए निगमित मुख्यालय, क्षेत्रीय मुख्यालय और फील्ड स्टेशनों पर विभिन्न हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। जिनमें से 4 हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन निगमित मुख्यालय में ही किया गया, जिसमें 44 अधिकारियों एवं 27 कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 30 सितम्बर 2019 को हुई बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार प्रत्येक तिमाही में हिन्दी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अलावा, 14 से 30 सितंबर 2021 तक निगमित मुख्यालय और प्रत्येक स्टेशन पर हिंदी पखवाड़ा भी आयोजित किया गया। पखवाड़े के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। पखवाड़े में भाग लेने वाले कर्मियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिभागियों को सहभागिता अवार्ड भी दिए गए। इसके अलावा निगमित मुख्यालय के विभिन्न विभागों एवं अधीनस्थ कार्यालयों में पदस्थापित अधिकारियों/ कर्मचारियों को राजभाषा के कार्यान्वयन हेतु प्रोत्साहित करने के लिए हिंदी प्रोत्साहन योजनाओं के अंतर्गत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। भाविप्रा की आंतरिक पत्रिका "अर्पण" प्रत्येक तिमाही में नियमित रूप से प्रकाशित होती है। इसके अलावा नराकास (पीएसयू)–1 की वार्षिक पत्रिका "इन्द्रप्रस्थ स्वर" का प्रकाशन किया गया। वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान राजभाषा विभाग के अन्य उल्लेखनीय कार्यों/उपलब्धियों का विवरण नीचे दिया गया है:–

– राजभाषा संवर्ग की सहायता हेतु राजभाषा से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा–निर्देशों का संकलन "राजभाषा

नियमावली" 29 जुलाई, 2021 को जारी किया गया।

- 23 दिसंबर, 2021 को भाविप्रा की गृह पत्रिका "अर्पण" को नागर विमानन मंत्रालय से प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ।
- अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया गया।
- निगमित मुख्यालय में तैनात कर्मचारियों में हिंदी साहित्य पढ़ने की रुचि बढ़ाने के लिए "माह का सर्वश्रेष्ठ हिंदी पाठक" योजना लागू की गई।
- निगमित मुख्यालय में प्रमुख स्थानों पर हिंदी के प्रसिद्ध साहित्यकारों के प्रमुख उद्धरणों से संबंधित पट्टिकाएं लगाई गईं।
- निगमित मुख्यालय के सभी अधीनस्थ कार्यालयों और विभागों में राजभाषा के सर्वोत्तम कार्यान्वयन को प्रोत्साहित करने के लिए अखिल भारतीय राजभाषा शील्ड योजना लागू की गई है।
- विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर भाविप्रा द्वारा अखिल भारतीय हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- 09 जुलाई, 2021 को "विंडोज 10, एमएस वर्ड और मोबाइल की आधुनिक सुविधाओं में हिंदी का प्रयोग" विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- अगस्त, 2021 एवं जनवरी, 2022 में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की अर्धवार्षिक बैठकें आयोजित की गईं.
- निगमित मुख्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की चार बैठकें आयोजित की गईं तथा कार्यवृत्त पर अनुवर्ती कार्रवाई पूरी की गई।
- विभिन्न विभागों/अनुभागों से प्राप्त त्रैमासिक प्रगति प्रतिवेदनों को समेकित कर तैयार कर निर्धारित समय सीमा में नागर विमानन मंत्रालय एवं राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय को भेजा गया।
- भाविप्रा के 18 कार्यालयों का राजभाषा निरीक्षण संसदीय समिति की द्वितीय उपसमिति द्वारा किया गया।

सदस्यों का उत्तरदायित्व वक्तव्य

सदस्य अपने सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार पुष्टि करते हैं कि:

(i) 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक खातों की तैयार करते समय, लागू लेखांकन मानकों का पालन किया गया और जहां कहीं भी इस प्रकार की सामग्री का उल्लेख किय गया है वहां उनका उचित स्पष्टीकरण प्रदान किया गया।

(ii) 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के अंत में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के मामलों की स्थिति और उस अवधि के दौरान भाविप्रा के लाभ को सत्य और निपक्ष रूप से दर्शाने के लिए सदस्यों ने इस तरह की लेखाकंन नीतियों का चयन किया और उनका नियमित पालन किया और ऐसे निर्णय व आकलन किए गए जो कि उचित एवं विवेकपूर्ण हो।

(iii) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की संपत्ति की सुरक्षा के लिए और धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं का पता लगाने और रोकने के लिए सदस्यों ने उपयुक्त लेखा अभिलेखों के रखरखाव के लिए उचित और पर्याप्त ध्यान रखा गया।

(iv) सदस्यों ने 'गोइंग कंसर्न बेसिस' पर वार्षिक लेखे तैयार किए।

(v) सभी लागू कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सदस्यों ने उचित प्रणाली तैयार की और यह सुनिश्चित किया कि यह व्यवस्था पर्याप्त हो और प्रभावी ढंग से काम कर रही हैं।

आभार

सदस्य ने नागर विमानन मंत्रालय, डीजीसीए, बीसीएएस, डीपीई, भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, भारत सरकार के अन्य विभागों, राज्य सरकारों, ग्राहकों, बैंकरों, विक्रेताओं, व्यापार भागीदार और अन्य एजेंसियां द्वारा विस्तारित समर्थन के लिए उनकी सराहना करते हैं। सदस्य भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के कामकाज के विभिन्न पहलुओं पर बैंकाक में इकाओ के क्षेत्रीय कार्यालय के साथ–साथ मॉन्ट्रियल में इकाओ मुख्यालय से प्राप्त सहायता और सहयोग की सराहना करते हैं।

सदस्य सभी प्रकार के उत्कृष्ट प्रचालन निष्पादन और विशेष रूप से कोविड–19 जैसी परीक्षा की घडी में निरंतर समर्थन सुनिश्चित करने हेतु भाविप्रा के सभी स्तरों पर कर्मचारियों द्वारा दर्शाए गए बहुमूल्य योगदान, सतत प्रयासों और समर्पण भावना के लिए ईमानदारीपूर्वक सराहना करते हैं।

कोलकात्ता हवाई अड्डा

अनुलग्नक - 1

प्रबंधन विचार विर्मश और विश्लेषण (एमडीएवंए)



वडोदरा हवाई अड्डा

प्रबंधन विचार विमर्श और विश्लेषण

इस रिपोर्ट का उद्देश्य भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में होने वाली घटनाओं और परिवर्तनों, उद्योग और अर्थव्यवस्था, इसकी तकनीक और इसकी समग्र व्यावसायिक कार्यनीतियों को साझा करना और उनके साथ तालमेल रखना है। अन्य बातों के अतिरिक्त, एमडी एंड ए प्रचालन के पिछले वर्ष का अवलोकन प्रदान करता है और भाविप्रा ने उस समय में कैसा प्रदर्षन किया। यह आगामी वर्ष की रिपोर्ट भी प्रदान करता है, भविष्य के लक्ष्यों और नई परियोजनाओं के दृष्टिकोण की रूपरेखा तैयार करता है। हम उद्योग की एक सामान्य समीक्षा के साथ आरंभ करते हैं, इसके बाद भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के प्रचालन और वित्तीय विवरण के साथ इसके मानव संसाधन का विवरण भी शामिल है।

भाविप्रा के उद्देश्यों, अनुमानों, अनुमान अपेक्षाओं का वर्णन करने वाले प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण में वक्तव्य "भविश्य उन्मुख कथन" हो सकते हैं। वास्तविक परिणाम भौतिक रूप से अभिव्यक्त या निहित से भिन्न हो सकते हैं। भाविप्रा के प्रचालन को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण कारकों में देश के भीतर आर्थिक विकास, उद्योग में मांग और आपूर्ति की स्थिति, निवेश मूल्य, सरकारी नियमों में बदलाव, कर कानून और अन्य कारक जैसे महामारी/महामारी, मुकदमेबाजी और औद्योगिक संबंध सम्मिलित हैं।

1. उद्योग संरचना

नगर विमानन उद्योग एक सेवा उद्योग है जो परिवहन सेवाएं प्रदान करता है। हवाई परिवहन कई विषेशताओं को दर्शाता है जो सेवा उद्योगों के लिए विशिष्ट हैं, जैसे उत्पाद की अमूर्तता और ग्राहक से व्यक्तिगत संपर्क का उच्च महत्व।

एक गतिविधि के रूप में विमानन क्षेत्र, यात्रियों से लेकर उच्च और सामरिक प्रौद्योगिकियों के विक्रेताओं तक व्यापक विविधता वाले हितधारकों को सम्मिलित करता है। इस क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण हितधारक आम यात्री है जिसकी यात्रा करने की आकांक्षा और आवश्यकता समय के साथ गहरी होती जाएगी। उसे ग्राहक सेवाओं की अच्छी गुणवत्ता के साथ सस्ती, आरामदायक और सुरक्षित यात्रा की आवश्यकता है।

हितधारक और उनके हित

1-1 पायलट, चालक दल के सदस्य और तकनीकविद् नागर विमानन की रीढ़ हैं। व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से वे उद्योग के आवष्यक हितधारक हैं। सरकार को इस समूह का समर्थन करने के लिए प्रचालन में निरंतर प्रशिक्षण और सुरक्षा के उच्च मानकों को अपनाना सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

1.2 एयरलाइन ऑपरेटर, एसओपी और एनएसओपी, बुनियादी सेवा प्रदाता हैं और इसलिए क्षेत्र का विकास और प्रदर्शन काफी हद तक उन पर निर्भर है। उनकी आशा एक उदार अहस्तक्षेप के माहौल में काम करने की है जहां न्यूनतम सरकारी नियंत्रण के साथ उचित प्रतिस्पर्धा को पनपने की अनुमति है।

1.3 हवाई अड्डा आपरेटर और विमानन बुनियादी ढांचे के प्रबंधक क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण हैं। इस प्रकार भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण जो देश में अधिकांश हवाई अड्डों का प्रबंधन करता है और हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे के निर्माण से जुड़े निजी उद्यमियों का उभरता हुआ वर्ग इस क्षेत्र के प्रदर्शन में महत्वपूर्ण भागीदार हैं। उनकी रुचि उन हवाई अड्डों की सुरक्षा, संरक्षा और वाणिज्यिक व्यवहार्यता सुनिश्चित करने में है जो वे प्रचालित करते हैं।

1.4 रक्षा मंत्रलय एक महत्वपूर्ण हितधारक है क्योंकि यह देश में बड़ी संख्या में हवाई अड्डों का प्रबंधन करता है जिनका उपयोग नागर प्रचालन के लिए भी किया जाता है। मंत्रालय भारतीय हवाई क्षेत्र का एक बड़ा हिस्सा भी साझा करता है और इसलिए नागरिक प्रचालन के पैमाने को निर्धारित करता है। हमें हवाई क्षेत्र, बुनियादी ढांचे और प्रचालन प्रक्रियाओं के उपयोग के संदर्भ में सैन्य आवश्यकताओं की प्रमुखता और प्राथमिकता बनाए रखने की आवश्यकता है।

1.5 पर्यावरण मंत्रालय की एक महत्वपूर्ण भूमिका है क्योंकि नागर विमानन का शोर और प्रदूषण के माध्यम से पर्यावरण पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। मंत्रालय द्वारा निर्धारित नीतियां और प्रदूषण मानदंड विमानन गतिविधियों को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करते हैं। गैर–सरकारी संगठन और सामाजिक कार्यकर्ता भी इस पारिस्थिति की तंत्र का हिस्सा बनते हैं और प्रायः नीति दिशा को प्रभावित करते हैं।

1.6 नियामक जैसे नागर विमानन महानिदशक (डीजीसीए), नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) और हवाई अड्डा आर्थिक विनियमन प्राधिकरण (एईआरए) विमानन प्रणाली के प्रमुख घटक हैं। यूरोपीय संघ, एफएए और आईसीएओ जैसे अंतरराष्ट्रीय नियामक अंतरराष्ट्रीय प्रचालन को विनियमित करते हैं और मानकों को निर्धारित करते हैं जो भारतीय विमानन को भी महत्वपूर्ण रूप से निर्धारित करते हैं।

1.7 नियामक सेवा प्रदाता जैसे सीआईएसएफ प्रणाली के महत्वपूर्ण हिस्सेदार हैं। वे यात्रियों और प्रचालकों के लिए विमानन वातावरण को सुरक्षित बनाने में योगदान करते हैं। वे नागर विमानन प्रतिष्ठानों को महत्वपूर्ण सुरक्षा भी प्रदान करते हैं।

1.8 गृह मंत्रालय की सुरक्षा कारणों से नागर विमानन में महत्वपूर्ण भूमिका है। वे सुरक्षा मुद्दों को संभालने के लिए महत्वपूर्ण खुफिया जानकारी भी प्रदान करते हैं। उन्हें नागर विमानन मंत्रालय को आपदा प्रबंधन, बचाव कार्यों और पुलिस गतिविधियों में भागीदार बनाने की भी आवश्यकता है।

1.9 जैसा कि समय बीतने के साथ नागर विमानन के क्षेत्र में **एमआरओ** के अधिक महत्वपूर्ण होने की संभावना है, इस गतिविधि से संबंधित एजेंसियों के प्रणाली के एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में उभरने की संभावना है। उनकी आवश्यकताएं अनुसंधान एवं विकास, प्रौद्योगिकी के आसान आयात और प्रशिक्षित मानव संसाधन की उपलब्धता से संबंधित हैं।

1.10 नागर विमानन क्षेत्र क्षेत्र के विकास में पायलटों के साथ–साथ इंजीनियरिंग तकनीकविदों दोनों के लिए **प्रशिक्षण स्कूलों** का बड़ा योगदान है। तुलनात्मक रूप से अलग वातावरण में काम करने वाले अंतरराष्ट्रीय उड़ान विद्यालयों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए, इन संस्थानों को बेहतर प्रदर्शन करने हेतु समान वैश्विक वातावरण की आवश्यकता होती है। वे एक गतिशील नियामक व्यवस्था की अपेक्षा करते हैं जो उद्योग के बदलते प्रशिक्षण और प्रौद्योगिकी की जरूरतों के लिए तेजी से प्रतिक्रिया करता है।

1.11 नागर विमानन प्रचालन काफी हद तक कुशल ग्राउंड हैंडलिंग पर निर्भर करता है। ग्राउंड **हैंडलिंग एजेंसियां** इस प्रकार प्रणाली में एक महत्वपूर्ण घटक हैं।

1.12 तेल विपणन कंपनियां ईंधन की आपूर्ति के माध्यम से नागर विमानन का बुनियादी सहयोग प्रदान करती हैं। वे उद्योग की प्रचालन आपूर्ति श्रृंखला की एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं।

1.13 वित्त मंत्रालय कर व्यवस्था और वित्तीय व्यवस्था तय करता है जिसमें उद्योग संचालित होता है इसलिए वे भी नागर विमानन के विकास और विस्तार में भारी योगदान करते हैं।

1.14 आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय, और नगरपालिका एजेंसियां हवाई अड्डों के लिए बुनियादी ढांचा प्रदान करती हैं। वे सेवाओं तक पहुंच को नियंत्रित करते हैं और इसलिए क्षेत्र के विकास में एक प्रमुख योगदान कारक हैं। वे हवाई अड्डे के निकट बसावटों के विकास और विमान प्रचालन को प्रभावित करने वाले भवन विनियमों के कार्यान्वयन को भी नियंत्रित करते हैं।

1.15 विमान दिक्चालन सेवा प्रदाता (एएनएसपी) प्रचालन के सभी चरणों (एप्रोच, एयरोड्रम और एन–रूट) के दौरान हवाई यातायात को सेवाएं प्रदान करता है। विशिष्ट अधिदेश के आधार पर, एएनएसपी हवाई क्षेत्र के उपयोगकर्ताओं को निम्नलिखित में से एक या अधिक सेवाएं प्रदान करता है: –

- विमान यातायात प्रबंधन (एटीएम)
- संचार दिक्चालन और निगरानी प्रणाली (सीएनएस)
- मौसम विज्ञान सेवा (एमईटी)
- खोज और बचाव (एसएआर)
- वैमानिकी सूचना सेवाएं/वैमानिकी सूचना प्रबंधन (एआईएस/एआईएम)।

एएनएसपी के रूप में भाविप्रा प्रत्यायोजित हवाई क्षेत्र में वायु दिक्चालन सेवाओं के प्रावधान के लिए उत्तरदायी है। वायु दिक्चालन सेवाओं के प्रावधान के लिए भाविप्रा के दायरे में भारत के सभी नागर हवाई अड्डे सम्मिलित हैं जिनमें सम्मिलित हैं: –

- संयुक्त उद्यम हवाई अड्डे
- सार्वजनिक हवाई अड्डे
- ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे
- राज्य सरकार के हवाई अड्डे, और
- निजी हवाई अड्डे
- पीपीपी हवाई अड्डे

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण दीर्घकालिक और स्थायी आधार पर पर्यावरणीय लाभ के साथ विमान प्रचालन की सुरक्षा, दक्षता, लागत–प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से समय–समय पर सीएनएस/एटीएम बुनियादी ढांचे का उन्नयन करता है।

1.16 संचार मंत्रालय जो भारतीय पायलटों के लिए वायरलेस परीक्षा आयोजित करता है, एक महत्वपूर्ण हितधारक है, वे वायरलेस कनेक्टिविटी भी प्रदान करते हैं जो हवाई यातायात प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण है।

1.17 विमान और इंजन के निर्माता उद्योग के बुनियादी हार्डवेयर प्रदान करते हैं। वे अपनी मार्केटिंग रणनीतियों और प्रौद्योगिकी के विकास के माध्यम से दिशा और गति प्रदान करते हैं। वे उस समय प्रचलित कराधान के मुद्दों से प्रभावित होते हैं।

2. उद्योग विकास

2.1 कोविड-19 महामारी

2021–22 में, भले ही देश को कोविड–19 की दूसरी और तीसरी लहर का व्यापक रूप से सामना करना पड़ा, हवाई यात्री यातायात में एक प्रभावशाली सुधार देखा गया है, जो मुख्य रूप से अंतर्देशीय क्षेत्र द्वारा समर्थित है। देश में महामारी के कठिन दौर के दौरान, भारत सरकार ने अपनी निम्नलिखित प्रमुख पहलों द्वारा सहायता प्रदान की: –

(i) अंतर्देशीय/अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र का कैलिब्रेटेड ओपनिंग

(ii) महामारी के दौरान अंतर्देशीय क्षेत्र में किराया कैपिंग

(iii) लाइफलाइन उड़ान

(iv) वंदे भारत मिशन (वीबीएम)

(v) "ट्रांसपोर्ट बब्ल्स" या "एयर ब्रिजेज"

वैक्सीनरोल–आउट की त्वरितगति और विश्वस्तर पर यात्रा प्रतिबंधों में ढील (27 मार्च 2022 से प्रभावी अंतरराष्ट्रीय यात्रा को पुनः आरंभ करने सहित) के साथ, भारतीय विमानन क्षेत्र में वापसी आरंभ हो गई है। अक्टूबर 2022 में कुल यात्रियों की संख्या 137.51 लाख तक पहुंच गई है जो पूर्व–कोविड स्तर (146.25 लाख) का 94 प्रतिशत था।

महीने–दर–महीने बढ़ने के अतिरिक्त, विमान कार्गो प्रचालन पहले से ही अर्थव्यवस्था के पुनरुत्थान के साथ जोरदार प्रदर्शन कर रहा है, व्यापार विश्वास में एक मजबूत सकारात्मक बदलाव द्वारा समर्थित है, और ई–कॉमर्स के माध्यम से अंतर्देशीय मांग में वृद्धि हुई है।

मार्च, 2019 में कुल विमान कार्गो टन भार 3.09 लाख मीट्रिक टन था, जबकि औसत पूर्व–कोविड स्तर का कार्गो टन भार 2.83 लाख मीट्रिक टन था। अक्टूबर, 2022 के दौरान कार्गो टन भार 2.57 लाख मीट्रिक टन था, जो कि पूर्व–कोविड अवधि 2019–20 में मासिक औसत टन भार का 91.33% है।

भारत का विमानन क्षेत्र कोविड–19 महामारी के कारण उत्पन्न अशांति से धीरे–धीरे उबरने की राह पर है। सरकार और उद्योग द्वारा अपनाए गए तेज उपायों के परिणामस्वरूप इस क्षेत्र के दीर्घकालिक पुनस्थान की उम्मीद है।

2.2 रूस यूक्रेन संघर्ष

रूस यूक्रेन संघर्ष के प्रभाव के कारण मुख्य रूप से जून 2022 से अंतर्देशीय यातायात में कमी देखी गई, क्योंकि एटीएफ की उच्च लागत के कारण हवाई टिकट की कीमत में वृद्धि हुई थी। यद्यपि, मार्च, 2022 से निर्धारित अंतरराष्ट्रीय प्रचालन आरंभ होने के कारण समग्र प्रभाव बहुत कम था।

मार्च– 2022 से अक्टूबर– 2022 तक एक साथ सभी भारतीय हवाईअड्डों पर संचालित कुल यात्री यातायात नीचे दिया गया है:

सभी भारतीय हवाई अड्डों पर यात्रियों की आवाजाही (लाखों में)

महीना	अंतरराष्ट्रीय	अंतर्देशीय	कुल
मार्च–22	33.12	211.23	244.35
अप्रैल –22	35.14	208.28	243.42
मई–22	40.96	227.57	268.54
जून–22	44.22	208.55	252.77
जुलाई–22	46.79	192.66	239.44
अगस्त–22	45.89	200.93	246.82
सितम्बर 22	44.69	204.76	249.45
अक्टूबर –22	47.79	226.74	274.53

ऑपरेशन गंगा : सरकार ने यूक्रेन से भारतीय नागरिकों को वापस लाने के लिए ऑपरेशन गंगा शुरू किया। 1 फरवरी से 11 मार्च 2022 तक लगभग 23500 भारतीय नागरिक यूक्रेन से भारत लौटे। कुल मिलाकर, 14 भारतीय वायु सेना की उड़ानों सहित 90 निकासी उड़ानें "ऑपरेशन गंगा" के अंतर्गत प्रचालित की गईं। छह (6) भारतीय अनुसूचित वाहक अर्थात् एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस, एयर एशिया, इंडिगो, स्पाइसजेट और गो फर्स्ट यूक्रेन से निकासी उड़ानों के प्रचालन में सम्मिलित थे।

ए. **यूक्रेन के साथ एयर बबल व्यवस्था:** भारत की यूक्रेन के साथ एयर बबल व्यवस्था थी जिसे अक्टूबर 2020 में अंतिम रूप दिया गया था। बबल के अंतर्गत, यूक्रेन इंटरनेशनल एयरलाइंस प्रत्येक दिशा में 400 सीटों/सप्ताह का प्रचालन कर रही थी, जबकि भारत–यूक्रेन मार्ग पर कोई भारतीय वाहक नहीं चल रहा था। यद्यपि, यूक्रेन और रूस के बीच बढ़ते तनाव और विदेश मंत्रालय द्वारा एडवाइजरी जारी करने के बाद, सीट क्षमता पर प्रतिबंध को हटाने और एयर बबल के अंतर्गत चार्टर उड़ानों की अनुमति देने का प्रस्ताव दिया गया था, जिसे यूक्रेन ने 16 फरवरी, 2022 को स्वीकार कर लिया था।

बी. **यूक्रेनी हवाई क्षेत्र को बंद करना:** यद्यपि, यूक्रेन के विरूद्ध रूस द्वारा विशेष सैन्य अभियान शुरू किए जाने के बाद यूक्रेनी हवाई क्षेत्र को 24 फरवरी, 2022 की सुबह से बंद कर दिया गया था।

सी. "ऑपरेशन गंगा" के तहत शहरों से निकासी उड़ानें: ऑपरेशन गंगा के अंतर्गत, निकासी उड़ानें कीव (यूक्रेन), बुखारेस्ट और सुकेवा (रोमानिया), बुडापेस्ट (हंगरी), रेज्जो (पोलैंड) और कोसिसे (स्लोवाकिया) से प्रचालित की गईं।

डी. निकासी अभियान को सुविधाजनक बनाने के लिए केंद्रीय मंत्रियों को यूक्रेन के पड़ोसी देशों में प्रतिनियुक्त किया गया था: श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया (रोमानिया), श्री हरदीप सिंह पुरी (हंगरी), जनरल (सेवानिवृत्त) वीके सिंह (पोलैंड) और श्री किरेन रिजिजू (स्लोवाकिया)।

ई. निकासी उड़ानों के लिए किराया भुगतान: एयर इंडिया ने 22 फरवरी, 2022 को कीव से नई दिल्ली के लिए एक वाणिज्यिक उड़ान प्रचालित की, जिसके लिए यात्रियों ने टिकट खरीदे थे। "ऑपरेशन गंगा" के अंतर्गत प्रचालित बाद की सभी निकासी उड़ानों की लागत भारत सरकार द्वारा वहन की गई थी।

2.3 राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन (एनएमपी) – भारत सरकार की राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन (एनएमपी) नीति के अनुसार, वित्त वर्ष 2022–25 में मुद्रीकरण के लिए पच्चीस (25) हवाई अड्डों की पहचान की गई है। एनएमपी नीचे निर्दिष्ट चरणों के अनुसार निम्नलिखित हवाई अड्डों के मुद्रीकरण का प्रावधान करता है:

क्र.सं.	हवाई अड्डे का नाम	क्र.सं.	हवाई अड्डे का नाम
वित्त वर्ष 2021-22 में 6 एयरपोर्ट		**वित्त वर्ष 2023-24 में 6 एयरपोर्ट**	
1	भुवनेश्वर	1	चेन्नई
2.	वाराणसी	2	विजयवाड़ा
3.	अमृतसर	3	तिरुपति
4.	त्रिची	4	वडोदरा
5.	इंदौर	5	भोपाल
6.	रायपुर	6	हुबली
वित्त वर्ष 2022-23 में 8 हवाई अड्डे		**वित्त वर्ष 2024-25 में 5 हवाईअड्डे**	
1	कालीकट	1	इम्फाल
2	कोयंबटूर	2	अगरतला
3	नागपुर*	3	उदयपुर
4	पटना	4	देहरादून
5	मदुर	5	राजमुंदरी
6	सूरत		
7	रांची		
8	जोधपुर**		

ध्यान दें: *नागपुर एक संयुक्त उद्यम हवाई अड्डा है (भाविप्रा के पास 49% और महाराष्ट्र सरकार (जीओएमएच) की 51% इक्विटी है) और हवाईअड्डा जीओएमएच द्वारा पीपीपी की प्रक्रिया के अंतर्गत है ।*

नोट: *जोधपुर एक सिविल एन्क्लेव है। रक्षा मंत्रालय को इस संबंध में कार्रवाई करनी है।*

पीपीपी समझौते के अगले दौर के लिए, भाविप्रा ने चुनिंदा बड़े हवाई अड्डों को छोटे हवाई अड्डों के साथ उपयुक्त रूप से जोड़/युग्मित करके 11 (ग्यारह) हवाईअड्डों की सिफारिश की है।

2.4 कृषि उड़ान योजना 2.0 को अक्टूबर 2021 में छह महीने की पायलट परियोजना के रूप में लॉन्च किया गया था, जो पहाड़ी क्षेत्रों, पूर्वोत्तर राज्यों और जनजातीय क्षेत्रों से खराब होने वाले खाद्य उत्पादों के परिवहन पर केंद्रित था। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के चयनित हवाई अड्डों,मुख्य रूप से लगभग एनईआर, पहाड़ी और जनजातीय क्षेत्र के 25 हवाई अड्डे, और अन्य क्षेत्रों में 28 हवाई अड्डों पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारतीय मालवाहकों और यात्री से कार्गो (पी2सी) के लिए लैंडिंग, पार्किंग, टर्मिनल नेविगेशनल लैंडिंग प्रभार (टीएनएलसी), और रूट नेविगेशन सुविधा प्रभार (आरएनएफसी) की पूर्ण छूट द्वारा हवाई परिवहन के माध्यम से कृषि–उत्पाद की आवाजाही को सुगम बनाना और प्रोत्साहित करना इसका उद्देश्य है।

आगे, कृषि उड़ान 2.0 के मूल्यांकन के बाद पांच और हवाई अड्डों को सम्मिलित किया गया है, इस प्रकार यह 31 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को सम्मिलित करते हुए 58 हवाई अड्डों में सम्मिलित हो गया है।

संभाला गया पेरिशेबल विमान कार्गो (अखिल भारतीय):

वित्तीय वर्ष	भार टन में (एमटी में)	वृद्धि (:)
2020-21	54,273	-
2021-22	79,501	46%

2.5 भारतीय विमानन उद्योग में अन्य विकासकार्य हैं: -

(i) इंडिया एक्सप्रेस लिमिटेड में एआईएल की 100% शेयर धारिता और एयर इंडिया एयरपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड में 50% शेयरधारिता सहित एयर इंडिया का रणनीतिक विनिवेश, 27.01.2022 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

(ii) ड्रोन नियम

- 25 अगस्त 2021 को उदारीकृत ड्रोन नियम, 2021 की अधिसूचना।
- 30 सितंबर 2021 को ड्रोन के लिए प्रोडक्शन–लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना की अधिसूचना

(iii) हवाई अड्डों के आसपास के भवनों की ऊंचाई को नियंत्रित करने वाले वर्तमान ऊंचाई नियमों में संशोधन।

(iv) उड़ान के अंतर्गत अंतिम मील संपर्कता के लिए छोटे विमानों को बढ़ावा देने हेतु नागर विमानन मंत्रालय द्वारा लघु विमान योजना का शुभारंभ।

(v) हेलीकाप्टर प्रोत्साहन नीति की शुरुआत।

(vi) मई 2022 में 22 मार्च, 2068 तक 30 वर्षों की एक और अवधि के लिए जीएमआर हैदराबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड के साथ रियायत समझौते का विस्तार ।

(vii) 23 मई, 2068 तक 30 साल की एक और अवधि के लिए बैंगलोर अंतराष्ट्रीय हवाईअड्डे के साथ रियायत समझौते का विस्तार

(viii) अगस्त 2022 में एक नई एयरलाइन–अकासा एयर द्वारा प्रचालन आरंभ करना

(ix) एयर बबल अरेंजमेंट्स के माध्यम से, अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में हमारे वाहकों के लिए उचित और समान व्यवहार सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है।

(x) वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार के उद्देश्य से विभिन्न नीतिगत उपायों के माध्यम से एयरलाइनों को समर्थन जैसे कि करों का युक्तिकरण, एक अनुकूल विमान पट्टा और वित्तपोषण वातावरण का निर्माण, द्विपक्षीय यातायात अधिकारों का प्रभावी उपयोग और विमान दिक्चालन सुविधाओं में सुधार आदि।

(xi) आधुनिक चौड़े आकार वाले विमान खरीदने के लिए एयरलाइनों को प्रोत्साहन।

(xii) अनुसूचित हवाई परिवहन सेवा, क्षेत्रीय हवाई परिवहन सेवा और अंतर्देशीय अनुसूचित यात्री एयरलाइन में स्वतः मार्ग के तहत 100% एफडीआई। यद्यपि, 49% से अधिक एफडीआई के लिए सरकार की मंजूरी की आवश्यकता होगी।

3. देश के विभिन्न हिस्सों में हवाई अड्डों के विकास सहित भारत में नागर विमानन क्षेत्र के विकास को पूरा करने के लिए आवश्यक भौतिक अवसंरचना प्रदान करने के लिए पहल/उपलब्धियां

यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए भाविप्रा एयरसाइड और टर्मिनल साइड अवसंरचना, विमान दिक्चालन सेवाओं के आधुनिकीकरण और विकास और हवाई अड्डों पर अपनी सेवाओं में सुधार करने में सदैव अग्रणी रहा है। इन उपायों के परिणामस्वरूप हवाई सुरक्षा और यात्रियों की संतुष्टि में सुधार हुआ है, जैसा कि यात्री अनुभव सर्वेक्षण परिणामों में परिलक्षित होता है।

वर्तमान में, सामान्य रूप से क्षेत्र और विशेष रूप से भाविप्रा की सर्वोच्च प्राथमिकता देश में हवाई अड्डा अवसंरचना की छवि को बदलना, सर्वश्रेष्ठ ग्राहक–अनुकूल बनना और दुनिया में सबसे अच्छे प्रबंधन वाले हवाई अड्डों के बराबर होना है। हम अपने हवाई अड्डों को अत्याधुनिक अवसंरचना के साथ सज्जित कर, विमान दिक्चालन सुविधाओं के लिए वैश्विक रुझानों के अनुरूप प्रौद्योगिकी का लाभ उठाते हुए, आकाश और भूमि दोनों में सुरक्षा और प्रचालन दक्षता बढ़ाकर इसे प्राप्त करना चाहते हैं।

अपने हवाई अड्डों पर सेवाओं और यात्री सुविधाओं में सुधार के लिए भाविप्रा के निरंतर प्रयासों ने इसे एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) द्वारा किए गए एएसक्यू (हवाई अड्डा सेवा गुणवत्ता) पुरस्कारों में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ सेवा प्रदाताओं के बीच रखा है।

भाविप्रा कोविड–19 आपदा का उपयोग विकास पथ पर जारी रखने और मानव पूंजी और भौतिक अवसंरचना दोनों के संदर्भ में प्रणालीगत सुधारों को जारी रखने के अवसर के रूप में कर रहा है। विमानन सेक्टर में मानव संसाधन के संबंध में भाविप्रा द्वारा की गई पहलों को इस रिपोर्ट में एक अलग खंड में पेश किया गया है।

देश के विभिन्न हिस्सों में हवाई अड्डों के विकास सहित भारत में नागर विमानन क्षेत्र के विकास को पूरा करने के लिए आवश्यक भौतिक अवसंरचना प्रदान करने के लिए भाविप्रा की पहल/उपलब्धियां नीचे दी गई हैं।

3.1 विकास कार्य:

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने देश में अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करने के लिए विभिन्न हवाई अड्डों के विकास/उन्नयन/आधुनिकीकरण और नए हवाई अड्डे, मौजूदा टर्मिनल का विस्तार/संशोधन, नए टर्मिनल, मौजूदा रनवे का विस्तार/सुदृढ़ीकरण, एप्रन, एएनएस कार्य जैसे कंट्रोल टॉवर, तकनीकी ब्लॉक आदि सहित हवाई यातायात/यात्रियों की वृद्धि की आवश्यकता हेतु 25000 करोड़ रुपये से अधिक की कैपेक्स योजना शुरू की है।

इसके अतिरिक्त, भाविप्रा और राज्य सरकार आरसीएस–उडान योजना के तहत 100 हवाई अड्डों को आरंभ करने की योजना बना रहे हैं। 30.11.2022 तक, विभिन्न एयरलाइनों को 1096 वैध निर्धारित मार्ग आबंटित किए गए हैं और जिनमें से 70 असेवित और अल्पसेवित हवाई अड्डों (9 हेलीपोर्ट और 02 जल हवाई अड्डे सहित) को जोड़ने वाले 451 आरसीएस मार्गों का प्रचालन किया गया है। आरसीएस–उड़ान के जरिए 30.11.2022 तक कुल 110 लाख (लगभग) अंतर्देशीय यात्रियों ने यात्रा की।

नए हवाई अड्डों/सुविधाओं के शिलान्यास/उद्घाटन, वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान पूरे किए गए कार्यों, स्वीकृत योजनाओं की प्रगति, और 31.03.2022 तक की योजनाधीन कार्यों का विवरण **अनुलग्नक-3** में प्रदान किया गया है।

इसके अलावा, 01.04.2022 से निम्नलिखित प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया है:–

– देवघर हवाई अड्डाय
– होलोंगी हवाई अड्डाय

3.2 हवाई अड्डों को लीज़ पर देना:

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) ने प्रचालन, प्रबंधन और विकास के लिए छह हवाई अड्डों नामतः अहमदाबाद, जयपुर, लखनऊ, गुवाहाटी, तिरुवनंतपुरम और मंगलुरु को 50 वर्ष की लीज़ अवधि के लिए सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड के तहत उच्चतम बोली लगाने वाले यानी मैसर्स अदानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) को दिया है।

अहमदाबाद, लखनऊ और मंगलुरु हवाई अड्डों के लिए रियायत अनुबंधों पर 14.02.2020 को तथा जयपुर, गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम के लिए 19.01.2021 को हस्ताक्षर किए गए। रियायती अनुबंधों पर हस्ताक्षर करने के 180 दिनों के भीतर रियायतग्राही को हवाई अड्डों पर वाणिज्यिक प्रचालन तिथि (सीओडी) प्राप्त करने की आवश्यकता थी। यद्यपि, कोविड–19 के कारण मंगलुरु, लखनऊ और अहमदाबाद हवाई अड्डों को क्रमशः 31.10.2020, 02.11.2020, 07.11.2020 को और गुवाहाटी, जयपुर और त्रिवेंद्रम हवाई अड्डों को क्रमशः 08.10.2021, 11.10.2021 और 14.10.2021 को रियायतग्राही द्वारा लिया गया था।

3.3 रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एम आर ओ):

नागर विमानन मंत्रालय ने एक नई नीति की घोषणा की है, जिसने क्षेत्र को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए खुली निविदाओं के माध्यम से भूमि को पट्टे पर देना और व्यवसाय करने में सुविधा के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) द्वारा रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एम आर ओ) व्यवसाय के लिए ली जाने वाली रॉयल्टी को समाप्त करना सम्मिलित है ।

एमओसीए द्वारा जारी एमआरओ दिशानिर्देशों के आधार पर, 12 एमआरओ साइटों पर एमआरओ की स्थापना के लिए भाविप्रा द्वारा 5 हवाई अड्डों पर एमआरओ राउंड–1 की खुली निविदा की कार्रवाई आरंभ की गई है। दिनांक 22.02.2022 को भोपाल हवाई अड्डे के साइट–1 एवं साइट–2 हेतु आशय पत्र जारी किया गया।

तत्पश्चात, अप्रैल 2022 में 5 हवाई अड्डों पर 13 एमआरओ साइटों के लिए एमआरओ राउंड–2 निविदा कार्रवाई शुरू की गई। चेन्नई के साइट–1, जुहू के साइट–1 और कोलकाता एयरपोर्ट के साइट–1 के लिए 10.10.2022 को आशय पत्र जारी किया गया।

3.4 उड़ान प्रशिक्षण संगठन (एफटीओ)

एफटीओ की प्रशिक्षण क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) एक उदारीकृत एफटीओ नीति लेकर आया है जिसमें विमानपत्तन रॉयल्टी की अवधारणा को समाप्त कर दिया गया है और भूमि के किराए को युक्तिसंगत बनाया गया है।

30.11.2022 तक, भाविप्रा द्वारा विभिन्न हवाई अड्डों पर 15 एफटीओ साइटें आवंटित की गई हैं, जिनमें से 4 (जलगाँव–1, कलबुर्गी–2 और लीलाबाडी–1) पर प्रचालन आरंभ किया जा चुका है।

3.5 डिजिटल स्काई प्लेटफार्म:

इस डिजिटल स्काई परियोजना का उद्देश्य भारत में ड्रोन परितंत्र (इकोसिस्टम) को आरंभ करने के लिए एक आईटी प्लेटफॉर्म विकसित करना है। इस प्लेटफार्म की परिकल्पना विभिन्न हितधारकों को एक ही मंच पर लाने के लिए सुविधाएँ प्रदान करने हेतु की गई है जिससे मानव रहित विमान प्रणाली (यूएएस) के लिए निर्माताओं, प्रचालकों, ड्रोन, उड़ान योजना के पंजीकरण और मानव रहित विमान प्रणाली (यूएएस) के लिए अनुमति, यूएएस की रियल टाइम ट्रैकिंग, मतभेद प्रबंधन और उड़ान लॉग विश्लेषण को सक्षम बनाया जा सके।

डिजिटल स्काई प्लेटफॉर्म का पहला चरण आरंभ हो गया है। ड्रोन नियम 2021 का अनुपालन करने हेतु सिस्टम में विस्तार किया गया है।

3.6 डिजी यात्रा:

"डिजी यात्रा" का उद्देष्य भारत में अंतर्देशीय हवाई यात्रियों को एक सहज, निर्बाध और कागज रहित यात्रा का अनुभव प्रदान करना है। अत्याधुनिक पहचान प्रबंधन और "चेहरे की पहचान" तकनीकों का उपयोग करते हुए, इसका उद्देश्य टर्मिनल प्रवेश द्वार, चेक–इन/बैग ड्रॉप, सुरक्षा जांच और बोर्डिंग गेट से हवाई अड्डे के विभिन्न चेक पॉइंट्स पर यात्री प्रक्रियाओं को सुगम बनाना है।

डिजी यात्रा पहल के एक भाग के रूप में, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा 04 हवाई अड्डों (कोलकाता, पुणे, विजयवाड़ा और वाराणसी) पर बायोमेट्रिक बोर्डिंग सिस्टम (बीबीएस) के क्रियान्वयन के लिए कार्य सौंपा गया है और इन हवाई अड्डों पर आवश्यक अवसंरचना स्थापित की गई है। वाराणसी हवाई अड्डे पर एक एयरलाइन का यात्रियों के साथ प्रत्यक्ष ट्रायल चल रहा है।

डिजी यात्रा के साथ, यात्रियों को अब हवाईअड्डे पर कई जांच बिंदुओं पर अपने टिकट/बोर्डिंग पास और अपने पहचान पत्र प्रत्यक्ष रूप से दिखाने की आवश्यकता नहीं होगी। इससे पंक्तियों में लगाने वाले प्रतीक्षा समय में कमी आएगी, प्रक्रमण समय में तेजी आएगी और प्रक्रियाएं सरल होंगी।

3.7 एयर सेवा

एयर सेवा नागर विमानन मंत्रालय की एक ऐसी पहल है जिसे यात्रियों को सुविधाजनक और निर्बाध हवाई

यात्रा का अनुभव प्रदान करने हेतु वर्ष 2016 में आरभ किया गया था। एयर सेवा प्लेटफॉर्म हवाई यात्रियों की शिकायतों के निवारण के लिए हवाई अड्डों, एयरलाइंस, डीजीसीए, बीसीएएस आदि जैसे विभिन्न विमानन हितधारकों को एक सामूहिक मंच पर लाता है, इस प्रकार यह विमानन क्षेत्र में ऐसे विभिन्न हितधारकों को एकीकृत करता है जिनके साथ एक हवाई यात्री को यात्रा के दौरान संपर्क करना होता है।

संबंधित आईओएस और एंड्रॉइड ऐप के साथ एयरसेवा 3.0 संस्करण का अतिरिक्त सुविधाओं जैसे उड़ान की उन्नत जानकारी और उड़ानों की ट्रैकिंग, सोशल मीडिया एकीकरण, हितधारकों के बीच शिकायत हस्तांतरण, उपयोगकर्ताओं द्वारा शिकायत करने या एसएलए समाप्ति पर, नोडल अधिकारी और सार्वजनिक मंच हेतु विचार–विमर्श के लिए बढ़ी हुई वृहद भूमिकाएं एवं अनुमतियां के साथ शुभारंभ किया गया है ।

3.8 अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन ओ सी) की वैधता में वृद्धि

नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार के राजपत्र अधिसूचना जीएसआर 770 (ई) दिनांक 17.12.2021 के माध्यम से भाविप्रा द्वारा जारी एनओसी की वैधता को आठ वर्ष से बढ़ाकर 12 वर्ष कर दिया गया है। इसके साथ ही नागर विमानन मंत्रालय द्वारा निर्माण क्षेत्र की लंबे समय से लंबित मांग को पूरा कर दिया गया है।

3.9 वायु क्षेत्र का इष्टतम उपयोग

भाविप्रा का मानना है कि भारत का वायु क्षेत्र बहुत जटिल है और इससे चुनौतियाँ उत्पन्न होती हैं। ऐसी ही एक चुनौती वायु क्षेत्र का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित करना है, जिसके लिए व्यापक योजना और प्रबंधन की आवश्यकता है। भारतीय वायु क्षेत्र के इष्टतम उपयोग से उड़ान समय, ईंधन की खपत और कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। वायु सेना के नियंत्रण वाले हवाई क्षेत्र को युक्तिसंगत बनाने से प्रतिवर्ष एक हजार करोड़ रुपए की बचत होगी।

वायु क्षेत्र के स्थिति अनुरूप उपयोग (एफयूए) के अंतर्गत, निम्नलिखित कार्रवाई की गई हैं:

- छियासी (86) सशर्त मार्गों की स्थापना
- एआईपी इंडिया से भारतीय सेना के दस (10) फील्ड फायरिंग रेंज (एफएफआर) को वापस लेना
- दो (02) खतरे वाले क्षेत्रों की ऊपरी सीमा कम की गई
- भारतीय वायु सेना (आईएएफ), भारतीय नौसेना, तट रक्षक, एचएएल, सिविल एटीसी अधिकारियों और एयरलाइन अधिकारियों के अधिकारियों (कुल 670) के लिए वायु क्षेत्र के स्थिति अनुरूप उपयोग पर पांच (05) प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए

एटीएस मार्ग

- बत्तीस (32) अधिक कुशल एटीएस मार्गों की स्थापना और पुनरसंरेखण का कार्य पूरा हुआ
- उत्तर पूर्वी क्षेत्र के लिए एटीएस मार्ग संपर्कता का इष्टतमीकरण पूरा किया गया
- तेरह (13) कम उपयोग किए गए एटीएस मार्गों को स्थायी रूप से वापस ले लिया गया

पीबीएन मार्ग

- ग्यारह (11) आरएनपी 2 एटीएस मार्ग स्थापित किए गए
- चार (04) एटीएस मार्गों पर आरएनपी 2 अनुमोदित विमानों के बीच अनुदैर्ध्य पृथक्करण को घटाकर 20 एनएम कर दिया गया

3.10 संचार इकाई

i. एएनएस सुविधाओं की औसत उपयोगिता 99.84% और औसत उपलब्धता 99.74% है। यह उपयोगिता और उपलब्धता विश्व के अन्य अग्रणी वायु दिक्चालन सेवा प्रदाता के समकक्ष है।

ii. ***संचार सुविधाएं***

ए) निम्नलिखित सुविधाओं के लिए डब्ल्यूपीसी (वायरलेस प्लानिंग कमीशन) से 43 निर्णय पत्र (डीएल) और 33 एसएसीएफए (रेडियो फ्रीक्वेंसी आवंटन पर स्थायी सलाहकार समिति) मंजूरी प्राप्त हुई: –

बी) 34 डब्ल्यूपीसी आशय पत्र (वायरलेस प्लानिंग कमीशन लेटर ऑफ इंटेंट) जारी किए गए हैं।

सी) सीएनएस/एटीएम सुविधाओं के लिए 12 डब्ल्यूपीसी आयात लाइसेंस जारी किए गए हैं।

डी) 04 डब्ल्यूओएल (वायरलेस ऑपरेटिंग लाइसेंस) जारी किए गए हैं।

ई) निम्नलिखित संचार सुविधाएं आरंभ की गई हैं : –

i) देवघर हवाई अड्डे पर वी एच एफ टी एक्स/आर एक्स (वेरी हाई फ्रीक्वेंसी रेंज ट्रांसमीटर/रिसीवर), डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर (डी वी आर) और अन्य सहायक सिस्टम ।

ii) नई डेटिस प्रणाली (मेक सिस्टेक) को आरजीआईए, शमशाबाद, हैदराबाद में सफलतापूर्वक आरंभ किया गया है तथा

iii) मोपा हवाई अड्डे गोवा और पटना हवाई अड्डे पर डीवीआर आरंभ किया गया।

iii. दिक्चालन उपकरण – सुरक्षित उड़ान प्रचालन सुनिश्चित करने हेतु, भूमि पर एक बिंदु के सापेक्ष सटीक स्थान (लोकेशन), ऊंचाई और दिगंश का निर्धारण करने के लिए विमानों द्वारा दिक्चालन उपकरणों का उपयोग किया

जाता है। इसे ध्यान में रखते हुए, निम्नलिखित दिक्चालन उपकरणों को स्थापित/प्रतिष्ठापित किया गया है:

ए) डीवीओआर/डीएमई को निम्नलिखित हवाईअड्डों पर प्रचालन/ पुनः आरंभ/आरंभ किया गया:

शिमला हवाई अड्डा; विशाखापत्तनम; हैदराबाद (बेगमपेट); कडप्पा (आंध्र प्रदेश); कांचीपुरम; सकरस; तमिलनाडु में टूथुकुडी (तूतीकोरिन); मोपा (गोवा); बीआईएएल (कर्नाटक); कोचीन; वडोदरा; डिबरूगढ़; होलोंगी;

बी) विजयवाड़ा में आईएलएस–जीपी/एलपीडीएमई

सी) कोलकाता आई एल एस–आर डब्लू वाई 19एल को फिर से प्रचालित किया गया

डी) पंतनगर में एन डी बी (एस ए सी 100)

iv. निगरानी -

ए) नए एडीएस-बी (स्वचालित अवलंबित निगरानी-प्रसारण) को आरंभ करना

हवाई अड्डों पर वायु दिक्चालन सेवाओं की अवसरचना में निरंतर सुधार हेतु, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने हैदराबाद, रांची, बीकानेर, धनबाद और जबलपुर हवाई अड्डे पर ग्राउंड बेस्ड ऑटोमैटिक डिपेंडेंट सर्विलांस ब्रॉडकास्ट (एडीएस–बी सुविधा) (जी ई सी आई/जी टी–280) आरंभ किया है। उपकरण का विनिर्माण मैसर्स जीईसीआई एस्पानोला एसए द्वारा किया जाता है। प्रत्येक साइट पर परियोजना की कुल लागत लगभग 71 लाख रुपए है।

बी) एएसआर-एमएसएसआर का आरंभ

हवाई अड्डों पर वायु दिक्चालन सेवाओं की अवसरचना में निरंतर सुधार हेतु, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने बेंगलुरु और जयपुर हवाई अड्डे पर नई ए एस आर–एम एस एस आर सुविधाएं (विमानपत्तन निगरानी राडार–मोनोपल्स माध्यमिक निगरानी राडार) आरंभ की हैं, उपकरणों का विनिर्माण मैसर्स ई एल डी आई एस द्वारा किया जाता है।

v. एटीएम ऑटोमेशन सिस्टम अपग्रेड : - सीएनएस/एटीएम ऑटोमेशन सुविधाओं का उपयोग करते हुए वायु यातायात प्रबंधन में सुधार लाने हेतु निम्नलिखित कार्य किए गए:

– पीबीसीएस (निष्पादन आधारित संचार और निगरानी) चेन्नई के लिए एसएटी (साइट स्वीकृति परीक्षण) सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

– अनुबंध के लिए भारत एच आई ए एल (HIAL) और बी आई ए एल (BIAL) ऑटोमेशन/ए एस एम जी सी एस (ASMGCS) (एडवांस सरफेस मूवमेंट गाइडेंस एंड कंट्रोल सिस्टम) सिस्टम अपग्रेड अतिरिक्त अनुरोध "मैसर्स लियोनार्डो के साथ अनुबंध, बी आई ए एल और एच आई ए एल का कार्य पूरा हुआ।

vi. एटीएसईपी (वायु यातायात सुरक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स कार्मिक) प्रशिक्षण और अन्य संबंधित प्रावधानों के नियामक दिशानिर्देशों का पालन करना,

ए) 437 एटीएसईपी को ऑनलाइन और ऑफलाइन प्रशिक्षण के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया,

बी) पी ए ए सी एस (PAACS) (प्रक्रियात्मक दृष्टिकोण और क्षेत्र नियंत्रण सिम्युलेटर) पर विदेशी प्रशिक्षण सिंगापुर में आयोजित किया गया तथा अपने देश में सी ए टी सी एवं गोंदिया में प्रशिक्षण पूरा किया गया,

सी) एटीएसईपी को हैदराबाद में एचटीसी सिम्युलेटर प्रशिक्षण दिया गया है।

डी) एसएसओ प्रशिक्षण प्रक्रिया शुरू की गई.

ई) इकाओ दस्तावेज 10057 में निहित दिशानिर्देशों के अनुसार, 4 पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरी तरह से पारंपरिक पद्धति से सी बी टी/ए (CBT/A) (योग्यता आधारित प्रशिक्षण/मूल्यांकन) पद्धति में सम्मिलित कर दिए गए।

एफ) एटीएसईपी से जुड़ी विभिन्न कार्यात्मकताओं पर प्रकाश डालने के लिए कुल 8 कार्यशालाएँ आयोजित की गईं।

vii. **सीएनएस सिमुलेशन अध्ययन:**– नए हवाई अड्डों पर सीएनएस सुविधा की स्थापना की व्यवहार्यता के लिए सीएनएस सिमुलेशन अध्ययन और विभिन्न मास्ट, मल्टीपाथ संरचनाओं आदि के अंतर्गत प्रचालन सीएनएस सुविधाओं पर प्रस्तावित संरचना के प्रभाव का आकलन लगभग 84 मामलों के लिए पूरा कर लिया गया है।

viii. वास्तविक समय के आधार पर वायु यातायात प्रबंधन के लिए वायुयान और अन्य एटीएस इकाइयों और बाहरी एजेंसियों के साथ हवाई यातायात नियंत्रकों द्वारा किए गए सभी ध्वनि संचारों को रिकॉर्ड करने के लिए 70 डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर (डीवीआर) खरीदे गए। इस परियोजना की आपूर्ति माह सितम्बर–2021 में पूर्ण कर ली गयी है.

3.11 ओटोमेशन इकाई

i. भाविप्रा ने एचटीसी, हैदराबाद के लिए प्रशिक्षण सिम्युलेटर खरीदा है। प्रतिष्ठापन प्रगति पर है। साइट एक्सेप्टेन्स टेस्ट (एस ए टी) 25.03.2022 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

ii. भाविप्रा ने अप्रैल 2021 में सी ए टी सी प्रयागराज, एच टी सी हैदराबाद और नियताम गोंदिया में भाविप्रा प्रशिक्षण केंद्रों के लिए ई ए एस ए फ्लाइट नेविगेशन एंड प्रोसीजर ट्रेनर (एफ एन पी टी) मल्टी क्रू कोऑर्डिनेशन (एम सी सी) लेवल 2 के एयरबस 320 परिवार के एयरक्राफ्ट के लिए फ्लाइट सिमुलेटर ट्रेनिंग डिवाइस (एफ एस टी डी) के 03 एस आई टी सी हेतु एक आदेश दिया है। कॉकपिट सिमुलेटर हेतु साइट एक्सेप्टेन्स टेस्ट (एस ए टी) 26.03.2022 को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया।

iii. सी ए टी सी, नियताम गोंदिया और हैदराबाद प्रशिक्षण केंद्रों के लिए प्रक्रियात्मक दृष्टिकोण और क्षेत्र नियंत्रण सिमुलेटर के लिए क्रय आदेश जारी किया गया है।

iv. **एटीएस मैसेज हैंडलिंग सिस्टम (एएमएचएस)** जिसे पैन–इंडिया आधार पर **एयरोनॉटिकल मैसेज हैंडलिंग सिस्टम** के रूप में भी जाना जाता है, को मुंबई और दिल्ली हवाई अड्डे पर एटीएस कॉम्प्लेक्स और भारत के विभिन्न स्टेशनों/हवाई अड्डों पर इसके उपयोगकर्ता उपकरणों में स्थापित किया जाएगा। ए एम एच एस को मौसम विज्ञान प्रणाली, अन्य सी एन एस/ए टी ए ओटोमेशन प्रणालियों के साथ भी एकीकृत किया जाएगा। एटीएस मैसेज हैंडलिंग सिस्टम (एएमएचएस) की खरीद के लिए निविदा आमंत्रित की गई है।

v. **मुंबई, नवी मुंबई, मोपा (एएसएमजीसीएस के बिना), एचआईएएल तथा बीआईएएल के लिए एटीएम ऑटोमेशन सिस्टम और एडवांस सरफेस मूवमेंट गाइडेंस एंड कंट्रोल सिस्टम (एसएमआर और एमलैट्स सहित) की आपूर्ति, संस्थापन, परीक्षण एवं प्रचालनः** तकनीकी बोली खोली गई। इस परियोजना के लिए बोली के तकनीकी मूल्यांकन का कार्य जारी है।

3.12 नव-ऐड्सयूनिट

उन स्टेशनों की सूची जहाँ वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान नव–ऐड्स उपकरण संस्थापित और चालू किए गए हैं:

सुविधाः एलपी-डीएमई के साथ इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस)।			
क्र.सं.	**हवाईअड्डे/स्टेशन**	**संस्थापना की तिथि**	**चालू होने की तारीख**
1	त्रिची	04.08.2021	19.09.2021
2	भोपाल	27.10.2021	09.12.2021
3	एचआईएएल	29.10.2021	शीघ्र ही चालू किया जाएगा।
4	पोर्टब्लेयर (केवल एलएलजेड)	18.11.2021	शीघ्र ही चालू किया जाएगा।
सुविधाः डॉपलर वेरी हाई फ्रीक्वेंसी ओमनीरेंज (डीवीओआर)			
क्र.सं.	**हवाई अड्डे/स्टेशन**	**संस्थापना की तिथि**	**चालू होने की तारीख**
1	हमुनपुई (लेंगपुई)	07.07.2021	16.12.2021
2	वड़ोदरा	10.09.2021	08.09.2022
3	भावनगर	11.09.2021	शीघ्र ही चालू किया जाएगा।
4	गोवा	15.09.2021	शीघ्र ही चालू किया जाएगा।
5	कडप्पा	30.09.2021	24.02.2022
6	कांचीपुरम	01.10.2021	21.04.2021
7	भोपाल	27.10.2021	शीघ्र ही चालू किया जाएगा।
8	शिमला	06.11.2021	19.01.2022
9	कोयम्बतूर	21.01.2022	शीघ्र ही चालू किया जाएगा।
10	तूतीकोरिन	24.01.2022	16.06.2022

सुविधा: उच्चशक्ति-दूरीमापक उपकरण (एचपी-डीएमई)			
क्र.सं.	हवाई अड्डे/स्टेशन	संस्थापना की तिथि	चालू होने की तारीख
1	तूतीकोरिन	24.01.2021	16.06.2022
2	हमुनपुई	07.07.2021	16.12.2021
3	विशाखापत्तनम	25.08.2021	27.01.2022
4	गोवा	15.09.2021	शीघ्र ही चालू किया जाएगा।
5	कडप्पा	30.09.2021	24.02.2022
6	हैदराबाद–पुराना	29.10.2021	05.02.2022
7	सकरास	10.01.2022	06.05.2022

सुविधा: कम शक्ति - दूरीमापक उपकरण (एलपी-डीएमई)			
क्र.सं.	हवाई अड्डे/स्टेशन	संस्थापना की तिथि	चालू होने की तारीख
1	एचआईएएल	15.09.2021	शीघ्र ही चालू किया जाएगा।
2	हुबली	24.09.2021	16.12.2021
3	गोवा	14.09.2021	10.12.2021

3.13 रडार यूनिट

i. भाविप्रा ने नागपुर, वाराणसी, जयपुर और बंगलौर हवाई अड्डों (दूसरा रडार) के लिए मोनो–पल्स माध्यमिक निगरानी रडार (एमएसएसआर) के साथ प्रतिष्ठापित किए जाने हेतु 4 हवाई अड्डा निगरानी रडारों (एएसआर) की खरीद की है। इनके प्रतिष्ठापित और प्रचालन का कार्य चल रहा है।

ii. ए–एसएमजीसीएस का उपयोग कम दृश्यता की स्थिति में हवाई अड्डे पर विमान और हेलीकॉप्टरों के सरफेस मूवमेंट के नियंत्रण एवं निगरानी के लिए किया जाता है। इनके प्रतिष्ठापन और प्रचालन का कार्य चल रहा है।

3.14 वैश्विक दिक्चालन उपग्रह प्रणाली (जीएनएसएस) यूनिट

गगन (जीपीएस एडेड जियो ऑगमेंटेडनेविगेशन) प्रणाली: भाविप्रा उपयुक्त हवाई अड्डों के लिए गगन आधारित एलपीवी प्रक्रियाओं को डिजाइन और विकसित करने की प्रक्रिया में है ताकि समुचित ढंग से गगन से लैस विमानों द्वारा इसका उपयोग किया जा सके। इस संबंध में भाविप्रा ने विभिन्न उपयुक्त हवाई अड्डों के लिए विकसित 22 गगन आध ारित एलपीवी प्रक्रियाओंके एनएवी डेटाबेस के सिम्युलेटर मूल्यांकन और विकास को पूरा कर लिया है। भाविप्रा के उड़ान निरीक्षण एकक (एफआईयू) के विमान (किंग एयर 350) ने गगन सेवा का उपयोग करते हुए कन्नूर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 250 फीट की एलपीवी मिनिमा के साथ एक इंस्ट्रूमेंट एप्रोच प्रोसीजर (आईएपी) पर उड़ान भरी। प्रारंभिक गगन एलपीवी उड़ान परीक्षणों के भाग के रूप में 4 फरवरी 2022 को कन्नूर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर परीक्षण किया गया। नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा अनुमोदन के बाद कन्नूर हवाई अड्डे (आरएनपी जेड आर डब्ल्यू वाई 07) की एलपीवी प्रक्रिया को वैमानिकी सूचना प्रकाशन (एआईपी) भारत में प्रकाशित किया जाएगा।

भारतीय एफआईआर के महासागरीय क्षेत्रों के लिए अंतरिक्ष-आधारित एडीएस-बी डेटा सेवा का कार्यान्वयन: भाविप्रा ने भारतीय एफआईआर (मुंबई, चेन्नई और कोलकाता) के महासागरीय क्षेत्रों में उड़ान भरने वाले विमानों की निगरानी के लिए अंतरिक्ष आधारित ऑटोमेटिक डिपेंडेंस सर्विलांस–ब्रॉडकास्ट (एसएडीएस–बी) प्रणाली को सफलतापूर्वक लागू किया है और 29 जनवरी 2021 से इसका प्रचालन प्रारम्भ किया है । वर्तमान में एसएडीएस–बीडेटा सेवाओं का उपयोग भारतीय एफआईआर के समुद्री क्षेत्रों में उड़ान भरने वाले एसएडीएस–बी से लैस विमानों के लिए स्थितिजन्य जागरूकता के लिए किया जा रहा है। भारतीय एफआईआर के समुद्री क्षेत्रों के ऊपर विमान यातायात की दक्षता और क्षमता को बढ़ाने हेतु उड़ान पृथक्करण में कमी लाने के लिए एसएडीएस–बी सेवा के कार्यान्वयन हेतु अध्ययन जारी है।

3.15 एटीएस कर्मियों का प्रमाणन (कैप):

कैप निदेशालय को विमान यातायात नियंत्रण अधिकारियों की लाइसेंसिंग के कार्यान्वयन हेतु नागर विमानन महानिदेशालय एवं भाविप्रा के बीच समन्वय तथा एयरक्राफ्ट नियम 1937 और संबंधित विनियमों के अनुसार विमान यातायात नियंत्रण अधिकारियों के प्रशिक्षण एवं रेटिंग संबंधी कार्यों को देखने के लिए नोडल विभाग के रूप में कार्य करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान भाविप्रा ने सम्पूर्ण भारत से विमान यातायात नियंत्रक के लाइसेंस (एटीसीओएल)

के कुल 135 आवेदन जमा किए और सभी को नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा अनुमोदित किया गया। उक्त अवधि के दौरान 19 छात्र विमान यातायात नियंत्रक (एसएटीसीओएल) के लाइसेंस के आवेदन और 423 रेटिंग इंडोर्समेंट आवेदन एटीसीओ हेतु जमा किए गए और महानिदेशालय द्वारा इन्हें अनुमोदित किया गया।

वर्ष के दौरान कौशल (रेटिंग) मूल्यांकन बोर्ड (48 स्टेशनों सहित नागर विमानन प्रशिक्षण कॉलेज, प्रयागराज, एचटीसी हैदराबाद और एनआईएटीएएम गोंदिया सहित), प्रवीणता मूल्यांकन बोर्ड (52 स्टेशनों पर), अनुदेशक/परीक्षक चयनबोर्ड (75 स्टेशनों पर) और प्रशिक्षण प्रभारी चयनबोर्ड (13 स्टेशनों पर) का गठन किया गया और तदनुसार 868 एटीसीओ का मूल्यांकन किया गया।

एटीसीओ के प्रशिक्षण और रेटिंग की प्रक्रिया में भाविप्रा को डेलिगेटिड कार्य के रूप में 365 ऑन द जॉब ट्रेनिंग इंस्ट्रक्टर (ओजेटीआई) और 310 प्रशिक्षकों के लिए भाविप्रा ने प्राधिकार जारी किए। एटीसीओ के सुचारित कार्यों के लिए भाविप्रा ने निम्नलिखित प्राधिकार जारी किए :

i. पुट्टापर्थी, अयोध्या, रूपसी, गोंदिया, चित्रकूट, बिलासपुर, मुरादाबाद, आजमगढ़, अलीगढ़, सिंधुदुर्ग, श्रावस्ती, शिर्डी, म्यूरपुर, केशोद, देवघर, मेरठ हवाई अड्डों हेतु एयरक्राफ्ट नियम, 1937 केनियम 97 3 (i) के तहत नवस्थापित एटीसी इकाई (उड़ान योजना के तहत आरसीएस हवाईअड्डा) में रेटिंग के अनुमोदन के बिना एटीसी संबंधीकार्यों को करना।

ii. हिसार, कुशीनगर, जगदलपुर, पिथौरागढ़, दीमापुर, बारापानी, कांडला, मैसूरु, पुदुच्चेरी हवाई अड्डे हेतु एयरक्राफ्ट नियम, 1937 केनियम 97 3 (ii) के तहत रेटिंग के अनुमोदन के बिना अस्थायी रूप से एटीसी संबंधी कार्यों को करना।

विमान यातायात सेवा के कर्मियों से संबंधित कुछ एयरक्राफ्ट नियमों के उल्लंघन के लिए एयरक्राफ्ट नियम 1937 में संशोधन के माध्यम से नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा शामिल कुछ नए दंड पर एटीएम कर्मियों के लिए जागरूकता सत्र आयोजित किए गए।

निम्नलिखित के लिए भी नागर विमानन महानिदेशालय की मंजूरी ली गई:–

(i) **मुंबई, चेन्नई, नई दिल्ली, कोलकाता, गुवाहाटी, नागर विमानन प्रशिक्षण कॉलेज, इलाहाबाद, एनआईएटीएम गोंदिया और एचटीसी हैदराबाद के लिए भाविप्रा का विमानन अंग्रेजी भाषा प्रशिक्षण संगठन/परीक्षण सेवा प्रदाता (एईएलटीओ/टीएसपी)**

(ii) **34 एटीएस स्टेशनों का आरटीएम (रेटिंग प्रशिक्षण नियमावली): (शेष एटीएस स्टेशन के अनुमोदन प्रक्रिया में हैं)**

3.16 फ्लाइंग प्रशिक्षण संगठनों (एफटीओ) की स्थापना के लिए विमान यातायात प्रबंधन की दृष्टि से बीस (20) फ्लाइंग क्लबों/अकादमियों/संगठनों को भाविप्रा द्वारा अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी किया गया है।

3.17 तीन (03) अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों, गुवाहाटी, त्रिवेंद्रम और जयपुर के लिए अडानी के साथ तथा एक (01), नोएडा (जेवर) इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एनआईएएल) के लिए यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रा. लि. (वाईआईएपीएल) के साथ सीएनएस/एटीएम समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

3.18 ईएआईपी इंडिया का प्रथम एआईआरएसी संशोधन (संशोधन 01/2022) 16 दिसम्बर 2021 को अर्थात 27 जनवरी से प्रभावी होने से 42 दिन पहले जारी किया गया था। ईएआईपी इंडिया में विमान दिक्चालन के लिए आवश्यक स्थायी स्वरूप की जानकारी शामिल है। डाटा गुणवत्ता आवश्यकताओं को बनाए रखते हुए 2.8 वर्ग एनएम हवाई क्षेत्र के एक हवाई क्षेत्र को कवर करते हुए, हजारों नोटम और सप्लीमेंट्स से वैमानिकी डाटा और वैमानिकी सूचना को एक दस्तावेज के रूप में संकलित करना एक बड़ी चुनौती है। एआईआरएसी प्रणाली के अनुसार भाविप्रा प्रत्येक 28 दिनों के अंतराल पर नियमित रूप से ईएआईपी संशोधन जारी करता रहा है

3.19 तकनीकी निदेशालय

i. **20 एम्बुलिफ्ट की खरीद :** भारत सरकार की "मेकइनइंडिया" नीति के अंतर्गत भारत के विभिन्न हवाई अड्डों पर 16 एम्बुलिफ्ट की आपूर्ति की गई है ताकि कम चल–फिर सकने वाले यात्रियों (पीआरएम)/दिव्यांग (विशेष रूप से सक्षम) यात्रियों को सुगम्य भारत अभियान के तहत निर्बाध आवागमन की सुविधा प्रदान की जा सके। एम्बुलिफ्ट का उपयोग कम चल–फिर सकने वाले यात्रियों (पीआरएम)/दिव्यांग (विशेष रूप से दिव्यांग) यात्रियों को, उनके निर्बाध स्थानांतरण और अवरोध रहित आवागमन को सुनिश्चित करते हुए, व्हीलचेयर, स्ट्रेचर या अन्यसुविधाओं के साथ विमान के मुख्य डेक में ले जाने और उससे बाहर लाने के लिए किया जाएगा। शेष 04 एम्बुलिफ्ट की आपूर्ति वित्तीय वर्ष 2022–23 में की जाएगी।

ii. **02 ट्रक माउंटेड इमरजेंसी रेस्क्यू सीढ़ियों की खरीद:** 02 ट्रक माउंटेड इमरजेंसी रेस्क्यू सीढ़ियों की आपूर्ति और सीएएमसी के लिए मै. एनएएफसीओ, दुबई को एक क्रय आदेश जारी किया गया है। उनका प्रचालन संबंधी उपयोग चेन्नई और कोलकाता हवाई अड्डों पर किया जाएगा। भाविप्रा के एआरएफएफ बेड़े में शामिल होकर ये आपातकालीन बचाव सीढ़ियां विमान, विशेषकर चौड़े आकार वाले विमानों और नए बड़े विमानों (एनएलए), की आपातकालीन स्थितियों के दौरान कुशल और प्रभावी बचाव कार्यों में अतिरिक्त सहायता प्रदान करेंगी, विशेष रूप

से तब जब आपातकालीन स्लाइड के काम न करने जैसी स्थिति आ जाती है और ऐसी स्थिति में आपातकालीन सीढ़ियाँ अग्निशमन दल के सदस्यों को विमान में चढ़ने, इसे हवादार बनाने और यात्रियों को बचाने में सक्षम बनाती हैं। यह उपकरण दुबई से भेजा गया था और वित्तीय वर्ष 2022–23 में यह प्राप्त हो जाएगा और इसे चालू कर दिया जाएगा।

iii. 41,700 यात्री बैगेज ट्रॉलियों (पीबीटी) के लिए जारी किए गए दर अनुबंध के संबंध में 15,800 यात्री बैगेज ट्रॉलियों (पीबीटी) की सुपुर्दगी हुई है और इन्हें भारत के विभिन्न हवाई अड्डों पर प्रयोग में लाया जा रहा है।

थ्री–सीटर 20,000 कुर्सियों के लिए जारी किए गए दर अनुबंध के संबंध में 1500 कुर्सियों की सुपुर्दगी हुई है और इन्हें भारत के विभिन्न हवाई अड्डों पर प्रयोग में लाया जा रहा है ।

ये यात्री बैगेज ट्रॉलियां और थ्री–सीटर कुर्सियां यात्रियों की संख्या में वृद्धि होने की स्थिति में उपयोगी साबित होंगी और वैश्विक स्तर पर ग्राहक संतुश्टि सूचकांक संबंधी मानदंड को पूरा करने में भाविप्रा की सहायता करेंगी ।

3.20 सुरक्षा

i. 30.11.2022 तक 26 हवाई अड्डों पर बायो–मैट्रिक एक्सेस कंट्रोल ऑपरेशन अर्थात गो–लाइव उपलब्ध कराया गया है। पटना, पुणे, जोधपुर, शिमला, चेन्नई, शिलांग (बारापानी), कोलकाता, रांची, वाराणसी, रायपुर, चंडीगढ़, इंदौर, भोपाल, अमृतसर, बागडोगरा, उदयपुर, सफदरजंग, जम्मू, कालीकट, त्रिची, वडोदरा, भुवनेश्वर, इंफाल, मदूरै, कोयम्बटूर तथा गोवा।

ii. बीसीएएस ने एवीएसईसी परिपत्र सं. 03/2021 के माध्यम से 45 भाविप्रा हवाई अड्डों पर सीआईएसएफ कार्मिको के स्थान पर गैर प्रमुख पदों हेतु निजी सुरक्षा एजेंसियों को तैनात करने का आदेश दिया था। भाविप्रा ने इस प्रयोजन हेतु डीजीआर से पीएसए की प्रायोजिकता प्राप्त कर ली है। 30.11.2022 तक 43 हवाई अड्डों हेतु अवार्ड पत्र जारी कर दिए गए है। 05 दिनों के एवीएसईसी प्रारम्भिक प्रशिक्षण 386 पीएसए कार्मिकों को 35 हवाई अड्डों पर तैनात किया गया।

3.21 विमानपत्तन प्रणाली

i. 2021–22 के दौरान भुवनेश्वर और अगरतला में इन लाइन एक्स–रेबैगेज स्क्रीनिंग सिस्टम (ILBS) चालू किया गया।

ii. विद्यमान ईडीटीएस मानक–2 इन लाइन मशीनों को चेन्नई, कोलकाता, अहमदाबाद और कालीकट से ले जाकर वड़ोदरा, विशाखापत्तनम, रायपुर, रांची, तिरुपति और मदुरै हवाई अड्डों पर प्रतिष्ठापित करने का कार्य पूरा किया गया।

iii. कोलकाता और त्रिवेंद्रम हवाई अड्डों पर स्वचालित ट्रे रिट्रीवल सिस्टम (एटीआरएस) को चालू किया गया।

iv. नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) के नवीनतम विनिर्देशों के अनुसार भाविप्रा के विभिन्न हवाई अड्डों पर 115 ड्यूअल व्यूएचबी एंड आरबीएक्स–बीआईएस मशीनों तथा भारत सरकार की मेक इन इंडिया पहल के अंतर्गत 124 एक्सप्लोसिव ट्रेसडिटेक्टर (ईटीडी) मशीनों की आपूर्ति और उनके संस्थापन का कार्य पूरा किया गया ताकि स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा दिया जा सके ।

v. केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की आवश्यकता को पूरा करने के लिए 39 हवाई अड्डों पर ब्लास्ट इनहिबिटर और फाइबर ऑप्टिक निगरानी उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं।

vi. निम्नलिखित हवाई अड्डों पर निगरानी सीसीटीवी प्रणाली को उन्नत और प्रचालित किया गया है: (i) सूरत (ii) बागडोगरा (iii) कालीकट (iv) भुज (v) देवघर (vi) मैंगलोर और (vii) इंदौर।

vii. विभिन्न आरसीएस हवाई अड्डों पर सुरक्षा उपकरण, एक्स–रे बैगेज निरीक्षण प्रणाली, एक्सप्लोसिव ट्रेस डिटेक्टर और डीएफएमडी संस्थापित किए गए हैं।

3.22 व्यवसाय विकास इकाई

(i) **नागालैंड में कोहिमा के पास चिएथू में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के लिए डीपीआर-** भाविप्रा को कोड–सी प्रकार के विमानों के प्रचालन के लिए चिएथू, कोहिमा में एक ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के विकास के लिए डीपीआर तैयार करने का काम सौंपा गया था। प्रस्तावित स्थल 1561.779 मीटर एएमएसएल और 1490.848 मीटर एएमएसएल की ऊंचाई वाली दो समीपस्थ पहाड़ियों के साथ एक पठार जैसी पहाड़ी पर स्थित है। भाविप्रा द्वारा डीपीआर तैयार किया गया और नागालैंड सरकार को प्रस्तुत किया गया है।

(ii) **उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के लिए डीपीआर** - भूमि अधिग्रहण और राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच–87 के दिशा–परिवर्तन जैसे मुद्दों के कारण पंतनगर में विद्यमान हवाई अड्डे के विस्तार और उन्नयन की सीमित संभावना को देखते हुए राज्य सरकार एक नया ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा विकसित करने हेतु इच्छुक है ताकि आरम्भ में एयरबस ए–320, ए–321 प्रकार के विमानों की जरूरतों को पूरा किया जा सके और बाद में बोइंग 747–400 जैसे बड़े विमानों की जरूरतों को पूरा करने के लिए इसे उन्नत किया जा सके। भाविप्रा को ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के विकास के लिए डीपीआर तैयार

करने का कार्य सौंपा गया था। भाविप्रा द्वारा डीपीआर का मसौदा तैयार करके उत्तराखंड सरकार को प्रस्तुत किया गया है।

3.23 भाविप्रा के लिए हैदराबाद में आपदा रिकवरी केंद्र (डिजास्टर रिकवरी सेंटर) की स्थापना

यह पहल निगमित मुख्यालय, दिल्ली के भाविप्रा डाटा सेंटर (डीसी) के लिए हैदराबाद में एक आपदा रिकवरी (डीआर) केंद्र स्थापित करने के लिए है ताकि व्यवसाय में निरंतरता को बनाए रखा जा सके। इससे यह सुनिश्चित होगा कि आपातकालीन स्थितियों में व्यवसाय में कोई व्यवधान न आ पाए।

आपदा रिकवरी (डीआर)साइट पर अपेक्षित अवसंरचना स्थापित की जा चुकी है और परीक्षण प्रगति पर है।

3.24 एआईएमएस

जीएसटी पोर्टल के एकीकरण के साथ गतिशील क्यूआर कोड सृजन के माध्यम से सभी बी 2 सी ग्राहकों/ लेनदेन के निपटान के लिए ई–बीजक (ई–इनवॉइसिंग) प्रणाली की शुरूआत।

'केंद्रीयकृत बिलिंग' की एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत हुई। इस प्रणाली को चरणों में प्रारम्भ किया जाएगा। इसके कार्यान्वयन से मानवीय हस्तक्षेप में कमी आएगी जिससे दक्षता और उत्पादकता में वृद्धि होगी।

3.25 डाटा सेंटर प्रचालनों और आईएसएमएस कार्यान्वयन के लिए आईएसओ 27001 पुनः प्रमाणन।

सफदरजंग हवाई अड्डे और राजीव गांधी भवन में भाविप्रा के डाटा सेंटर को आईएसओ 270001, जो सूचना सुरक्षा के प्रबंधन के लिए एक अंतरराष्ट्रीय मानक है, के लिए पुनः प्रमाणित किया गया है।

4. एसडब्ल्यूओटी विश्लेषण

शक्तियां:

i. देश में एकमात्र विमान दिक्चालन सेवा प्रदाता
ii. बृहद भू स्वामित्व
iii. देश भर में विभिन्न पर्यटक आकर्षण और हवाई अड्डों का नेटवर्क
iv. विमान दिक्चालन सेवाएं प्रदान करने में विशेषज्ञता और सुरक्षा का अच्छा रिकॉर्ड
v. मजबूत वित्तीय जोखिम प्रोफाइल
vi. अनुभवी जनशक्ति
vii. सीएटीसी,आईएए, अग्निशमन प्रशिक्षण केंद्रों सहित अंतरराष्ट्रीय मानकों के स्थापित प्रषिक्षण केंद्र
viii. उड़ान अंशांकन के लिए उपलब्ध अवसंरचना

कमजोरियां:

i. गैर–वैमानिकी राजस्व का कम हिस्सा
ii. लाभप्रद हवाई अड्डों की सीमित संख्या के कारण महत्वपूर्ण राजस्व संकेन्द्रण
iii. अनुसंधान एवं विकास और स्थानीय विनिर्माण क्षमता की कमी के कारण विदेशी आपूर्तिकर्ताओं पर अत्यधिक निर्भरता
iv. कार्गो व्यवसाय की धीमी/स्थिर वृद्धि
v. देश में एमआरओ अवसंरचना का अभाव
vi. सरकारी एजेंसियों के बीच एकीकृत योजना और समन्वित कार्यान्वयन का अभाव
viii. कुशल जनशक्ति की कमी
viii. प्रचालन की उच्च लागत और पूंजी की लागत की वसूली के लिए लंबी अवधि।

चुनौती:

i. वैश्विक आतंकवाद
ii. मानव रहित विमान / ड्रोन प्रचालन
iii. चक्रीय आर्थिक मंदी
iv. प्राकृतिक आपदाएँ, राजनीतिक उथल–पुथल और महामारियाँ/वैश्विक महामारी
v. भाविप्रा के नियंत्रण से परे राजस्व पर निर्भरता
vi. हाई–स्पीड रेलवे और बेहतर सड़क परिवहन के रूप में विकल्प का विकास जो कम दूरी की उड़ानों को बदल सकता है।
vii. अन्य हवाई अड्डे के विकासकर्ताओं से प्रतिस्पर्धा
viii. कड़े पर्यावरण और सुरक्षा मानदंड

अवसर:

i. अंतर्गामी और बहिर्गामी यातायात में वृद्धि
ii. भाविप्रा की पांच प्राथमिकताएं–एनसीएपी, आरसीएस, आईक्लास, यूएएच और एमआरओ
iii. एफटीओ
iv. यात्री टर्मिनलों पर गैर–वैमानिक सेवाओं को बढ़ाना
v. हेलीकाप्टर प्रचालन
vi. भू–संपत्ति का मुद्रीकरण
vii. गगन सहित अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को अपनाना
viii. मानव रहित विमान/ड्रोन संचालन का प्रबंधन
ix. विकासशील देशों (दक्षिण एशियाई, दक्षिण–पूर्व एशियाई और अफ्रीकी क्षेत्र) पर ध्यान केंद्रित करते हुए देश के बाहर हवाई अड्डों के परामर्श, विकास, प्रचालन और प्रबंधन जैसी सेवाएं प्रदान करने के अवसरों का पता लगाने के लिए मानव पूंजी का लाभ उठाना
x. हवाई अड्डा विकास/प्रबंधन परामर्श सेवाएं
xi. दिक्चालन सुविधाओं के लिए उड़ान अंशांकन सेवाएं

5. व्यापार सिंहावलोकन

कोविड–19 ने भारतीय अर्थव्यवस्था को काफी हद तक प्रभावित किया है। कोविड–19 महामारी के कारण भारतीय नागर विमानन और पर्यटन क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था के सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र हैं। वर्ष 2020–21 के दौरान, कुल यात्री यातायात में 66% की गिरावट देखी गई, जबकि 2019–20 यानी कोविड पूर्व काल की तुलना में कुल विमानों की आवाजाही में 54% की गिरावट आई। कोविड–19 के प्रभाव ने 2021–22 के दौरान भारत में वायु यातायात को प्रभावित करना जारी रखा है। वर्ष 2021–22 के दौरान, कुल यात्री यातायात में 45% की गिरावट देखी गई, जबकि 2019–20 यानी पूर्व कोविड काल की तुलना में कुल विमानों की आवाजाही में 32% की गिरावट आई।

2021–22 में, जब देश को कोविड–19 की दूसरी और तीसरी लहर का व्यापक रूप से सामना करना पड़ा, तब भी हवाई यात्री यातायात में प्रभावशाली सुधार देखा गया है, जो मुख्य रूप से घरेलू क्षेत्र द्वारा समर्थित है। सभी भारतीय हवाई अड्डों ने मिलकर 2021–22 के दौरान 1889 लाख यात्रियों को संभाला और 2020–21 में 1154 लाख यात्रियों की तुलना में 64% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की।

5.1 राजस्व मिश्रण

भाविप्रा के राजस्व को मोटे तौर पर वैमानिकी, गैर–वैमानिकी, हवाई अड्डे के पट्टे के राजस्व और अन्य संबद्ध सेवाओं जैसे परामर्श परियोजनाओं में वर्गीकृत किया जा सकता है। भाविप्रा के लिए वैमानिकी राजस्व में एएनएस शुल्क (रूट नेविगेशन सुविधाएं शुल्क और टर्मिनल नेविगेशनल लैंडिंग शुल्क) का प्रभुत्व है, जबकि इसका गैर–वैमानिक राजस्व हवाई अड्डों पर खुदरा, एफएंडबी, कारपार्किंग, अन्य रियायतों और टर्मिनलों और सिटी साइड परिसर में किराये जैसे वाणिज्यिक प्रचालनों से आता है। मुंबई और दिल्ली जैसे प्रमुख हवाई अड्डों से पट्टा राजस्व, और पीपीपी हवाईअड्डों से अग्रिमशुल्क/रियायत शुल्क भाविप्रा के राजस्व में महत्वपूर्ण योगदान देता है। चूंकि इन हवाई अड्डों पर टैरिफ को भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण (ऐरा) द्वारा इन हवाई अड्डों की यातायात वृद्धि और निवेश योजनाओं के संदर्भ में विनियमित किया जाता है, भाविप्रा का इस राजस्व स्रोत पर कोई नियंत्रण नहीं है।

पिछले वर्ष की तुलना में प्राधिकरण के राजस्व में रु1974.25 करोड़ (40.56%) की वृद्धि हुई। इसका विवरण इस प्रकार है:

क्र. सं.	विवरण	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	की तुलना में 2021-22 का % अंतर		
					वास्तविक	2018-19	2019-20	2020-21
1	विमान दिक्चालन सेवाएं	3702.18	3592.95	1587.62	2379.96	-35.71%	-33.76%	49.91%
2	हवाईअड्डा सेवाएं	4491.59	3718.05	1291.21	1674.04	-62.73%	-54.98%	29.65%
3	गैर–वैमानिकी हवाई अड्डा सेवाएं	1842.85	1887.74	885.84	912.09	-50.51%	-51.68%	2.96%
4	हवाई अड्डा पट्टा राजस्व							
(ए)	जेवीसी हवाई अड्डे (डायल और मॉयल)	3050.07	3063.01	483.50	1038.04	-65.97%	-66.11%	114.69%
(बी)	पीपीपी हवाई अड्डे (6)	-	-	87.25	329.59	-	-	277.76%
5	अन्य आय	1046.27	575.69	531.63	507.57	-51.49%	-11.83%	-4.53%
कुल राजस्व		14132.96	12837.44	4867.04	6841.29	-51.59%	-46.71%	40.56%

1. वित्तीय वर्ष 2018–19 एवं 2019–20 (30.6.2019 तक) के लिए विमानपत्तन सेवाओं (एएस) से राजस्व में पी एस एफ (सुरक्षा भाग)/एएसएफ सम्मिलित है। लेकिन 01.07.2019 से एनएएसएफटी के गठन के बाद यह राजस्व एनएएसएफटी को प्राप्त हो रहा है। तदानुसार वित्तीय वर्ष 2020–21 एवं 2021–22 के लिए सुरक्षा संबंधी कोई भी व्यय भा.वि.प्रा. की लेखा बहियों में दर्ज नहीं किए गए हैं।

2. वित्तीय वर्ष 2018–2019 एवं 2019–20 के लिए विमानपत्तन सेवाओं (एएस) से राजस्व में 6 पीपीपी हवाई अड्डों से संबंधित पूरे वर्ष का ए एस से राजस्व शामिल है जबकि वित्तीय वर्ष 2020–21 एवं 2021–22 में एएस से राजस्व में 6 पीपीपी हवाई अड्डों से संबंधित एएस से राजस्व उनके केवल संबंधित सीओडी तारीख तक के हैं। 6 पीपीपी हवाई अड्डों के संबंध में उनके संबंधित सीओडी तारीख से एएस राजस्व रियायत ग्राहियों को प्राप्त हो रहा है तथा भा.वि.प्रा. की रियायत ग्राहियों से अपफ्रंट शुल्क एवं कंसेशन शुल्क प्राप्त हो रहा है और इसे वित्तीय वर्ष 2020–21 एवं 2021–22 के दौरान हवाई अड्डा पट्टा राजस्व के अंतर्गत दर्शाया गया है।

2020–21 की तुलना में 2021–22 में राजस्व वृद्धि मुख्य रूप से विमान और यात्री आवागमन में सुधार के कारण हुई है।

2020–21 की तुलना में 2021–22 में भाविप्रा हवाई अड्डों पर विमान आवागमन 47.53% और सभी हवाई अड्डों पर विमान आवागमन 46.82% बढ़ा। इसके अतिरिक्त 2020–21 की तुलना में 2021–22 में भाविप्रा हवाई अड्डों पर यात्रियों की आवाजाही में 55.91% और सभी हवाई अड्डों पर यात्रियों की आवाजाही में 63.71% की वृद्धि हुई।

राजस्व में वृद्धि मुख्य रूप से निम्न कारणों से हुई है:

(i) एएनएस:

2020–21 की तुलना में 2021–22 में एएनएस राजस्व में 49.91% की वृद्धि। पिछले वर्ष की तुलना में वित्त वर्ष 2021–22 में आरएनएफसी राजस्व और टीएनएलसी राजस्व में क्रमश: रुपए 653.70 करोड़ तथा 139.60 करोड़ की वृद्धि हुई।

(ii) हवाई अड्डा सेवाएं:

हवाई अड्डा राजस्व सेवाओं में 29.65% (रूपए 382.82 करोड़) की वृद्धि मुख्य रूप से निम्नलिखित कारण से हुई है:

- एलपी एंड एच राजस्व में वृद्धि (+) रु. 52.59 करोड़
- यूडीएफ में वृद्धि (+) रु. 352.95 करोड़
- सेवा के घंटे के एक्सटेंशन में वृद्धि (+) रु. 0.90 करोड़
- सीयूटीई प्रभारों पर रॉयल्टी में बढ़ोतरी (+) रु. 12. 72 करोड़
- थ्रूपुट राजस्व में कमी (–) रु. 1.68 करोड़
- जीएच राजस्व में कमी (–) रु. 11.10 करोड़
- पीएसएफ (सुविधा) में कमी (–) रु. 23.56

(ii) गैर-वैमानिक राजस्व:

2020–21 की तुलना में 2021–22 में गैर–वैमानिक राजस्व में 2.96% (26.25 करोड़ रुपए) की वृद्धि निम्नलिखित कारण से हुई है:

(ए) व्यापार रियायत राजस्व में वृद्धि (+) रुपए 17.02 करोड़
- रेस्टोरेंट (+) रु. 2.73 करोड़
- स्नैक बार – रु. 2.16 करोड़
- ड्यूटी फ्री दुकानें (+) रु. 32.45 करोड़
- दुकान/स्टॉल (+) रु. 0.49 करोड़
- कार किराया (+) रु. 3.10 करोड़
- एग्जीक्यूटिव लाउंज (+) रु. 2.37 करोड़
- होटल आरक्षण काउंटर (+) रु. 0.74 करोड़
- मेडिकल टूरिज्म/वेलनेस टूरिज्म (+) रु. 2.63 करोड़
- अन्य अनुबंधों से राजस्व (+) रु. 27.51 करोड़
- मनी एक्सचेंज काउंटर में कमी (–) रु. 6.85 करोड़
- विज्ञापनों में कमी (–) रु. 50.31 करोड़

बी) किराया और सेवा राजस्व में कमी (–) रु. 28.12 करोड़

सी) कार पार्किंग राजस्व में वृद्धि (+) रु. 12.91 करोड़

डी) विविध गैर–वैमानिक हवाईअड्डा सेवा राजस्व में वृद्धि (+) रु. 24.44 करोड़

iv. हवाई अड्डा पट्टा राजस्व:

(ए) जेवीसी हवाई अड्डों (डायल और मॉयल) के संबंध में हवाई अड्डा पट्टा राजस्व–निम्नलिखित के कारण हवाई अड्डा पट्टा आय में 114.69% (554.54 करोड़ रुपए) की वृद्धि हुई है:
- 2020–21 की तुलना में 2021–22 में डायल के पट्टा आय में रुपए 446.21 करोड़ की कमी आई है।
- 2020–21 की तुलना में 2021–22 में मायल के पट्टा आय में 1000.75 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई है।

(बी) पीपीपी हवाईअड्डों के संबंध में हवाई अड्डा पट्टा राजस्व (मंगलूर, अहमदाबाद, लखनऊ, त्रिवेन्द्रम, जयपुर तथा गुवाहाटी)– वित्त वर्ष 2021–22 हेतु चालू वर्ष के राजस्व के रूप में भाविप्रा ने रुपए 329.59 करोड़ की राशि अर्जित की है। (32.69 करोड़ रुपए की अपफ्रंट शुल्क और 296.90 करोड़ रुपए का रियायत शुल्क)

(v) अन्य आय:

निम्नलिखित के कारण अन्य आय में 4.53% (रु. 24.06 करोड़) की कमी आई:
- ब्याज की आय में कमी (–) रु. 68.74 करोड़
- प्रशिक्षण संस्थानों से आय में कमी (–) रु. 0.13 करोड़
- ईपीसीजी लाइसेंस आय में कमी (–) रु. 16.27 करोड़
- रियायत शुल्क में वृद्धि–आईक्लाससीएल (+) रु. 34.99 करोड़
- लाभांश आय में वृद्धि (+) रु.59.38 करोड़
- अचल संपत्तियों की बिक्री पर लाभ में वृद्धि (+) रु.34.24 करोड़
- ब्याज और शास्तियों में कमी (–) रुपए 55.22 करोड़
- कुछ शीर्षों में वृद्धि के समायोजन के बाद अन्य शीर्षों में निवल कमी (–) रु. 12.31 करोड़

5.2 लागत मिश्रण

भाविप्रा के प्रमुख व्यय श्रेणियों में कर्मचारी लागत (कर्मचारी का वेतन, भत्ते और भविष्य निधि में योगदान), विमानन सुरक्षा, प्रशासन व्यय, वित्त पोषण लागत और मूल्य ह्रास सहित प्रचालन व्यय सम्मिलित हैं।

पिछले वर्ष की तुलना में खर्च में रुपए 196.68 करोड़ (5.61%) की बढ़ोतरी हुई है। इसका विवरण इस प्रकार है :–

राशि (करोड़ रुपए में)

क्र. सं	विवरण	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	की तुलना में 2021-22 का % अंतर		
					वास्तविक	2018-19	2019-20	2020-21
1	कर्मचारी लाभ व्यय	5158.98	4481.24	3505.40	3702.08	-28.24%	-17.39%	5.61%
2	प्रचालन व्यय	1662.68	1751.64	1632.46	1531.72	-7.88%	-12.56%	-6.17%
3	प्रशासनिक और अन्य व्यय	823.68	626.34	1040.54	437.16	-46.93%	-30.20%	-57.99%
4	वित्त लागत	6.50	4.61	45.01	69.67	971.87%	1411.31%	54.80%
5	अवमूल्यन और परिशोधन	1564.89	1751.25	1819.76	1904.38	21.69%	8.74%	4.65%
6	सुरक्षा व्यय	1232.24	405.30	-	-	-	-	-
कुल व्यय		**10448.97**	**9020.38**	**8043.16**	**7645.01**	**-26.83%**	**-15.25%**	**-4.95%**

01.07.2019 से एन ए एस एफटी के गठन के बाद से विमानन सुरक्षा व्यय एनएएस एफ टी डाटा वहन किए जा रहे हैं। तदनुसार वित्तीय वर्ष 2020–21 एवं 2021–22 के लिए सुरक्षा संबंधी कोई भी व्यय भा.वि.प्रा. की लेखा बहियों में दर्ज नहीं किए गए है।

(i) **कर्मचारी लाभ व्यय में वृद्धि मुख्य रूप से निम्न के कारण होती है:-**

ए. वेतन और भत्तों में वृद्धि (+) रु. 57.83 करोड़

बी. अन्य कार्मिक लागत में वृद्धि (+) रुपए 138.00 करोड़

सी. भविष्य और अन्य निधियों में योगदान में वृद्धि (+) रुपए 117.93 करोड़

डी. प्रचालन और समर्थन लागत की वसूली में वृद्धि के कारण कमी – जेवीसी (–) रुपए 117.08 करोड़

(ii) **प्रचालन व्यय में रुपए 100.74 करोड़ की कमी मुख्य रूप से निम्न के निवल प्रभाव के कारण है :-**

ए. आरएंडएम व्यय में कमी (–) रु. 25.65 करोड़

बी. रख–रखाव के व्यय में कमी (–) रु. 20.81 करोड़

सी. विज्ञापन और प्रचार में कमी (–) रु. 1.56 करोड़

डी. बिजली और पानी के शुल्क में कमी (–) रु. 4.33 करोड़

ई. भंडार संबंधी खपत में वृद्धि (+) रु. 6.75 करोड़

एफ. मौसम सेवा शुल्क में वृद्धि (+) रु.1.68 करोड़

जी. किराए, दरों और करों में कमी (–) रु. 0.80 करोड़

एच. बागवानी व्यय में कमी (–) रु. 0.74 करोड़

आई. नगर निगम करों में कमी (–) रु. 33.48 करोड़

जे. बीमा में कमी (–) रु. 21.67 करोड़

(iii) **प्रशासनिक और अन्य व्यय की राशि में रुपए 603.38 करोड़ की कमी मुख्य रूप से निवल प्रभाव के कारण है:-**

ए. संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान में कमी (–) 1799. 38 करोड़

बी. किराया प्रभार में वृद्धि (+) रु. 9.41 करोड़

सी. विधिक व्यय में वृद्धि (+) रु. 21.76 करोड़

डी. पूर्व अवधि समायोजन में वृद्धि (+) रु. 188.11 करोड़

ई. यात्रा व्यय में वृद्धि (+) रु. 35.98 करोड़

एफ. प्रशिक्षण व्यय में कमी (–) रु. 1.40 करोड़

जी. सीएसआर व्यय में कमी (–) रु. 47.64 करोड़

एच. संग्रहण शुल्क में वृद्धि (+) रु. 8.11 करोड़

आई. अन्य व्यय मदों में कमी (–) रु. 3.45 करोड़

जे. विविध व्ययों में कमी (–) रु. 6.36 करोड़

के. बट्टे खाते में डाले गए अशोध्य ऋणों में वृद्धि (+) 991.48 करोड़

(iv) **वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान मुख्य रूप से संपत्ति के अतिरिक्त पूंजीकरण के कारण मूल्यह्रास में 84.63 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई है।**

6. संभाला गया यातायात (2020-21 की तुलना में 2021-22 के दौरान)

वर्ष 2021–22 के दौरान सभी भारतीय हवाई अड्डों पर एक साथ संभाले गए गए यातायात में पिछले वर्ष की तुलना में सभी तीन क्षेत्रों अर्थात् विमान के आवागमन, यात्री और माल ढुलाई में वृद्धि देखी गई। वर्ष के दौरान कुल विमान संचलन, यात्री और माल यातायात में क्रमशः 46.8%, 63.7% और 27.0% की वृद्धि हुई है। 2021–22 के दौरान यातायात में महत्वपूर्ण वृद्धि का कारण नागर विमानन क्षेत्र पर कोविड–19 के प्रतिकूल प्रभाव के कारण 2020–21 की निष्क्रियता है।

वर्ष के दौरान संभाला गया यातायात का विवरण और पिछले वर्ष की तुलना निम्नानुसार है:

विवरण	2021-22	2020-21	बदलाव प्रतिशत
उड़ान प्रचालन (अंकों में)			
अंतरराष्ट्रीय	211836	134824	57.1
अंतर्देशीय	1545276	1061916	45.5
कुल	**1757112**	**1196740**	**46.8**
यात्री (अंकों में)			
अंतरराष्ट्रीय	22088224	10128283	118.1
अंतर्देशीय	166803217	105251500	58.5
कुल	**188891441**	**115379783**	**63.7**
माल भाड़ा (मीट्रिक टन में)			

विवरण	2021-22	2020-21	बदलाव प्रतिशत
अंतरराष्ट्रीय	1961112	1521424	28.9
अंतर्देशीय	1179690	952487	23.9
कुल	**3140802**	**2473911**	**27.0**

7. भविष्य की राह

यद्यपि विश्व के विमानन क्षेत्र सहित कोविड–19 महामारी के प्रभाव प्रतिकूल रहे हैं, परंतु भारत ने अगले एक दशक में विमानन क्षेत्र में अग्रणी बनने की अपनी महत्वाकांक्षा को छोड़ने का कोई संकेत नहीं दिखाया है।

भारत का विमानन उद्योग बड़े पैमाने पर विकास के अवसरों के साथ व्यापक रूप से अप्रयुक्त है, यह देखते हुए कि देश के अधिकांश जन समुदाय हेतु विमान यातायात अभी भी महंगा है, जिनमें से लगभग 40% उच्च गतिशील मध्यम वर्ग है।

विमानन उद्योग अपनी दृढ़ता और सरकार द्वारा इस उद्योग की सहायता और इसके रूपान्तरण के लिए किए जा रहे निरंतर उपायों के द्वारा बहुप्रतीक्षित विकास की ओर अग्रसर है।

मध्यम वर्ग के परिवारों की बढ़ती हिस्सेदारी के कारण हवाई यात्रा तक पहुंच और किफायत, कम लागत, कशल वाहकों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा, आधारभूत संरचना के विकास और इसके विकास के लिए एक सहायक सरकारी परिवेश के बीच विमानन उद्योग में मांग देखी गई है ।

उचित नीतियों और गुणवत्ता, लागत और यात्री हित पर निरंतर ध्यान देने के साथ और कोविड–19 महामारी के कारण हुए गहरे संकट के बावजूद, भारतीय विमानन क्षेत्र के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण सकारात्मक बना हुआ है।

8. जोखिम और चिंताएँ

भाविप्रा जोखिम प्रबंधन के महत्व और संगठन की सफलता और व्यापार निरंतरता के लिए इसकी महत्ता को समझता है। इस प्रकार, भाविप्रा में इसके प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए जोखिम प्रबंधन को प्रत्येक कार्य में सम्बद्ध किया गया है। इसके अतिरिक्त, बोर्ड स्तर सहित हर स्तर पर सम्मिलित जोखिम को देखते हुए निर्णय लिए जाते हैं। इसके अतिरिक्त, लेखापरीक्षा कार्य जोखिम प्रबंधन नियंत्रणों की प्रभावोत्पादकता की जानकारी देता है जो प्रबंधन को इस संबंध में किए जाने वाले आवश्यक उपायों में सुधार करने में सहायता करता है।

हम जोखिमों और चिंताओं को चार प्रमुख श्रेणियों में विभाजित कर सकते हैं अर्थात प्रचालन जोखिम, कूटनीतिक जोखिम, वित्तीय जोखिम और अनुपालन जोखिम। इसके अतिरिक्त, इन जोखिमों को दो प्रमुख जोखिम कारकों में वर्गीकृत किया जा सकता है – आंतरिक कारक (संगठन के भीतर की परिस्थितियाँ या घटनाएँ) या बाहरी कारक (जो व्यापक व्यावसायिक क्षेत्र में हैं)।

निम्नलिखित चार्ट उन प्रमुख जोखिम कारकों का सार प्रकट करता है जिनके अंतर्गत भाविप्रा संचालित होता है। कोई भी नकारात्मक गतिविधि हमारे प्रचालन और वित्तीय प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है:

जोखिम / कारक	बाहरी कारक	आंतरिक कारक
प्रचालन जोखिम	– वैश्विक और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्थाएं – अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय राजनीतिक घटनाएँ – महामारी, विश्वमारी और प्राकृतिक आपदा जैसे वैश्विक स्वास्थ्य मामले – सुरक्षा को प्रभावित करने वाली खतरनाक गतिविधियाँ – साइबर सुरक्षा सहित सुरक्षा जोखिम – यातायात के वैकल्पिक साधनों का विकास – एयर स्पेस और विमानपत्तन साझा करने हेतु रक्षा मंत्रालय की नीतियां – तकनीकी व्यवधान	– अपर्याप्त आईटी बैक–अप सिस्टम – कालिक क्षय वाली सुविधाओं के रखरखाव की चुनौतियां – कार्मिकों की हड़ताल और श्रमिक संबंधी अन्य व्यवधान – प्रौद्योगिकी प्रगति में विलंब/ विफलता – सेवा वितरण मानकों में संभावित गिरावट

जोखिम / कारक	बाहरी कारक	आंतरिक कारक
	– प्रतिष्ठा जोखिम – एटीएफ की अंतरराष्ट्रीय कीमतें – इंडियन ऑयल कंपनियों की विपणन और मूल्य निर्धारण नीतियां – बाहरी आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भरता	
कूटनीतिक जोखिम	– मूल्य निर्धारण (यूडीएफ, आरसीएस शुल्क, लैंडिंग, पार्किंग और आवास शुल्क आदि) – एफडीआई नीति – सरकार का घोषणापत्र – हवाई अड्डों को पट्टे पर देना	– मूल्य निर्धारण (पट्टा, वाणिज्यिक आदि) – हवाई अड्डे की अवसंरचना का विकास (नए हवाई अड्डे या वर्तमान हवाई अड्डों का विस्तार) – नए उत्पाद या बाजार की खोज – संयुक्त उद्यम, गठबंधन निर्णयों में सम्मिलित होना – कूटनीतिक प्राथमिकताएँ
अनुपालन जोखिम	– व्यापक सरकारी अधिनियम – परिवेशी कारक – भारत सरकार के साथ–साथ राज्य सरकारों की भूमि अधिग्रहण और पुनर्वास नीतियां – विधिक और संविदात्मक	– समझौते/अनुबंध प्रारूपण में चूक – संविदात्मक दायित्वों को पूरा करने में विफलता – हितों का टकराव – भ्रष्टाचार
वित्तीय जोखिम	– ब्याज दर जोखिम – विदेशी मुद्रा जोखिम – सरकार की कराधान नीतियां – उच्च बीमा लागत या अपर्याप्त सुरक्षा	– ऋण जोखिम – चलनिधि जोखिम – धोखाधड़ी/फ्रॉड जोखिम – अपर्याप्त वित्तीय प्रक्रियाएं

9. आंतरिक नियंत्रण प्रणाली और उनकी पर्याप्तता

भाविप्रा के पास अपने प्रचालन के आकार, पैमाने और जटिलता के अनुरूप एक आंतरिक नियंत्रण प्रणाली है। संगठन अपने सभी रिकॉर्ड सैप प्रणाली में रखता है तथा कार्यप्रवाह एवं अनुमोदन सैप के माध्यम से किए जाते हैं।

आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग संगठन में आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की प्रभावोत्पादकता और पर्याप्तता और सभी स्थानों पर प्रचालन प्रणाली, लेखा प्रक्रियाओं एवं नीतियों पर इसके अनुपालन की निगरानी और मूल्यांकन करता है। आंतरिक लेखापरीक्षा की रिपोर्ट के आधार पर, हवाई अड्डे स्टेशन अपने संबंधित क्षेत्रों में सुधारात्मक कार्रवाई करते हैं और नियंत्रण को सुदृढ़ करते हैं। बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति के सामने महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा टिप्पणियों और सुधारात्मक कार्रवाइयों को प्रस्तुत किया जाता है।

10. नियोजित कार्मिकों की संख्या सहित मानव संसाधन, औद्योगिक विकास के मोर्चे पर महत्वपूर्ण कार्य

10.1 भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में मानव संसाधनः मानव पूंजी भाविप्रा के विकास और आकांक्षाओं के लिए प्रमुख साधन बना हुआ है। भाविप्रा निरंतर बाजार परिवर्तनों के साथ तालमेल रखने के लिए अपनी मानव संसाधन नीतियों और पद्धतियों की समीक्षा कर रहा है और एक सकारात्मक कार्य वातावरण बनाने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कई पहलें आरंभ की गई हैं जो कार्मिकों को पर्याप्त संवृद्धि और विकास के अवसर प्रदान करने के साथ–साथ प्रेरणा और भागीदारी के उच्च स्तर को सुनिश्चित करता है। कार्मिकों की सुरक्षा के उपाय, वैज्ञानिक प्रशिक्षण, कल्याण, निष्पादन आधारित मूल्यांकन प्रणाली, क्षतिपूर्ति, कैरियर विकास और सामाजिक सुरक्षा योजनाएं संगठन की प्रमुख प्राथमिकता बनी हुई हैं।

वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान भाविप्रा के मानव संसाधन निदेशालय द्वारा की गई पहल / उपलब्धियां नीचे सूचीबद्ध हैं:

i.	भाविप्रा संशोधित स्थानांतरण नीति के खंड 10.4 में उल्लिखित रोगों के अतिरिक्त निम्नलिखित रोगों को सम्मिलित करने का निर्णय लिया गया जिसमें भाविप्रा के ऐसे कार्मिक को छूट देने का निर्णय लिया गया है जो दिव्यांग बच्चे की देखभाल करने वाला है: ए. वामनता (डवार्फिजम); बी. पेशी अपविकास; सी. एसिड अटैक पीड़ित; डी. वाक एवं भाषा अक्षमता;

	ई. विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता; एफ. न्यूरोलॉजिकल स्थितियां जैसे मल्टीपल स्केलेरोसिस और पार्किंसंस रोग, सिकल सेल रोग; जी. बहु अक्षमताएं (उपर्युक्त निर्दिष्ट अक्षमताओं में से एक से अधिक जिसमें बहरापन और दिव्यांगता की कोई अन्य श्रेणी सम्मिलित है, जिसे केंद्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित किया जा सकता है। यह भी निर्णय लिया गया है कि ऐसे कार्मिक जो एकल अभिभावक हैं, उनको स्थानांतरण में छूट दी जाए। एकल अभिभावक अधिकतम दो अतिरिक्त स्थानांतरण छूट (वर्तमान छूट के अतिरिक्त) के पात्र होंगे जब तक कि बच्चा/सबसे छोटा बच्चा 18 वर्ष की आयु प्राप्त नहीं कर लेता। ऐसी छूट केवल जीवनसाथी की मृत्यु या उनसे अलग होने के मामले में दी जाएगी। अधिकारी को इस आधार पर छूट का दावा करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।
ii.	यह निर्णय लिया गया है कि भाविप्रा के ऐसे कार्मिक को स्थानांतरण पर छूट दी जाएगी जो आश्रित परिवार के ऐसे सदस्य का देखभालकर्ता है जो विशिष्ट दिव्यांगता वाला व्यक्ति है, यह छूट केवल उपलब्ध भाविप्रा स्थानांतरण नीति के अनुसार दिव्यांग बच्चे के मामले में भी लागू रहेगी। यद्यपि, विशिष्ट दिव्यांगता (दिव्यांग बच्चे को छोड़कर) के साथ परिवार के अन्य आश्रित सदस्यों के लिए देखभालकर्ता के मामले में स्थानांतरण छूट के विशिष्ट अनुरोधों पर संबंधित सदस्य के अनुमोदन के अधीन अलग–अलग मामलों के आधार पर विचार किया जा सकता है।
iii.	वर्तमान परिदृश्य पर विचार करने के बाद प्रबंधन ने एक बार के लिए भाविप्रा कार्मिक को दूरस्थ/ हार्ड स्टेशनों पर अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद वापसी पर, पिछले स्टेशन पर ही भाविप्रा आवास बनाए रखने की अनुमति देने का निर्णय लिया है।
iv.	पीपीपी हवाईअड्डों पर गैर–कार्यपालकों के लिए विशेष कंपनी पट्टा आवास सुविधा।
v.	भाविप्रा बोर्ड ने अपनी 199वीं बैठक में संकल्प लिया है कि यदि एएआईईडीसीएस के अंतर्गत भाविप्रा के सेवानिवृत/मृतक कार्मिकों की कायिक (कॉर्पस) राशि प्रत्येक दावा निपटान के समय 2 लाख रुपए से कम है, तो, ऐसे मामलों में, यदि सेवानिवृत्त/मृतक कार्मिक के नामिती द्वारा ऐसा अनुरोध किया जाता है, तो कायिक (कॉर्पस) राशि की वापसी की अनुमति दी जाएगी।
vi.	निर्णय निर्धारण प्रक्रिया में महिला अधिकारियों की भागीदारी बढ़ाने के लिए, प्रबंधन द्वारा निर्णय लिया गया है कि भाविप्रा में विभिन्न समितियों का गठन करते समय, यथासंभव एक महिला अधिकारी को नामित किया जाना चाहिए।
vii.	प्रक्रिया को सरल बनाने और अधिक स्पष्टता के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया/स्पष्ट किया गया है कि उत्तर–पूर्वी राज्यों, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, लेह, लक्षद्वीप और श्रीनगर (डीओपीटी द्वारा निर्दिष्ट) में कार्मिकों को स्थानांतरण पर पात्रता के अनुसार और एक वचनबंध प्रस्तुत करने पर दोगुना एचआरए स्वीकार्य है।
viii.	सक्षम प्राधिकारी द्वारा क्षेकानि और विमानपत्तन निदेशक सहित सभी पूर्व संवर्ग पदों के लिए चयन प्रक्रिया का अनुसरण करते हुए समीक्षा की गई और उन्हें मंजूरी दी गई। मूल संवर्ग में प्रत्यावर्तन के बाद आरईडी और एपीडी सहित सभी पूर्व–संवर्गीय पदों पर आगे चयन के लिए कूलिंग–ऑफ अवधि 3 वर्ष होगी (संवर्ग–पूर्व पदों पर सेवा के वर्षों की संख्या के बावजूद, लेकिन 6 वर्ष से अधिक नहीं)। कार्यकाल के बीच संबंधित अधिकारी की पदोन्नति के मामले में, सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से अधिकारी को मूल संवर्ग में प्रत्यावर्तन की अनुमति दी जाएगी। प्रत्यावर्तन पर, अधिकारी को मूल पद पर मूल संवर्ग में तैनात किया जाएगा और कोई वेतन सुरक्षा प्रदान नहीं की जाएगी।
ix.	भर्ती की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने और पारदर्शिता लाने के लिए व्यवस्थित सुधार के उपाय के रूप में यह निर्णय लिया गया है कि पात्रता संबंधी मानदंडों को निर्धारित करने के लिए अनुवीक्षण समिति (स्क्रीनिंग कमेटी) का गठन किया जाना चाहिए जिसमें कम से कम तीन अधिकारी हों और इनमें से दो अधिकारी भर्ती अनुभाग, मानव संसाधन विभाग से अलग अन्य विभागों से हों। दस्तावेजों के सत्यापन और उसके अभिलेखों के रखरखाव की प्रक्रिया के संबंध में स्पष्ट दिशानिर्देश, इसमें सम्मिलित अधिकारियों की जिम्मेदारियों सहित, प्रकाशित किए जाने चाहिए ताकि पात्रता संबंधी मानदंडों का निष्पक्ष और न्यायसंगत मूल्यांकन किया जा सके।
x.	यह स्पष्ट करने का निर्णय लिया गया है कि स्थानांतरण पर परिवार के सदस्यों के लिए यात्रा भत्ता केवल तभी स्वीकार्य होगा जब नए स्टेशन पर कर्मचारी के कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से छह महीने के अंदर वे वहाँ जाएंगे, यदि वे नए स्टेशन पर जाते हैं। यदि परिवार का सदस्य नए मुख्यालय के अलावा किसी अन्य स्थान पर जाता है तो छः महीने की अवधि की गणना पुराने स्थान पर कार्यभार सौंपने की तिथि से की जाएगी। सक्षम प्राधिकारी (क्षेत्र के मामले में क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक तथा निगमित मुख्यालय के मामले में कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन)) असाधारण मामलों में निर्धारित समय सीमा से आगे विस्तार की अनुमति दे सकते हैं। हालांकि ऐसे मामलों में जहां अधिकारी द्वारा मांगा गया विस्तार एक वर्ष से अधिक है, ऐसे मामलों को निगमित मुख्यालय को भेजा जा सकता है।
xi.	प्रबंधन ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के संबंध में, वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए राजपत्रित अधिकारी के हस्ताक्षर के बिना जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के प्रावधान का विस्तार करने का निर्णय लिया है।
xii.	2022 में 833 रिक्तियों पर भर्ती सफलतापूर्वक पूरी की गई और 960 रिक्तियों (गेट के माध्यम से 596 रिक्तियों सहित) की नई भर्ती प्रारम्भ की गई है।
xiii	विज्ञापन सं. 02/2022 के अंतर्गत कनिष्ठ कार्यपालक (एटीसी) की 400 सीधी भर्ती रिक्तियों के लिए अंतिम परिणाम घोषित।
xiv.	भाविप्रा बोर्ड द्वारा अनुमोदित सीधी भर्ती और विभागीय परीक्षा के लिए भर्ती कैलेंडर का पालन सभी भर्तियों में किया जा रहा है।

10.2 भाविप्रा में निरंतर प्रशिक्षण/शिक्षा: भाविप्रा में कर्मचारियों की दक्षताओं को निरंतर विकसित करने के लिए उनके प्रशिक्षण पर अधिक ध्यान दिया जाता है। भाविप्रा के पास तकनीकी से लेकर प्रबंधकीय और नेतृत्व क्षमता तक की विशिष्ट दक्षताओं के लिए अच्छी तरह से स्थापित प्रशिक्षण प्रतिष्ठान विद्यमान हैं। भाविप्रा में निम्नलिखित प्रतिष्ठानों के माध्यम से प्रशिक्षण आयोजित किया जाता है:

i. नागर विमानन प्रशिक्षण महाविद्यालय (सीएटीसी), प्रयागराज और पांच क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र (आरटीसी) नई दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता और गुवाहाटी में स्थापित हैं, जिनका विस्तार प्रमुख हवाई अड्डों पर है, जिन्हें उनका अनुषंगी प्रशिक्षण केंद्र कहा जाता है।

ii. हैदराबाद प्रशिक्षण केंद्र (एचटीसी), हैदराबाद

iii. राष्ट्रीय विमानन प्रशिक्षण और प्रबंधन संस्थान (एनआईएटीएएम), गोंदिया

iv. अग्निशमन प्रशिक्षण केंद्र, दिल्ली और अग्निशमन सेवा प्रशिक्षण केंद्र, कोलकाता

v. भारतीय विमानन अकादमी (आईएए), दिल्ली

vi. क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र और निगमित मुख्यालय प्रशिक्षण केंद्र

प्रशिक्षण और विकास संबंधी अन्य गतिविधियाँ

ए. भाविप्रा प्रशिक्षण नीति: प्रशिक्षण नीति मार्च, 2016 में जारी की गई थी और यह कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु प्रशिक्षण आवश्यकताओं तथा सुसंगत प्रशिक्षण योजना पर आधारित एक नियोजित प्रयास है।

बी. मध्य-वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों के लिए नेतृत्व विकास कार्यक्रम : 2017–18 से भाविप्रा अपने कर्मचारियों की क्षमता विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है ताकि उन्हें भविष्य की भूमिकाओं के लिए तैयार किया जा सके। इस पहल को संस्थागत बनाने के लिए 2018–19 के दौरान भाविप्रा ने 4 स्तरों अर्थात ई 5 (सहायक महाप्रबंधक), ई 7 (संयुक्त महाप्रबंधक), ई 8 (महाप्रबंधक) और ई 9 (कार्यपालक निदेशक) को एक अच्छे ढंग से तैयार किए गए वार्षिक प्रशिक्षण कैलेंडर के माध्यम से अनुकूलित नेतृत्व विकास प्रशिक्षण देने के लिए निम्नलिखित प्रमुख बिजनेस स्कूलों के साथ दीर्घकालिक (3–वर्षीय) समझौता किया है।

- भारतीय प्रबंधन संस्थान, बैंगलोर
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, इंदौर
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, लखनऊ
- प्रबंधन विकास संस्थान, गुड़गांव

नेतृत्व विकास कार्यक्रमों को बेहतर सहयोग और उद्देश्य की स्पष्टता के लिए ब्रांड किया गया है:

स्तर	नाम	दलील
ई8/ई9	नेतृत्व विकास कार्यक्रम "प्रेरक"	उनकी भूमिका दलों को प्रेरित करने और उनका नेतृत्व करने की होती है ।
ई7	नेतृत्व विकास कार्यक्रम " साधक"	इनकी भूमिका नए कार्यों को पूरा करने की होती है।
ई5	नेतृत्व विकास कार्यक्रम " सार्थक"	उनकी भूमिका कंपनी की रणनीति को क्रियान्वित करने की होती है।

प्रशिक्षण आवश्यकताओं की पहचान के लिए भारतीय प्रबंधन संस्थान, बैंगलोर द्वारा एक नैदानिक अध्ययन आयोजित किया गया था और इस प्रकार पहचान की गई आवश्यकताओं को अन्य संस्थानों के साथ साझा किया गया था।

सी. प्रवेश स्तर का अभिमुखीकरण कार्यक्रम : भाविप्रा प्रशिक्षण नीति के अनुसार 4 सप्ताह की अवधि के प्रवेश स्तर के अभिमुखीकरण कार्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं। इसके अतिरिक्त नव नियुक्त कार्मिकों को कार्यों के वास्तविक जीवन का अनुभव देने के लिए अनुशासन–विशिष्ट कार्यक्रम और अंत: कार्य (ऑन–द–जॉब) प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं। इन कार्यक्रमों ने नव नियुक्त कार्मिकों को संगठन की संस्कृति और कार्य पद्धति से परिचित कराने में सहायता की है।

डी. ग्लोबल एसीआई-आईसीएओ एयरपोर्ट मैनेजमेंट प्रोफेशनल एक्रेडिटेशन प्रोग्राम (एएमपीएपी) : एसीआई और आईसीएओ द्वारा संचालित किया जाने वाला यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम वरिष्ठ अधिकारियों को हवाई अड्डे के प्रचालन का व्यापक अनुभव देता है। भाविप्रा 2010 से नियमित रूप से इस कार्यक्रम के अंतर्गत अपने अधिकारियों को नामित कर रहा है और इस प्रकार प्रशिक्षित अधिकारियों को विमनपत्तन निदेशकों और अन्य चुनौतीपूर्ण कार्यों के लिए नियुक्त कर रहा है। अब तक 173 वरिष्ठ अधिकारियों को एएमपीएपी के तहत प्रशिक्षित किया गया है और उन्हें इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रोफेशनल (आईएपी) के रूप में नामित किया गया है।

ई. बाहर के प्रमुख प्रबंधन संस्थानों में प्रशिक्षण : प्रशिक्षण के दौरान विशेष रूप से नेतृत्व और प्रबंधकीय विषयों पर व्यापक अनुभव प्राप्त करने के लिए भाविप्रा द्वारा कर्मचारियों को देश भर में प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा आयोजित ओपन–हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए नियमित रूप से प्रोत्साहित किया जाता है। बाहर की प्रतिष्ठित एजेंसियों के माध्यम से ओपन–हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अधिकारियों को नामित करने तथा

इस संबंध में वार्षिक प्रशिक्षण कैलेंडर तैयार करने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की गई है और उसे कार्यान्वित किया गया है।

एफ. विदेशी प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रमों में भागीदारी: भाविप्रा के अधिकारियों को नियमित रूप से विदेशों में आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों, कार्यशालाओं और संगोष्ठियों में भेजा जाता है ताकि वे अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के प्रचालन और रखरखाव के लिए अपेक्षित ज्ञान, कौशल और क्षमता अर्जित करने में सक्षम हो सकें तथा कार्मिकों को विमानन उद्योग में हो रहे वैश्विक विकास से अवगत कराया जा सके।

जी. अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित प्रशिक्षकों और पाठ्यक्रम विकासकर्ताओं की उपलब्धता : भाविप्रा भारत में अपने प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों में या तो इकाओ एसटीपी पाठ्यक्रमों का आयोजन कर के या अपने अधिकारियों को भारत और विदेशों में आयोजित प्रशिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम (टीआईसी), प्रशिक्षण डेवलपर्स कोर्स (टीडीसी) जैसे अन्य इकाओ एसटीपी पाठ्यक्रमों के लिए नामांकित करके प्रशिक्षकों और पाठ्यक्रम विकासकर्ताओं के लिए ज्ञान वृद्धि हेतु मंच भी प्रदान करता है।

वित्तीय वर्ष 21-22 के दौरान भाविप्रा के प्रशिक्षण प्रकोष्ठ की प्रमुख उपलब्धियां संक्षेप में नीचे दी गई हैं:

ए. ज्ञान और कौशल के बीच के अंतराल को समाप्त करने के लिए सक्षमता विकास संबंधी कार्यक्रमों को ऑनलाइन मोड में जारी रखा गया। कार्य निष्पादन प्रक्रियाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने और इसके द्वारा दक्षता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। निगमित मुख्यालय प्रशिक्षण केंद्र सहित क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्रों द्वारा कुल 143 आभासी कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें 5926 कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कर्मचारियों को प्रमुख संस्थानों में प्रासंगिक ओपन–हाउस प्रशिक्षण के लिए भेजा गया था।

बी. कोविड की दूसरी लहर के दौरान भय और चिंता को दूर करने के प्रयास किए गए और अखिल भारतीय स्तर पर कई स्वास्थ्य वेबिनार आयोजित किए गए जिनमें 800 से अधिक कर्मचारी शामिल हुए। तनाव प्रबंधन और ध्यान (मेडिटेशन) पर भी जोर दिया गया।

सी. प्रवेश स्तर के अभिमुखीकरण कार्यक्रम का एक बैच ऑनलाइन आयोजित किया गया जिसमें 25 नव नियुक्त कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा 25 नव नियुक्त कार्मिकों ने अपने कार्यों के संबंध में अपनी भूमिका को बेहतर ढंग से समझने के लिए अपने विभागीय कार्य पर केंद्रित प्रशिक्षण प्राप्त किया।

डी. युवाओं के रोजगार कौशल को बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्ध ता के अंश के रूप में भाविप्रा ने 388 प्रशिक्षुओं को विभिन्न विषयों और स्थानों पर प्रशिक्षुता के अवसर प्रदान किए।

ई. भाविप्रा ने 31 जनवरी 2022 को वर्चुअल माध्यम से 'गतिशक्ति' मध्य क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन करने में नागर विमानन मंत्रालय का सहयोग किया जिसमें मध्य क्षेत्र के राज्यों (मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़) के साथ–साथ आमंत्रित राज्यों (उत्तर प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र) ने भाग लिया। साथ ही अवसंरचना संबंधी प्रमुख मंत्रालयों के वरिष्ठ कर्मचारियों ने गतिशक्ति और राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन (एनआईपी) के सुचारू कार्यान्वयन के संबंध में अपने विचार साझा किए।

31.03.2022 को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग का प्रतिनिधित्व

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की जनशक्ति निम्नानुसार है:

कर्मचारियों की कुल संख्या	अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के कर्मचारियों की कुल संख्या	अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के कर्मचारियों का %	अनुसूचित जाति (एससी) के कर्मचारियों की कुल संख्या	अनुसूचित जाति (एससी) के कर्मचारियों का %	अनुसूचित जन जाति (एसटी) के कर्मचारियों की कुल संख्या	अनुसूचित जन जाति (एसटी) के कर्मचारियों का %
16188	4109	25.38	3393	20.95	1367	8.44

12. 31-03-2022 को बेंचमार्क दिव्यांगजन व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व

कर्मचारियों की कुल संख्या	दिव्यांगजन की कुल संख्या	दिव्यांगजन का %
16188	232	1.43

13. भाविप्रा के विभिन्न हवाई अड्डों पर दिव्यांगजन के लिए उपलब्ध सुविधाएं:

सुगम्य भारत अभियान

सुगम्यता की 10 विशेषताओं पर सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा साझा किए गए सामान्य दिशानिर्देशों को भाविप्रा के सभी हवाई अड्डों के साथ साझा किया गया है ताकि हवाई अड्डों को सुगम्य बनाया जा सके। इसमें निम्नलिखित शामिल हैं:

i. सुगम्य मार्ग/अप्रोच
ii. सुगम्य पार्किंग
iii. भवन के लिए सुगम प्रवेश
iv. सुगम्य सहायता पटल (हेल्पडेस्क)
v. सुगम्य गलियारा/टैक्टाइल फ्लोरिंग
vi. सुगम्य लिफ्ट
vii. रेलिंग के साथ सीढ़ी (यात्रियों के आवागमन का मुख्य क्षेत्र)
viii. सुगम्य प्रसाधन
xi. सुगम्य पेयजल सुविधा
x. संकेतक

तदनुसार भाविप्रा के सभी हवाई अड्डों पर निम्नलिखित सुगम्यता सुविधाओं को शामिल किया जा रहा है:

(ए) **रैंप :** टर्मिनल भवन के प्रवेश द्वारों और सिटी साइड क्षेत्र में आरामदायक ढलान के फिसलन मुक्त फर्श के साथ सुगम रैंप उपलब्ध कराए गए हैं।

(बी) **द्वार:** आसान पहुंच के लिए प्रवेश द्वार पर सेंसर लगे द्वार / मानव तैनात द्वार प्रदान किए जाते हैं। व्हील चेयर यात्रियों के सुगम्या पहुँच के लिए द्वार के खुलने के लिए पर्याप्त चौड़ी जगह उपलब्ध है।

(सी) **शौचालय:** दिव्यांग व्यक्तियों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए अलग शौचालय उपलब्ध कराए गए हैं और उन पर उचित संकेतक लगाए गए हैं।

(डी) **उत्थापक (एलिवेटर):** टर्मिनल भवन के सभी स्तरों तक पहुंचने के लिए ब्रेल प्रतीकों और श्रवण संकेतों वाले उत्थापक (एलिवेटर) उपलब्ध कराए गए हैं। इसमें इस बात का ध्यान रखा गया है कि इसके द्वार इस प्रकार से खुलें कि सबसे बड़े आकार की व्हील चेयर इसमें प्रवेश कर सके।

(ई) **एयरोब्रिज:** व्हील चेयर वाले शारीरिक रूप से अक्षम यात्रियों के विमान में आसानी से चढ़ने और उतरने की सुविधा लिए जहां भी एयरोब्रिज उपलब्ध कराए गए हैं वहां चिकनी ढाल वाली ढलान और फिसलन रोधी फर्श उपलब्ध हैं।

(एफ) **व्हीलचेयर:** व्हीलचेयर विमानपत्तन प्रबंधक और एयरलाइंस के पास मांग पर उपलब्ध हैं।

(जी) **कार पार्किंग:** विभिन्न हवाई अड्डों पर प्रस्थान और आगमन टर्मिनलों के नगर के क्षेत्र की ओर संकेतकों के साथ आरक्षित पार्किंग स्थल उपलब्ध कराए गए हैं। दिव्यांग व्यक्तियों के लिए कार पार्किंग क्षेत्र में 3.6 मी.X 5.0 मी. के स्थान कार पार्किंग के लिए विशेष रूप से निर्धारित किए गए हैं।

(एच) **सुगम्य मार्ग:** टर्मिनल बिल्डिंग के सामने 5 मीटर से 10 मीटर चौड़ा कर्ब दिया गया है जो सीधे सुगम रैम्प वाली सड़क से जुड़ा है। कर्ब साइड से यात्री टैक्सी/कार में सवार हो सकते हैं। व्हील चेयर की आसान पहुँच के लिए फुटपाथ में विशेष कट और स्लोप प्रदान किए जाते हैं। कुछ हवाई अड्डों पर दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए जेब्रा क्रॉसिंग की सतह पर उत्कीर्णन प्रदान किया जाता है।

(आई) **स्पर्शी तल (टैक्टाइल):** दृष्टिबाधित यात्रियों के लिए मेट्रो हवाई अड्डों पर उतरने के स्थान से प्रवेश द्वार तक स्पर्शी सतह (टैक्टाइल) उपलब्ध कराए जाते हैं।

भाविप्रा विमानपत्तन निदेशकों और भाविप्रा के अन्य कर्मचारियों के साथ नियमित रूप से जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित कर रहा है जिसमें दिशानिर्देशों और मानकों की आवश्यकताओं संबंधी 10 बिंदुओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। भाविप्रा आईसीएओ एसटीपी: आईसीएओ ट्रेनएयर प्लस कार्यक्रम के अंतर्गत बनाए गए विशेष मानकीकृत प्रशिक्षण पैकेज पर भारतीय विमानन अकादमी में कर्मचारियों को प्रशिक्षित करता है।

सीमित रूप से चलने फिरने वाले यात्री : सहायता डेस्क पर कार्यरत कर्मियों को श्रवणबाधित और मूक (बधिर और मूक) व्यक्तियों के लिए सांकेतिक भाषा संबंधी प्रशिक्षण सहित सभी दिव्यांगजनों के साथ कुशलता से संवाद करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

नागर विमानन के लिए सुगम्यता मानक और दिशा–निर्देश भी सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के मार्गदर्शन में तैयार किए गए हैं और मुख्य आयुक्त, दिव्यांगजन द्वारा इसकी विधिवत जांच की गई है। सुगम्यता मानकों और दिशानिर्देशों को शीघ्र ही अधिसूचित किया जाएगा।

14. लोक शिकायत निवारण तंत्र में सुधार के लिए उठाए गए कदम

ए. निगमित मुख्यालय में महाप्रबंधक स्तर के अधिकारी द्वारा सभी हवाई अड्डों के लिए लोक शिकायत निवारण तंत्र की निगरानी की जाती है।

बी. प्रत्येक हवाई अड्डे पर लोक शिकायत अधिकारी पहले ही नियुक्त किए जा चुके हैं जिनका विवरण यात्रियों और हवाई अड्डा उपयोगकर्ताओं के लाभ के लिए हवाई अड्डों पर प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किया गया है। फील्ड स्टेशनों, क्षेत्रीय मुख्यालयों और निगमित मुख्यालय में संबंधित लोक शिकायत अधिकारी द्वारा दैनिक आधार पर जन शिकायतों की निगरानी की जाती है। उपयोगकर्ताओं की सुविधा के लिए सभी लोक शिकायत अधिकारियों के लिए अलग से विशेष ई.मेल आई.डी. बनाई गई है और उनका विवरण भाविप्रा की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

सी. नागरिकों/यात्रियों के लाभ के लिए शिकायत दर्ज कराने के लिए उन्हें कई विकल्प दिए गए हैं जैसे; सीपीग्राम्स, पत्र, ई.मेल, त्वरित प्रतिक्रिया कोड (क्यू आर कोड), भाविप्रा की वेबसाइट, सुझाव बॉक्स, रजिस्टर, टेलीफोन, ट्विटर या शिकायत/प्रिंट मीडिया का कोई अन्य माध्यम।

डी. भाविप्रा के हवाई अड्डों सहित सभी संयुक्त उद्यम और निजी हवाई अड्डों को उचित नियंत्रण, निवारण और निगरानी के लिए सीपीग्राम्स पोर्टल में भाविप्रा के अधीनस्थ कार्यालय के रूप में जोड़ा गया है।

ई वर्ष 2016 में एक एकीकृत शिकायत पोर्टल अर्थात एयर सेवा पोर्टल की शुरूआत की गई थी जो सफलतापूर्वक काम कर रहा है। बेहतर संचालन और सुचारू कामकाज के लिए तथा बेहतर यूजर इंटरफेस देने के लिए एयर सेवा पोर्टल को नियमित अंतराल पर अपडेट किया जा रहा है।

एफ. भाविप्रा में लोक शिकायत निवारण तंत्र के उचित प्रशासनिक नियंत्रण के लिए सभी हितधारकों के साथ नियमित बैठकें और अनुवर्ती कार्रवाई की जाती है।

जी. उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अंतर्गत उपभोक्ता हेल्पलाइन पोर्टल से भी शिकायतें प्राप्त होती हैं। इस पोर्टल के माध्यम से भी शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई की जाती है और उनका निवारण किया जाता है।

अनुलग्नक - 2

निगमित अभिसाशन रिपोर्ट



भोपाल हवाई अड्डा

निगमित अभिशासन रिपोर्ट

निगमित अभिशासन, प्रणालियों और पद्धतियों का एक समूह है जिसमें संगठन की कार्य प्रणाली को इस तरह से प्रबंधित किया जा सके कि इसके सभी लेन देन में जवाबदेही, पारदर्शिता, निष्पक्षता व्यापक रूप से सुनिश्चित हो सके और हितधारकों की आकांक्षाओं और सामाजिक अपेक्षाओं को पूरा किया जा सके।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) विश्वास करता है कि एक संगठन को कार्यकारी प्रबंधन को सशक्तिकरण प्रदान करना चाहिए तथा साथ ही जांच और संतुलन का एक तंत्र बनाना चाहिए, जो यह सुनिश्चित करता है कि कार्यकारी प्रबंधन में निहित निर्णय लेने की शक्तियों का उपयोग उचित देखभाल और जिम्मेदारी के साथ किया जाता है और दुरूप्रयोग नहीं किया जा रहा है। हमारी शासन प्रणाली सुधार करने और नवाचार की अंतर्निहित इच्छा से उपजी है और न्यासधारिता की संस्कृति को प्रतिबिंबित करती है जो हमारे मूल्य प्रणाली में अंतर्निहित है और कार्यनीतिक विचार प्रक्रिया का हिस्सा है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण हर समय सर्वश्रेष्ठ अभिशासन पद्धतियों को अंगीकार करने और सच्ची भावना से इसके पालन के लिए प्रतिबद्ध है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की निगमित प्रकियाएं नैतिक निगमित नागरिकता में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के विश्वास को साकार करने हेतु निरंतर सुदृढ और सहायता करती है तथा यह संगठन के भीतर और साथ ही बाहरी संबंधों में नैतिक व्यवहार के अनुकरणीय मानकों के माध्यम से प्रकट होती हैं।

1. निदेशक मंडल

किसी भी संगठन का निदेशक मंडल ("बोर्ड") निगमित शासन सिद्धांतों एवं व्यवहारों को प्रेरक होता है एवं यह सुनिष्चित करता है कि सभी हितधारकों के दीर्घ अवधि हित सुरक्षित रहें।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण का बोर्ड, संगठन का न्यासी होने के नाते, संगठन के सांस्कृतिक, नैतिक और उत्तरदायी वृद्धि की स्थापना के लिए जिम्मेदार है और उच्च स्तर के निष्ठापूर्ण, विद्वान और समर्पित व्यावसायिकों से बना है। बोर्ड के कार्यात्मक सदस्य अपने संबंधित कार्यात्मक क्षेत्रों में अत्यधिक अनुभवी कार्मिक हैं जो प्रचालन मुद्दों, प्रणालियों और प्रबंधन में सर्वोत्तम व्यवहार अपनाने हेतु प्रबंधन को दिशा निर्देश प्रदान करते है तथा सांविधिक,विधिक एवं अन्य आवश्यकताओं का अनुपालन सुनिष्चित करते हैं।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण संसद के अधिनियम अर्थात भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण अधिनियम, 1994 (''अधिनियम'') के अंतर्गत गठित एक गैर–सूचीबद्ध सांविधिक निगम है और भारत सरकार के 100% स्वामित्व में है। इसकी बोर्ड संरचना / गठन अधिनियम द्वारा शासित है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के बोर्ड में कार्यात्मक, सरकारी, स्वतंत्र और महिला सदस्यों का एक अनुकूलतम संयोजन है। 31.03.2022 को बोर्ड की संरचना निम्न प्रकार है:–

श्री संजीव कुमार, भाप्रसे (1)&(5)	अध्यक्ष एवं सदस्य (प्रचा.) – अतिरिक्त प्रभार
श्री अरुण कुमार, भाप्रसे नागर विमानन महानिदेशक	पदेन सदस्य
श्री विमलेन्द्र आनंद पटवर्धन(2) संयुक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार, नागर विमानन मंत्रालय	गैर–सरकारी सदस्य (सरकार द्वारा नामित)
सुश्री रुबीना अली (3) संयुक्त सचिव, नागर विमानन मंत्रालय	गैर–सरकारी सदस्य (सरकार द्वारा नामित)
श्री अनिल कुमार पाठक(4) सदस्य (योजना) और सदस्य (मा सं) – अतिरिक्त प्रभार	कार्यात्मक सदस्य
श्री के विनायक राव(1) सदस्य (वित्त)	कार्यात्मक सदस्य
श्री एम. सुरेश(5) सदस्य (एएनएस) और सदस्य (प्रचालन)–अतिरिक्त प्रभार	कार्यात्मक सदस्य
श्री जी. सेकर(6)	गैर–सरकारी सदस्य (स्वतंत्र)
श्री रविन्द्र सिंह बालावत(7)	गैर–सरकारी सदस्य (स्वतंत्र)
सुश्री माधवी संजय नाइक(7)	गैर–सरकारी सदस्य (स्वतंत्र)

(1) 31.10.2022 को भाविप्रा के सदस्य (वित्त) श्री के. विनायक राव की सेवानिवृति के परिणाम स्वरुप, ना.वि.म. ने अपने आदेश सं. एवी–24011/8/2021–भाविप्रा–नाविमं दिनांक 01 नवंबर 2022 के द्वारा सदस्य (वित्त) के पद का अतिरिक्त प्रभार श्री संजीव कुमार, भाप्रसे, अध्यक्ष, भाविप्रा को दिनांक 01.11.2022 से 28.01.2023 तक तीन माह की अवधि, या एक नियमित पदाधिकारी की नियुक्ति या अगले आदेश, जो भी पहले हो, तक के लिए सौंपा।

(2) श्री विमलेन्द्र आनंद पटवर्धन, संयुक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार, नागर विमानन मंत्रालय ने 25.10.2022 को भाविप्रा के बोर्ड में अंशकालिक सदस्य के रूप में अपना 3 साल का कार्यकाल पूरा किया। तदनुसार, उक्त तिथि से वे भाविप्रा के बोर्ड सदस्य नही रहे। उक्तपद को भरने के लिए नागर विमानन मंत्रालय के आदेश की प्रतीक्षा है।

(3) *नाविमं ने अपनी अधिसूचना संख्या एवी–24015/2/2015–भा. विप्रा–नाविमं (84261) दिनांक 20 जनवरी 2022 के तहत सुश्री रुबीना अली, संयुक्त सचिव, नाविमं के कार्यकाल को भाविप्रा के बोर्ड में अंशकालिक सदस्य के रूप में 11.02.2022 से तीन साल के लिए या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, तक अवधि तक बढ़ाया गया। उनका तीन साल का पिछला कार्यकाल 10.02.2022 को समाप्त हो रहा था।*

(4) *श्री अनुज अग्रवाल, सदस्य (मा सं) के कोविड से संबंधित जटिलताओं के कारण दिनांक 22 अप्रैल 2021 को आकस्मिक निधन के परिणामस्वरूप, नाविमं ने अपने आदेश दिनांक 30 अप्रैल 2021 द्वारा श्री अनिल कुमार पाठक को अपने स्वयं के कर्तव्यों के अलाव सदस्य (मा सं), भाविप्रा के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा। तब से नागर विमानन मंत्रालयअपने समय–समय पर जारी आदेशों के अनुसार, श्री ए. के. पाठक को सदस्य (मा सं) के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपता रहा है।*

(5) *श्री आईएन मूर्ति ने 22.11.2021 को भाविप्रा के सदस्य (प्रचालन) के रूप में अपना 5 साल का कार्यकाल पूरा किया। नाविमं ने अपने आदेश संख्या एवी–24011/17/2020–भाविप्रा–नाविमं (189566) दिनांक 31 दिसंबर 2021 के तहत सदस्य (प्रचालन) के पद का अतिरिक्त प्रभार श्री संजीव कुमार, भाप्रसे, अध्यक्ष, भाविप्रा को 1 (एक) वर्ष की अवधि के लिए या पद पर नियमित पदाधिकारी की नियुक्ति तक, या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो तक, सौंपने के लिए कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) के अनुमोदन की सूचना दी।*
बाद में, नाविमं ने अपने समसंख्यक आदेश दिनांक 24 मई 2022 के द्वारा सदस्य (प्रचालन) के पद का अतिरिक्त प्रभार श्री एम. सुरेश, सदस्य (एएनएस) को 1 वर्ष की अवधि तक पद पर एक नियमित पदाधिकारी की नियुक्ति तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, के लिए सौंपा। तदनुसार, श्री एम. सुरेश ने 24.05.2022 को पदभार ग्रहण किया और श्री संजीव कुमार, भाप्रसे, अध्यक्ष, भाविप्रा को अतिरिक्त प्रभार से उक्त तारीख से कार्यमुक्त कर दिया गया।

(6) *श्री जी सेकर ने 21.07.2022 को भाविप्रा के बोर्ड में गैर–आधिकारिक (अंशकालिक) सदस्य के रूप में अपना 3 साल का कार्यकाल पूरा किया और तदनुसार उक्त तिथि से वे भाविप्रा के बोर्ड सदस्य नहीं रहे। भाविप्रा के बोर्ड सदस्य के रूप में उनकी समाप्ति के परिणामस्वरूप, भाविप्रा में स्वतंत्र बोर्ड सदस्यों की संख्या अब 2 (दो) हो गई है।*

(7) *श्री रवींद्र सिंह बालावत और सुश्री माधवी संजय नाइक को नाविमं की अधिसूचना संख्या 24011/12/2019 भाविप्रा–नाविमं (166781) क्रमशः दिनांक 21.01.2022 और 29.03.2022 द्वारा भाविप्रा के बोर्ड में गैर–आधिकारिक स्वतंत्र सदस्य (अंशकालिक) के रूप में तीन वर्ष की अवधि के लिए या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, के रूप में नियुक्त किया गया।*

30.11.2022 को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के बोर्ड में अध्यक्ष, नागर विमानन महानिदेशक (पदेन सदस्य), 2 कार्यात्मक सदस्य, नागर विमानन मंत्रालय का प्रतिनिधित्व करने वाला 1 नामिती और 2 अंशकालिक गैर–सरकारी सदस्य (स्वतंत्र) सदस्य शामिल हैं।

निम्नलिखित पदों की नियुक्ति और भरने के लिए नागर विमानन मंत्रालय के आदेश की प्रतीक्षा है; (ए) सदस्य (मा सं) का पद (बी) सदस्य (प्रचालन) का पद; (सी) सदस्य (वित्त) का पद; (डी) नागर विमानन मंत्रालय का प्रतिनिधित्व करने वाले 1 नामित सदस्य का पद; और (ई) गैर–सरकारी (स्वतंत्र) सदस्यों के 2 पद।

2. बोर्ड/समिति की बैठकें

बोर्ड बैठकें और इसकी प्रक्रियाएं भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (व्यापार का लेन–देन) विनियम, 1995 ("विनियम") द्वारा शासित होती हैं। बोर्ड/समिति बैठकों के आयोजन हेतु भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा इन विनियमों का अनुपालन किया जाता है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के पास बोर्ड द्वारा विधिवत अनुमोदित शक्तियों के प्रत्यायोजन (डीओपी) पर एक विस्तृत पुस्तक है एवं अन्य मैनुअल जैसे माल और सेवाओं की खरीद के लिए भाविप्रा नियमावली, वाणिज्यिक नियमावली,भाविप्रा कर्मचारी (आचरण, अनुशासन और अपील) विनियम, 2003, आदि हैं, जिसमे प्रक्रियाओं की व्याख्या है और समय–समय पर समीक्षा की जाती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे अद्यतन हैं और संगठन की जरूरतों को पूरा करते हैं। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के पास समुचित संख्या में बोर्ड स्तरीय समितियाँ हैं जो विभिन्न महत्वपूर्ण मामलों पर विचार–विमर्ष करती हैं और लिए जाने वाले निर्णयों पर बोर्ड को सलाह देती हैं।

38	"स्कूल ऑफ फायर एंड सेफ्टी", जीएसएफसी विश्वविद्यालय, वडोदरा, के लिए उन्नत उपस्करों और मशीनरी, सॉफ्टवेयर और उपकरणों की खरीद, स्कूल ऑफ फायर एंड सेफ्टी गुजरात आग और सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण के क्षेत्र में अत्याधुनिक शैक्षिक सुविधाओं के साथ उत्कृष्टता संस्थान के रूप में विकसित होगा	शिक्षा	हाँ	वडोदरा, गुजरात	1.00	2 वर्ष	0.30	0.00	नहीं

क्र. सं.	परियोजना का नाम	विषय	स्थानीय क्षेत्र (हां/नहीं)	परियोजना स्थल	संस्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)	परियोजना अवधि	अब तक व्यय की गई राशि (करोड़ रु.में)	अब तक की कुल देनदारी (करोड रु. में)	कार्यान्वयन का तरीका-प्रत्यक्ष(हां/नहीं)
39	टुरू हवाई अड्डे मेघालय में बालादिंगग्रे जल आपूर्ति योजना	जल	हाँ	मेघालय	0.4363	2 वर्ष	0.3926	0.00	नहीं
40	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/महिलाओं, बेरोजगार युवाओं और ईडब्ल्यूएस समाज के 2000 व्यक्तियों के लिए रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण और कौशल विकास कार्यक्रम। (सीआईडीसी) उपूक्षे	शिक्षा	हाँ	उपूक्षे	10.59	2 वर्ष	7.42	0.00	नहीं
41	हेपेटाइटिस के विरूद्ध लोगों को सशक्त बनानाः सहानुभूति अभियान, इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज (आईएलबीएस), वसंत कुंज, नई दिल्ली।	स्वास्थ्य	हाँ	दिल्ली	5.00 (प्रति वर्ष)	4 वर्ष	6.5	0.00	नहीं
42	एनएसडीसी द्वारा एनएसडीएफ के माध्यम से मुंबई में एएसडीसी की स्थापना	शिक्षा	हाँ	मुंबई, महाराष्ट्र	2.00	3 वर्ष	0.60	0.00	नहीं
43	20 शहरों में विभिन्न स्कूलों/सामुदायिक केंद्रों/स्लम क्षेत्रों और जागरूकता शिविरों में सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीनों और भस्मक की स्थापना	स्वास्थ्य	हाँ	समस्त भारत में	5.98	3 वर्ष	2.68	0.00	नहीं
44	अरुणाचल प्रदेश राज्य में 100 नए शौचालयों का निर्माण।	स्वच्छता	हाँ	अरुणाचल प्रदेश	5.490	1 वर्ष	2.43	0.00	नहीं
45	हरियाणा में दो वर्षो के लिए सरकारी स्कूलों (ग्रेड 1–3) में हिंदी शिक्षण के लिए शिक्षण–अधिगम सामग्री का प्रावधान।	शिक्षा	हाँ	हरियाणा	0.94	2 वर्ष	0.28	0.00	नहीं
46	लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, बाबतपुर, वाराणसी, उत्तर प्रदेश की ओर जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ ग्रीन कॉरिडोर का विकास	पर्यावरण	हाँ	वाराणसी, उत्तर प्रदेश	5.00	05 वर्ष	3.00	0.00	नहीं
47	विमानपत्तन निदेशक, सफदरजंग हवाईअड्डे द्वारा – एएआई महिला कल्याण सहयोग से 12 चिन्हित हवाईअड्डों वाले शहरों के स्लम क्षेत्रों में सर्वाइकल स्क्रीनिंग कैंप।	स्वास्थ्य	हाँ	समस्त भारत में	1.38	3 वर्ष	0.9525	0.00	नहीं
48	एनएसडीसी द्वारा एनएसडीएफ के माध्यम से चंडीगढ़ में कौशल विकास परियोजना	शिक्षा	हाँ	चंडीगढ़	5.25	3 वर्ष	3.22	शून्य	नहीं
49	सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष (एएफएफडीएफ) के लिए योगदान	सशस्त्र सेनाकोष	हाँ	समस्त भारत में	0.50	2 माह	0.50	शून्य	हाँ

वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान भाविप्रा द्वारा निष्पादित की गई कुछ सीएसआर परियोजनाओं का संक्षिप्त विवरण

नूह आकांक्षी जिला, हरियाणा , बिसनौली सर्वोदय ग्रामोद्योग सेवा संस्थान, नूह जिले, हरियाणा में सामुदायिक हेल्थकेयर कार्यक्रम-(रूपए 0.29 करोड़)

बिसनौली सर्वोदय ग्रामोद्योग सेवा संस्थान (एनजीओ) महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य कर रहा है जिसका मुख्य फोकस स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, वोकेशनल/कौशल प्रषिक्षण, सामाजिक मोबलाइजेशन, व्यष्टि–वित्त, हस्तशिल्प तथा विभिन्न सामाजिक–आर्थिक मामले में जागरूकता फैलाना है। संगठन का मुख्य उद्देश्य शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के जनसमुदाय के वंचित वर्ग का सशक्तिकरण करना है।

लंगडांग ग्राम, उखरूल जिले, मणिपुर में 5 ए-साइड सिंथेटिक फुटबाल टर्फ एवं रीक्रीएशन केन्द्र का निर्माण (रूपए 1.49 करोड)

उखरूल जिले, मणिपुर में 5 ए–साइड सिंथेटिक फुटबाल टर्फ एवं रीक्रीएशन केन्द्र के निर्माण की परियोजना को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने उत्तरी पूर्वी सामुदायिक संसाधन प्रबंधन परियोजना (एनईआरसीओआरएमपी) की अनुषंगी उखरूल जिला सामुदायिक संसाधन प्रबंधन सोसायटी (यूडीसीआरएमएस) उखरूल जिले, मणिपुर में अनुमोदित किया।

लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, बाबतपुर, उत्तर प्रदेश को जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ ग्रीन कोरिडोर विकसित करना (रूपए 5.00 करोड)

"लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा को जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ ग्रीन कोरिडोर विकसित करना" की परियोजना को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने वाराणसी, उत्तर प्रदेश में अनुमोदित किया।

गुवाहाटी मैडिकल कालेज अस्पताल (जीएमसीएच) गुवाहाटी में मैडिकल आक्सीजन संयत्र की एसआईटीसी- (रूपए 2.26 करोड)

गुवाहाटी मैडिकल कालेज तथा अस्पताल में जीवन रक्षक आक्सीजन की निरंतर आपूर्ति के उदेश्य से भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा मैडिकल आक्सीजन संयत्र आरंभ किया गया। आक्सीजन का यह स्रोत कोविड–19 महामारी के समय बहुत उपयोगी माना गया जब आक्सीजन गंभीर रूप से बीमार रोगियों हेतु बहुतायत में उपलब्ध कराया जाना था।

जीएसएफसी विश्वविद्यालय वडोदरा के अग्निशमन एवं संरक्षा विद्यालय में एंडवास उपकरण एवं मशीनरी, साफ्टवेयर एवं उपकरणों का प्रापण। अग्निशमन एवं संरक्षा विद्यालय, गुजरात को अग्निशमन एवं संरक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं अत्याधुनिक शैक्षिक सुविधाओं युक्त संस्थान के रूप में विकसित करना। (रूपए 1.00 करोड)

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने जीएसएफसी विश्वविद्यालय, वडोदरा के अग्निशमन एवं संरक्षा विद्यालय में एडंवास उपकरण एवं मशीनरी, साफ्टवेयर एवं उपकरण उपलब्ध कराए ताकि अग्निशमन एवं संरक्षा विद्यालय, गुजरात को अग्निशमन एवं संरक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं अत्याधुनिक शैक्षिक सुविधाओं युक्त संस्थान के रूप में विकसित किया जा सके।

टाटा मैमोरियल सेंटर, मुंबई महाराष्ट्र में कैंसर से पीडित वंचित बच्चों हेतु जीवन रक्षक उपचार के लिए केन्द्र को वित्तीय सहायता- (रूपए 10.00 करोड)

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा टाटा मैमोरियल सेंटर, मुंबई महाराष्ट्र में कैंसर से पीडित वंचित बच्चों हेतु जीवन रक्षक उपचार हेतु केन्द्र को वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

इंडियन रेड क्रास सोसायटी, मुंबई के थैलेसिमिया डे केयर को सहायता देना एवं अंगीकार करना। (रुपए 4.90 करोड



संधारणीय रिपोर्ट

भविप्रा हवाई अड्डो पर
नवीकरणीय ऊर्जा का
100%
लक्ष्य प्राप्त किया
वर्ष
2021
हवाई अड्डो
14
वर्ष
2021
हवाई अड्डो
22
www.aai.aero

सुगम (संधारणीय हरित हवाई अड्डा अभियान)

भाविप्रा समाज, समुदाय और पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए भारत के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) में सहयोग देने के लिए उत्सर्जन में कमी हेतु कार्बन गहनता को कम करने और ग्रीन हाउस गैस प्रबंधन के लिए प्रतिबद्ध है। इस कार्य को पूरा करने के लिए भाविप्रा ने अपनी पर्यावरण नीति तैयार की है जिसका उद्देश्य उपयुक्त उपायों के कार्यान्वयन द्वारा कार्बन तटस्थता और शुद्ध शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करना है। जिसमें निम्नलिखित शामिल है:

- किफायती हरित और नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों के अधिकतम उपयोग सहित ऊर्जा दक्षता और संरक्षण उपायों को लागू करके ऊर्जा खपत का अनुकूलन।
- वैकल्पिक हरित ईंधनों को बढ़ावा देकर और अपनाकर जीवाश्म ईंधन की खपत को कम करना और प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण और सूझ–बूझ के साथ उपयोग सुनिश्चित करना।
- संरचनात्मक एकीकरण आवश्यकताओं और सुरक्षा मानकों से समझौता किए बिना शुद्ध–शून्य (नेट जीरो) भवन डिजाइन अवधारणाओं को शामिल करना तथा पर्यावरण अनुकूल एवं बायोडिग्रेडेबल उत्पादों का इष्टतम उपयोग करना।
- इलैक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहनों के उपयोग सहित धारणीय परिवहन प्रौद्योगिकियों और नीतियों को शामिल करना।
- धारणीय अपशिष्ट प्रबंधन तरीकों और उचित निपटान को लागू करना।

- नकारने, कम करने, पुनः उपयोग, पुनःउत्पादन और पुनर्चक्रण की संस्कृति को विकसित करके प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना।
- वर्षा जल संचयन, अपशिष्ट जल सुधार और जल अपव्यय को कम करने के लिए अन्य नए तरीकों के माध्यम से जल संरक्षण करना।
- सर्वोत्तम और तकनीकी रूप से उन्नत प्रक्रियाओं को अपनाकर और प्रचलित सर्वोत्तम उद्योग आचरणों को लागू करके जीएचजी संसाधनों का दस्तावेजीकरण और परिमाणित करना और कार्बन फुटप्रिंट को कम करना।
- वायु–गुणवत्ता की निगरानी करना और हवाई अड्डा टर्मिनलों पर आंतरिक वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रचलित सर्वोत्तम पद्धतियों को लागू करना।
- सर्वोत्तम हवाई यातायात प्रबंधन सुविधाओं, पद्धतियों और प्रक्रियाओं को लागू करना/अपनाना।
- सभी कर्मचारियों और हितधारकों को पर्यावरण हित के लिए वांछित व्यवहार हेतु निर्देश देना, शिक्षित करना, संवेदनशील बनाना, प्रेरित करना और प्रशिक्षण प्रदान करना।
- सभी लागू पर्यावरण अनुपालन दायित्वों को पूरा करना।

भाविप्रा अपने हवाई अड्डों के प्रचालन को बदल कर नवीकरणीय ऊर्जा के माध्यम से करने में जिम्मेदारी से लगा हुआ है, जो देश/भाविप्रा के कुल उत्सर्जन का प्रमुख घटक है।

भाविप्रा बेहतर ऊर्जा दक्षता, कम लागत पर अधिक उत्पादन, निवेशकों और व्यापार को स्पष्ट समझ प्रदान करने और लागत प्रभावी तरीके से जलवायु परिवर्तन का समाधान करने के लिए सर्वोत्तम प्रौद्योगिकी को अपनाने का भी प्रयास कर रहा है।

भाविप्रा ने ऊर्जा दक्षता के अपरिभाषित क्षेत्रों की पहचान करने के लिए समग्र दृष्टिकोण तैयार किया है जिसके परिणामस्वरूप ऊर्जा पर होने वाले प्रचालन व्यय की बचत होती है। भाविप्रा की आगामी परियोजनाओं को उद्योग की सर्वोत्तम नीतियों को लागू करके ग्रीहा 5 स्टार रेटिंग प्राप्त करने के लिए नियोजित और डिजाइन किया गया है।

भाविप्रा ने निम्नलिखित सफलताएं प्राप्त की हैं:

i) सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना – भाविप्रा ने वित्त वर्ष 21–22 के दौरान 1.7 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र की अतिरिक्त क्षमता प्राप्त की और इस प्रकार 43 स्थानों पर 40 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र की कुल स्थापित/चालू क्षमता प्राप्त की गई है।

ii) 07 स्थानों पर 16.50 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्रों को और जोड़ने का कार्य प्रगति पर है और इसके दिसंबर 22 तक चालू होने की संभावना है।

iii) कुल 14 हवाई अड्डों का प्रचालन हरित/नवीकरणीय ऊर्जा द्वारा किया जा रहा है। भाविप्रा हरित ऊर्जा विकासकर्ताओं को बढ़ावा देने के लिए स्वतंत्र विद्युत उत्पादक (आईपीपी) से 43 मिलियन यूनिट (एमयू) हरित ऊर्जा भी खरीद रहा है।

iv) भाविप्रा ने अपने सभी हवाई अड्डों पर लाइटिंग लोड को कम करने और ऊर्जा संरक्षण के लिए पारंपरिक प्रकाशकों को ऊर्जा कुशल एलईडी प्रकाशकों से बदल दिया है।

योजनागत/निष्पादन चरण में कार्य

i) विभिन्न पहलों को चिहनित करने के लिए, भाविप्रा ने 01.01.2016 के बाद शुरू की गई सौर परियोजनाओं के पंजीकरण हेतु मैसर्स एमपीकॉन के साथ समझौता ज्ञापन निष्पादित किया है। भाविप्रा ने जीसीसी प्रणाली के तहत पंजीकरण हेतु ऑनलाइन आवेदन सफलतापूर्वक अपलोड कर दिया है।

ii) भाविप्रा ने अपने प्रचालन को 2024 तक चरणबद्ध तरीके से नवीकरणीय उर्जा में बदलने की योजना बनाई है।

iii) भाविप्रा ने हवाई अड्डों के विद्युत मापदंडों की ऑनलाइन निगरानी और ऊर्जा बेंचमार्किंग के लिए बिल्डिंग एनर्जी मैनेजमेंट सिस्टम (बीईएमएस) परियोजना को लागू किया है।

iv) भाविप्रा ने बीईई के माध्यम से ईएससीओ मॉडल के तहत ऊर्जा बचत उपायों के कार्यान्वयन हेतु 10 संभावित भवनध हवाई अड्डे चिहनित किए हैं।

कागज पुनर्चक्रण इकाई

- कोविड–19 महामारी के बाद, क्षेत्रीय मुख्यालय– उत्तरी क्षेत्र की देखरेख में 16.09.2021 को पीआरयू में उत्पादन पुनः शुरू हुआ।
- कागज पुनर्चक्रण इकाई (पेपर रिसाइक्लिंग यूनिट) ने पुराने दस्तावेजों/फाइलों आदि की छंटाई कर सरकार के स्वच्छता अभियान (स्वच्छ भारत अभियान) में भाग लेने वाले कई संगठनों से पुनर्चक्रण के लिए रद्दी कागज लिया।
- इसके द्वारा, 2500 क्यूबिक फुट से अधिक कार्यालय भंडारण स्थान खाली किया गया।
- 35 टन से अधिक रद्दी कागज का पुनर्चक्रण किया गया–यह 600 से अधिक पेड़ों को काटने से बचाने के बराबर है।
- कागज पुनर्चक्रण इकाई के प्रचालन और रखरखाव के लिए 19 कार्मिकों को नियुक्त किया गया है।
- वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान, 61.58 लाख की लागत से लगभग 46 मीट्रिक टन पुनर्चक्रित डेकल–एज पेपर का उत्पादन किया गया, जिसका उपयोग भाविप्रा और अन्य संबद्ध संगठनोंध्संस्थानों को कार्यालय स्टेशनरी प्रदान करने के लिए किया गया है।

इन्दौर हवाई अड्डा

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण

भुवनेश्वर हवाई अड्डा

निष्पादन पर एक नजर

विवरण	इकाइयां	2021-22	2020-21	2019-20	2018-19	2017-18	2016-17
निधि के स्रोत							
प्रदत्त पूंजी	करोड़ रु. में	656.56	656.56	656.56	656.56	656.56	656.56
अनुदान	"	113.81	106.67	58.72	89.89	99.17	26.72
ऋण – अन्य	"	3,151.94	1,897.21	91.56	37.16	37.43	39.78
गैर वर्तमान देयताएं	"	6,789.24	9,189.64	8,474.67	8,816.36	8,456.89	7,307.96
आरक्षित एवं अधिशेष	"	11,476.03	12,105.82	14,756.63	13,729.89	14,170.89	14,372.10
कुल	"	**22,187.58**	**23,955.90**	**24,038.15**	**23,329.86**	**23,420.94**	**22,403.12**
निधियों का अनुप्रयोग							
अचल परिसंपत्तियां (मूल्यह्रास घटाएं)	"	8,492.50	7,887.14	8,463.03	7,947.20	7,757.89	7,679.77
प्रगतिशील कार्य	"	7,691.85	7,248.09	4,849.38	3,183.06	1,574.65	1,661.25
निवेश	"	1,800.39	1,800.39	1,797.84	1,715.47	1,715.47	1,715.47
अन्य गैर वर्तमान परिसंपत्तियां	"	3,314.28	6,571.29	7,138.15	7,521.11	6,897.73	5,433.39
कार्यशील पूंजी	"	(2,190.77)	(2,654.34)	(508.91)	8.40	2,894.05	3,602.61
आस्थगित कर परिसंपत्ति (निवल)	"	3,079.33	3,103.33	2,298.65	2,954.62	2,581.14	2,310.63
कुल	"	**22,187.58**	**23,955.90**	**24,038.15**	**23,329.86**	**23,420.94**	**22,403.13**
आय एवं लाभ							
राजस्व	"	6,841.29	4,867.04	12,837.44	14,132.96	12,976.96	12,542.01
व्यय (जहां भी लागू हो आपवादिक मदों के समायोजन के बाद)	"	6,808.53	7,634.05	9,020.38	10,448.97	8,560.02	7,984.40
कर पूर्व लाभ / (हानि)	"	32.76	(2,767.01)	3,817.06	3,683.99	4,416.94	4,557.61
कर हेतु प्रावधान	"	-	(0.27)	1,176.00	1,786.03	1,885.81	1,888.28
आस्थगित कर हेतु प्रावधान (परिसंपत्तियां)	"	24.00	(804.68)	655.97	(373.48)	(270.51)	(446.60)
कर पश्चात लाभ / (हानि)	"	**8.76**	**(1,962.06)**	**1,985.09**	**2,271.44**	**2,801.64**	**3,115.93**
विनियोजन							
(हानि) सामान्य आरक्षित में स्थानांतरित	"	-	(1,962.06)	-	-	-	-
सामान्य आरक्षित	"	8.76	-	641.19	810.84	1,072.76	1,194.59
विशिष्ट आरक्षित (निवल)	"	-	-	385.55	537.79	716.89	796.26
लाभांश (अंतरिम लाभांश सहित)	"	-	-	818.57	765.46	840.50	934.78
लाभांश पर कर	"	-	-	139.78	157.35	171.49	190.30
कुल	"	**8.76**	**(1,962.06)**	**1,985.09**	**2,271.44**	**2,801.64**	**3,115.93**
सामान्य आरक्षित से वित्तीय वर्ष के लिए प्रस्तावित लाभांश	"	638.56	671.70	-	-	-	-
पिछले वर्ष विशेष लाभांश	"	-	-	-	1,484.50	1,654.11	-
पिछले वर्ष के लिए लाभांश पर कर	"	-	-	-	305.14	336.74	-
सामान्य आरक्षित से नियोजन	"	**638.56**	**671.70**	**-**	**1,789.64**	**1,990.85**	**-**
कुल मूल्य (शेयर पूंजी + आरक्षित)	"	**12,132.59**	**12,762.38**	**15,413.19**	**14,386.45**	**14,827.45**	**15,028.66**
नियोजित पूंजी (निवल अचल परिसंपत्तियां + कार्यशील पूंजी)	"	6,301.73	5,232.80	7,954.12	7,955.59	10,651.94	11,282.38
वर्तमान परिसंपत्तियां	"	12,619.11	8,744.92	8,974.31	7,339.08	8,094.55	7,980.70
वर्तमान देयताएं	"	14,809.88	11,399.26	9,483.22	7,330.69	5,200.50	4,378.09
कार्यशील पूंजी	"	**(2,190.77)**	**(2,654.34)**	**(508.91)**	**8.40**	**2,894.05**	**3,602.61**

निष्पादन पर एक नजर

अन्य विशेषताएं	इकाइयां	2021-22	2020-21	2019-20	2018-19	2017-18	2016-17
अचल परिसंपत्तियों में सकल वृद्धि	करोड़ रु. में	2,734.78	1,466.83	2,461.53	1,841.93	1,724.07	1,626.21
प्रावधान को छोड़कर विविध देनदार	"	1,219.06	768.43	1,476.81	1,164.16	1,211.21	1,868.79
तैनात कर्मचारियों की संख्या	संख्या	16,158	16,780	17,364	17,487	17,536	17,484
विमान प्रचालन	संख्या '000 में	1,757.11	1,196.74	2,587.05	2,605.96	2,324.55	2,049.00
यात्री प्रचालन (**)	"	91,157.16	58,467.96	1,58,332.38	1,58,793.10	1,36,731.39	1,13,021.00
अनुपात							
निवल मूल्य पर कर के पश्चात लाभ / (हानि)	प्रतिशत	-	(15)	13	16	19	21
विनियोजित पूंजी पर कर के पूर्व लाभ	"	1	(53)	48	46	41	40
विनियोजित पूंजी पर कर पश्चात लाभ	"	-	(37)	25	29	26	28
नियोजित पूंजी पर कारोबार	"	108.56	93.01	161.39	177.65	121.83	111.16
वर्तमान अनुपात	अनुपात	0.85:1	0.77:1	0.95:1	1:1	1.56:1	1.82:1
ऋण इक्विटी अनुपात							
– इक्विटी पर कुल ऋण	अनुपात	0.263	0.151	0.007	0.003	0.003	0.03
– इक्विटी पर दीर्घ अवधि ऋण	अनुपात	0.260	0.149	0.006	0.003	0.003	0.003
कुल राजस्व पर कर के पूर्व लाभ / (हानि)	प्रतिशत	0.48	-56.85	29.73	26.07	34.04	36.34
कुल राजस्व पर कर पश्चात लाभ / (हानि)	"	-	(40)	15	16	22	25
औसत ऋण संग्रह अवधि	दिन	194	419	187	161	169	200
प्रति कर्मचारी विमान प्रचालन की सं.	नग	109	71	149	149	133	117
प्रति कर्मचारी राजस्व	रु. '000 में	4,234	2,901	7,393	8,082	7,400	7,173
प्रति कर्मचारी राजस्व व्यय	रु. '000 में	4,214	4,549	5,195	5,975	4,881	4,567
वार्षिक योजना							
योजना परिव्यय	करोड़ रु. में	4,500.00	4,364.94	4,950.00	4,195.07	2,517.82	1,974.00
वास्तविक पूंजी व्यय	करोड़ रु. में	3,724.34	4,350.00	4,713.49	4,297.44	2,504.38	2054.00
निम्नलिखित अनुसार वित्त पोषित :							
उपयोग में लाए गए आंतरिक संसाधन	"	606.24	1,817.86	4,230.76	3,704.12	2,018.44	1,842.60
पूर्वोत्तर परिषद अनुदान	"	4.50	2.07	22.636	-	20.00	35.00
आरसीएस अनुदान	"	900.00	630.00	454.514	282.61	235.61	-
बजटीय सहायता अनुदान	"	190.00	29.99	0.978	118.2	187.13	75.07
वाणिज्यिक उधार	"	1,277.29	1,828.07	-	-	-	-
अन्य	"	746.31	42.01	4.598	192.51	43.20	101.33
कुल		**3,724.34**	**4,350.00**	**4,713.49**	**4,297.44**	**2,504.38**	**2,054.00**

31 मार्च, 2022 के अनुसार तुलन पत्र

(करोड़ रु. में)

विवरण	टिप्पणी संख्या	वित्तीय वर्ष 2021-22		वित्तीय वर्ष 2020-21	
I इक्विटी और देयताएं					
1. पूंजी					
(क) पूंजी	2	656.56		656.56	
(ख) आरक्षित और अधिशेष	3	11,589.84		12,212.49	
			12,246.40		**12,869.05**
2. गैर - वर्तमान देयताएं					
(क) दीर्घकालीन उधारियां	4	3,151.94		1,897.21	
(ख) अन्य दीर्घकालीन देयताएं	5	2,961.87		1,866.23	
(ग) दीर्घकालीन प्रावधान	6	3,827.37		7,323.41	
			9,941.18		**11,086.85**
3. वर्तमान देयताएं					
(क) अल्पकालीन उधारियां	7	200.00		1,250.00	
(ख) व्यापार देय	8	529.36		458.70	
(ग) अन्य वर्तमान देयताएं	5	3,214.17		3,160.47	
(घ) अल्पकालीन प्रावधान	6	10,866.35		6,530.09	
			14,809.88		**11,399.26**
कुल			**36,997.46**		**35,355.16**
II परिसंपत्तियां					
1. गैर-वर्तमान परिसंपत्तियां					
(क) अचल परिसंपत्तियां					
(i) मूर्त अचल परिसंपत्तियां	9	8,477.56		7,866.34	
(ii) अमूर्त परिसंपत्तियां	10	14.94		20.80	
(iii) पूंजीगत कार्य प्रगति	11	7,691.36		7,245.40	
(iv) विकासाधीन अमूर्त परिसंपत्तियां	12	0.49		2.69	
		16,184.35		15,135.23	
(ख) गैर–वर्तमान निवेश	13	1,800.39		1,800.39	
(ग) आस्थगित कर परिसंपत्तियां (कुल)	14	3,079.33		3,103.33	
(घ) दीर्घकालीन ऋण और अग्रिम	15	3,314.28		6,571.29	
			24,378.35		**26,610.24**
2. वर्तमान परिसंपत्तियां					
(क) इन्वेंटरी	16	101.25		87.42	
(ख) व्यापार प्राप्य	17	1,219.06		768.43	
(ग) नकद और नकद समतुल्य	18	1,644.13		1,090.18	
(घ) अल्पकालीन ऋण और अग्रिम	15	9,090.46		5,565.10	
(ङ) अन्य वर्तमान परिसंपत्तियां	19	564.21		1,233.79	
			12,619.11		**8,744.92**
कुल			**36,997.46**		**35,355.16**

महत्वपूर्ण लेखा नीतियों का सार 1

टिप्पणी सं. 1 से 54 तक की टिप्पणियां इन वित्तीय विवरणों के अभिन्न अंग है।

	हस्ता.	हस्ता.	हस्ता.	हस्ता.
	(जे. बी. सैनी)	(डी. भोजवानी)	(के. विनायक राव)	(संजीव कुमार)
नई दिल्ली	का. नि. (पीएमक्यूए/सीए)	का. नि. (वित्त एवं लेखा)	सदस्य (वित्त)	अध्यक्ष
26 जुलाई 2022				

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ और हानि का विवरण

(करोड़ रु. में)

विवरण	टिप्पणी संख्या	वित्तीय वर्ष 2021-22	वित्तीय वर्ष 2020-21
आय			
I. हवाई अड्डा दिक्चालन सेवाएं	20	**2,379.96**	1,587.62
II. हवाई अड्डा सेवाएं	21	**1,674.04**	1,291.21
III. गैर वैमानिक हवाई अड्डा सेवाएं	22	**912.09**	885.84
IV. कार्गो राजस्व	23	**-**	-
V. हवाई अड्डा पट्टा राजस्व (पीपीपी हवाई अड्डों सहित)	24	**1,367.63**	570.75
VI. अन्य आय	25	**507.57**	531.62
VII. कुल राजस्व (I+II+III+IV+V+VI)		**6,841.29**	4,867.04
VIII. व्यय			
कर्मचारी लाभ व्यय	26	**3,702.08**	3,505.40
प्रचालन संबंधी व्यय	27	**1,531.72**	1,632.46
प्रशासनिक और अन्य व्यय	28	**437.16**	1,040.54
वित्तीय लागत	29	**69.67**	45.01
मूल्यह्रास और परिशोधन	30	**1,904.38**	1,819.75
सुरक्षा संबंधी व्यय	31	**-**	-
कुल व्यय		**7,645.01**	8,043.16
IX. अपवादात्मक और असाधारण मदों और कर से पहले लाभ/(हानि) (VII-VIII)		**(803.72)**	(3,176.12)
X. असाधारण मदें	32	**(836.48)**	(409.11)
XI. कर पूर्व लाभ/(हानि) (IX-X)		**32.76**	(2,767.01)
XII. कर व्यय :			
(1) वर्तमान कर		**-**	(0.27)
इसमें पिछले वर्ष का 0.00 करोड़ रु. का कर (वित्तीय वर्ष 2020–21–0.27 करोड़ रु.) शामिल है।			
(2) आस्थगित कर		**24.00**	(804.68)
XIII. अवधि हेतु लाभ/(हानि) (XI-XII)		**8.76**	(1,962.06)
तुलन पत्र में ले जाए गए शेष		**8.76**	(1,962.06)

महत्वपूर्ण लेखा नीतियों का सार 1

टिप्पणी सं. 1 से 54 तक की टिप्पणियां इन वित्तीय विवरणों के अभिन्न अंग है।

नई दिल्ली 26 जुलाई 2022	हस्ता. (जे. बी. सैनी) का. नि. (पीएमक्यूए/सीए)	हस्ता. (डी. भोजवानी) का. नि. (वित्त एवं लेखा)	हस्ता. (के. विनायक राव) सदस्य (वित्त)	हस्ता. (संजीव कुमार) अध्यक्ष

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

महत्वपूर्ण लेखा नीतियां

1. वित्तीय विवरण तैयार करने का आधार

1.1 (i) ये वित्तीय विवरण, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण 1994 (1994 का स. 55) के प्रावधान के अनुसार वृद्धि के आधार पर तथा उसके तहत बनाए गए नियम तथा अधिसूचनाओं तथा इस उद्देश्य के लिए अनुमोदित भारत सरकार की एजेंसी द्वारा सामान्यतः स्वीकृत लेखा सिद्धांतों तथा अनिवार्य लागू लेखा मानकों के अनुसार ऐतिहासिक लागत परंपराओं के तहत तैयार किए गए हैं।

(ii) लेखाओं को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (वार्षिक रिपोर्ट और लेखा का वार्षिक विवरण) नियम, 2014 के तहत सरकार की अधिसूचना संख्या 815 दिनांकित 31 मार्च, 2014 द्वारा अधिसूचित फॉर्मेट में प्रस्तुत किया है।

(iii) सभी परिसंपत्तियों और देयताओं को वर्तमान तथा गैर वर्तमान के रूप में वर्गीकृत किया गया है। प्रदान की गई सेवा और नकद और नकद समकक्ष में उनकी वसूली के आधार पर वर्तमान तथा गैर वर्तमान रूप में वर्गीकरण के उद्देश्य हेतु परिसंपत्तियों और देयताओं के लिए प्रचालन चक्र को 12 माह का निश्चित किया गया है। प्रस्तुतीकरण में एक रूपता के लिए जहां भी आवश्यक हो, पिछले वर्ष के आंकड़ों के अनुसार पुनःसमूहित / पुनः वर्गीकृत किया गया है।

1.2 प्राक्कलनों का उपयोग

वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए प्रबंधन को ऐसे प्राक्कलनों और धारणाओं को तैयार करने की अपेक्षा होती है जो वित्तीय विवरणों की तिथि के अनुसार परिसंपत्तियों, देयताओं, राजस्व, व्यय आकस्मिक देनदारियों के प्रकटीकरण की मात्रा को प्रभावित करते हैं। प्रबंधन का मानना हैं कि ये प्राक्कलन और धारणाएँ उचित हैं और सभी उपलब्ध जानकारी को ध्यान में रखते हुए विवेकपूर्ण आधार पर बनाई गई है, तथापि वास्तविक परिणाम इन अनुमानों से भिन्न हो सकते हैं, और इस तरह के अंतर को उस अवधि में दर्शायी जाती है जिसमें परिणाम सघन होते हैं।

2. संपत्ति, संयंत्र और उपकरण

2.1 परिसंपत्तियां

2.1.1 भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने संपत्ति, संयंत्र और उपकरण के मूल्यांकन हेतु मान्यता के लागत मॉडल को अपनाया है। इसके फलस्वरूप, सभी संपत्ति, संयंत्र और उपकरण को इसकी कम लागत संचित मूल्यह्रास और संचित क्षति हानियों पर ले जाया जाता है।

2.1.2 संपत्ति, संयंत्र और उपकरण के किसी मद की लागत में व्यापार रियायत और छूट की कटौती करने के बाद आयात शुल्क और गैर–वापसी योग्य कर सहित इसकी खरीद मूल्य शामिल है, संपत्ति, संयंत्र और उपकरण को स्थान पर लाने और इसे अपने इच्छित उपयोग के लिए तैयार करने के लिए और किसी भी कर, ड्यूटी, पूंजी अनुदान रसीदों के संबंध में प्राप्त क्रेडिट का निवल है।

2.1.3 संपत्ति संयंत्र और उपकरणों के मदों की समीक्षा घटक लेखा के दृष्टिकोण से की जाती है और महत्वपूर्ण लागत वाले भागों/घटकों और उनकी उपयोगी लागत के अनुसार अलग–अलग उपयोगी जीवन की पहचान की जाती है।

2.1.4 संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की परिभाषा को पूरा करते समय स्पेयर पार्ट्स को संपत्ति, संयंत्र और उपकरण के रूप में पहचाना जाता है। अन्यथा, ऐसे मदों को सूची के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

2.1.5 इसके बाद की लागतें परिसंपत्ति की वहन राशि में शामिल या एक अलग परिसंपत्ति के रूप में पहचानी जाती हैं, तब जबकि उचित रूप में यह संभव है कि भविष्य में आर्थिक मद से संबंधित लाभ संस्था के लिए प्रवाह होगा और वस्तु की लागत विश्वसनीय तरीके से मापी जा सकती है।

2.1.6 पूंजीकरण को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की पूंजीकरण नीति के अनुसार कार्यान्वित किया गया है। संक्षिप्त सार निम्नलिखित है :

क) निर्माण कार्य (परियोजना) – परियोजना के अपेक्षित उपयोग हेतु तैयार हो जाने के समय से पूंजीकरण किया जाता है।

ख) एयरपोर्ट, कार्गो, सुरक्षा तथा आईटी और सीएनएस उपकरण जिन्हें अंशांकन की आवश्यकता नहीं है, संस्थापन, परीक्षण और उपयोग शुरू करने की तिथि से पूंजीकरण किया जाता है।

ग) अंशांकन की आवश्यकता वाले सीएनएस उपकरण – आईएलएस, रडार, वीओआर, एडीएसबी :

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

भा. वि. प्रा. के उड़ान निरीक्षण यूनिट (एफआईयू) द्वारा प्रमाणित किए जाने के अनुसार उड़ान अंशांकन पूरा होने की तिथि से अथवा भा. वि. प्रा. के रेडियो कंस्ट्रक्शन और विकास यूनिट (आरसीडीयू)/आपूर्तिकर्ता द्वारा प्रमाणित किए जाने के अनुसार संस्थापन की तिथि से 03 माह पूर्ण होने पर, जो भी पहले हो, पूंजीकरण किया जाएगा।

2.1.7 आंशिक रूप से पूर्ण कार्य/परियोजनाओं तथा उनको उपयोग में लेने वाले कार्यों को तकनीकी निर्धारण के आधार पर पूंजीकरण किया गया।

2.1.8 भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की परिसंपत्तियों से संबंधित व्यय राजस्व व्ययों के रूप में प्रभारित (चार्ज) किए गए है।

2.1.9 परित्यक्त कार्यों के मामलों में पूर्व परियोजना व्यय तथा समय से पूर्व समाप्त किए गए एवं परित्यक्त कार्यों के लिए किए गए व्यय को राजस्व व्यय के रूप में प्रभारित किया गया है।

2.1.10 अचल परिसंपत्तियां जिनका पूर्णतया मूल्यह्रास हुआ है उन्हें 1 रु. के शेष मूल्य पर दर्शाया गया है।

2.1.11 राज्य सरकार से निःशुल्क अर्जित और गैर–वित्तीय प्रत्येक प्रकार की परिसंपत्ति के लिए मूल्य 1 रु. के सांकेतिक मूल्य पर आंका गया है।

2.1.12 जहां कहीं भूमि की बिक्री/हस्तांतरण/निपटान किया गया है तथा ऐसी भूमि का मूल्य उपलब्ध नहीं है, वहाँ निःशुल्क अर्जित भूमि के मामलों को छोड़कर अर्जन की औसत लागत पर मूल्य दर्शाया गया है।

2.1.13 संयुक्त अचल परिसंपत्तियों के मामले में ऐसी परिसंपत्तियों में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के हिस्से को लागत मूल्य के अनुसार लेखाकृत किया गया है और तदनुसार मूल्यह्रास प्रभारित किया गया है।

2.1.14 परिसंपत्तियां जिनकी पृथक लागत 5000 रु. से कम है उन्हें राजस्व व्यय के रूप में प्रभारित किया गया है।

2.2 परियोजनाओं पर निर्माण अवधि व्यय

2.2.1 पूंजीगत परियोजनाओं को संभालने वाले विशिष्ट परियोजना प्रभाग के प्रत्यक्ष राजस्व व्यय को कार्य की समापन लागत के साथ पूंजीकृत किया है।

2.2.2 परियोजना के संबंध में एकत्रित अग्रिम राशि पर ब्याज परियोजना व्यय के लिए निर्धारित किया गया है।

2.2.3 परियोजनाओं के लिए उधार राशि पर ब्याज को परियोजना के पूंजीकरण में आने तक पूंजीकृत किया गया है।

2.3 अमूर्त परिसंपत्तियां

2.3.1 कंप्यूटर सॉफ्टवेयर (उपकरण से एम्बेडिड सॉफ्टवेयर न होने के कारण) जिसे उपयोग में लाया जाता है तथा जिसमें भविष्य में आर्थिक लाभ प्राप्त होने की संभावना है, उसे अमूर्त परिसंपत्ति के रूप में माना गया है तथा पांच वर्षों की अवधि या सॉफ्टवेयर की लाइसेंस अवधि, जो भी पहले हो, के लिए स्ट्रेट लाइन के आधार पर परिशोधित किया गया है। तथापि जहां पर ऐसा कंप्यूटर सॉफ्टवेयर अभी तक विकास की अवस्था में है, ऐसे सॉफ्टवेयर की विकास अवस्था के दौरान हुई लागत को 'विकासाधीन अमूर्त परिसंपत्तियों' के लेखा में डाला जाएगा।

2.3.2 अनुसंधान एवं विकास पर व्यय पूंजी लेखा के अतिरिक्त राजस्व पर प्रभारित किया गया है।

2.4 मूल्यह्रास

2.4.1 अचल परिसंपत्तियों पर मूल्यह्रास की गणना ऋजु रेखा पद्धति के आधार पर की गई जिसके लिए प्रबंधन द्वारा प्राक्कलित उपयोगी अवधि के आधार पर निर्धारित दरों का उपयोग किया गया है। अचल परिसंपत्तियों पर मूल्यह्रास प्रदान करने के लिए निम्नलिखित दरें उपयोग की गई हैं :

मूल्यह्रास की दरें

परिसंपत्ति प्रकार	दरें (एसएलएम
रनवे, टैक्सी वे और एप्रन सड़कें, ब्रिज और कल्वर्ट	13%
संयंत्र एवं मशीनरी/विद्युत संस्थापनाएं	11%
एक्स रे–बैगेज	11%
टूल एवं उपस्कर	20%
भवन–टर्मिनल भवन एवं अन्य	8%
भवन–आवासीय	5%
भवन पट्टे पर	8%
अस्थायी भवन, सुरक्षा फेंसिंग	100%
बाउंडरी वॉल (प्रचालन)	8%
बाउंडरी वॉल (आवासीय)	5%

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

परिसंपत्ति प्रकार	दरें (एसएलएम
कार्यालय उपस्कर	18%
फर्नीचर एवं फिक्सचर	20%
सीएफटी एण्ड अग्निशमन उपकरण	13%
विमान	10%
अन्य वाहन	14%
कंप्यूटर, आईटी हार्डवेयर एण्ड अन्य सामग्रियां	20%

2.4.2 वित्तीय वर्ष के दौरान किसी भी अचल परिसंपत्ति के 180 अथवा अधिक दिनों तक उपयोग की स्थिति में मूल्यह्रास 100 प्रतिशत की दर से प्रभारित किया जाएगा जबकि परिसंपत्तियों को 180 दिनों से कम समय के लिए उपयोग में लाए जाने की स्थिति में मूल्यह्रास के 50 प्रतिशत की दर से प्रभारित किया जाएगा।

2.4.3 अस्थायी भवन, सुरक्षा फेंसिंग तथा अमूर्त परिसंपत्तियों पर मूल्यह्रास 100 प्रतिशत प्रभारित किया जाता है चाहे उसके उपयोग करने की अवधि कुछ भी हो।

2.4.4 भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा पट्टे पर ली गई भूमि पट्टे की अवधि के बाद परिशोधित की गई है और जहां पट्टा अवधि उपलब्ध नहीं है वहां ऐसी लागत 60 वर्ष की अवधि के बाद परिशोधित की गई है।

2.4.5 अवशिष्ट मूल्य और परिसंपत्ति के उपयोज्यता अवधि की समीक्षा कम से कम प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में की जानी चाहिए, और यदि अपेक्षाएं पिछले अनुमानों से भिन्न होती हैं, परिवर्तन को एएस 5 "अवधि के लिए निवल लाभ या हानि, पहले अवधि के मद और लेखांकन नीतियों में परिवर्तन" के अनुसार लेखांकन अनुमान में परिवर्तन के रूप में माना जाना चाहिए।

2.5 परिसंपत्तियों की हानि

प्रत्येक तुलनपत्र दिनांक को नकद उत्पादक इकाइयों/परिसंपत्तियों की आगे ले जाई जाने वाली राशि की हानि की जांच की जाती है ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि :–

(क) हानि से हुई क्षति हेतु प्रावधान, यदि आवश्यकता हो तो; या पिछली अवधियों के दौरान पहचानी गई हानि से हुई क्षति के प्रत्यावर्तन की आवश्यकता यदि हो तो,

(ख) हानि से हुई क्षति तभी मानी जाती है जब किसी परिसंपत्ति को आगे ले जाने वाली राशि वसूली योग्य राशि से अधिक हो जाती है।

2.6 अचल परिसंपत्तियों का प्रत्यक्ष सत्यापन :

अचल परिसंपत्तियों का प्रत्यक्ष सत्यापन निम्न प्रकार से किया गया :

बड़े हवाई अड्डे (एटीसी केंद्र/सुरक्षा/कार्गो इकाइयों सहित) : प्रत्येक 3 वर्षों में

मध्यम आकार के हवाई अड्डे : प्रत्येक 2 वर्षों में

छोटे हवाई अड्डे (एसीएस, सीएचक्यू, सीएटीसी, आरसीडीयू, सीआरएसडी, एफआईयू, ईएमओ तथा क्षेत्रीय मुख्यालय (प्रशासनिक कार्यालय) : प्रति वर्ष

3. निवेश

ऐसे निवेश जिन्हें तुरंत भुनाया जा सकता है और जिन्हें निवेश करने की तिथि से एक वर्ष की अवधि तक ही बनाया रखा जाएगा, उन्हें चालू निवेशों में वर्गीकृत किया गया है। अन्य सभी निवेशों को दीर्घावधि निवेश माना गया है। दीर्घावधि निवेश की गणना उनकी लागत से की गई है। ऐसे निवेशों के मूल्य में अस्थायी के अतिरिक्त अन्य ह्रास के लिए प्रावधान, यदि कोई है, किया गया है।

4. व्यापार लेनदारियां

सरकारी विभागों (राज्य सरकार सहित) के अतिरिक्त पार्टियों से वसूली योग्य 1 वर्ष से पुराने ऋण को संदिग्ध माना गया है तथा दर्शाया/प्रावधान किया गया है।

(क) जहां मामला मध्यस्थता/मुकदमा/विवाद हेतु भेजा गया है, ऋण की अवधि का विचार किए बिना आवश्यक प्रावधान किए गए है।

(ख) संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान करते समय उपलब्ध प्रतिभूति राशि पर विचार नहीं किया गया है।

5. माल सूचियां

i. वर्ष के दौरान उपयोग किए गए भंडार/स्पेयर को राजस्व व्यय के रूप में प्रभारित किया गया है।

ii. वर्ष के अंत में भंडार (5000 रु. और कम इकाई लागत वाले स्पेयर/स्टोर को छोड़कर) के प्राप्ति की तिथि से पाँच वर्षों की अवधि तक के लिए एफआईएफओ आधार पर लागत मूल्य पर मूल्यांकित किया गया है। इसके पश्चात रुपए में परिवर्तन

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

निम्नलिखित निवल रुपए में परिवर्तनीय मूल्य, जो भी कम हो, पर दर्शाया जाता है :–

6वां वर्ष	लागत का 70 प्रतिशत
7वां वर्ष	लागत का 40 प्रतिशत
8वें वर्ष से आगे	लागत का 10 प्रतिशत

6. अनुदान और सब्सिडी

सरकार द्वारा अनुमोदित करारों के तहत सरकार तथा विदेशी वित्तीय संस्थानों परिसंपत्तियों के अधिग्रहण हेतु प्राप्त अनुदान/आर्थिक सहायता को पूंजी अनुदान के रूप में दर्शाया गया है। पूंजीकरण के समय परिसंपत्तियों के सकल मूल्य में से अनुदान राशि काटा जाता है ताकि उनका वहीं मूल्य प्राप्त किया जा सकें। कार्य सम्पन्न होने तक अनुदान को संबंधित कार्य के डब्लूआईपी में कटौती के रूप में दिखाया जाएगा। जब अनुदान परिसंपत्ति की लागत के बराबर हो, तो तुलन पत्र में परिसंपत्तियों को 1 रु. के सांकेतिक मूल्य पर दर्शाया जाएगा।

विकास शुल्क से निर्मित परिसंपत्तियों को 1 रु. का सांकेतिक मूल्य दिया जाता है।

7. विदेशी मुद्रा विनिमय

(i) विदेशी मुद्रा में लेन देन को विनिमय दर पर लेन–देन की तिथि के आधार पर केवल विनिमय अर्जक विदेशी मुद्रा (ईईएफसी) खाते में शेष जो इस लेखा के लिए निर्धारित दर पर लेखा को छोड़कर दर्ज किया गया है।

(ii) विदेशी मुद्रा में मूल्यांकित गैर–मौद्रिक मदों (यथा अचल परिसंपत्तियां आदि) को विनिमय की दिनांक पर लागू विनिमय दर पर मूल्यांकित किया गया है।

(iii) अंतरण के समय विनिमय दरों में अंतर के कारण होने वाले लाभ या हानि को लाभ हानि खाता के विदेशी मुद्रा उतार–चढ़ाव शीर्ष अथवा ब्याज लागत शीर्ष जैसा भी मामला हो, में दर्ज किया गया है।

8. राजस्व की मान्यता

i. राजस्व को वास्तविक आधार पर प्रदत्त सेवाओं के रूप में माना गया है और यह सेवा कर/जीएसटी का निवल है।

ii. बिल उस समय तक और उस सीमा तक जारी किए जाते हैं जब उनकी गणना तथा अंततः वसूली के संबंध में कोई विशेष संशय न हो।

iii. कानूनी विवाद/पीपीई अधिनियम के तहत मामलों के संबंध में, देरी से किए गए भुगतानों पर ब्याज, कार्गो विलंब शुल्क (एयरलाइनों/एजेंसियों के प्रति जारी बिलों के अतिरिक्त), बीमा दावे, स्टाफ अग्रिमों पर ब्याज आदि मामलों में गणना प्राप्ति के आधार पर की गई है।

iv. 'सर्व इंडिया स्कीम' के तहत प्राप्त सीमा शुल्क छूट प्रमाणपत्रों की गणना अनुमानित उपयोग के आधार पर आय के रूप में की गई है। जबकि समाप्त होने वाली स्क्रिप्ट/लाइसेन्स का अप्रयुक्त हिस्सा यदि किसी भी अवधि में प्रभारित किया जाता है, जिसमें परिणाम दर्शाए गए हैं।

v. भा. वि. प्रा. द्वारा किए गए कार्यों में से बचे हुए के संबंध में विभागीय प्रभारों के रूप में अर्जित आय को अंतिम दावा प्रस्तुत किए जाने पर लेखों में दर्ज किया गया है।

vi. पिछले वर्षों से संबंधित प्रत्येक मामले में पाँच लाख रुपए तक आय व व्यय को वर्तमान वर्ष के लेखों में दर्ज किया गया है।

9. आय पर कर

आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अनुसार वर्तमान कर हेतु प्रावधान किया गया है। वर्ष के दौरान आयकर आयुक्त (अपील) के आदेश के आधार पर अग्रिम कर के प्रति वर्तमान कर के प्रावधान को समायोजित किया गया है।

10. आस्थगित कर

लेखा बहियों तथा कर योग्य लाभ के बीच 'समय के अंतराल' के कारण आस्थगित कर देयता/परिसंपत्ति को तुलनपत्र की तिथि से लागू अथवा पर्याप्त रूप से लागू कर दरों व नियमों को ध्यान में रखते हुए लेखों में शामिल किया गया है। आस्थगित कर परिसंपत्ति को केवल उस सीमा तक आगे ले जाया गया है जहां तक यह सुनिश्चित हो सके कि भविष्य में पर्याप्त कर योग्य आय उपलब्ध होगी जिसके प्रति ऐसी आस्थगित कर परिसंपत्तियों की उगाही की जा सके।

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

11. कर्मचारी लाभ

11.1 अल्पावधि लाभ

अल्पावधि कर्मचारी लाभों की गणना उस अवधि के लिए की गई जिस दौरान सेवाएँ प्रदान की गई है।

11.2 नियुक्ति पश्चात लाभ तथा अन्य दीर्घावधि कर्मचारी लाभ :-

(ए) भविष्य निधि तथा पेंशन योजना में भा. वि. प्रा. का अंशदान क्रमशः भा.वि.प्रा, कर्मचारी भविष्य निधि न्यास तथा क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के पास जमा किया जाता है। यह पात्र कर्मचारियों के वेतन के निश्चित प्रतिशत पर आधारित होता है तथा इसे लाभ व हानि विवरणी में प्रभारित किया गया है।

(बी) भा. वि. प्रा. उपदान हेतु निर्धारित लाभ योजनाएँ संचालित करता है। इस प्रकार के निर्धारित लाभ प्रदान करने की लागत का निर्धारण वर्ष के अंत में किए गए बीमांकन मूल्यांकन की प्रक्षेपित यूनिट क्रेडिट पद्धति द्वारा किया जाता है। बीमांकन लाभ/हानि को लाभ हानि विवरणी में प्रभारित किया जाता है।

(सी) प्रतिपूरक अनुपस्थितियों, कल्याणकारी लाभ, सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति के पश्चात चिकित्सा लाभ तथा पुनः व्यवस्थापन लाभ संबंधी देयताओं को वर्ष के अंत में किए गए बीमांकन मूल्यांकन की प्रक्षेपित यूनिट क्रेडिट पद्धति द्वारा उपलब्ध कराया जाता है।

(डी) कर्मचारी निर्धारित अंशदान योजना में भा. वि. प्रा. का योगदान एक निश्चित प्रतिशत के आधार पर भा. वि. प्रा. बोर्ड द्वारा अनुमोदित और लाभ हानि विवरण पर प्रभारित योग्य कर्मचारियों के वेतन को ''भा.वि.प्रा, कर्मचारी निर्धारित अंशदान योजना'' को दिया जाता है।

12. अन्य

(i) विशिष्ट आरक्षित राशियों का उपयोग बोर्ड द्वारा अनुमोदित विशिष्ट आरक्षित दिशानिर्देश के अनुसार किया जाता है।

(ii) केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के लिए हथियारों की खरीद पर होने वाले व्यय को राजस्व माना गया है।

(iii) तीन वर्षों से अधिक पुरानी प्रतिभूति जमा, जिनका दावा नहीं किया गया है उन्हें विविध आय के रूप में माना गया है।

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

2. पूंजी

(करोड़ रु. में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2021-22	वित्तीय वर्ष 2020-21
पूंजी : भारत सरकार		
पिछले तुलन पत्र के अनुसार	656.56	656.56
जमा : वर्ष के दौरान जमा	-	-
कुल	**656.56**	**656.56**

3. आरक्षित एवं अधिशेष

(करोड़ रु. में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2021-22		वित्तीय वर्ष 2020-21	
पूंजीगत आरक्षित				
पिछले तुलन पत्र के अनुसार	**19.10**		19.10	
जमा : वर्ष के दौरान जुड़ी राशि	-	**19.10**	-	19.10
पूंजीगत अनुदान				
पिछले तुलन पत्र के अनुसार	**106.67**		**58.72**	
जमा : वर्ष के दौरान प्राप्त	**1,102.50**		**662.06**	
घटाएं : वर्ष के दौरान प्रयुक्त/ पुनर्भुगतान	**1,095.36**	**113.81**	**614.11**	**106.67**
निगमित सामाजिक दायित्व आरक्षित				
पिछले तुलन पत्र के अनुसार	-		**17.04**	-
घटाएं : सीएसआर देयता में स्थानांतरित	-	-	**17.04**	-
हवाई अड्डा विकास आरक्षित				
पिछले तुलन पत्र के अनुसार	**6,703.83**		**6,703.83**	
जमा : लाभ एवं हानि का विनियोजन	-	**6,703.83**	-	**6,703.83**
सामान्य आरक्षित				
पिछले तुलन पत्र के अनुसार	**5,382.90**		**8,016.66**	
घटाएं : लाभांश पर कर के लिए विनियोग	**638.56**		**671.70**	
जमा : लाभ और हानि से विनियोग	**8.76**	**4,753.10**	**(1,962.06)**	**5,382.90**
लाभ एवं हानि खाता				
वर्ष के लिए लाभ / (हानि)	**8.76**		(1,962.06)	
घटाएं : विनियोजन				
सामान्य आरक्षित (रिजर्व)	**8.76**	-	(1,962.06)	-
कुल आरक्षित और अधिशेष		**11,589.84**		**12,212.49**

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

4. दीर्घकालीन ऋण

(करोड़ रु. में)

विवरण		दीर्घकालीन		वर्तमान परिपक्वता	
		31.03.2022	31.03.2021	31.03.2022	31.03.2021
प्रतिभूत ऋण					
एक्सिस बैंक से सावधि ऋण	ए	**2,098.01**	1,828.07	-	-
भारतीय स्टेट बैंक से रुपया सावधि ऋण (आरटीएल)	बी	**625.00**	-	-	-
भारतीय स्टेट बैंक से बाहरी वाणिज्यिक उधार (50 मिलियन अमेरिकी डॉलर)	सी	**382.35**	-	-	-
अप्रतिभूत ऋण					
विदेशी वित्तीय संस्थानों से ऋण– भारत सरकार द्वारा प्रत्याभूत	डी	**32.02**	33.76	**2.87**	2.78
पट्टा देयताएं	ई	**14.56**	35.38	**31.68**	29.79
कुल		**3,151.94**	**1,897.21**	**34.55**	**32.57**

*वर्तमान परिपक्वताओं को टिप्पणी सं. 5 पर ले जाया जाता है : अन्य वर्तमान देयताएं

ए. एक्सिस बैंक से प्रतिभूत सावधि ऋण

सीमा	31 मार्च 2022 को बकाया कुल ऋण राशि	ब्याज दर	अवधि/संवितरण और पुनर्भुगतान अनुसूची	प्रतिभूति
एक्सिस बैंक द्वारा स्वीकृत प्रतिभूत रुपए सावधि ऋण राशि 2100 करोड़ रुपए है	2098.01 करोड़ रुपए	तिमाही रीसेट और मार्जिन 2.95 प्रतिशत की दर के अधीन तीन महीने की टी–बिल दर पर मासिक ब्याज	प्रत्येक वर्ष 4 नवंबर 2023 और 4 मई को देय 150 करोड़ रुपए की पहली छमाही किस्तों के साथ मूल राशि के पुनर्भुगतान पर 3 वर्ष की अधिस्थगन अवधि	अंधेरी ट्रांसमिटिग सेंटर, मुंबई में 248422.90 वर्ग मीटर का लैंड पार्सल

बी. भारतीय स्टेट बैंक से प्रतिभूत रुपया सावधि ऋण

सीमा	31 मार्च 2022 को बकाया कुल ऋण राशि	ब्याज दर	अवधि/संवितरण और पुनर्भुगतान अनुसूची	प्रतिभूति
एसबीआई बैंक द्वारा स्वीकृत सुरक्षित रुपए सावधि ऋण राशि 625 करोड़ रुपए है	625 करोड़ रुपए	6 एम एमसीएलआर की दर पर मासिक ब्याज प्रत्येक 6 माह के बाद रीसेट करने के अधीन है और मार्जिन 90 बीपीए, पर अर्थात् 0.90 प्रतिशत है	3 वर्ष की अधिस्थगन अवधि मूलधन की अदायगी पर, ₹ 44.64 करोड़ की पहली से 13वीं अर्धवार्षिक किश्तें वित्त वर्ष 2025 से शुरू होकर प्रत्येक वर्ष 15 मई और 15 नवम्बर को देय और ₹ 44.68 करोड़ की 14वीं और अंतिम किश्त 15 नवम्बर 2031 को देय	(1) दहिसर (रिमोट रिसीविंग स्टेशन) में भूमि पार्सल – 45.17 एकड़ उत्परिवर्तित भूमि क्षेत्र और (2) न्यू एयरपोर्ट कॉलोनी एरिया, विले पार्ले ईस्ट –25 एकड़ म्यूटेटेड लैंड एरिया का लैंड पार्सल (3) बंधक विलेख निष्पादन के अधीन है।

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

सी. भारतीय स्टेट बैंक से प्रतिभूत बाहरी वाणिज्यिक उधार

सीमा	31 मार्च 2022 को बकाया कुल ऋण राशि	ब्याज दर	अवधि/संवितरण और पुनर्भुगतान अनुसूची	प्रतिभूति
भारतीय स्टेट बैंक से 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर ईसीबी ऋण	50 मिलियन अमेरिकी डॉलर	6 मिलियन अमेरिकी डॉलर एलआईबीओआर की ब्याज दर पर हर 6 महीने के बाद देय ब्याज या रिप्लेसमेंट इवेंट और मार्जिन 165 बीपीपीए, अर्थात् 1.65 प्रतिशत के मामले में रिप्लेसमेंट बेंचमार्क	वित्त वर्ष 2025 से शुरू होकर 3.57 मिलियन अमेरिकी डॉलर की पहली से 13वीं छमाही किश्तों के साथ मूल राशि के पुनर्भुगतान पर 3 वर्ष की अधिस्थगन अवधि (पहली उपयोगिता तिथि से 42वें माह पर) और 120वें माह से देय 3.59 मिलियन अमेरिकी डॉलर की 14वीं और अंतिम किस्त पहली उपयोग तिथि।	(1) दहिसर (रिमोट रिसीविंग स्टेशन) में भूमि पार्सल – 45.17 एकड़ उत्परिवर्तित भूमि क्षेत्र और (2) न्यू एयरपोर्ट कॉलोनी एरिया, विले पार्ले ईस्ट –25 एकड़ म्यूटेटेड लैंड एरिया का लैंड पार्सल (3) बंधक विलेख निष्पादन के अधीन है

डी. विदेशी वित्तीय संस्थाओं से ऋण : भारत सरकार द्वारा प्रत्याभूत

विदेशी वित्तीय संस्थान	31 मार्च 2022 को बकाया कुल ऋण राशि	ब्याज दर	पुनर्भुगतान अनुसूची	ऋण समाप्ति तिथि
निर्यात विकास कनाडा, कनाडा	यूएस डॉलर 4174892.43	ब्याज मुक्त	90758.54 यूएसडी की अर्ध वार्षिक किश्त प्रत्येक वर्ष 20 जून एवं 20 दिसम्बर को देय	20.12.2044
इंस्टीट्यूटो डी क्रेडिटो ऑफिशियल (आईसीओ), स्पेन	यूएस डॉलर 387676.75	0.25 प्रतिशत वार्षिक प्रत्येक वर्ष 21 मार्च एवं 21 सितंबर को देय	96919.15 यूएसडी की अर्ध वार्षिक किश्त प्रत्येक वर्ष 21 मार्च एवं 21 सितंबर को देय	21.03.2024
दिनांक 31 मार्च 2022 को विदेशी ऋण की बकाया राशि 4562569.18 यूएस डॉलर है जिसमें से वर्तमान परिपक्वता राशि 375355.38 यूएस डॉलर है और दीर्घ अवधि ऋण के भाग पर राशि केवल 4187213.81 यूएस डॉलर है।				

ई. पट्टा देयताएं पट्टा पर अधिग्रहित परिसंपत्तियों के प्रति पट्टा देयताएं हैं। विवरण हेतु टिप्पणी संख्या 54 (vi) देखें।

5. अन्य देयताएं

(करोड़ रु. में)

विवरण	गैर - वर्तमान		वर्तमान	
	31.03.2022	31.03.2021	31.03.2022	31.03.2021
जमा	**2,961.87**	1,864.96	**187.94**	174.18
दीर्घ अवधि ऋणों की वर्तमान परिपक्वता	-	-	**2.87**	2.78
पट्टा आबंटनों की वर्तमान परिपक्वता	-	-	**31.68**	29.79
ब्याज उपार्जित लेकिन उधार पर देय नहीं	-	-	**4.66**	4.55

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

5. अन्य देयताएं (जारी..)

(करोड़ रु. में)

विवरण	गैर - वर्तमान		वर्तमान	
	31.03.2022	31.03.2021	31.03.2022	31.03.2021
ग्राहकों से अग्रिम	-	-	**135.80**	104.71
ऋणदाता पूंजी	-	1.27	**437.33**	614.44
अन्य देयताएं	-	-	**2,413.89**	2,230.02
कुल	**2,961.87**	**1,866.23**	**3,214.17**	**3,160.47**

6. प्रावधान

(करोड़ रु. में)

विवरण	दीर्घ अवधि		अल्प अवधि	
	वित्तीय वर्ष 2021-22	वित्तीय वर्ष 2020-21	वित्तीय वर्ष 2021-22	वित्तीय वर्ष 2020-21
कर्मचारी सेवानिवृति लाभों व पीआरपी के लिए प्रावधान**	**2,644.37**	2,455.41	**754.84**	742.14
करों हेतु प्रावधान (सकल)	**1,176.00**	4,861.00	**8,662.67**	4,977.67
प्रस्तावित लाभांश	-	-	**1,448.84**	810.28
अन्य प्रावधान	**7.00**	7.00	**-**	-
कुल	**3,827.37**	**7,323.41**	**10,866.35**	**6,530.09**

** टिप्पणी संख्या 34 में कर्मचारी के हित के अनुसार एएस15 का प्रकटीकरण किया गया है।

7. अल्पावधि के ऋण

(करोड़ रु. में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2021-22	वित्तीय वर्ष 2020-21
भारतीय स्टेट बैंक से अप्रतिभूत कार्यशील पूंजी ऋण	**200.00**	1,250.00
कुल	**200.00**	**1,250.00**

* निकासी की तिथि से 5.25 प्रतिशत प्रति वर्ष की ब्याज दर के साथ 2000 करोड़ रुपए (पिछले वर्ष 1500 करोड़ रु.) की राशि की स्वीकृत सीमा के लिए एसबीआई से प्राप्त निधि आधारित कार्यशील पूंजी सीमा।

8. देय ट्रेड

(करोड़ रु. में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2021-22	वित्तीय वर्ष 2020-21
वस्तुओं एवं सेवाओं के लिए	**529.36**	458.70
कुल	**529.36**	**458.70**

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

9. अमूर्त परिसंपत्तियां

(करोड़ रु. में)

विवरण	सकल ब्लॉक				मूल्यह्रास, परिशोधन तथा क्षति के कारण हानि				निवल ब्लॉक	
	01.04.2021 को	जमा	समायोजन/विलोपन/ हस्तांतरण/ पुनर्वर्गीकरण/बिक्री	31.03.2022 को	31.03.2021 तक उपलब्ध करवाया गया	वर्ष के दौरान उपलब्ध करवाया गया	समायोजन/विलोपन/ हस्तांतरण/ पुनर्वर्गीकरण/बिक्री	31.03.2022 तक कुल	31.03.2022 को	31.03.2021 को
भूमि	306.57	3.77	7.84	**302.50**	-	-	-	-	302.50	306.57
भूमि– लीज होल्ड	1.24	20.14	-	**21.38**	0.38	0.12	-	**0.50**	20.88	0.86
रनवे, टैक्सीवे, एप्रन	5,248.96	673.54	36.63	**5,885.87**	3,983.86	376.18	2.85	**4,357.19**	1,528.68	1,265.10
भवन	9,639.55	1,134.73	96.70	**10,677.58**	6,866.44	635.28	45.70	**7,456.02**	3,221.56	2,773.11
भवन–लीजहोल्ड	3.04	-	-	**3.04**	3.04	-	-	**3.04**	-	-
चारदीवारी	632.73	34.50	9.69	**657.54**	379.99	34.92	5.46	**409.45**	248.09	252.74
संयत्र एवं उपस्कर	10,233.73	821.11	150.53	**10,904.31**	7,530.60	698.60	55.87	**8,173.33**	2,730.97	2,703.13
संयत्र एवं उपस्कर –लीजहोल्ड	102.87	-	-	**102.87**	40.42	11.32	-	**51.74**	51.13	62.45
फर्नीचर एवं फिक्स्चर	368.31	18.99	2.40	**384.90**	273.98	34.97	1.72	**307.23**	77.67	94.33
वाहन	1,129.97	15.13	42.00	**1,103.10**	820.04	64.76	6.34	**878.46**	224.64	309.93
कार्यालय उपकरण	428.32	9.77	2.93	**435.16**	330.20	36.42	2.90	**363.72**	71.44	98.13
कुल	**28,095.29**	**2,731.68**	**348.72**	**30,478.25**	**20,228.95**	**1,892.57**	**120.84**	**22,000.68**	**8,477.56**	**7,866.34**
पिछले वर्ष	**27,091.49**	**1,457.83**	**454.04**	**28,095.29**	**18,650.54**	**1,831.13**	**252.72**	**20,228.95**		**7,866.34**

अतिरिक्त टिप्पणियां :

i. प्राधिकरण के पास 31.03.2022 के अनुसार 61406.46 एकड़ (लगभग) भूमि का स्वामित्व है जिसमें भा.वि.प्रा. द्वारा विभिन्न एजेंसियों जैसे राज्य सरकार, रक्षा मंत्रालय आदि से पट्टे पर ली गई भूमि शामिल है। उपरोक्त में से, भूमि का एक हिस्सा (लगभग 978.20 एकड़) विभिन्न हवाई अड्डों पर अतिक्रमण के अधीन है। भूमि का नामांतरण, स्वत्व विलेखों (टाइटल डीड) का भा.वि.प्रा. के पक्ष में हस्तांतरण, जहां अब तक नहीं किया गया है, साथ ही भूमि पर अतिक्रमण हटाने का कार्य प्रगति पर है।

कुल भूमि धारिताओं में से, सीएसआई, मुंबई हवाई अड्डे और आईजीआई, नई दिल्ली हवाई अड्डे की भूमि संयुक्त उद्यम कंपनियों अर्थात दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रा. लि. (डीआईएपीएल) – (4799.09 एकड़) और मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (एमआईएपीएल) – (1963.249 एकड़) सीएसआई, मुंबई हवाई अड्डे पर उस संपत्ति को छोड़कर लंबी अवधि के पट्टे पर सौंपी गई, जो उनके प्रचालन के लिए अहम नहीं हैं।

इसके अतिरिक्त अहमदाबाद हवाई अड्डे (919.62 एकड़), लखनऊ हवाई अड्डे (1222.89 एकड़), मैंगलोर हवाई अड्डे (566.40 एकड़), जयपुर हवाई अड्डे (765.11 एकड़), गुवाहाटी हवाई अड्डे (754.60 एकड़) और तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे (606.84 एकड़) की जमीन मैसर्स अडानी अहमदाबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एएआईएएल), अडानी लखनऊ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एएलआईएएल), अडानी मैंगलोर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एमायल), अडानी जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एजेआईएएल), अडानी गुवाहाटी इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एजीआईएएल) और अडानी तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एटीआईएएल) को क्रमशः अहमदाबाद, लखनऊ, मैंगलोर, जयपुर, गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम में सार्वजनिक निजी भागीदारी मोड के माध्यम से 50 वर्षों की अवधि के लिए छह हवाई अड्डों को पट्टे पर सौंपा जा चुका है।

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

9. अमूर्त परिसंपत्तियां (जारी)

ii. रक्षा मंत्रालय और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के बीच विभिन्न हवाई अड्डों पर भूमि के हस्तांतरण की शर्तों और निबंधनों पर अभी निर्णय लिया जाना शेष है। आईजीआई हवाई अड्डा, दिल्ली पर 56.78 एकड़ भूमि रक्षा मंत्रालय (एमओडी) से ली गई थी। यह भूमि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के प्रभुत्व में है और एमओडी ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा पहले से भुगतान किए गए 2 करोड़ रुपए के अतिरिक्त कोई और मांग नहीं उठाई है।

iii. राष्ट्रीय राजमार्ग–45 पर चेन्नई हवाई अड्डे के सामने फ्लाईओवर के निर्माण के लिए 5154.50 वर्गमीटर भूमि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को सौंपी गई थी। भूमि के विवरण निम्नानुसार हैं :

(क) पल्लवम छावनी	–	3881.40 वर्गमीटर
(ख) मीनांबक्कम ग्राम	–	1273.10 वर्गमीटर

जहां तक उपरोक्त (क) का संदर्भ है, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को एनएचएआई से दिनांक 10.06.2020 को 12.75 करोड़ रुपए की मुआवजा राशि प्राप्त हुई है। जहां तक उपरोक्त (ख) का संदर्भ है, उक्त भूमि की बाजार लागत कलेक्टर कार्यालय से एकत्र की जा रही है और तदनुसार एनएचएआई से मांग की जाएगी।

iv. लखनऊ हवाई अड्डे के निकट भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने लखनऊ बाई पास के निर्माण के लिए 6673.70 वर्ग मीटर भूमि ले ली है। 30.07.2012 को आयोजित बैठक में की गई चर्चा और सहमति के रूप में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण राजस्व प्राधिकारियों द्वारा यथा स्वीकृत दरों पर सड़क के निर्माण के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा कब्जा की गई भूमि के लिए मुआवजे का भुगतान करने को तैयार है। कई बार अनुस्मारक देने के बावजूद अब तक भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा किसी मुआवज़े का भुगतान नहीं किया गया है। इस संबंध में एनएचएआई के साथ दिनांक 08.04.2019 को एक बैठक आयोजित की गई और तत्पश्चात दिनांक 23.04.2019 के पत्र द्वारा भा. वि. प्रा. को सूचित किया गया कि एनएचएआई द्वारा अधिग्रहित अन्य भूमि, जो कि भा. वि. प्रा. की भूमि से सटी है, एनएचएआई द्वारा 8.00 लाख रुपए प्रति एकड़ की दर से मुआवजे का भुगतान किया गया है और तदनुसार एनएचएआई 6673.70 वर्गमीटर भूमि के लिए भा. वि. प्रा. को 13,29,401 रुपए का मुआवजा देने के लिए तैयार है और उसके लिए भा. वि. प्रा. की स्वीकृति मांगी है। हालाँकि उक्त मुआवजा भा. वि. प्रा. को स्वीकार्य नहीं है।

v. भा. वि. प्रा. की अधिकृत 1.5 एकड़ भूमि (हवाई अड्डा पहुंच मार्ग) को झाररखंड राज्य सरकार को बिरसा मुंडा हवाई अड्डा, रांची सड़क विकास परियोजना के लिए, इस शर्त के साथ दिया गया था कि भूमि का स्वामित्व भा. वि. प्रा. के पास रहेगा और झारखंड राज्य सरकार अपने खर्च पर सड़क का निर्माण करेगी तथा भविष्य में इसका रखरखाव करेगी।

vi. भा. वि. प्रा. ने वर्ष 2017–18 के दौरान दहिसर में मेट्रो शेड के निर्माण के लिए मुंबई मेट्रो क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण के साथ 40 एकड़ भूमि की अदला–बदली की। इस संबंध में, भा. वि. प्रा. बोर्ड ने 23.03.2017 को हुई अपनी 174वीं बैठक में संकल्प लिया था कि एमएमआरडीए 2016–17 के आधार पर स्टांप ड्यूटी रेकनर दर के अनुसार भूमि की अंतर लागत का भुगतान करेगा, जो कि उपकरणों के हस्तांतरण के लिए 472.70 करोड़ रु.और 64 करोड़ रु. आंका गया है। यह राशि अभी तक भा. वि. प्रा. को प्राप्त नहीं हुई है और भा. वि. प्रा. ने मुकदमेबाजी के कारण जिसमें महाराष्ट्र सरकार और नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, मुंबई सम्मिलित हैं, दहिसर की भूमि पर कोई भौतिक कब्जा नहीं दिया है, जो भा. वि. प्रा. को सौंपी जानी है। जबकि, भा. वि. प्रा. को इन दोनों स्थानों पर भूमि के हस्तांतरण के लिए कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है। मुंबई में एमएमआरडीए के साथ 40 एकड़ भूमि की न तो अदला–बदली हुई है और न ही कैबिनेट के निर्णय के बावजूद एमएमआरडीए द्वारा भुगतान जारी किया गया है। इस 40 एकड़ भूमि पर वास्तविक प्रभुत्व भा.वि.प्रा. के पास है।

vii. एएआईसीएलएएस (भा.वि.प्रा. की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) को पट्टे पर देने हेतु 01.04.2017 से विभिन्न हवाई अड्डों पर पूर्वव्यापी प्रभाव से लगभग 122.24 एकड़ (494687.72 वर्ग मीटर लगभग) की भूमि की पहचान की गई है। रियायत और पट्टा समझौता अनुमोदन के लिए मसौदा प्रस्तुत किया गया है।

viii. कुल 53.69 एकड़ (28.65 + 25.04) माप की भूमि को आईजीआई हवाई अड्डे पर शिव मूर्ति के पास द्वारका एक्सप्रेसवे और इंटर चेंज लूप के निर्माण के लिए स्थायी रूप से एनएचएआई को हस्तांतरित किया जा रहा है। एएआई बोर्ड ने पहले ही एनएचएआई को भूमि के उक्त हस्तांतरण और एनएचएआई को बाजार दर पर 28.65 एकड़ भूमि और नाममात्र लागत पर 25.04 एकड़ भूमि अर्थात् 1 रुपए – शिव मूर्ति इंटरचेंज को टी–3 से प्रस्तावित कनेक्टिविटी के लिए मंजूरी दे दी है।

बोर्ड ने यह भी मंजूरी दे दी है कि एनएचएआई स्थायी भूमि हस्तांतरण के समय लागू बाजार दर पर भूमि लागत/मुआवजे का निपटान करेगा। एनएचएआई को जमीन के हस्तांतरण की पहले ही मंजूरी दे दी गई है। जबकि, भूमि के स्थायी हस्तांतरण के लिए, 26.06.2019 को भारत सरकार की स्वीकृति मांगी गई है, जो प्रतीक्षित है।

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

9. अमूर्त परिसंपत्तियां (जारी)

ix. नागपुर हवाई अड्डे को एमआईएचएएन द्वारा चलाया जा रहा है और उस पर परिसंपत्ति 06/07 अगस्त 2009 को 30 वर्ष की अवधि के लिए भूमि के पट्टे के प्रावधान के साथ सौंप दी गई थी (30 वर्ष तक विस्तार योग्य)।

नागपुर हवाई अड्डे पर कुल भूमि 1278.25 एकड़ (लगभग) है। एमआईएचएएन को पट्टे पर देने के लिए प्रस्तावित निवल भूमि क्षेत्र को एएआई के उपयोग के लिए आवश्यक भूमि के पॉकेट्स को अंतिम रूप देने के बाद फ्रीज़ किया जा रहा है (भूमि कार्व्ड आउट है) लीज डीड पर हस्ताक्षर करने के संबंध में, इसे भारत सरकार से अनुमोदन प्राप्त होने के बाद निष्पादित किया जाएगा, वह भी पूर्वव्यापी प्रभाव अर्थात् अगस्त 2009 से 30 वर्ष के लिए है तथा 30 वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है।

x. वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान मेट्रो परियोजनाओं के लिए भूमि का स्थायी हस्तांतरण :–

ए) एनएससीबीआई हवाई अड्डा कोलकाता – 2600 वर्गमीटर। द्वितीय चरण के लिए भूमि की भूमि लागत भुगतान के प्रति (कुल लागत निहितार्थ 31.10 करोड़ रुपए/ 1,19,600 रुपए प्रति वर्ग मीटर)

बी) लखनऊ हवाई अड्डा –13206.81 वर्गमीटर। प्राप्त लागत–आंशिक भुगतान (कुल लागत निहितार्थ 8.10 करोड़ रु.) के प्रति हवाई अड्डा मेट्रो स्टेशन के निर्माण के लिए। उक्त भूमि को औपचारिक रूप से लागत/मुआवजे के निपटान के बाद और भारत सरकार के अनुमोदन के अधीन स्थानांतरित किया जाएगा।

सी) मुंबई हवाईअड्डा – 10265 वर्गमीटर की भूमि। लागत मुआवजे के भुगतान के प्रति मुंबई मेट्रो के लिए एमएमआरडीए को हस्तांतरित कर दिया गया है। भुगतान प्राप्त। मंत्रिमंडल की स्वीकृति प्रतीक्षित (कुल लागत निहितार्थ 64.37 करोड़ रुपए)।

डी) आईजीआई हवाई अड्डा – 6093.20 वर्गमीटर की भूमि। तुगलकाबाद–एरोसिटी कनेक्टिविटी के लिए प्रस्तावित मेट्रो स्टेशन के निर्माण के लिए डीएमआरसी को हस्तांतरित किया जाना है। उक्त भूमि को औपचारिक रूप से लागत/मुआवजे के निपटान के बाद और भारत सरकार के अनुमोदन के अधीन हस्तांतरित किया जाएगा। अनुमेय कब्जा पहले ही दिया जा चुका है।

xi. वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान राज्य सरकार को भूमि का स्थायी हस्तांतरण :-

ए) महाराष्ट्र – भा.वि.प्रा. के लिए अधिग्रहित की जा रही 64 एकड़ प्रस्तावित भूमि से निवास के पुनर्वास के लिए 2 हेक्टेयर भूमि महाराष्ट्र सरकार को सौंपी जा रही है। राज्य सरकार द्वारा 64 एकड़ भूमि अधिग्रहित की जा रही है और कोल्हापुर हवाई अड्डे के विकास के लिए निः शुल्क आधार पर भा.वि.प्रा. को सौंपी जाएगी। उपरोक्त से भा.वि.प्रा. के लिए कोई वित्तीय देयता उत्पन्न नहीं हो रही है।

xii. वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान भा.वि.प्रा. भूमि का अनुमेय कब्जा : -

ए) खजुराहो – पानी की पाइप लाइन बिछाने के लिए 8.64 लाख रुपए करों के भुगतान पर 300 वर्गमीटर भूमि मध्य प्रदेश सरकार को।

बी) शिलांग/बारापानी – यात्रियों की सुरक्षित आवाजाही के लिए भा.वि.प्रा. को सुरक्षा उपकरण स्थापित करने में सक्षम बनाने के लिए ग्रामीण सड़क के मोड़ के लिए 6075.57 वर्गमीटर भूमि दी गई है। उपरोक्त दो मामलों का स्वामित्व भा.वि.प्रा. के पास रहेगा।

xiii. मूल्यह्रास के आरंभिक शेष में भवन फ्रीहोल्ड 1.66 करोड़ रुपए, बाउंडरी 0.05 करोड़ रुपए, संयंत्र और उपकरण 3.72 करोड़ रुपए के संबंध में वित्तीय वर्ष 13–14 में बंगलौर और हैदराबाद हवाई अड्डे पर पहचानी गई क्षति हानि शामिल है, जो कुल मिलाकर 5.43 करोड़ रुपए है और इसे आगे बढ़ाया गया है।

xiv. उपरोक्त परिसंपत्तियों में से, कुल परिसंपत्ति 0.33 करोड़ रुपए (सकल ब्लॉक – 22.18 करोड़ रुपए और संचित मूल्यह्रास 21.85 करोड़ रुपए) जिसमें रनवे (सकल ब्लॉक– 0.28 करोड़ रुपए) भवन (सकल ब्लॉक– 1.85 करोड़ रुपए), संयंत्र और उपकरण (सकल ब्लॉक– 15.65 करोड़ रुपए), फर्नीचर (सकल ब्लॉक– 0.85 करोड़ रुपए), वाहन (सकल ब्लॉक– 2.60 करोड़ रुपए) सम्मिलित हैं और कार्यालय उपकरण (सकल ब्लॉक– 0.95 करोड़ रुपए) को सक्रिय उपयोग से हटा दिया गया है।

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

10. अमूर्त परिसंपत्तियां

(करोड़ रु. में)

विवरण	सकल ब्लॉक				परिशोधन				निवल ब्लॉक	
	01.04.2021 को	जमा	समायोजन/विलोपन/ हस्तांतरण/ पुनर्वर्गीकरण/बिक्री	31.03.2022 को	31.03.2021 तक उपलब्ध करवाया गया	वर्ष के दौरान उपलब्ध करवाया गया	बिक्री/ हस्तांतरण का समायोजन	31.03.2022 तक कुल	31.03.2022 को	31.03.2021 को
कंप्यूटर सॉफ्टवेयर	128.18	3.10	-	131.28	107.38	8.96	-	116.34	14.94	20.80
कुल	**128.18**	**3.10**	**-**	**131.28**	**107.38**	**8.96**	**-**	**116.34**	**14.94**	**20.80**
पिछला वर्ष	**120.01**	**9.00**	**0.83**	**128.18**	**97.94**	**10.27**	**0.83**	**107.38**		**20.80**

11. प्रगतिशील पूंजीगत कार्य

(करोड़ रु. में)

विवरण	सकल ब्लॉक				परिशोधन				निवल ब्लॉक	
	01.04.2021 को	जमा	समायोजन/विलोपन/ हस्तांतरण/ पुनर्वर्गीकरण/बिक्री	31.03.2022 को	31.03.2021 तक उपलब्ध करवाया गया	वर्ष के दौरान उपलब्ध करवाया गया	बिक्री/ हस्तांतरण का समायोजन	31.03.2022 तक कुल	31.03.2022 को	31.03.2021 को
प्रगतिशील पूंजीगत कार्य	7,245.40	3,115.51	2,669.55	7,691.36	-	-	-	-	7,691.36	7,245.40
कुल	**7,245.40**	**3,115.51**	**2,669.55**	**7,691.36**	**-**	**-**	**-**	**-**	**7,691.36**	**7,245.40**
पिछला वर्ष	**4,845.54**	**3,634.62**	**1,234.76**	**7,245.40**	**-**	**-**	**-**	**-**		**7,245.40**

12. विकासशील अमूर्त परिसंपत्तियां

(करोड़ रु. में)

विवरण	सकल ब्लॉक				परिशोधन				निवल ब्लॉक	
	01.04.2021 को	जमा	समायोजन/विलोपन/ हस्तांतरण/ पुनर्वर्गीकरण/बिक्री	31.03.2022 को	31.03.2021 तक उपलब्ध करवाया गया	वर्ष के दौरान उपलब्ध करवाया गया	बिक्री/ हस्तांतरण का समायोजन	31.03.2022 तक कुल	31.03.2022 को	31.03.2021 को
विकासशील अमूर्त परिसंपत्तियां	2.69	0.02	2.22	0.49	-	-	-	-	0.49	2.69
कुल	**2.69**	**0.02**	**2.22**	**0.49**	**-**	**-**	**-**	**-**	**0.49**	**2.69**
पिछला वर्ष	**3.84**	**0.99**	**2.14**	**2.69**	**-**	**-**	**-**	**-**		**2.69**

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

13. **गैर-वर्तमान निवेश**

(करोड़ रु. में)

विवरण	प्रति इक्विटी शेयर का अंकित मूल्य (रु.)	31 मार्च 2022 को इक्विटी शेयर की संख्या	वित्तीय वर्ष 2021-22	वित्तीय वर्ष 2020-21
(दीर्घ कालीन निवेश (लागत पर)				
बिना उद्धृत व्यापार निवेश				
संयुक्त उद्यम कंपनियों/संयुक्त कंपनियों के पूर्णरूप से प्रदत्त इक्विटी शेयर				
हैदराबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एचआईएएल)	10/-	4,91,40,000	**49.14**	49.14
बैंगलोर इंटरनेशनल एयरपोर्ट (बीआईएएल)*	10/-	5,49,97,800	**50.00**	50.00
दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लि. (डायल)	10/-	63,70,00,000	**637.00**	637.00
मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लि. (मायल)	10/-	31,20,00,000	**312.00**	312.00
नेशनल फ्लाइंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट प्राइवेट लि. (गोंदिया)	10/-	3,81,11,795	**38.11**	38.11
मिहान इंडिया प्राइवेट लि. (मिहान)	10/-	98,00,000	**9.80**	9.80
कन्नूर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लि.	100/-	1,00,00,000	**100.00**	100.00
एएआई कार्गो लॉजिस्टिक्स एंड एलाइड सर्विसेज कंपनी लि.	10/-	2,50,00,000	**25.00**	25.00
धोलेरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट कंपनी लिमिटेड	10/-	7,72,70,000	**77.27**	77.27
धालभूमगढ़ एयरपोर्ट लिमिटेड	10/-	25,50,000	**2.55**	2.55
देवघर एयरपोर्ट लि.	10/-	2,550,000	**2.55**	2.55
लुधियाना अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट लि.	10/-	25,50,000	**2.55**	2.55
डिजी यात्रा फाउंडेशन*	10/-	260	**0.00**	0.00
चंडीगढ़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लि.	10/-	49,44,19,295	**494.42**	494.42
कुल : इक्विटी निवेश			**1,800.39**	**1,800.39**

टिप्पणी :-

ए. भा. वि. प्रा. ने वित्तीय वर्ष 2018–19 में डिजी यात्रा फाउंडेशन में 10 रुपए प्रति शेयर की दर से 260 इक्विटी शेयरों में अंशदान किया है।

बी. वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के पक्ष में बैंगलोर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (बायल) द्वारा प्रत्येक 10 रुपए के अंकित मूल्य के साथ 49,99,800 बोनस इक्विटी शेयर जारी किए गए थे।

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

14. आस्थगित कर परिसंपत्तियां

"आय कर हेतु लेखांकन" पर लेखा मानक – 22 के अनुपालन में आस्थगित कर परिसंपत्तियों/देयता (निवल) का मदवार विवरण निम्नलिखित है –

(करोड़ रु. में)

विवरण	01.04.2021 को	वर्ष के दौरान उपलब्ध कराए गए	31 मार्च 2022 को शेष
बही और कर मूल्यह्रास में अंतर	576.73	**91.77**	668.50
अशोध्य व संदिग्ध ऋण हेतु प्रावधान	938.13	**(528.00)**	410.13
नगर निगम कर	3.06	**0.05**	3.11
छुट्टी नकदीकरण / सेवानिवृत्त कर्मचारी चिकित्सा लाभ योजना/ पेंशन योजनाएं	842.59	**53.19**	895.78
सेवानिवृत्त कार्मिकों के पुनर्स्थापन हेतु प्रावधान	22.87	**(1.01)**	21.86
कल्याणकारी (हितकारी निधि)	72.33	**9.91**	82.24
जेवीसी से अपफ्रंट/अग्रिम शुल्क	37.66	**(2.61)**	35.05
वित्तीय वर्ष 2020–21 हेतु अशोधित कर मूल्यह्रास*	393.96	**356.36**	**750.32**
अग्रेनीत घाटा – वित्तीय वर्ष 2020–21*	181.82	**(6.37)**	**175.45**
उपदान (ग्रेच्युटी)	34.18	**2.71**	**36.89**
आस्थगित कर परिसंपत्तियाँ (निवल)	**3,103.33**	**(24.00)**	**3,079.33**

टिप्पणी -

वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए भा. वि. प्रा. के वार्षिक खातों में 3079.33 करोड़ रु. की राशि को आस्थगित कर परिसंपत्तियों (वित्तीय वर्ष 2020–21 और वित्तीय वर्ष 2021–22 से संबंधित अशोधित मूल्यह्रास और अग्रेषित हानि सहित) के रूप में दर्शाया गया है। यह इस बात पर विचार करते हुए किया गया है कि यद्यपि भा. वि. प्रा. वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान घाटे में है और विमानन क्षेत्र पर कोविड–19 के गंभीर प्रभाव के कारण वित्त वर्ष 2021–22 में 8.76 करोड़ का लाभ अर्जित किया है, तथापि महामारी का प्रभाव कम हो रहा है, जिससे भा. वि. प्रा. के पास आने वाले वित्तीय वर्ष (वर्षों) में पर्याप्त कर योग्य आय होगी, जिससे आस्थगित कर परिसंपत्तियाँ अर्जित की जा सकती हैं।

15. ऋण एवं अग्रिम

(करोड़ रु. में)

विवरण	दीर्घ अवधि		अल्प अवधि	
	वित्तीय वर्ष 2021-22	वित्तीय वर्ष 2020-21	वित्तीय वर्ष 2021-22	वित्तीय वर्ष 2020-21
निवेश हेतु अग्रिम -जेवीसी	**86.72**	86.72	-	-
पूंजीगत व्यय हेतु अग्रिम				
सुरक्षित अच्छा माने जाने वाला	**347.35**	411.76	-	-
अग्रिम कर एवं टीडीएस				
स्रोत पर कर कटौती और अग्रिम आयकर	**2,288.60**	5,410.26	8,528.61	4,887.76
अग्रिम कर –अनुषंगी लाभ कर	**-**	-	0.85	3.94
वस्तु एवं सेवा कर	**-**	-	275.35	365.02
सीमाशुल्क/आबकारी/सेवाकर प्राधिकरणों के पास शेष राशियां	**68.31**	68.31	16.01	40.24
पूर्व प्रदत्त व्यय	**-**	-	34.41	51.77
जमा				
असुरक्षित किन्तु अच्छा माने जाने वाला	**194.37**	212.40	-	-

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

15. ऋण एवं अग्रिम (जारी..)

(करोड़ रु. में)

विवरण	दीर्घ अवधि		अल्प अवधि	
	वित्तीय वर्ष 2021-22	वित्तीय वर्ष 2020-21	वित्तीय वर्ष 2021-22	वित्तीय वर्ष 2020-21
कर्मचारी ऋण				
सुरक्षित, अच्छा माने जाने वाला	**328.93**	381.73	127.15	128.76
आपूर्तिकर्ता/कार्यो के लिए अग्रिम				
असुरक्षित किन्तु अच्छा माने जाने वाला	-	-	19.77	18.72
प्राप्य राशि - आरसीएस - एमओसीए	-	-	7.03	13.36
अन्य				
असुरक्षित किन्तु अच्छा माने जाने वाला	-	0.11	81.28	55.53
कुल	**3,314.28**	**6,571.29**	**9,090.46**	**5,565.10**

16. वस्तु सूची

(करोड़ रु. में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2021-22	वित्तीय वर्ष 2020-21
भंडार एवं कलपुर्जे	101.25	87.42
कुल	**101.25**	**87.42**

17. व्यापार प्राप्य

(करोड़ रु. में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2021-22		वित्तीय वर्ष 2020-21	
छह माह से अधिक :	**1,754.35**		3,952.90	
छह माह के अंदर :	**1,087.15**	**2,841.50**	536.35	4,489.25
घटाएं : अशोध्य तथा संदिग्ध ऋण हेतु प्रावधान		**(1622.44)**		(3720.82)
कुल		**1,219.06**		768.43
अन्य टिप्पणियां:				
(क) सुरक्षित, अच्छा माना जाने वाला		**894.10**		436.01
(ख) असुरक्षित किन्तु अच्छा माना जाने वाला		**324.96**		332.42
(ग) संदिग्ध		**1,622.44**		3,720.82

18. नकद एवं नकद समतुल्य

(करोड़ रु. में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2021-22		वित्तीय वर्ष 2020-21	
नकद एवं नकद समतुल्य (सीएफएस)				
बैंक के पास शेष	**337.77**		**1,085.32**	
चैक, ड्राफ्ट शेष	**0.01**		**0.30**	
नकद शेष	**0.05**		**0.02**	
अग्रदेय	**0.63**		**0.82**	
		338.46		**1,086.46**
अन्य बैंक शेष				
बैंक जमा	**1,305.67**	1,305.67	**3.72**	**3.72**
कुल		**1,644.13**		**1,090.18**

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

19. अन्य वर्तमान परिसंपतियां

(करोड़ रु. में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2021-22	वित्तीय वर्ष 2020-21
बिल नहीं किया गया राजस्व	**379.36**	**391.59**
जेवीसी/सहायक कंपनियों से अन्य देय	**177.98**	**159.10**
पीपीपी हवाई अड्डों से अन्य देय	**-**	**678.34**
निवेश/जमा पर प्रोद्भूत ब्याज	**6.80**	**4.69**
लंबित जांच हानियाँ	**0.07**	**0.07**
कुल	**564.21**	**1,233.79**

20. विमानपत्तन दिक्चालन सेवाएं

(करोड़ रु. में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2021-22	वित्तीय वर्ष 2020-21
रूट नेवीगेशन फेसिलिटी चार्जेज़ (आरएनएफसी)	**1,997.61**	1,343.92
टर्मिनल नेवीगेशन लैंडिंग चार्जेज़ (टीएनएलसी)	**375.16**	235.55
अन्य सीएनएस/एटीएम सेवा राजस्व	**7.19**	8.15
कुल	**2,379.96**	**1,587.62**

21. विमानपत्तन सेवाएं

(करोड़ रु. में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2021-22		वित्तीय वर्ष 2020-21	
लैंडिंग, पार्किंग एवं हाउसिंग (एलपीएच)		**572.29**		519.70
यात्री सेवा शुल्क :–				
– सुविधा	**0.43**		23.99	
– सुरक्षा	**-**	**0.43**	-	23.99
प्रयोक्ता विकास शुल्क				
– अंतरराष्ट्रीय यात्री	**109.25**		36.12	
– अंतर्देशीय यात्री	**886.49**	**995.74**	606.67	642.79
ऑइल थ्रुपुट राजस्व		**-**		1.67
ग्राउंड हैंडलिंग		**41.16**		52.26
सेवा घंटों का विस्तार		**8.85**		7.95
सीयूटीई प्रभारों पर रॉयल्टी		**55.57**		42.85
कुल		**1,674.04**		**1,291.21**

22. गैर-वैमानिक विमानपत्तन सेवाएं

(करोड़ रु. में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2021-22	वित्तीय वर्ष 2020-21
किराया एवं सेवाएं	**515.96**	544.06
ट्रेडिंग रियायतें	**300.47**	283.45
कार पार्किंग	**30.70**	17.79
ढुलाई	**0.39**	0.07

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

22. गैर-वैमानिक विमानपत्तन सेवाएं (जारी..)

(करोड़ रु. में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2021-22	वित्तीय वर्ष 2020-21
प्रवेश शुल्क/कमर्शियल पास	**4.32**	3.72
विश्रामकक्ष	**1.14**	0.93
एनओसी–हाइट क्लियरेंस	**25.20**	12.36
परामर्श सेवाएं	**26.26**	17.64
विविध गैर–वैमानिक विमानपत्तन सेवाएं	**7.65**	5.82
कुल	**912.09**	**885.84**

23. कार्गो राजस्व

(करोड़ रु. में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2021-22	वित्तीय वर्ष 2020-21
कार्गो राजस्व	-	-
कुल	**-**	**-**

24. विमानपत्तन पट्टा राजस्व (पीपीपी विमानपत्तन राजस्व सहित)

(करोड़ रु. में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2021-22		वित्तीय वर्ष 2020-21	
(ए) विमानपत्तन पट्टा राजस्व				
अग्रिम शुल्क		**10.37**		10.37
वार्षिक शुल्क :–				
डायल	-		446.21	
मायल	1,027.67	**1,027.67**	26.92	473.13
(बी) पीपीपी हवाई अड्डों से राजस्व				
अग्रिम शुल्क	**32.69**		8.96	
वार्षिक रियायत शुल्क	**296.90**	**329.59**	78.29	87.25
कुल		**1,367.63**		**570.75**

25. अन्य आय

(करोड़ रु. में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2021-22	वित्तीय वर्ष 2020-21
ब्याज से आय	**30.25**	98.99
प्राप्त लाभांश – जेवीसी / सहायक कंपनियां	**87.08**	27.70
अचल परिसंपत्तियों की बिक्री पर लाभ	**71.89**	37.65
प्रशिक्षण संस्थानों से आय	-	0.14
विविध आय	**295.17**	289.03
ब्याज और जुर्माना	**18.70**	73.92
कर्मचारी संबंधित वसूलियां	**4.48**	4.19
कुल	**507.57**	**531.62**

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

26. कर्मचारी लाभ व्यय

(करोड़ रु. में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2021-22	वित्तीय वर्ष 2020-21
वेतन और भत्ते	**2,369.75**	2,311.92
अन्य कर्मचारी लागत	**1,141.00**	1,002.99
भविष्य निधि और अन्य निधियों में योगदान	**374.71**	256.79
प्रचालन सहायक लागत की कम वसूली – जेवीसी/सहायक कंपनियाँ/पीपीपी हवाई अड्डे	**(183.38)**	(66.30)
कुल	**3,702.08**	**3,505.40**

27. प्रचालन व्यय

(करोड़ रु. में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2021-22		वित्तीय वर्ष 2020-21	
किराया, दरें और कर		**3.46**		4.26
नगर निगम कर		**40.17**		73.65
बीमा		**20.21**		41.88
विज्ञापन और प्रचार		**1.84**		3.40
मरम्मत एवं रखरखाव :–				
सिविल कार्य	**199.35**		220.33	
इलेक्ट्रिकल कार्य	**311.39**		332.63	
वाहन	**20.13**		20.37	
उपकरण और फर्नीचर	**23.02**		22.16	
इलेक्ट्रॉनिक्स	**214.38**		188.60	
सूचना प्रौद्योगिकी अवसंरचना	**76.89**	**845.16**	86.85	870.94
स्टोर और पुर्जों की खपत		**41.73**		34.98
बिजली और जल प्रभार		**316.48**		320.80
मौसम विज्ञान सेवा शुल्क		**140.82**		139.14
रखरखाव व्यय		**117.03**		137.84
बागवानी व्यय		**4.83**		5.57
कुल		**1,531.72**		**1,632.46**

28. प्रशासनिक और अन्य व्यय

(करोड़ रु. में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2021-22	वित्तीय वर्ष 2020-21
कानूनी व्यय	**43.74**	**21.98**
परामर्शी सेवाएं	**15.34**	**17.19**
मालभाड़ा प्रभार	**0.41**	**0.46**
डाक और कुरियर प्रभार	**0.65**	**0.57**
टेलीफोन, फैक्स और इंटरनेट शुल्क	**5.77**	**5.98**
मुद्रण एवं लेखन सामग्री	**4.82**	**4.80**

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

28. प्रशासनिक और अन्य व्यय (जारी..)

(करोड़ रु. में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2021-22		वित्तीय वर्ष 2020-21	
पट्टा किराया		**6.54**		4.88
प्रशिक्षण व्यय		**3.45**		4.85
यात्रा व्यय		**78.72**		42.74
अशोध्य एवं संदिग्ध ऋणों हेतु प्रावधान		**(1,261.90)**		537.47
अशोध्य ऋण		**991.48**		-
पूर्व अवधि समायोजन (निवल)		**270.55**		82.43
राजभाषा पर व्यय		**1.15**		0.91
क्षेत्रीय हवाई सम्पर्कता – व्यय		**0.05**		0.25
प्रशिक्षण केन्द्रों को अनुदान		**0.49**		0.25
अचल परिसंपत्तियों की बिक्री पर व्यय/हानि		**-**		0.07
सीएजी वैधानिक लेखा परीक्षा हेतु लेखा परीक्षक शुल्क	4.00		3.00	
अन्य सेवाओं के लिए शुल्क – लेखा परीक्षा	**0.11**	**4.11**	0.23	3.23
किराया प्रभार		**90.87**		81.46
अनुसंधान और विकास व्यय		**0.06**		-
निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व व्यय		**31.04**		78.68
वॉच एवं वॉर्ड/सुरक्षा संविदा		**72.71**		76.01
संग्रह प्रभार		**23.42**		15.31
गारंटी शुल्क		**2.04**		2.46
मध्यस्थता व्यय		**1.36**		1.91
विविध		**50.29**		56.65
कुल		**437.16**		**1,040.54**

29. वित्तीय लागतें

(करोड़ रु. में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2021-22	वित्तीय वर्ष 2020-21
ऋणों पर ब्याज*	**64.40**	40.59
विदेशी मुद्रा लेन देन पर लागू निवल हानि	**1.32**	(1.01)
पट्टा दायित्वों पर ब्याज	**3.95**	5.43
अन्य वित्तीय प्रभार	**-**	-
कुल	**69.67**	**45.01**

अन्य टिप्पणियां :-

उपर्युक्त ऋणों पर ब्याज में लेखा मानक 16 के अनुसार वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान पूंजीकृत 110.68 करोड़ रुपए (वित्तीय वर्ष 2020–21 में 22.59 करोड़ रुपए) की राशि के ऋण पर ब्याज शामिल नहीं है।

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

30. मूल्यह्रास एवं परिशोधन व्यय

(करोड़ रु. में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2021-22	वित्तीय वर्ष 2020-21
मूर्त परिसंपतियों पर मूल्यह्रास/परिशोधन	**1,895.54**	1,811.34
अमूर्त परिसंपतियों पर परिशोधन	**8.84**	8.41
कुल	**1,904.38**	**1,819.75**

31. सुरक्षा व्यय

(करोड़ रु. में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2021-22	वित्तीय वर्ष 2020-21
विमानन सुरक्षा बल – केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल	-	-
राज्य पुलिस सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियां	-	-
कुल	**-**	**-**

32. असाधारण मदें

(करोड़ रु. में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2021-22	वित्तीय वर्ष 2020-21
पुराना पुनर्वास प्रावधान वापस लिया गया	-	(409.11)
एयर इंडिया के सेटलमेंट के कारण संदिग्ध ऋणों के प्रावधान का प्रत्यावर्तन	**(836.48)**	-
कुल	**(836.48)**	**(409.11)**

33. पूर्व वर्षो से संबंधित आय / (व्यय) (निवल)

(करोड़ रु. में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2021-22		वित्तीय वर्ष 2020-21	
ए. व्यय				
कर्मचारी लाभ व्यय	**0.50**		(18.82)	
प्रचालन व्यय	**(22.35)**		2.12	
प्रशासनिक और अन्य व्यय	**2.20**		17.50	
मूल्यह्रास एवं परिशोधन व्यय	**(2.86)**		21.64	
सुरक्षा व्यय	**6.57**	**(15.94)**	31.92	54.36
बी. आय				
विमानपत्तन दिक्चालन सेवाएं	**0.57**		0.84	
विमानपत्तन सेवाएं	**1.04**		(0.57)	
गैर – वैमानिक विमानपत्तन सेवाएं	**306.81**		17.32	
कार्गो राजस्व	**0.21**		-	
विमानपत्तन पट्टा राजस्व	**3.17**		-	
अन्य आय	**(25.31)**	**286.49**	10.48	28.07
कुल		**270.55**		82.43

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

34. "कर्मचारी लाभ" पर एएस 15 (संशोधित) के अन्तर्गत प्रकटीकरण

निर्धारित अंशदान योजना :

ए) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा भविष्य निधि हेतु पूर्व निर्धारित दर पर एक अलग ट्रस्ट को निश्चित अंशदान दिया जाता है जो इस निधि को अनुमत प्रतिभूतियों में निवेश करता है। इस अवधि के दौरान किए गए अंशदान को व्यय के रूप में दर्शाया जाता है तथा यह लाभ और हानि खाते में प्रभारित होता है।

बी) "भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण कर्मचारी निर्धारित अंशदान पेंशन योजना" को नागर विमानन मंत्रालय द्वारा अनुमोदन के परिणामस्वरूप तथा 2018–19 के दौरान "भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण कर्मचारी निर्धारित अंशदान पेंशन ट्रस्ट" के गठन के बाद से, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण 01.01.2007 से प्रभावी अवधि के लिए पात्र कर्मचारियों के संबंध में ट्रस्ट को पूर्व निर्धारित दर पर अंशदान का भुगतान कर रहा है। निधियों में योगदान और निर्धारित देयताओं को लाभ एवं हानि खाते में प्रभारित किया जाता है।

निर्धारित हितलाभ योजना :

ए) **अवकाश:** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण अपने कर्मचारियों को अर्जित अवकाश एवं अर्ध वेतन अवकाश का लाभ देता है जो कि क्रमशः 30 दिन तथा 20 दिन प्रतिवर्ष के हिसाब से उपार्जित होता है। अर्जित अवकाश का सेवाकाल के दौरान नकदीकरण कराया जा सकता है बशर्ते कि नकदीकरण के समय 30 दिन अवकाश खाते में शेष हो तथा सेवानिवृत्ति/त्यागपत्र या मृत्यु पर अधिकतम 300 दिनों का नकदीकरण किया जा सकता है। इसी प्रकार, अप्रयुक्त अर्ध वेतन अवकाश का सेवानिवृत्ति/त्यागपत्र या मृत्यु होने पर अधिकतम 240 दिनों तक का पूरा नकदीकरण किया जा सकता है। उपर्युक्त सीमाएं 30.09.2020 तक लागू थीं।

भा.वि.प्रा. एच.आर.एम. परिपत्र संख्या : 68/2020 दिनांक 28–10–2020 के अनुसार, सेवानिवृत्ति/त्यागपत्र या मृत्यु की तिथि पर अर्जित अवकाश (ईएल) और अर्ध वेतन अवकाश (एचपीएल) के नकदीकरण संबंधी नियम में डीपीई दिशानिर्देशों के अनुरूप संशोधन किया गया है अर्थात ''ईएल और एचपीएल को 300 दिनों की समग्र सीमा तक सेवानिवृत्ति पर छुट्टी के नकदीकरण के लिए विचार किया जा सकता है''। एचपीएल के लिए देय नकद समतुल्य अर्ध–वेतन सहित डीए के लिए स्वीकार्य अवकाश वेतन के बराबर होगा और ईएल में कमी को पूरा करने के लिए, एचपीएल का कोई रूपांतरण अनुमेय नहीं होगा। यह संशोधन 01–10–2020 से प्रभावी हो गया है। इसके लिए देयता बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर स्वीकार की जाती है।

बी) सेवानिवृत्ति पश्चात चिकित्सा सुविधा : सेवानिवृत्त कर्मचारी तथा उसकी पत्नी/पति को एक बार के लिए निर्धारित अंशदान के भुगतान के बदले चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जाती हैं बशर्ते कि उसने 15 वर्ष की निरन्तर सेवा की हो। न्यूनतम 15 वर्षों की सेवा का प्रावधान कार्यात्मक बोर्ड सदस्यों पर लागू नहीं है बशर्ते कि उन्होंने अपना कार्यकाल पूरा किया हो। यह योजना स्वैच्छिक है तथा वार्षिक आधार पर बीमांकन मूल्यांकन के आधार पर लाभ व हानि खाते में प्रदर्शित की जाती है।

सी) उपदान : प्रत्येक पूर्ण वर्ष की सेवा के लिए 15 दिनों का वेतन उपदान के रूप में दिया जाता है बशर्ते कि न्यूनतम 5 वर्षों की निरन्तर सेवा पूरी की गई हो। दिनांक 01.01.2017 से इसकी उच्चतम सीमा 20 लाख रुपए (31.12.2016 तक 10 लाख रुपए) निर्धारित की गई है। इस के लिए देयता वार्षिक आधार पर बीमांकन मूल्यांकन के आधार पर लाभ और हानि खाते में प्रदर्शित की जाती है।

डी) हितकारी निधि योजना : दिनांक 01.01.2018 से प्रभावी संशोधित भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण कर्मचारी हितकारी निधि योजना के अनुसार अंशदान एवं पात्रता लाभ निम्न प्रकार से होंगे :

ए) दिनांक 01.01.2018 से कर्मचारी 250 रुपए प्रतिमाह अंशदान देगा

बी) अधिवर्षिता, अनिवार्य/स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति तथा मृत्यु होने पर मासिक पात्रता के रूप में आठ (8) वर्षों की अवधि के लिए निम्न प्रकार से भुगतान किया जाएगा :

(i) पृथक होने से पहले दो (2) वर्ष तक 250 रुपए का बढ़ा हुआ अंशदान देने वाले कर्मचारियों को 7,000 रुपये प्रति माह।

(ii) पृथक होने से पहले दो (2) वर्ष से अधिक किन्तु पाँच (5) वर्षों तक 250 रुपए का बढ़ा हुआ अंशदान देने वाले कर्मचारियों को 10,000 रुपए प्रति माह।

(iii) पृथक होने से पहले पांच (5) वर्ष की अवधि से अधिक 250 रुपए का बढ़ा हुआ अंशदान देने वाले कर्मचारियों को 12,000 रुपए प्रति माह।

इस के लिए बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर देयता की पहचान की जाएगी।

ई) सेवानिवृत्ति के पश्चात समायोजन लाभ : सेवानिवृत्ति के समय कर्मचारी (तथा आश्रित) भारत में अपनी पसंद के स्थान पर बसने के पात्र हैं। वे स्थानांतरण यात्रा भत्ता आदि पाने के उसी प्रकार से पात्र होते हैं जिस प्रकार स्थानांतरण पर सेवारत कर्मचारियों को प्राप्त होता है। इसके लिए देयता वार्षिक बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर लाभ एवं हानि खाते में दर्शाई जाती है।

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

i) सीडब्ल्यूआईपी/लाभ और हानि खाते के विवरण में अभिज्ञात व्यय

(करोड़ रु. में)

विवरण	उपदान (ग्रेच्युटी)		चिकित्सा लाभ		सेवानिवृत्ति के पश्चात समायोजन लाभ	
	2021-22	2020-21	2021-22	2020-21	2021-22	2020-21
वर्तमान सेवा लागत	33.70	31.74	43.57	31.44	17.53	14.95
लाभ देयता पर ब्याज लागत	9.23	8.19	84.85	74.95	6.18	6.16
योजना परिसंपत्तियों पर अनुमानित लाभ	-	-	-	-	-	-
वर्ष के दौरान अभिज्ञात कुल बीमांकिक (लाभ)/हानि	(22.20)	(23.43)	106.72	110.72	(24.67)	5.28
पिछली सेवा लागत– अवधि के दौरान अभिज्ञात निहित लाभ	-	-	-	-	-	-
वर्ष के लिए व्यय	20.73	16.50	235.14	217.11	(0.96)	26.39

ii) तुलन पत्र में अभिज्ञात राशि

(करोड़ रु. में)

विवरण	उपदान (ग्रेच्युटी)		चिकित्सा लाभ		सेवानिवृत्ति के पश्चात समायोजन लाभ	
	2021-22	2020-21	2021-22	2020-21	2021-22	2020-21
प्रारम्भिक निवल देयता	135.78	119.28	1,227.86	1,100.59	90.82	89.64
उपर्युक्त के अनुसार व्यय	20.73	16.50	235.14	217.11	(0.96)	26.39
नियोक्ता का अंशदान/भुगतान किए गए लाभ	-	-	(118.51)	(89.84)	(3.00)	(25.21)
नियोक्ता का अंशदान	(10.00)	-	-	-	-	-
तुलन पत्र में अभिज्ञात निवल परिसंपत्ति/(देयता)	146.51	135.78	1,344.49	1,227.86	86.86	90.82

iii) परिभाषित लाभ देयताओं के वर्तमान मूल्य में परिवर्तन :

(करोड़ रु. में)

विवरण	उपदान (ग्रेच्युटी)		चिकित्सा लाभ		सेवानिवृत्ति के पश्चात समायोजन लाभ	
	2021-22	2020-21	2021-22	2020-21	2021-22	2020-21
प्रारंभ में देयता का वर्तमान मूल्य	1,377.07	1,396.50	1,227.86	1,100.59	90.82	89.64
ब्याज लागत	93.64	95.94	84.85	74.95	6.18	6.16
वर्तमान सेवा लागत	33.70	31.74	43.57	31.44	17.53	14.95
पिछली सेवा लागत– अवधि के दौरान अभिज्ञात निहित लाभ	-	-	-	-	-	-
नियोक्ता द्वारा सीधे भुगतान किए गए लाभ	-	-	(118.51)	(89.84)	(3.00)	(25.21)

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

iii) परिभाषित लाभ देयताओं के वर्तमान मूल्य में परिवर्तन (जारी..)

(करोड़ रु. में)

विवरण	उपदान (ग्रेच्युटी)		चिकित्सा लाभ		सेवानिवृत्ति के पश्चात समायोजन लाभ	
	2021-22	2020-21	2021-22	2020-21	2021-22	2020-21
निधि से भुगतान किए गए लाभ	(131.05)	(124.32)	-	-	-	-
देयता पर निवल बीमांकिक (लाभ)/हानि	(17.00)	(22.79)	106.72	110.72	(24.67)	5.28
वर्तमान अवधि के अंत में परिभाषित लाभ देयता का वर्तमान मूल्य	1,356.36	1,377.07	1,344.49	1,227.86	86.86	90.82

** बीमा कंपनी के पास उपलब्ध निधि सहित

iv) योजना परिसंपत्तियों के उचित मूल्य में परिवर्तन :

(करोड़ रु. में)

विवरण	उपदान (ग्रेच्युटी)	
	2021-22	2020-21
वर्ष के प्रारम्भ में योजना परिसंपत्तियों का उचित मूल्य	1,241.29	1,277.22
योजना परिसंपत्तियों पर अनुमानित प्राप्ति	84.41	87.75
नियोक्ता का अंशदान	10.00	-
प्रदत लाभ	(1,31.05)	(124.32)
बीमांकिक लाभ/(हानि)	5.20	0.64
वर्ष के अंत में योजना परिसंपत्तियों का उचित मूल्य	**1,209.85**	**1,241.29**

v) योजना परिसंपत्तियों (उपदान) का विवरण

31 मार्च 2022 को लागत पर योजना परिसंपत्तियों का विवरण इस प्रकार है :

(करोड़ रु. में)

विवरण	2021-22	2020-21
भारत सरकार की प्रतिभूतियां	-	-
निगमित बॉन्ड	-	-
विशेष जमा योजनाएं	-	-
नकद तथा नकद समकक्ष	-	-
बीमाकर्ता प्रबंधित निधि	1,195.72	1,233.49
अन्य	14.13	7.80
कुल	**1,209.85**	**1,241.29**

vi) बीमांकिक धारणाएं

बीमांकिक मूल्यांकन के लिए प्रयुक्त प्रमुख धारणाएं हैं :

प्रयुक्त विधि – प्रोजेक्टेड यूनिट क्रेडिट (पीयूसी)

छूट दर (उपदान/अवकाश/पुनर्वास) – 7.23 प्रतिशत (6.80 प्रतिशत पिछले वर्ष)

छूट दर (सेवानिवृत्ति के पश्चात चिकित्सा लाभ) – 7.40 प्रतिशत (6.91 प्रतिशत पिछले वर्ष)

परिसंपत्तियों पर प्राप्ति की अनुमानित दर (केवल उपदान) – 7.23 प्रतिशत (6.80 प्रतिशत पिछले वर्ष)

भावी वेतन वृद्धि – 7 प्रतिशत (7 प्रतिशत पिछले वर्ष)

संघर्षण दर (एट्रीशन रेट) – 2 प्रतिशत (2 प्रतिशत पिछले वर्ष)

प्रबंधन ने प्रमाणित बीमांकक द्वारा किए गए समग्र बीमांकिक मूल्यांकन पर विश्वास किया है।

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

35. ''संबंधित पार्टी प्रकटीकरण'' पर लेखा मानक 18 के तहत प्रकटीकरण

i) संबंधित पार्टी

सहायक कंपनियों के नाम	स्वामित्व हिस्सेदारी	
	31.03.2022	31.03.2021
1. चंडीगढ़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (चायल)	51%	51%
2. भा. वि. प्रा. कार्गो लॉजिस्टिक एण्ड एलाइड सर्विस कंपनी लिमिटेड (एएआईसीएलएएससीएल)	100%	100%
3. धोलेरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट कंपनी लिमिटेड	51%	51%
4. देवघर एयरपोर्ट लिमिटेड	51%	51%
5. धलभूमगढ़ एयरपोर्ट लिमिटेड	51%	51%
6. लुधियाना इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड	51%	51%

संयुक्त उद्यमों के नाम	स्वामित्व हिस्सेदारी	
	31.03.2022	31.03.2021
1. दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल)	26%	26%
2. मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (मायल)	26%	26%
3. जीएमआर हैदराबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (जीएचआईएएल) (सीएपी : 50 करोड़ रुपए)	13%	13%
4. बैंगलोर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (बीआईएपीएल) (सीएपी : 50 करोड़ रुपए)	13%	13%
5. नेशनल फ्लाइंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट प्राइवेट लि., गोंदिया, (एनएफटीआईपीएल)	46%	46%
6. मिहान इंडिया लिमिटेड, नागपुर	49%	49%
7. कन्नूर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (केआईएएल) (सीएपी : 100 करोड़ रुपए)	7.47%	7.47%
8. भारतीय विमानन अकादमी	स्वायत्त निकाय	
9. डीजी यात्रा फाउंडेशन	26%	26%

ii) प्रमुख प्रबंधन कार्मिक

- श्री अनुज अग्रवाल, अध्यक्ष – 07.04.2021 तक अतिरिक्त प्रभार पर
- श्री संजीव कुमार, आई.ए.एस. 07.04.2021 से प्रभावी
- श्री अनुज अग्रवाल, सदस्य (मानव संसाधन) 22.04.2021 तक
- श्री आई. एन. मूर्ति, सदस्य (संचालन) 22.11.2021 तक
- श्री ए. के. पाठक, सदस्य (योजना)
- श्री के. विनायक राव, सदस्य (वित्त)
- श्री एम. सुरेश, सदस्य (एएनएस) – 02.09.2021 से प्रभावी
- श्री धर्मेंद्र भोजवानी, कार्यपालक निदेशक (वित्त)
- श्री एस. एन. बोरकर, कार्यपालक निदेशक (पीएमक्यूए/सीए)

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

iii) संबंधित पार्टियों से लेन–देन के विवरण :

(करोड़ रु. में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2021-22	वित्तीय वर्ष 2020-21
जेवीसी से वार्षिक शुल्क :		
डायल	-	446.21
मायल	**1,027.67**	26.92
इक्विटी शेयर धारिता में जोड़ा गया		
धोलेरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट कंपनी लिमिटेड	-	-
देवघर एयरपोर्ट लिमिटेड	-	-
धलभूमगढ़ एयरपोर्ट लिमिटेड	-	-
लुधियाना इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड	-	2.55
प्रचालन समर्थन लागत / सेवानिवृत्त मुआवजा प्राप्ति :		
डायल	-	-
मायल	-	-
अन्य प्राप्तियां :		
डायल	-	-
मायल	-	-
प्राप्त लाभांश		
जीएचआईएएल	-	-
एएआईसीएलएएस	**72.25**	27.70
सीएचआईएएल	**14.83**	-
प्राप्य/देय राशि :		
ए. डायल	-	4.60
बी. मिहान इंडिया लिमिटेड (एमआईएल)		
प्राप्य प्रचालन समर्थन लागत	**3.89**	4.83
देय राशि		
सी. चायल		
प्राप्य राशि	**1.84**	1.40
डी. एएआईसीएलएएससीएल	**49.96**	53.07
देय राशि	**111.37**	77.21
प्राप्य राशि		
डी एनएफटीआईपीएल	**20.23**	20.74
प्राप्य राशि		
समापन तिथि पर निवेश के लिए अग्रिम राशि		
मिहान इंडिया लिमिटेड (एमआईएल)	**86.72**	86.72
ढोलेरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट	-	-
मुख्य प्रबंधन कार्मिकों के पारिश्रमिक	**3.95**	3.89

iv) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण कार्गो प्रचालन का निगमीकरण

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण बोर्ड द्वारा 14.03.2016 को आयोजित अपनी 168वीं बैठक में मद सं. 168.6 की विषयसूची में अनुमोदन अनुसार कार्गो एवं सहायक सेवाओं के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण कार्गो लॉजिस्टिक एवं एलाइड सर्विसेस कंपनी लि. (भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के 100 प्रतिशत स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) की स्थापना 11 अगस्त, 2016 को की गई।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को कार्गो खंड से संबंधित कुछ राजस्व प्राप्त होना जारी है और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा वर्ष 2021–22 के दौरान कर्मचारी लागत और अन्य प्रचालन व्यय के संबंध में कार्गो खंड पर व्यय किया गया है, इसलिए 31.03.2022 तक एआईआईसीएलएएससीएल से देय/प्राप्त करने योग्य के रूप में इसका हिसाब 31.03.2022 को बही खातों में दिखाया गया है।

इस संबंध में ब्यौरा निम्नलिखित है।

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

(करोड़ रु. में)

(I) 31.03.2022 तक एएआईसीएलएएस को देय राशि	49.96
(II) 31.03.2022 तक एएआईसीएलएएस से प्राप्य राशि	111.37
(III) 31.03.2022 तक एएआईसीएलएएस से प्राप्य राशि	61.41

वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान, कार्गो खण्ड परिसंपत्तियां, जो 2021–22 से संबंधित भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की बहियों में दिखाई दे रही हैं, उन्हें नीचे दिए गए विवरण के अनुसार, हस्तांतरण के माध्यम से एएआईसीएलएएससीएल बहियों में स्थानांतरित कर दिया गया है और वही एएआईसीएलएएससीएल से प्राप्य हैं।

(करोड़ रु. में)

विवरण	31.03.2022 तक (करोड़ रुपए में)
कार्गो खण्ड परिसंपत्तियों का सकल ब्लॉक (2021–22)	22.82
01.04.2022 पर संचित मूल्यह्रास	0.60
कार्गो खण्ड परिसंपत्ति का निवल ब्लॉक	22.22

31.03.2022 की स्थिति के अनुसार खाता बहियों में 22.22 करोड़ रुपए की राशि को एएआईसीएलएएस से प्राप्ति योग्य राशि के रूप में दर्शाया गया है।

v) एएआईसीएलएएस कंपनी लिमिटेड से रियायत शुल्क

एएआईसीएलएएस कंपनी लिमिटेड के बोर्ड ने 07/03/2019 को आयोजित अपनी 12वीं बैठक की कार्यसूची की मद संख्या : 20.20 द्वारा कार्गो व्यापार करने के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा एएआईसीएलएएस कंपनी लिमिटेड को दिए गए अधिकारों के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के साथ एक रियायत समझौता करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस रियायत की अवधि 30 वर्ष होगी और एएआईसीएलएएस कंपनी लिमिटेड द्वारा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को वास्तविक सकल राजस्व का 30 प्रतिशत की दर से रियायत शुल्क का भुगतान किया जाएगा।

तदनुसार एएआईसीएलएएस कंपनी लिमिटेड द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए अपने वार्षिक खातों में वित्तीय वर्ष 2021–22 से संबंधित एएआईसीएलएएस लिमिटेड से रियायत शुल्क के रूप में प्राप्त होने वाली 134.99 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान किया है।

36. राष्ट्रीय विमानन सुरक्षा शुल्क ट्रस्ट का गठन

एमओसीए पत्र संख्या : एवी.13024/659/2015–एएस दिनांक 29/06/2019 के अनुसार, विमानन सुरक्षा शुल्क को संचालित करने और प्रबंधित करने के लिए ''राष्ट्रीय विमानन सुरक्षा शुल्क निधि'' (एनएएसएफटी) के नाम से एक ट्रस्ट बनाया गया है। उक्त ट्रस्ट को 01.07.2019 से विमानन सुरक्षा शुल्क के संग्रह के साथ–साथ सभी हवाई अड्डा संचालकों (भा. वि. प्रा. और अन्य हवाई अड्डे के संचालक) के संबंध में अखिल भारत आधार पर विमानन सुरक्षा व्ययों से संबंधित भुगतान की भूमिका सौंपी गई है।

तदनुसार, एनएएसएफटी के न्यास विलेख को 29.06.2019 को पंजीकृत किया गया है और एमओसीए और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के प्रतिनिधियों को एनएएसएफटी के न्यासी बोर्ड के पदेन अधिकारी के रूप में लिया गया है।

हवाई अड्डे के संचालकों के लिए एसओपी के अनुसार, सुरक्षा एजेंसियों की तैनाती के बिलों की लागत का एनएएसएफटी द्वारा सीधे 01.07.2019 से प्रभावी रूप से निपटान किया जाएगा, सुरक्षा एजेंसियों से संबंधित अन्य सुरक्षा व्यय जैसे कि चिकित्सा, आवास किराए पर लेना, वाहन किराए पर लेना, आदि के लिए शुरू में हवाई अड्डे के संचालकों द्वारा खर्च किया जाएगा और बाद में एनएएसएफटी से उनके दावे की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

भा. वि. प्रा. द्वारा ट्रस्ट गतिविधियों के संचालन पर व्यय के लिए एनएएसएफटी पर 2.54 करोड़ रुपए (2.15 करोड़ रुपए + जीएसटी 0.39 करोड़ रुपए) का दावा भी किया गया है।

इस संबंध में, 31.03.2022 को एनएएसएफटी से 77.76 करोड़ रुपए की राशि बकाया थी और इसे वित्तीय वर्ष 2021–22 के खाते में एनएएसएफटी से प्राप्य के रूप में दिखाया गया है।

इसी तरह, 31.03.2022 को एनएएसएफटी को 75.20 करोड़ रुपए की राशि देय है और इसे वित्तीय वर्ष 2021–22 के खाते में एनएएसएफटी को देय के रूप में दिखाया गया है।

37. ''पट्टे'' पर लेखांकन मानक - 19 के तहत प्रकटीकरण

(ए) दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) और मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (मायल) का ओएमडीए

(i) ओएमडीए के प्रारंभ होने की तिथि अर्थात् 03.05.2006 के अनुसार आईजीआई, नई दिल्ली और सीएसआई, मुंबई की मौजूदा अचल परिसंपत्तियों को डायल और मायल को ''जैसा है जहां है'' आधार पर पट्टे पर दिया गया है। ये परिसंपत्तियां प्रमुख अचल परिसम्पत्तियां शीर्ष के तहत भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की बहियों में दर्शाई जा रही हैं।

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

(ii) वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान, विकास की प्रक्रिया के रूप में डायल और मायल द्वारा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की कुछ अचल परिसंपत्तियों को नष्ट किया / निपटान किया गया है। इसकी आय भारतीय विमान प्राधिकरण को अंतरित कर दी गई है और तदनुसार लेखा में ली गई है।

(करोड़ रु. में)

हवाई अड्डे	सकल ब्लॉक	संचित मूल्यह्रास	निवल ब्लॉक	अचल परिसंपत्तियों की बिक्री पर लाभ
डायल	202.91	202.91	शून्य	26.22
मायल	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य

(iii) अग्रिम शुल्क–दिल्ली और मुंबई स्थित हवाई अड्डों को पट्टे पर देते समय भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को डायल और मायल प्रत्येक से 150 करोड़ रुपए अग्रिम शुल्क के रूप में प्राप्त हुए थे। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने इसे आस्थगित राजस्व व्यय के रूप में माना और इसे 30 वर्षों की पूरे पट्टे की अवधि में बांटा है। इस खाते पर 31.03.2022 को कुल असमायोजित राशि 139.24 करोड़ रुपए की है।

(iv) डायल और मायल द्वारा भुगतान किया गया वार्षिक शुल्क :

<u>डायल और मायल द्वारा अप्रत्याशित घटना खंड का अवलम्बन</u>

डायल और मायल ने ओएमडीए के अपरिहार्य प्रावधानों का सहारा लिया है और वार्षिक शुल्क के भुगतान से राहत के लिए भा. वि. प्रा. से अनुरोध किया है। भा. वि. प्रा. ने मासिक वार्षिक शुल्क के भुगतान के लिए अप्रैल 2020 से जून 2020 तक 3 माह के लिए इस शर्त के साथ राहत दी कि अप्रैल 2020 से जून 2020 तक एमएएफ का भुगतान 15 जुलाई, 2020 तक किया जाना है और जुलाई 2020 से एमएएफ का भुगतान नियमित रूप से किया जाना है।

<u>मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (मायल) की स्थिति</u>

मायल ने 3 माह के लिए स्थगन का लाभ उठाया और जुलाई 2020 के माह के लिए 26.91 करोड़ रुपए के मासिक वार्षिक शुल्क को भा. वि. प्रा. द्वारा की गई मांग के आधार पर एस्क्रो बैंकर– मैसर्स एसबीआई द्वारा अंतरित किया गया। मायल ने भा. वि. प्रा. को एस्क्रो खाते से धन निकालने से रोकने के लिए मध्यस्थता और सुलह अधिनियम के तहत दिल्ली के माननीय उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 27 नवंबर 2020 के अपने आदेश के अन्तर्गत भा. वि. प्रा. को उक्त राशि को भा. वि. प्रा. शुल्क खाते में अंतरित करने, या उसमें जमा करने से रोक दिया और मायल को कार्यवाही खाते में पड़ी राशि का उपयोग करने की अनुमति दी ताकि ओएमडीए के तहत अपने दायित्वों के संबंध में सीएसआई हवाईअड्डे के संचालन और रखरखाव से संबंधित और अन्य दायित्वों से जुड़े हुए अपने खर्चों को पूरा किया जा सके। आदेश की तारीख यानी 27.11.2020 से मायल द्वारा प्राप्त वास्तविक राजस्व का 38.7 प्रतिशत भी आय खाते में जमा रहेगा और भा. वि. प्रा. को इसे वापस लेने की अनुमति नहीं दी गई है। भा. वि. प्रा. ने माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय की खंडपीठ के समक्ष अधिनियम की धारा 37 के अन्तर्गत अपील दायर की थी। डिवीजन बेंच ने अपने आदेश दिनांक 14.01.2021 के अन्तर्गत निर्देश दिया है कि मायल एसबीआई के साथ एक अलग ब्याज वाले खाते/ सावधि जमा में 153 करोड़ रुपए की शेष राशि बनाए रखेगा ताकि आदेश दिनांक 27.11.2020, अर्थात् अप्रैल 2020 से नवंबर 2020 (जुलाई 2020 के माह के लिए भा. वि. प्रा. को हस्तांतरित राशि को छोड़कर और वित्तीय वर्ष 19–20 में मायल द्वारा भुगतान की गई कथित अतिरिक्त राशि के समायोजन के बिना) के पारित होने से पहले की अवधि के लिए कथित रूप से लंबित वार्षिक शुल्क के संबंध में मायल के खिलाफ भा. वि. प्रा. के किसी भी कथित दावे को सुरक्षित किया जा सके। यह ओएमडीए के तहत नियुक्त स्वतंत्र लेखा परीक्षक द्वारा सुलह और सत्यापन के अधीन है, जिसमें भुगतान की गई कथित अधिक राशि शामिल है। यह भी निर्देश दिया गया कि मायल द्वारा प्राप्त वास्तविक राजस्व का 38.7 प्रतिशत, आदेश की तिथि, अर्थात् 27.11.2020 से, आय खाते में जमा रहेगा। मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, 1996 की धारा 17 के तहत अंतरिम आवेदनों में मध्यस्थ न्यायाधिकरण द्वारा निर्णय दिए जाने तक यह निर्देश जारी रहेगा। आर्बिट्रल ट्रिब्यूनल ने धारा 17 के तहत आवेदनों का निस्तारण करते हुए उच्च न्यायालय की डिवीजन बेंच के निर्देश को तब तक बरकरार रखा जब तक कि आर्बिट्रल ट्रिब्यूनल द्वारा मामले का निपटारा नहीं हो जाता।

मायल और भा. वि. प्रा. दोनों ने 13.12.2021 को भा. वि. प्रा. बोर्ड (26.11.2021 को आयोजित 204वीं बैठक) के अनुमोदन के साथ आर्बिट्रल ट्रिब्यूनल के समक्ष एक संयुक्त आवेदन दायर किया, जिसमें आर्बिट्रल ट्रिब्यूनल के दिनांक 28.06.2021 के आदेश में संशोधन की मांग की गई। आर्बिट्रल ट्रिब्यूनल ने अपने आदेश सं. 29 दिनांक 22.12.2021 में संशोधन जारी किया। मायल और भा. वि. प्रा. ने संयुक्त रूप से दैनिक आधार पर आय खाते में प्राप्त वास्तविक राजस्व के

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

आधार पर राजस्व के बंटवारे हेतु एक अंतरिम व्यवस्था की। माननीय ट्रिब्यूनल के आदेश के अनुसार भा. वि. प्रा. ने वित्तीय वर्ष 2021–2022 के दौरान नकद आधार पर वार्षिक शुल्क के लिए मायल से 1,027.67 करोड़ रुपए प्राप्त किए हैं, जो मध्यस्थता के अंतिम परिणाम और एक स्वतंत्र लेखा परीक्षक द्वारा सत्यापन के अधीन है। प्राप्त राशि का विवरण इस प्रकार है :

(करोड़ रु. में)

क्र.सं.	विवरण	राशि
1	भा. वि. प्रा. शुल्क (26.11.2020 तक)	**153.00**
2	भा. वि. प्रा. शुल्क (27.11.2020 से 21.12.2021)	**630.30**
3	भा. वि. प्रा. शुल्क (22.12.2021 से 31.03.2022 तक)	**244.37**
	31.03.2022 तक प्राप्त कुल एमएएफ	**1027.67**
4	सावधि जमा के रूप में रखे गए 153 करोड़ रुपए पर ब्याज (माननीय न्यायाधिकरण के आदेश के अनुसार)	**4.17**

वित्तीय वर्ष 2020–21 और वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए मायल के लेखा परीक्षित वित्तीय विवरणों के अनुसार सकल राजस्व, मासिक वार्षिक शुल्क (एमएएफ) देय और वास्तविक प्राप्त एमएएफ निम्नानुसार है :

(करोड़ रु. में)

वित्तीय वर्ष	मायल के वार्षिक लेखा के अनुसार		वास्तविक एमएएफ प्राप्त हुआ		प्राप्य शेष
	सकल राजस्व	एमएएफ देय	2020 – 2021	2021- 2022	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
					[(3)-(4)-(5)]
2020 – 2021	1,826.64	627.18	26.92	379.50	220.76
2021 – 2022	2,144.11	722.38	शून्य	648.17	74.21
कुल	**3,970.75**	**1,349.56**	**26.92**	**1,027.67**	**294.97**

दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) की स्थिति

डायल अधिस्थगन का लाभ नहीं उठा सका और दिसंबर 2020 तक वार्षिक शुल्क का भुगतान कर चुका है। इसके बाद डायल ने दिल्ली के माननीय उच्च न्यायालय में मध्यस्थता और सुलह अधिनियम के तहत भा. वि. प्रा. को एस्क्रो खाते से धन निकालने से रोकने के लिए याचिका दायर की। माननीय उच्च न्यायालय ने दिनांक 05/01/2021 के आदेश के अन्तर्गत निर्देश दिया है कि आय खाते से भा. वि. प्रा. शुल्क खाते में धन के अंतरण पर अगले आदेशों तक रोक लगी रहेगी। डायल आईजीआई हवाई अड्डे और उससे जुड़ी सभी गतिविधियों के संचालन के लिए आय खाते में निहित राशि का उपयोग करने हेतु हकदार होगा। भा. वि. प्रा. ने एकल न्यायाधीश के 06.02. 2021 के आदेश के खिलाफ अधिनियम की धारा 37 के तहत दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष अपील दायर की है।

मार्च/अप्रैल, 2022 के माह में, डायल और भा. वि. प्रा. ने अप्रैल 2022 से भा. वि. प्रा. को डायल द्वारा एएफ के भुगतान की अंतरिम व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए एक निपटान समझौते को निष्पादित करने हेतु पारस्परिक रूप से सहमति व्यक्त की, जो मध्यस्थ न्यायाधिकरण द्वारा लंबित है। डायल और भा. वि. प्रा. दोनों ने याचिका और अपील को वापस लेने की अनुमति के लिए क्रमशः दिल्ली के माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष आवेदन दायर किया, क्योंकि दोनों मध्यस्थता कार्यवाही के लंबित परिणाम के संबंध में अंतरिम व्यवस्था के लिए समझौता कर चुके हैं और दिल्ली के माननीय उच्च न्यायालय द्वारा क्रमशः मई 2022 और अप्रैल 2022 के माह में इसकी अनुमति दी गई थी। निपटान समझौते के नियमों और शर्तों में से एक शर्त यह थी कि पार्टियां इस हेतु सहमत थीं कि अप्रैल, 2022 से शुरू होने वाले वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए डायल के अनुमानित राजस्व का 45.99 प्रतिशत एएफ ओएमडीए और एस्क्रो समझौते के अनुसार आय खाते से भा. वि. प्रा. के शुल्क खाते में जमा किया जाएगा।

वित्तीय वर्ष 2020–21 और वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए डायल के लेखा परीक्षित वार्षिक खातों के अनुसार सकल राजस्व, मासिक वार्षिक शुल्क (एमएएफ) बकाया और प्राप्त वास्तविक एमएएफ निम्नानुसार है :

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

(करोड़ रु. में)

वित्तीय वर्ष	डायल के वार्षिक लेखा के अनुसार		वास्तविक एमएएफ प्राप्त हुआ		प्राप्य शेष
	सकल राजस्व	एमएएफ देय	2020 – 2021	2021- 2022	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
					[(3)-(4)-(5)]
2020 – 2021	2,522.07	768.69	446.21	शून्य	322.48
2021 – 2022	3,057.34	989.59	शून्य	शून्य	989.59
कुल	**5,579.41**	**1,758.28**	**446.21**	**शून्य**	**1,312.07**

डायल ने जनवरी, 2021 से मार्च, 2022 तक की अवधि के लिए मासिक वार्षिक शुल्क का भुगतान नहीं किया है।

डायल और मायल दोनों द्वारा देय वार्षिक शुल्क ओएमडीए के तहत स्वतंत्र लेखा परीक्षक द्वारा समाधान और जारी मध्यस्थता कार्यवाही के परिणाम के अधीन होगा।

वित्तीय वर्ष 2021 – 2022 के दौरान डायल और मायल से वार्षिक शुल्क के रूप में प्राप्त राशि को 'आकस्मिक देयता' के रूप में माना जा रहा है और डायल और मायल से प्राप्त होने वाली राशि को 'आकस्मिक परिसंपत्ति' के रूप में माना जा रहा है।

(v) भा. वि. प्रा. ने राज्य समर्थन समझौते की शर्तों के अनुसार 2022–23 के लिए भारत सरकार को प्रति (काउंटर) गारंटी शुल्क के रूप में 1.61 करोड़ रुपए (डायल और मायल प्रत्येक के लिए 0.805 करोड़ रुपए) की राशि का भुगतान किया है।

(vi) मायल के डीएफ के संबंध में, यह कहा गया है कि डीएफ–। खाते के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान डीएफ एस्क्रो खाते से 50.00 करोड़ रुपए की राशि स्थानांतरित की गई थी और इस एस्क्रो खाते के अंतर्गत शेष राशि 31.03.2022 को 1.75 करोड़ रुपए और 31.03.2022 को एफडीआर शेष राशि 67.31 करोड़ रुपए है।

(vii) डीएफ–।। खाते के अंतर्गत (मुंबई मेट्रो के विकास के कारण) वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान डीएफ एस्क्रो खाते से 75.00 करोड़ रुपए की राशि स्थानांतरित की गई थी और एस्क्रो खाते के तहत उपलब्ध शेष राशि 31.03.2022 तक 73.40 लाख रुपए है। 31.03.2022 को एफडीआर की शेष राशि 23.00 करोड़ रुपए है।

(बी) डायल और मायल के साथ मध्यस्थता के मामले

(I) पिछले वर्षों में भुगतान किए गए अतिरिक्त वार्षिक शुल्क के लिए डायल और मायल का ब्याज सहित दावा :

(ए) डायल ने डायल और भा. वि. प्रा. के बीच दिनांक 04.04.2006 के प्रचालन, प्रबंधन और विकास समझौते ("ओएमडीए") के अंतर्गत एक विवाद उठाया है, जिसके अनुसार दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से संबंधित संचालन, प्रबंधन और सभी सहायक कार्यों को डायल को सौंप दिया गया था। ओएमडीए के खंड 11.2 के अनुसार, डायल को अपने वर्ष भर के राजस्व का 45.99 प्रतिशत वार्षिक शुल्क के रूप में भा. वि. प्रा. को भुगतान करना आवश्यक है।

(बी) वर्ष 2006–2016 की अवधि हेतु, भा. वि. प्रा. और डायल के बीच यह आम समझ थी कि डायल को लाभ–हानि लेखे में मान्य अपने राजस्व का 45.99 प्रतिशत वार्षिक शुल्क के रूप में भुगतान करना आवश्यक था। दिसंबर 2016 में, डायल ने पहली बार भा. वि. प्रा. को सूचित किया कि एक ''गलती'' के कारण, पिछले वर्षों में अतिरिक्त वार्षिक शुल्क का भुगतान किया गया था। डायल ने तदनुसार ऐसी राशियों की वापसी का दावा किया। वर्ष 2018 में, डायल ने ओएमडीए के अंतर्गत मध्यस्थता का आह्वान किया जब उसका दावा भा.वि. प्रा. द्वारा खारिज कर दिया गया था।

(सी) डायल का दावा है कि उसने वार्षिक शुल्क के रूप में 6,663.26 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि का भुगतान किया है। इसके अलावा उसके द्वारा उस भुगतान की गई अतिरिक्त कथित राशि पर ब्याज का दावा किया जा रहा है जो कि 31.03.2021 तक 6553.80 करोड़ रु. बनता है इसलिए कुल दावा लगभग 13217.06 करोड़ रुपए का है, जिसे 31.03.2021 को आकस्मिक देयता के रूप में दिखाया गया था। इसके अलावा समझौते के अंतर्गत मध्यस्थता खंड को लागू करने के लिए, डायल द्वारा उठाए गए विवाद का न्यायनिर्णय करने के लिए एक मध्यस्थ न्यायाधिकरण का गठन किया गया है।

डायल द्वारा उपरोक्त दावे को आगे बढ़ाते हुए, मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (''मायल''), जो मुंबई हवाई अड्डे के लिए रियायतग्राही है, जिसने 05.01.2019 को जारी नोटिस के माध्यम से इसी तरह का दावा किया है। दिनांक 31.03.2021 तक दावे की

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

राशि 3,582.90 करोड़ रुपए और लागू ब्याज 12561. 65 करोड़ रुपए बनता है। इसलिए कुल दावा लगभग 16,144.55 करोड़ रुपए का था। 31.03.2021 को और इसे आकस्मिक देयता के रूप में दिखाया गया था। विवाद को उसी मध्यस्थ न्यायाधिकरण के पास भेजा गया था जिसके पास डायल के खिलाफ विवाद रखा गया था। दोनों मामलों में अंतिम कार्यवाही अगस्त 2021 में हुई थी।

(डी) उपरोक्त मध्यस्थता कार्यवाही में बहस समाप्त हो चुकी हैं और मध्यस्थ निर्णय (2: 1 के बहुमत से जहां पीठासीन मध्यस्थ ने असहमति निर्णय दिया है) घोषित किया गया है और उसकी जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया, मध्यस्थ निर्णय डायल और मायल द्वारा किए गए दावों से अलग है और इसकी राशि निर्धारित नहीं की गई है। मध्यस्थ निर्णय में कहा गया है कि एक स्वतंत्र लेखा परीक्षक मध्यस्थ निर्णय में दिए गए निर्णयों के अनुसार दावों पर काम करेगा।

(ई) उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए डायल के संबंध में 13217.06 करोड़ रुपए की राशि और मायल के संबंध में 31.03.2021 को 16144.55 करोड़ रुपए की आकस्मिक देयताओं को खातों की बहियों में दिखाया जा रहा था, जिसे वित्तीय वर्ष 2021–22 में वापस ले लिया गया है।

(II) डायल और मायल द्वारा कस्टम ड्यूटी स्क्रिप (एमईआईएस) का उपयोग :

डायल और मायल द्वारा कस्टम ड्यूटी स्क्रिप्स (एसएफआईएस) के उपयोग से संबंधित मामलों में मध्यस्थ निर्णय डायल/मायल के पक्ष में सुनाया गया है। भा. वि. प्रा. ने आर्बिट्रल ट्रिब्यूनल के आदेशों के खिलाफ दिल्ली के उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका दायर की है। दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष अगली सुनवाई 07.07.2022 को होनी है।

(III) 4.17 एकड़ भूमि के अंतिम उपयोग पर लगे प्रतिबंध को हटाना

मध्यस्थ न्यायाधिकरण ने निष्कर्ष निकाला कि 4.17 एकड़ का भूमि खंड पट्टांतरित परिसरों का एक हिस्सा है न कि छोड़ी हुई परिसंपत्ति। भा. वि. प्रा. ने मध्यस्थ न्यायाधिकरण के आदेश के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। मामले को 23.08.2022 को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

(IV) मौजूदा पट्टों का नवीनीकरण

मायल ने विवाद का नोटिस जारी किया था क्योंकि होटल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के साथ मौजूदा पट्टों के नवीनीकरण का मामला सौहार्दपूर्ण तरीके से नहीं सुलझाया जा सका था।

मध्यस्थ न्यायाधिकरण ने बहुमत की राय से गैर–मध्यस्थ के रूप में मायल द्वारा वरीयता प्राप्त दावे को खारिज कर दिया था। मायल ने मध्यस्थ न्यायाधिकरण द्वारा सुनाए गए फैसले को चुनौती देते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका दायर की थी।

दिल्ली के उच्च न्यायालय ने मध्यस्थ न्यायाधिकरण द्वारा बहुमत के फैसले को रद्द कर दिया।

भा. वि. प्रा. ने एकल न्यायाधीश द्वारा दिए गए फैसले को चुनौती देते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय की खंडपीठ के समक्ष अपील दायर की है। अगली सुनवाई 25.07.2022 को निर्धारित की गई है।

मायल ने विवाद का नोटिस भी जारी किया था क्योंकि सहारा हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड के साथ मौजूदा पट्टों के नवीनीकरण का मामला सौहार्दपूर्ण ढंग से नहीं सुलझाया जा सका था। विवाद को मध्यस्थ न्यायाधिकरण में भेजा गया है। अंतिम बहस के लिए मामले की कार्यवाही 22, 23 और 25 जुलाई, 2022 को आयोजित की जानी है।

(सी) एसबीआईसीएपी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड के पक्ष में बीआईएएल में भा. वि. प्रा. द्वारा धारित शेयरों को गिरवी रखना

बैंगलोर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (बीआईएएल) ने अपने दिनांक 23.10.2019 के पत्र द्वारा नागर विमानन मंत्रालय के माध्यम से केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे बैंगलुरु में टर्मिनल –2 और अन्य सुविधाओं के निर्माण के लिए पूंजीगत व्यय को पूरा करने हेतु कंसोर्शियम उधारदाताओं (एसबीआई, एक्सिस बैंक, केनरा बैंक और आंध्रा बैंक) से 10,206 करोड़ रुपए का सावधि ऋण प्राप्त करने के लिए भा. वि. प्रा. द्वारा शेयर गिरवी रखने के समझौते के निष्पादन का अनुरोध किया था। इस 10206 करोड़ रुपए के नए ऋण की अवधि बीआईएएल के मौजूदा ऋणों की सीमा अवधि के समान होगी, जिसकी अंतिम किस्त 30.09.2033 को देय होगी।

भा. वि. प्रा. के पास केवल 50 करोड़ रुपए के अधिकतम पूंजी निवेश के साथ केवल 50 करोड़ रुपए की शेयर पूंजी के साथ, 10 रुपए प्रति शेयर की दर से 5,49,97,800 इक्विटी शेयर हैं।

भा. वि. प्रा. ने बीआईएएल में अपनी 51 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए एक शेयर गिरवी समझौता किया है और सुरक्षा ट्रस्टी, अर्थात् एसबीआईसीएपी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड के पक्ष में शेष 49 प्रतिशत शेयरों का निपटान न करने के संबंध में एक वचन भी दिया है जिसे 24.08.2018 को आयोजित 183वीं बैठक में भा. वि. प्रा. बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

था। ऋण का 50 प्रतिशत चुकाने के बाद शेयर गिरवी 26 प्रतिशत तक कम हो जाएगा।

(डी) राष्ट्रीय उड़ान प्रशिक्षण संस्थान (एनएफटीआई), गोंदिया को दी गई रियायतें

भा. वि. प्रा. बोर्ड ने 26 फरवरी, 2019 को आयोजित अपनी 187 वीं बोर्ड बैठक में राष्ट्रीय उड़ान प्रशिक्षण संस्थान (एनएफटीआई), गोंदिया के संचालन को बनाए रखने के लिए भा. वि. प्रा. द्वारा 2019–2020 और 2023–2024 से 05 वर्षों की अवधि के लिए रियायतों की स्वीकृति प्रदान की थी। एनएफटीआई द्वारा योजना अवधि के दौरान व्यापार योजना के मापदंडों का सावधानीपूर्वक पालन करने और मैसर्स सीएई, संयुक्त उद्यम भागीदार, एनएफटीआई के संचालन को बनाए रखने हेतु प्रस्तावित रियायतों पर अपनी प्रतिबद्धताओं का पालन करने के अधीन, रियायतें अनुमोदित की गईं।

एनएफटीआई ने कहा है कि सीएई ने सभी रियायतों का अनुपालन किया है, सिवाय इसके कि एनएफटीआई द्वारा पहले की सभी बकाया राशियों को 34.67 करोड़ रुपए (चौंतीस करोड़ सड़सठ लाख रुपए मात्र) दीर्घावधि ऋण में परिवर्तित कर दिया गया है; तथा

भा. वि. प्रा. ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण मंडल द्वारा अनुमोदित रियायत पर भी कार्रवाई की है, सिवाय ''31.12.2018 तक सभी पूर्व बकाया राशियों के रूपांतरण को छोड़कर। यह राशि 15.93 करोड़ रुपए की है जो दीर्घावधि ऋण में आती है।

(ई) वर्ष 2021-22 के दौरान सीएचआईएएल से 14.83 करोड़ रुपए का लाभांश प्राप्त हुआ है।

(एफ) डायल और मायल से वार्षिक शुल्क पर सेवा कर

''सेवा कर विभाग ने भा. वि. प्रा. को मांग सह कारण बताओ नोटिस जारी किया था जिसमें डायल और मायल द्वारा देय वार्षिक शुल्क पर 2031.68 करोड़ रुपए की राशि के सेवा कर और डायल और मायल द्वारा भा. वि. प्रा. को अग्रिम शुल्क का भुगतान करने की मांग की गई थी। यह मांग 03.05.2006 से 31.03.2016 की अवधि के लिए की गई थी। इसके अलावा, भा. वि. प्रा. को अप्रैल 2016 से जून 2017 की अवधि के लिए 30.04.2019 को 728.32 करोड़ रुपए के लिए कारण बताओ नोटिस सह मांग प्राप्त हुई। दिल्ली के माननीय उच्च न्यायालय ने वर्ष 2008 में डायल और मायल द्वारा दायर लिखित याचिकाओं पर 14.02.2017 को निर्णय पारित किया कि भा. वि. प्रा. को दोनों पक्षों द्वारा देय वार्षिक शुल्क और अग्रिम शुल्क की राशि ''फ्रैंचाइजी'' का गठन नहीं करता है और इसलिए याचिकाकर्ताओं और भा. वि. प्रा. के बीच यह लेनदेन कर योग्य सेवा नहीं मानी जाती है।

परिणामस्वरूप, भा. वि. प्रा. ने जून 2007 से फरवरी 2008 की अवधि के लिए मासिक वार्षिक शुल्क पर जमा किए गए 57.77 करोड़ रु. के सेवा कर के रिफंड दावे को 21.03.2018 को पुनः प्रस्तुत किया जो सेवा कर विभाग के पास लंबित है। सहायक आयुक्त द्वारा 16.07.2020 को इस आधार पर 57.77 करोड़ रु. के रिफंड आवेदन के खिलाफ 'कारण बताओ' नोटिस जारी किया गया है, कि क्या भा. वि. प्रा. रिफंड के लिए हकदार है या यह अन्यायपूर्ण संवर्धन माना जाता है, जिससे बचाव में कुछ दस्तावेज जमा करने की मांग की जाती है कि दावे को क्यों नहीं अस्वीकार किया जाना चाहिए। इस संबंध में, विषय रिफंड के समर्थन में आवश्यक दस्तावेज डायल और मायल से प्राप्त किए गए हैं और भा. वि. प्रा. जारी किए गए एससीएन के संबंध में उत्तर प्रस्तुत करने के लिए अन्य औपचारिकताओं को पूरा करने की प्रक्रिया में है।

इसके साथ ही, भा. वि. प्रा. ने माननीय सीईएसटीएटी के समक्ष 2006 से 2014 की अवधि के लिए 1,407.25 करोड़ रुपए की राशि की मांग और उसके अधिनिर्णय के खिलाफ अपील दायर की। माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्णय के आधार पर, माननीय सीईएएसटीएटी ने 2006 से 2014 की अवधि के लिए सेवा कर आयुक्त के अधिनिर्णय आदेश को रद्द कर दिया है। सेवा कर आयुक्त ने अभी तक 2014–15 से 2016–17 और अप्रैल 2017 से जून 2017 की अवधि के लिए मांग का न्यायनिर्णयन नहीं किया है।

(जी) भा. वि. प्रा. के साथ किए गए ओएमडीए के अंतर्गत डायल और मायल द्वारा लागू अप्रत्याशित घटनाओं के प्रावधानों के अनुसार लेखा बहियों में मासिक वार्षिक शुल्क (एमएएफ) के साथ - साथ आय की गणना के संबंध में लेखांकन व्यवहार

भा. वि. प्रा. ने मेसर्स वेद जैन एंड एसोसिएट्स, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स को भा. वि. प्रा. के साथ ओएमडीए के तहत डायल और मायल द्वारा लागू अप्रत्याशित घटनाओं के प्रावधानों के अनुसार लेखांकन व्यवहार के साथ–साथ आय की गणना पर विशेषज्ञ राय रखने के लिए नियुक्त किया है।

सलाहकार ने सभी संगत दस्तावेजों, संगत लेखा मानकों के प्रावधानों और आयकर अधिनियम के प्रावधानों का विश्लेषण करने के बाद निम्नलिखित राय दी है :

I. <u>डायल/मायल के एमएएफ के संबंध में लेखांकन उपचार</u>

ए) मायल के संबंध में, एमएएफ जो भा. वि. प्रा. द्वारा लेखा बहियों में राजस्व के रूप में लेने के लिए प्राप्त किया गया है क्योंकि आभासी निश्चितता विद्यमान है।

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

बी) डायल के संबंध में, राजस्व मान्यता को तब तक के लिए स्थगित किया जा सकता है जब तक कि ऐसी राशि प्राप्त नहीं हो जाती है और यह वस्तुतः निश्चित हो जाता है कि राजस्व का कोई रिवर्सल नहीं हो सकता है।

सी) वित्तीय वर्ष 2020–21 और वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु लेखा बहियों में राजस्व के रूप में दर्ज विवादित एमएएफ को ''आकस्मिक देयता'' के रूप में भी प्रकट किया जा सकता है और विवादित एमएएफ की राशि को लेखा बहियों में वित्तीय वर्ष 2020–21 के राजस्व के रूप में दर्ज नहीं किया गया है और वित्तीय वर्ष 2021–22 में आकस्मिक परिसंपत्ति के रूप में प्रकट किया जा सकता है।

II. <u>आयकर संगणना / व्यवहार</u>

ए) लेखा बहियों में एमएएफ से संबंधित राजस्व आयकर अधिनियम के तहत कर योग्य हो सकता है।

बी) लेखा बहियों में राजस्व के रूप में दर्ज नहीं किए गए एमएएफ के संबंध में किसी समय विशेष पर कर योग्य नहीं हो सकता है।

सलाहकार की उपरोक्त राय पर विचार किया गया है और भा. वि. प्रा. ने राय को स्वीकार किया है। एमएएफ, आयकर गणना, आकस्मिक देयता और आकस्मिक परिसंपत्ति के प्रकटीकरण से संबंधित लेखांकन उपचार तदनुसार वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए भा. वि. प्रा. के वार्षिक खातों में दिया/प्रकट किया गया है।

(बी) सार्वजनिक निजी भागीदारी वाले हवाई अड्डे

i. भा. वि. प्रा. ने 50 वर्ष की पट्टा अवधि के लिए सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से क्रमशः तीन हवाई अड्डों अर्थात् गुवाहाटी, जयपुर और तिरुवनंतपुरम के संचालन, प्रबंधन और विकास के लिए 19.01.2021 को रियायतग्राही अर्थात् मेसर्स गुवाहाटी इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड, मेसर्स जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड और मेसर्स टीआरवी (केरल) इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के साथ तीन अलग–अलग रियायत समझौतों (सीए) पर हस्ताक्षर किए हैं। गुवाहाटी, जयपुर और तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के संबंध में वाणिज्यिक प्रचालन तिथि (सीओडी) क्रमशः 08.10.2021, 11.10.2021 और 14.10.2021 थी।

ii. सीए के अनुसार, रियायतग्राही रियायत अवधि के दौरान भा. वि. प्रा. को वाणिज्यिक प्रचालन तिथि (सीओडी) से लागू प्रति यात्री आधार पर मासिक रियायत शुल्क का भुगतान करेगा और इसे सीपीआई (आईडब्ल्यू) में भिन्नता को ध्यान में रखते हुए सीओडी की प्रत्येक वर्षगांठ पर वार्षिक रूप से संशोधित किया जाएगा। लागू शुल्क का विवरण निम्नानुसार है :–

(करोड़ रु. में)

हवाई अड्डे	प्रति यात्री शुल्क (रु. में)		सीओडी के एक वर्ष के बाद संशोधित प्रति यात्री शुल्क (रु. में)		
	घरेलू	अंतरराष्ट्रीय		घरेलू	अंतरराष्ट्रीय
मैंगलुरु	115.00	230.00	119.30	238.60	31.10.21 से प्रभावी
लखनऊ	171.00	342.00	177.57	355.14	02.11.21 से प्रभावी
अहमदाबाद	177.00	354.00	183.80	367.60	07.11.21 से प्रभावी
जयपुर	174.00	348.00	---	---	सीओडी का एक वर्ष अभी पूरा नहीं हुआ है
गुवाहाटी	160.00	360.00	---	---	
तिरुवनंतपुरम	168.00	336.00	---	---	

iii. सीए के खंड 28.11/28.12 के अनुसार, रियायतग्राही भा. वि. प्रा. को सीओडी के अनुसार वैमानिकी संपत्तियों में भा. वि. प्रा. द्वारा किए गए निवेश के बराबर राशि का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगा और नियामक द्वारा विनियामक परिसंपत्ति आधार के हिस्से के रूप में माना जाता है, इस तरह के निवेश की मात्रा के नियमित रूप से अपेक्षित सामंजस्य, ट्रू–अप और अंतिम निर्धारण के अधीन (''डीम्ड इनिशियल आरएबी'') है। भा. वि. प्रा. को गैर–वैमानिकी संपत्तियों अर्थात् प्रारंभिक गैर–वैमानिकी निवेश के विकास के लिए सीओडी के रूप में हवाई अड्डों में गैर–वैमानिक परिसंपत्तियों में भा. वि. प्रा. द्वारा किए गए निवेश के अनुमानित मूल्यह्रास मूल्य के बराबर राशि का भुगतान करने के लिए रियायतग्राही भी उत्तरदायी होगा।

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

iv. सीए के अनुसार रियायत पाने वालों को सीओडी के 90 दिनों के अंदर 31.03.2018 को अनुमानित मान्य प्रारंभिक आरएबी/अनुमानित प्रारंभिक गैर–वैमानिकी निवेश को प्राधिकरण को भुगतान करना आवश्यक है। 03 हवाई अड्डों पर अनुमानित मान्य प्रारंभिक विनियामक परिसंपत्ति बेस (आरएबी)/अनुमानित प्रारंभिक गैर–वैमानिकी निवेश और प्राप्त भुगतान का विवरण निम्नानुसार है :

हवाई अड्डे	अनुमानित मान्य प्रारंभिक आरएबी (रुपए में)	अनुमानित प्रारंभिक गैर-वैमानिकी निवेश (रुपए में)	कुल (रुपए में)	रियायतग्राही द्वारा भुगतान की तिथि
जयपुर	2,53,00,00,000	2,56,00,000	2,55,56,00,000	07.01.2022
गुवाहाटी	69,00,00,000	12,71,00,000	81,71,00,000	06.01.2022
तिरुवनंतपुरम	4,24,00,00,000	7,15,00,000	4,31,15,00,000	12.01.2022
कुल	**7,46,00,00,000**	**22,42,00,000**	**7,68,42,00,000**	

v. सीए के खंड 6.4.5 के अनुसार, रियायतग्राही प्राधिकरण को सीओडी के अनुसार पूंजीगत कार्य – प्रगति (सीडब्ल्यूआईपी) की राशि का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगा। वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान रियायतग्राही से प्राप्त सीडब्ल्यूआईपी की राशि इस प्रकार है :

हवाई अड्डे	सीडब्ल्यूआईपी छोड़ कर जीएसटी (रुपए में)	टिप्पणियां
मंगलौर	1,43,49,86,410.84	27.08.2021 को प्राप्त किया गया
लखनऊ	4,19,17,12,979.88	27.08.2021 को प्राप्त किया गया
अहमदाबाद	36,62,56,341.12	04.08.2021 को प्राप्त किया गया
जयपुर	15,55,52,756.00	03.03.2022 को प्राप्त किया गया
तिरुवनंतपुरम	68,53,626.50 4,58,234.44 ---------- 73,11,860.94	03.03.2022 को प्राप्त किया गया 31.03.2022 को बकाया। 04.06.2022 को प्राप्त किया गया
गुवाहाटी	349,02,39,547.90	31.03.2022 को बकाया। 02-04-2022 को प्राप्त किया गया
कुल (क)	**6,15,53,62,114.34**	**वित्तीय वर्ष 21-22 के दौरान छूट पाने वालों से प्राप्त सीडब्ल्यूआईपी राशि**
कुल (ख)	**349,06,97,782.34**	**31.03.2022 तक रियायतग्राही से सीडब्ल्यूआईपी राशि लंबित है**
कुल योग (क+ख)	**964,60,59,896.68**	

vi. उपरोक्त भुगतानों के अलावा, भा. वि. प्रा. ने गुवाहाटी हवाई अड्डे के संबंध में मैसर्स गुवाहाटी इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड पर 72,43,80,414 रु. के पूंजीगत अग्रिम से संबंधित दावा भी किया है और यह 02.04.2022 को प्राप्त हुआ था।

vii. लेखा 2021–22 में 'पट्टों' (सार्वजनिक निजी भागीदारी हवाई अड्डों) पर लेखा मानक – 19 के तहत प्रकटीकरण : सीए के खंड 28.11/28.12 के अनुसार, रियायतग्राही सीओडी के रूप में भा. वि. प्रा. द्वारा वैमानिकी परिसंपत्तियों में किए गए निवेश के बराबर राशि का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगा और इसे विनियामक द्वारा विनियामक परिसंपत्ति आधार के हिस्से के रूप में माना जाता है, इस तरह के निवेश की राशि के नियामक द्वारा अपेक्षित सामंजस्य, ट्रू–अप और अंतिम निर्धारण के अधीन ("डीम्ड इनिशियल आरएबी") होगी। रियायतग्राही भी भा. वि. प्रा. को भा. वि. प्रा. द्वारा हवाईअड्डे में गैर–वैमानिकी परिसंपत्तियों में किए गए निवेश के अनुमानित मूल्यह्रास मूल्य के बराबर राशि का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगा, जो कि गैर–वैमानिकी परिसंपत्तियों अर्थात् प्रारंभिक गैर–वैमानिकी निवेश के विकास के लिए सीओडी के रूप में है।

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

तदनुसार, भा. वि. प्रा. ने मान्य प्रारंभिक आरएबी के निम्नलिखित प्रस्ताव को नियामक (एईआरए) को निम्नानुसार प्रस्तुत किया है : –

क्र.सं.	विवरण	हवाई अड्डे		
		मैंगलोर	लखनऊ	अहमदाबाद
01	सीओडी	31.10.2020	02.11.2020	07.11.2020
02	सीओडी पर डीम्ड प्रारंभिक आरएबी	129.13	186.38	301.32
03	सीओडी पर ट्रू अप का मूल्य	171.43	344.13	393.61
04	सीओडी के अनुसार एएनएस परिसंपत्तियां	1.93	4.70	1.80
05	सीओडी पर प्रारंभिक गैर–वैमानिकी निवेश	0.46	3.80	3.70
06	कुल (2+3+4+5)	302.95	539.01	700.43
07	एईआरए को अंतिम रूप से जमा करने की तिथि	03.07.2022	28.06.2022	22.06.2022

एक बार जब विनियामक (एरा) उपरोक्त हवाई अड्डों (मैंगलोर, लखनऊ और अहमदाबाद) के संबंध में मान्य इनिशियल रेगुलेटरी एसेट बेस निर्धारित करते हैं, तो प्रारंभिक गैर वैमानिकी निवेश की राशि स्वतंत्र इंजीनियर (आईई) द्वारा निर्धारित की जाएगी और किसी भी अधिशेष या घाटे की राशि को संतुलन भुगतान के हिस्से के रूप में समायोजित किया जा सकता है जो आईई द्वारा इस तरह के निर्धारण से 15 दिनों की समाप्ति के बाद रियायत समझौते के खंड 31.4 के अनुसार देय और भुगतान योग्य हो जाता है। (खंड 28.12.2)।

वित्तीय वर्ष 2021–22 में रियायतग्राही को सौंपे गए अन्य 3 पीपीपी हवाई अड्डों (त्रिवेंद्रम, गुवाहाटी और जयपुर) के संबंध में प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है और वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान एरा को प्रस्तुत किया जाएगा।

(viii) आरएबी/डब्ल्यूआईपी संबंधी जीएसटी पर टिप्पणी

भा. वि. प्रा. ने अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (''रियायतग्राही'') के एसपीवी अर्थात मैसर्स अहमदाबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड, मेसर्स लखनऊ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड, मेसर्स मैंगलोर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड, मेसर्स जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड, मैसर्स टीआरवी (केरल) इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड और मैसर्स गुवाहाटी इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के साथ सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से 50 वर्ष की पट्टा अवधि के लिए 06 (छह) हवाई अड्डों अर्थात् क्रमशः अहमदाबाद, लखनऊ, मंगलुरु, जयपुर, त्रिवेंद्रम और गुवाहाटी के संचालन, प्रबंधन और विकास हेतु छः अलग–अलग रियायत समझौतों (सीए) पर हस्ताक्षर किए हैं।

इस संबंध में, भा. वि. प्रा. ने 15.06.21 को एडवांस रूलिंग कमिश्नरी, गुजरात के लिए गुजरात प्राधिकरण के कार्यालय के साथ अडानी अहमदाबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड को सीडब्ल्यूआईपी के हस्तांतरण, पुर्जों की लागत, स्टाफ लागत आदि पर जीएसटी की प्रयोज्यता के संदर्भ में अग्रिम निर्णय के लिए एक आवेदन जमा किया था। गुजरात अथॉरिटी फॉर एडवांस रूलिंग (एएआर) ने 02.09.2021 को इस संबंध में संदर्भ संख्या जीएएआर/एआर– 2021/एफ–04/बी–171/173 के माध्यम से एक आदेश पारित किया। गुजरात एएआर ने स्पष्ट किया है कि भा. वि. प्रा. और अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड द्वारा किए गए समझौते के माध्यम से गठित एसपीवी को भा. वि. प्रा. से व्यापार का हस्तांतरण एक ''चालू संगठन के हस्तांतरण'' है। एएआर का मानना है कि इस सेवा को 28 जून, 2017, अर्थात् ''चालू संगठन के हस्तांतरण के माध्यम से सेवाएं'' की अधिसूचना संख्या 12/2017–सीटीआर की छूट प्रविष्टि क्रम संख्या 2 के तहत कवर की गई है। यह आगे माना जाता है कि चूंकि रियायत शुल्क एसपीवी द्वारा भा. वि. प्रा. को भुगतान किए गए कंसिडरेशन का एक हिस्सा है जिसे जीएसटी से छूट दी गई है, स्टाफ लागत और अन्य लागतों की प्रतिपूर्ति में भी जीएसटी से छूट दी गई है। भा. वि. प्रा. द्वारा एसपीवी को पुर्जों और उपभोग्य सामग्रियों की प्रस्तावित आपूर्ति पर जीएसटी के संबंध में, यह टिप्पणी करता है कि ये आपूर्तियां संविदा के विस्तार से बाहर हैं और इसमें एक निर्णय की घोषणा करने से रोका जाता है, सिवाय इसके कि प्रस्तावित आपूर्ति पर जीएसटी का भुगतान किया जाना है।

उपरोक्त निर्णय के अनुसरण में, भा. वि. प्रा. के 06 पीपीपी हवाई अड्डे मासिक रियायत शुल्क, मासिक चुनिंदा

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

कर्मचारियों की लागत की प्रतिपूर्ति, सीओडी के अनुसार सीडब्ल्यूआईपी की प्रतिपूर्ति, वैमानिकी परिसंपत्तियों और गैर वैमानिकी परिसंपत्तियों, नगरपालिका कर, संपत्ति कर और जल शुल्क के मूल्य की एक बार प्रतिपूर्ति पर जीएसटी के बिना चालान बना रहे हैं। इसके अलावा, गुजरात अथॉरिटी फॉर एडवांस रूलिंग (एएआर) के विचारों के अनुसार, भा. वि. प्रा. अडानी समूह को पुर्जों और उपभोग्य सामग्रियों की आपूर्ति पर जीएसटी लगा रहा है।

इसी तरह, मैंगलुरू, लखनऊ, जयपुर, गुवाहाटी और त्रिवेंद्रम के 05 हवाई अड्डों के संबंधित एएआर से पहले अग्रिम नियम भी लागू किए गए हैं, जो सीओडी के अनुसार सीडब्ल्यूआईपी की प्रतिपूर्ति पर जीएसटी की प्रयोज्यता, वैमानिकी परिसंपत्तियों और गैर वैमानिकी के मूल्य की एक बार प्रतिपूर्ति, भा. वि. प्रा. द्वारा रियायत पाने वालों को हस्तांतरित की जाने वाली परिसंपत्ति, पुर्जों की आपूर्ति और कर्मचारियों की लागत की खपत आदि की प्रतिपूर्ति के संबंध में हैं। आज की तिथि में मैंगलोर, लखनऊ, जयपुर, गुवाहाटी और त्रिवेंद्रम हवाई अड्डों के संबंध में एडवांस रूलिंग के लिए प्राधिकरण द्वारा रूलिंग की घोषणा अभी की जानी है।

38. 3 पीपीपी हवाईअड्डों - तिरुवनंतपुरम, जयपुर, गुवाहाटी के रियायतग्राहियों को सौंपी गई परिसंपत्तियों/ सीडब्ल्यूआईपी संपत्तियों के संबंध में लेखांकन व्यवहार

i. भा. वि. प्रा. ने 50 वर्ष की पट्टा अवधि हेतु सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से तीन हवाई अड्डों अर्थात् गुवाहाटी, जयपुर और तिरुवनंतपुरम के प्रचालन, प्रबंधन और विकास के लिए 19.01.2021 को रियायतग्राही अर्थात् क्रमशः मैसर्स गुवाहाटी इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड, मेसर्स जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड और मेसर्स टीआरवी (केरल) इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ तीन अलग–अलग रियायत समझौतों (सीए) पर हस्ताक्षर किए हैं। गुवाहाटी, जयपुर और तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के संबंध में वाणिज्यिक प्रचालन तिथि (सीओडी) क्रमशः 08.10. 2021, 11.10.2021 और 14.10.2021 थी।

ii. निष्पादित करारों के अनुसार, रियायतग्राहियों को भा. वि. प्रा. को निम्नलिखित का भुगतान करना होगा :–

ए) अनुमानित डीम्ड प्रारंभिक विनियामक परिसंपत्ति आधार (आरएबी) -

वैमानिकी और गैर–वैमानिकी परिसंपत्तियों में 31.03. 2018 को प्राधिकरण द्वारा किए गए निवेश के अनुमानित मूल्यह्रासित मूल्य के लिए अग्रिम भुगतान।

बी) प्रगतिशील कार्य पर पूंजी

वाणिज्यिक प्रचालन तिथि को कार्य प्रगति पर पूंजी के मूल्य से संबंधित अग्रिम भुगतान।

सी) मासिक रियायत शुल्क

समझौतों में निर्धारित दरों पर भा. वि. प्रा. को हवाई अड्डे पर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय यात्री प्रवाह के संबंध में गणना किए गए मासिक रियायत शुल्क का भुगतान करने के लिए।

iii. वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए भा. वि. प्रा. के वार्षिक खातों को अंतिम रूप देते समय, उपरोक्त पैरा में संदर्भित लेन देन के संबंध में लेखांकन प्रबंधन के संबंध में, भा. वि. प्रा. ने इस विषय पर विशेषज्ञ राय लेने के लिए एक सलाहकार की नियुक्ति की है।

iv. भा. वि. प्रा. अधिनियम, 1994 के प्रावधानों, भा. वि. प्रा. द्वारा प्रदान किए गए लेनदेन से संबंधित संगत रियायत समझौते, सूचना और स्पष्टीकरण, लेखा मानक–9 ''आय पहचान'', लेखा मानक – 19 ''पट्टा'', भारतीय लेखा मानक – 115 ''ग्राहकों के साथ संविदाओं से राजस्व'' का विश्लेषण करने के बाद सलाहकार ने लेखांकन प्रबंध के संबंध में निम्नलिखित राय व्यक्त की है :

ए) अनुमानित मान्य प्रारंभिक आरएबी के लिए भा. वि. प्रा. द्वारा प्राप्त अग्रिम भुगतान को लीज अवधि के दौरान प्रचालन पट्टा आय के रूप में लेखा में डालना चाहिए। भा. वि. प्रा. की लेखों में परिसंपत्ति दिखाई देती रहेगी।

बी) रियायतग्राही से वाणिज्यिक प्रचालन तिथि (सीओडी) के अनुसार जारी कार्यों के मूल्य के संबंध में भा. वि. प्रा. द्वारा प्राप्त की गई/ प्राप्त की जाने वाली राशि के संबंध में, अभी तक अर्जित राशि को एएस–19 के अनुसार पट्टा अवधि पर प्रचालन पट्टा आय के तौर पर गणना की जानी चाहिए।

इसके अलावा, जब भी रियायतग्राही सीडब्ल्यूआईपी परिसंपत्तियों को पूरा करने के बाद उपयोग में लाता है, भा. वि. प्रा. को सीओडी तक भा. वि. प्रा. द्वारा किए गए व्यय के साथ मूल्य का पूंजीकरण करना चाहिए और ऐसी परिसंपत्तियों पर मूल्यह्रास का दावा करना शुरू करना चाहिए।

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

सी) मासिक रियायत शुल्क के संबंध में, राशि को एएस–19 के अनुसार 50 वर्षों की अवधि में प्राप्त होने वाले आकस्मिक किराए के रूप में माना जाना चाहिए और इसे मासिक आधार पर पट्टा किराया के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए।

v. सलाहकार की उपरोक्त सलाह पर विचार किया गया है और भा. वि. प्रा. ने सलाह को स्वीकार कर लिया है। तदनुसार भा. वि. प्रा. द्वारा 31.03.2021 को अपनी लेखा बहियों में लेखा प्रबंध दिया गया है।

vi. वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान रियायतग्राहियों को सौंपे गए इन 3 पीपीपी हवाई अड्डों के संबंध में आरएबी/सीडब्ल्यूआईपी के लिए भा. वि. प्रा. को प्राप्त अग्रिम राशि और अर्जित मासिक रियायत शुल्क का विवरण भा.वि.प्रा. के लेखा बहियों में राजस्व/आस्थगित राजस्व के रूप में 31.03.2022 को उनका वर्गीकरण नीचे दिया गया है :

(करोड़ रु. में)

विवरण	राजस्व			आस्थगित राजस्व			कुल		
	तिरुवनंतपुरम	जयपुर	गुवाहाटी	तिरुवनंतपुरम	जयपुर	गुवाहाटी	तिरुवनंतपुरम	जयपुर	गुवाहाटी
आरएबी (वैमानिक)	3.93	2.39	0.66	420.07	250.61	68.34	424.00	253.00	69.00
आरएबी (गैर–वैमानिक)	0.07	0.02	0.12	7.08	2.54	12.59	7.15	2.56	12.71
सीडब्ल्यूआईपी	0.01	0.15	3.36	0.72	15.41	345.66	0.73	15.56	349.02
रियायत शुल्क	29.14	37.83	32.47	-	-	-	29.14	37.83	32.47

vii. 31.03.2022 को भा. वि. प्रा. बहियों में जारी परिसंपत्तियों/सीडब्ल्यूआईपी परिसंपत्तियों का विवरण जो रियायतग्राहियों को सौंप दिया गया है, निम्नानुसार हैं :–

(करोड़ रु. में)

हवाई अड्डा का नाम	परिसंपत्ति			सीडब्ल्यूआईपी परिसंपत्तियां
	सकल ब्लॉक	संचित मूल्यह्रास	निवल ब्लॉक	राशि
मैंगलोर	368.71	319.55	49.16	142.18
लखनऊ	411.49	311.36	100.13	401.99
अहमदाबाद	774.20	663.52	110.68	0.00
तिरुवनंतपुरम	888.74	686.76	201.98	0.56
जयपुर	775.74	454.13	321.61	15.56
गुवाहाटी	406.48	317.77	88.71	349.02

39. एयर इंडिया का कार्यनीतिक विनिवेश

ए) भा. वि. प्रा. ने 25.01.2022 को आयोजित अपनी 205वीं बोर्ड बैठक में 31.03.2021 को एयर इंडिया (एआई) द्वारा देय बकाया राशि का 50 प्रतिशत होने के नाते, 1009.39 करोड़ रुपए की राशि को माफ करने और बट्टे खाते में डालने की मंजूरी दी। यह निर्णय नागर विमानन मंत्रालय के दिनांक 25.01.2022 के पत्र के अनुसार लिया गया था, जिसमें भा. वि. प्रा. को भारत सरकार के वित्तीय बोझ को तत्काल कम करने और राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए एअर इंडिया के लंबित बकाया राशि का 50 प्रतिशत माफ करने और बट्टे खाते में डालने का निर्देश दिया गया। एअर इंडिया की बहियों में 31.03.2021 को भा. वि. प्रा. के यातायात बकाया (1949.60 करोड़ रुपए) और गैर–यातायात और अन्य बकाया राशि (373.74 करोड़ रुपए) की बकाया राशि 2,323.34 करोड़ रुपए थी, जिसे अतिरिक्त बिलिंग के लिए 312.74 करोड़ रुपए कम करने की आवश्यकता थी। भूमि/स्थान के किराए के खाते में और कार्गो राजस्व में 8.19 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई। उपरोक्त प्रभावों को विचार में लेने के बाद निवल राशि 2018.79 करोड़ रुपए आती है, जिसका 50 प्रतिशत अर्थात् 1009.39 करोड़ रुपए है। जबकि, 17.99 करोड़ रुपए के टीडीएस पर विचार करने के बाद वित्तीय वर्ष

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

2021–22 के दौरान 991.40 करोड़ रुपए की राशि माफ की गई/बट्टे खाते में डाल दी गई थी।

बी) एयर इंडिया एक्सप्रेस लिमिटेड के संबंध में, 31.03.2021 को 1.08 करोड़ रुपए की बकाया राशि का समायोजन वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान किया गया था और इसलिए कोई छूट /बट्टे खाते में डालने की कार्रवाई करने की आवश्यकता नहीं थी।

सी) उपरोक्त के कारण, वित्तीय वर्ष के दौरान एअर इंडिया से संबंधित प्रावधान को बट्टे खाते में डालने के लिए निम्नलिखित समायोजन किए गए :–

ए. एकमुश्त प्राप्त राशि के संबंध में – एआई से प्राप्त बकाया राशि के लिए कुल एकमुश्त भुगतान 1009.39 करोड़ रुपए (टीडीएस का निवल) है; 31.03.2021 तक 2018.79 करोड़ रुपए के कुल बकाया का 50 प्रतिशत है। इसे देखते हुए, 31.03.2020 तक की अवधि के लिए 836.48 करोड़ रुपए की राशि के लेखा की बहियों में बनाए गए संदिग्ध ऋणों के लिए वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान असाधारण मद में इसी क्रेडिट के साथ बट्टे खाते में डाला गया है।

बी. अप्राप्य ऋणों को बट्टे खाते में डालने के संबंध में – एकमुश्त भुगतान के लिए 17.99 करोड़ रुपए की राशि के टीडीएस क्रेडिट पर विचार किया गया और शेष 991.40 करोड़ रुपए (1009.39 करोड़ रुपए में से 17.99 करोड रुपए कम किए गए) को अशोध्य ऋण के रूप में बट्टे खाते में डाल दिया गया। साथ ही वित्तीय वर्ष 2021–22 के खातों में बट्टे खाते में डालने से संबंधित अशोध्य एवं संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान को बट्टे खाते में डाल दिया गया है।

सी. एआई के गैर–यातायात बकाया की अतिरिक्त बिलिंग को वापस लेने के संबंध में – वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान 303.16 करोड़ रुपए की राशि को पूर्व अवधि की आय में वापस कर दिया गया है और डेबिट किया गया है। साथ ही, 303.16 करोड़ रुपए की राशि के संदिग्ध ऋणों के लिए संबंधित प्रावधान को भी पूर्ववर्ती अवधि के राजस्व के अनुरूप क्रेडिट के साथ रिवर्स कर दिया गया है।

डी) भाविप्रा द्वारा लाभांश के भुगतान से छूट के लिए अनुरोध–

ए. डीआईपीएएम ने नागर विमानन मंत्रालय को संबोधित कार्यालय ज्ञापन दिनांक 24.01.2022 के माध्यम से सूचित किया है कि वित्तीय वर्ष 2020–21 में नुकसान के कारण भाविप्रा को लाभांश के भुगतान से छूट देने के लिए नागर विमानन मंत्रालय के अनुरोध और वित्तीय वर्ष 2021–22 में संभावित नुकसान के लिए भाविप्रा को अनिवार्य सीमा तक लाभांश के भुगतान से छूट देने के लिए नागर विमानन मंत्रालय के अनुरोध के साथ 'सैद्धांतिक' रूप से सहमति व्यक्त की गई है। संबंधित वित्तीय वर्षों की सीएमसीडीसी की बैठकों में विशिष्ट छूटों पर विचार किया जाएगा।

बी. भाविप्रा ने संयुक्त सचिव, नागर विमानन मंत्रालय को संबोधित यूओ नोट संख्या–एएआई/एफएंडए/सीओएमपी/लाभांश छूट/2021–22/115 दिनांक 24.02.2022 में अनुरोध किया कि एएआई को (क) वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए अंतिम लाभांश का भुगतान 138.57 करोड़ रुपए, (ख) वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए देय कुल लाभांश 671.70 रुपए और (ग) वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए देय लाभांश में छूट दी जाए।

सी. इस संबंध में डीआईपीएएम के अंतिम निर्णय की प्रतीक्षा है। इसलिए, भाविप्रा ने वित्तीय वर्ष 2021–22 के लेखाओं में इस विषय पर डीआईपीएएम के दिशानिर्देशों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए भारत सरकार को देय लाभांश का लेखा–जोखा रखा है।

40. क्यूबेक, कनाडा और स्विस कोर्ट के उच्च कोर्ट की ओर से आईएटीए से भा. वि. प्रा. निधि की गार्निशमेंट द्वारा जब्ती

क्यूबेक, कनाडा के उच्च कोर्ट ने आईएटीए को दिनांक 24.11.2021 के एक पूर्व–पक्षीय आदेश दिया कि आईएटीए द्वारा रखी गई भा. वि. प्रा. के सभी निधियों को जब्त करने के लिए कार्य किया। इस मामले में अभियोगी मैसर्स देवास कंसोर्शियम था जिसमें भारतीय गणराज्य को प्रतिवादी बनाया गया था और भा. वि. प्रा. को ''मिस–एन–कॉज'' बनाया गया था। आदेश पर, भा. वि. प्रा. और आईएटीए द्वारा क्यूबेक, कनाडा के सुपीरियर कोर्ट के समक्ष एक अपील दायर की गई थी। न्यायालय ने अपने आदेश दिनांक 08.01.2022 द्वारा जब्ती को हटा लिया। आदेश पर विचार करते हुए, आईएटीए ने 42,70,34,546 रुपए जारी किए, लेकिन स्विस अधिकारियों से नोटिस प्राप्त होने के कारण अमेरिकी डॉलर में भुगतान को रोकना जारी रखा, जिसमें आईएटीए को भारत गणराज्य से संबंधित किसी भी या सभी परिसंपत्तियों को जब्त करने का निर्देश दिया गया था, जिसमें भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण शामिल हैं। इस मामले में आवेदक डॉयचे टेलीकॉम एजी था। भा. वि. प्रा. ने भा. वि. प्रा. का प्रतिनिधित्व करने के लिए कनाडा और स्विट्जरलैंड में कानूनी सलाहकार नियुक्त किए हैं। दोनों मामले न्यायिक प्रणाली के अधीन हैं। दिनांक 31.03.

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

2022 को आईएटीए द्वारा रोकी गई अमेरिकी डॉलर राशि 2,99,67,561.80 अमेरिकी डॉलर है और 31.05.2022 की स्थिति के अनुसार 3,71,99,534.48 अमेरिकी डॉलर है।

विदेशी एयरलाइनों से एकत्र की गई और आईएटीए द्वारा रोकी गई राशि को ''एयरलाइंस से प्राप्त राशि'' के रूप में माना गया है और वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान ''आईएटीए से वसूली योग्य'' के रूप में दिखाया गया है।

41. विदेशी एयरलाइनों से बिलिंग और संग्रह

आईएटीए के माध्यम से विदेशी एयरलाइनों के बिल और संग्रह की वर्तमान व्यवस्था को क्यूबेक कोर्ट, कनाडा और जिनेवा में स्विस प्राधिकरणों में आईएटीए से भा. वि. प्रा. निधि की जब्ती की जारी मुकदमेबाजी के कारण बंद कर दिया गया था। 01.04.2022 से प्रभावी, विदेशी एयरलाइनों का बिल और संग्रह भा. वि. प्रा. द्वारा किया जाता है।

42. परिसंपत्तियों की क्षति पर लेखा मानक-28 के तहत प्रकटन

प्रबंधन के आंकलन के अनुसार वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के लेखों में वित्तीय वर्ष 2013–14 के दौरान परिसंपत्तियों की क्षति के लिए किए गये उपायों को पहचानने या उसकी समीक्षा करने संबंधी स्थिति में 31.03.2021 तक कोई प्रत्यक्ष परिवर्तन नहीं आया है।

43. प्रतिबद्धताएं

(ए) साख पत्र सहित निष्पादन के लिए शेष पूँजीगत खाता संबंधी संविदाओं की प्राक्कलित राशि का ही निष्पादन किया जाना है तथा तुलन पत्र के अनुसार 5892.57 करोड़ रुपए (पिछले वर्ष 7674.10 करोड़ रुपए) की राशि प्रदान नहीं की गई है।

(बी) भा. वि. प्रा. ने वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान किसी भी ईपीसीजी का लाभ नहीं उठाया है, उपकरण/पुर्जों के आयात पर सीमा शुल्क में रियायत के कारण कोई अतिरिक्त निर्यात देयता नहीं है।

44. खातों का एकीकरण :

चूंकि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत पंजीकृत कंपनी नहीं है, 31.03.2022 को भा.वि.प्रा, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण कार्गो लॉजिस्टिक एवं एलाइड सर्विसेस कंपनी लि. तथा चंडीगढ़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लि. (जिसमें भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की 51 प्रतिशत हिस्सेदारी है) के लेखों को समेकित करने की आवश्यकता नहीं है। यद्यपि वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए भा. वि. प्रा. की वार्षिक रिपोर्ट में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण कार्गो लॉजिस्टिक एवं एलाइड सर्विसेस कंपनी लि. और चंडीगढ़ इन्टरनेशनल एयरपोर्ट लि. के लेखों को संलग्न किया गया है एवं इसे संसद के दोनों सदनों में प्रस्तुत किया जाएगा।

45. क. आकस्मिक देयताएं

ऋण के रूप में स्वीकार नहीं किए गए दावे :

(करोड़ रु. में)

विवरण	31 मार्च, 2022 तक	31 मार्च, 2021 तक
भूमि मामले	1,294.79	1,268.76
दुर्घटना के मुआवजा दावे	3.68	3.91
मध्यस्थता के तहत मामले	3,921.16	31,568.08
कार्गो के अंतर्गत दावे	0.02	4.47
न्यायालय के मामले	1,029.43	1,028.72
बिक्री कर / सेवा कर/ नगरपालिका कर/आय कर आदि	590.21	550.16
अन्य	70.71	56.85
कुल	**6,910.00**	**34,480.95**

टिप्पणी :

(i) 31.03.2022 तक मध्यस्थता के तहत मामलों के लिए 3921.16 करोड़ रुपए की आकस्मिक देयता राशि में मायल के संबंध में 1054.59 करोड़ रुपए और डायल के संबंध में एमएएफ से संबंधित 446.21 करोड़ रुपए की राशि शामिल है, जिसे वित्तीय वर्ष 2020–21 और वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए भा. वि. प्रा. के खातों में राजस्व के रूप में दर्ज किया गया है।

(ii) 31.03.2021 तक मध्यस्थता के तहत मामलों के लिए आकस्मिक देयता 31568.08 करोड़ रुपए थी, जिसमें डायल और मायल के साथ मध्यस्थता मामले से संबंधित 29361.61 करोड़ रुपए (डायल 13217.06 करोड़ रुपए और मायल 16144.55 करोड़ रुपए) शामिल थे, जो डायल और मायल के पिछले वर्षों में ब्याज सहित अतिरिक्त वार्षिक शुल्क भुगतान के दावे के संबंध में था। उक्त मध्यस्थता कार्यवाही में बहस समाप्त हो गई हैं और मध्यस्थता निर्णय (2:1 के बहुमत से जहां पीठासीन मध्यस्थ ने असहमति का निर्णय दिया है) घोषित कर दिया गया है और उसकी जांच की जा रही है। प्रथम दृश्टया, यह निर्णय डायल और मायल द्वारा किए गए दावों से अलग है और इसकी राशि निर्धारित नहीं की गई है। मध्यस्थता निर्णय में कहा गया है कि एक स्वतंत्र लेखा परीक्षक मध्यस्थ निर्णय में दिए गए निर्णयों के अनुसार दावों पर काम करेगा। उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, डायल के संबंध में 13217.06 करोड़ रुपए की राशि और मायल के संबंध में 16144.55 करोड़ रुपए की आकस्मिक देयता 31.03.2021 को लेखा खातों में दिखाई दे रही थी, जिसे वित्तीय वर्ष 2021–22 में वापस ले लिया गया है।

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

बी. आकस्मिक परिसंपत्तियां

(करोड़ रु. में)

विवरण	31 मार्च, 2022 तक	31 मार्च, 2021 तक
वित्तीय वर्ष 2020–21 और वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए पट्टा राजस्व से संबंधित विवादित एमएएफ को राजस्व के रूप में दर्ज नहीं किया गया		
मायल	294.97	-
डायल	1312.07	-
कुल	1607.04	-

46. निष्पादित प्रतिभूतियां :

इस वर्ष के दौरान विद्युत वितरण कंपनियों, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दूरसंचार विभाग आदि के पक्ष में 19.38 करोड़ रुपए की गारंटी जारी / नवीकृत की गई है ।

47. विदेशी मुद्राओं में व्यय :

(करोड़ रु. में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2021-22	वित्तीय वर्ष 2020-21
पूंजीगत वस्तुओं की खरीद	196.64	424.42
अतिरिक्त पुर्जे	28.36	14.47
विदेश यात्रा	0.21	1.87
परामर्श	0.24	4.54
विदेशी ऋण का पुनर्भुगतान	2.83	2.79
अन्य	103.44	60.63
कुल	**331.72**	**508.72**

48. विदेशी मुद्रा में अर्जन :

(करोड़ रु. में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2021-22	वित्तीय वर्ष 2020-21
सेवाएं	688.24	478.09

49. ईपीएफ न्यास

i) ईपीएफओ ने दिनांक 30.05.2012 के पत्र के माध्यम से ईपीएफ एवं एमपी अधिनियम, 1952 की धारा 14 बी के अंतर्गत 04/1995 से मासिक अंशदान देरी से देने हेतु 227.17 करोड़ रुपए की क्षतिपूर्ति मांगी है। इस मांग के विरुद्ध माननीय उच्च न्यायालय, दिल्ली में मुकदमा दायर किया गया है जिसका निर्णय विचाराधीन है।

ii) ईपीएफ एवं एमपी अधिनियम 1952 के पैरा 17 (2) के साथ पठित पैरा 27 (ए) के तहत भविष्य निधि के आंतरिक रखरखाव करने हेतु भा. वि. प्रा. को दी गई छूट को ईपीएफओ ने पत्र सं. ई/डी एल/36478/आर ई सी/ 3203–3208/1581 दिनांक 11.12.2014 के माध्यम से वापिस ले लिया है। भा. वि. प्रा. ने श्रम तथा रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार से भा. वि. प्रा. को इस छूट को बहाल करने का अनुरोध किया है। श्रम मंत्रालय, ईपीएफओ तथा भा. वि. प्रा. अधिकारियों के बीच 29.05.2015 को आयोजित एक बैठक में निर्णय लिया गया कि भा. वि. प्रा. को दी जाने वाली छूट की अस्थायी रूप से बहाली की जाए जब तक कि माननीय उच्च न्यायालय का क्षति के मामलों से संबंधित निर्णय नहीं आ जाता। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, दिल्ली के पत्र दिनांक 17.08.2015 केंद्रीय मुख्यालय, ईपीएफओ से भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को छूट देने की सिफारिश की गई है। जबकि ईपीएफओ ने दिनांक 21.01.2016, 15.06.2016 और 29.09.2016 के ई/डीएल/37478 एक्जम्पटिड/ई ओ/2016 के पत्रों के साथ कुछ प्रश्न उठाए जिसे दिनांक 28.11.2016 के पत्र एफ संख्या भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण/ ईपीएफ/ सीएचक्यू/2016–17 के माध्यम से संबोधित किया गया है। अनुस्मारकों के माध्यम से ईपीएफओ के साथ इस मुद्दे को फिर से उठाया गया है, जबकि ईपीएफओ के अंतिम निर्णय की अभी भी प्रतीक्षा है।

50. खण्ड रिपोर्ट और नकदी प्रवाह विवरण

31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए खण्ड रिपोर्ट और नकद प्रवाह विवरण संलग्न है।

51. क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस)

उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) राष्ट्रीय नागर विमानन नीति (एनसीएपी), 2016 का एक प्रमुख घटक है जिसे 15.06.2016 को नागर विमानन मंत्रालय (एमओसीए) द्वारा जारी किया गया था। एनसीएपी 2016 के अनुरूप, नागर विमानन मंत्रालय ने 21.10.2016 को क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस–उड़ान) का शुभारंभ किया जो नागर विमानन मंत्रालय (एमओसीए) द्वारा अपनी अधिसूचना की तिथि से 10 साल की अवधि के लिए लागू होगा।

माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 27.04.2017 को शिमला से दिल्ली के लिए पहली आरसीएस उड़ान का उद्घाटन किया गया था।

निविदाकरण का तीसरा चरण 31.03.2021 तक, आयोजित किया गया और को 85 असेवित हवाई अड्डों, 19 अल्पसेवि हवाई अड्डों और 14 वॉटरड्रोमों से जोड़ने के लिए विभिन्न एयरलाइनों को 948 वैध आरसीएस मार्ग

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त उड़ान के अन्तर्गत, पहाड़ी राज्यों के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में 36 हेलीपैड को जोड़ा जाना है।

उड़ान 4.2 के निविदाकरण की विशेष चरण प्रगति में है।

आरसीएस–उड़ान के माध्यम से 31.03.2021 और 31.03.2022 तक क्रमशः कुल घरेलू 63.46 लाख और 92.93 लाख यात्रियों ने यात्रा की। 31.03.2021 और 31.03.2022 तक प्रचालित कुल आरसीएस उड़ान क्रमशः 1.20 लाख और 1.79 लाख थीं।

वर्ष 2021–22 के दौरान चुने हुए एयरलाइंस से आरएसीएफटी द्वारा वायबलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) पर लगभग 625.93 करोड़ रुपए का दावा किया है और 2021–22 के दौरान एकत्रित आरसीएस लेवी लगभग 241.16 करोड़ रुपए है।

52. यह उल्लेख किया गया है कि वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान, विभिन्न राज्य सरकारों पर भारत सरकार की क्षेत्रीय संपर्क योजनाओं के संबंध में भा. वि. प्रा. प्रचालित हवाई अड्डों के संबंध में सुरक्षा और अग्निशमन सेवाओं हेतु दावे किए गए थे और उक्त दावों में से 42.45 करोड़ रुपए की राशि लंबित थी और इसे प्राप्ति आधार पर गणना की जाएगी।

53. पीपीपी हवाई अड्डे

(i) तीन हवाई अड्डों अर्थात गुवाहाटी, जयपुर और त्रिवेंद्रम को पीपीपी के माध्यम से क्रमशः प्रचालन, प्रबंधन और विकास के लिए 50 वर्ष की लीज अवधि के लिए क्रमशः 08.10.2021, 11.10.2021 और 14.10.2021 को रियायतग्राही अर्थात् मैसर्स अडानी गुवाहाटी इंटरनेशनल एयरपोर्ट, मेसर्स अडानी जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट, और मेसर्स अडानी तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट को सौंप दिया गया था।

(ii) भा. वि. प्रा. बोर्ड ने पीपीपी के माध्यम से प्रचालन, प्रबंधन और विकास के लिए 07 छोटे हवाई अड्डों (कांगड़ा, गया, कुशीनगर, हुबली, जबलपुर, औरंगाबाद और तिरुपति) के साथ 06 चयनित हवाई अड्डों (अर्थात् भुवनेश्वर, वाराणसी, इंदौर, अमृतसर, रायपुर और त्रिची) को जोड़ने के विकल्प के साथ 13 हवाई अड्डों के पीपीपी लेनदेन करने की सिफारिश की। भारत सरकार के सैद्धांतिक अनुमोदन की मांग के लिए 10.09.2021 को एमओसीए के पास प्रस्ताव भेजा गया था, जिसकी प्रतीक्षा की जा रही है।

54. सामान्य

(i) अग्रिम में शेष/ग्राहक लेखा/देयताएं आदि पुष्टिकरण/लेखा–समाधान के अधीन होगा।

(ii) 7.07 लाख रुपए (पिछले वर्ष 7.07 लाख रुपए) की राशि की हानि लंबित है।

(iii) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण कर्मचारी परिभाषित अंशदान पेंशन योजना :

(ए) नागर विमानन मंत्रालय द्वारा दिनांक 26.02.2018 के पत्र सं. एवी–24032/578/ 2015 – भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण/एमओसीए के माध्यम से दिनांक 01.01.2017 से प्रभावी होकर संदर्भाधीन पेंशन योजना को अनुमोदित किया गया था। तदनुसार, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा पेंशन निधि के प्रबंध हेतु दिनांक 11.02.2019 की ट्रस्ट डीड के माध्यम से 'भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण कर्मचारी परिभाषित अंशदान पेंशन ट्रस्ट' के नाम से पेंशन ट्रस्ट का सृजन किया गया।

(बी) भा. वि. प्रा. ने मार्च 2019 में भा. वि. प्रा. कर्मचारी परिभाषित अंशदान पेंशन ट्रस्ट को 01.01.2007 से 31.12.2016 की अवधि के लिए सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मचारियों से संबंधित योगदान के लिए 824.19 करोड़ रू. की राशि अंतरित की है। वर्तमान में 31.03.2022 के अनुसार भा. वि. प्रा. द्वारा प्रदान की गई अनुमानित देयता का विवरण इस प्रकार है :–

विवरण	करोड़ रुपए में
31.03.2021 तक की अवधि के लिए देय कुल अनुमानित अंशदान	421.00
31.03.2019 तक ब्याज के लिए अनुमानित प्रावधान	540.00
31.03.2020 को समापन शेष राशि	961.00
घटाएं : कर्मचारियों के चयन, इस्तीफे आदि के लिए सीएडी पेंशन विकल्प के अनुमोदन के कारण ईडीसीपी योजना सदस्यता में कायिक राशि अपडेशन के कारण 31.03.2021 तक की अवधि के लिए देय अंशदान राशि के विरुद्ध वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान किया गया समायोजन	(-3.92)
जोड़ें : वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए योगदान के लिए 2 प्रतिशत की दर से अनुमानित प्रावधान	35.31
31.03.2022 तक समायोजित देयता	992.39

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

(सी) सी एण्ड एजी ने वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के वार्षिक खातों का लेखा परीक्षण करते हुए देखा है कि 01.01.2007 से 31.03.2019 की अवधि के लिए देयता के रूप में 540 करोड़ रुपए प्रदान करना डीपीई दिशानिर्देशों के साथ असंगत है और इस संबंध में एमओसीए से कोई अनुमोदन नहीं मांगा गया है। सी एंड एजी को दिए गए आश्वासन के अनुसार, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने संयुक्त सचिव, एमओसीए को संबोधित दिनांक 15.11.2019 के यूओ नोट संदर्भ संख्या : एएआई / सीएचक्यू / एफ एण्ड ए / सीओएमपी / एकाउंट ऑडिट / 2018 – 19 में एमओसीए से अनुरोध किया है कि वे इस संबंध में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा की गई कार्रवाई की यथार्थता के लिए डीपीई का संदर्भ दें। एमओसीए द्वारा फाइल नं : एवी.24032 / 578 / 2015– एएआई /एमओसीए दिनांक 14.01.2020 सचिव, लोक उद्यम विभाग को संबोधित कार्यालय ज्ञापन में इस विषय पर डीपीई के विचार मांगे गए हैं। डीपीई ने कार्यालय ज्ञापन सं. : 02 / 0007 / 2020– डीपीई (डब्ल्यूसी) – एफटीएस / 11241 दिनांक 16.03.2020 में उत्तर दिया है कि दिशानिर्देशों का कार्यान्वयन पूरी तरह से सीपीएसई / प्रशासनिक मंत्रालय के पास होता है। जहां तक व्यय में सामान्य वित्तीय मामला है, इसे सीपीएसई द्वारा प्रशासनिक मंत्रालय द्वारा आईएफडी / व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय के माध्यम से तय किया जाना है, जहां भी आवश्यक हो और उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए तदनुसार मामले को प्रशासनिक मंत्रालय द्वारा निपटाया जा सकता है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने फिर से संयुक्त सचिव, एमओसीए को संबोधित यूओ नोट नं : एएआई / सीएचक्यू / एफ एण्ड ए / सीओएमपी / एकाउंट ऑडिट / 2018 –19 दिनांक 10.08.2020 द्वारा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा बनाए गए प्रावधान के लिए इस योजना की ब्याज राशि हेतु 540 करोड़ रुपए की मंजूरी मांगी, ताकि राशि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के कर्मचारियों के परिभाषित अंशदान पेंशन ट्रस्ट को हस्तांतरित की जा सकती है। इस संबंध में अनुमोदन एमओसीए के विचाराधीन है इसलिए एमओसीए ने पत्र दिनांक 1.09.2020, 29.10.2020 और 26.03.2021, 6.07. 2021, 08.10.2021 और 3.2.2022 के माध्यम से इस मुद्दे पर विभिन्न स्पष्टीकरण मांगे गए थे जिसका उत्तर भा. वि. प्रा. ने पत्र दिनांक 9.10.2020, 5.03.2021 और 30.06.2021, 17.08.2021 और 28.01.2022 के माध्यम से दिया था। इस संबंध में अनुमोदन एमओसीए के पास विचाराधीन है और इसलिए इस संबंध में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा वित्तीय वर्ष 2019– 20, 2020–21 और 2021–22 के वार्षिक खातों में कोई भी प्रभाव नहीं दिया गया है।

(डी) भा. वि. प्रा. के वित्तीय और नकदी प्रवाह पर कोविड–19 का गंभीर प्रभाव पड़ा है, इसलिए भा. वि. प्रा. की ईडीसीपी योजना में योगदान की सामर्थ्य को देखते हुए वर्तमान में वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए मूल वेतन + डीए के 2 प्रतिशत की दर से योगदान प्रस्तावित किया गया है।

(iv) नागर विमानन विभाग/डीजीसीए से एनएए/ भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में भारी संख्या में स्थानांतरित कर्मचारियों सरकारी पेंशन लाभों का भुगतान जिसकी विलय की तिथि (02.10.1989) पर 10 वर्षों से कम सेवा रही है।

(ए) नागर विमानन मंत्रालय द्वारा डीजीसीए को संबोधित दिनांक 03.04.2018 के पत्र सं एवी–200036 / 805 / 2015–भा. वि. प्रा.– नागर विमानन मंत्रालय के माध्यम से उन कर्मचारियों को सरकारी पेंशन लाभ देने के अपने निर्णय के बारे में सूचित / स्पष्ट किया है जिन्हें भारी संख्या में नागर विमानन विभाग / डीजीसीए से एनएए / भा. वि. प्रा. में स्थानांतरित किया गया है और विलय की तिथि (02.10.1989) पर उनकी सेवा 10 वर्ष से कम रही है, यह भा. वि. प्रा. में प्रदान की गई सेवा अविध हेतु भा. वि. प्रा. से अनुपातिक पूंजीकृत पेंशन की प्राप्ति के अधीन है।

(बी) तदनुसार, संबंधित कर्मचारियों (सेवारत / सेवानिवृत्त) से विकल्प प्राप्त किए गए और नागर विमानन मंत्रालय ने लगभग 2055 कर्मचारियों के लिए अनुमोदन प्रदान किया है। प्राप्त विकल्पों के आधार सरकारी पेंशन पीपीओ को जारी करने के उद्देश्य से अलग हुए कर्मचारियों से संबंधित पूंजीगत मूल्य के भुगतान की प्रक्रिया प्रगति पर है।

(सी) 31.03.2022 के अनुसार इन कर्मचारियों के पूंजीकृत मूल्य (निवल वसूली योग्य राशि) के लिए देयता नीचे दिए गए विवरण के अनुसार अनुमानित आधार पर भा. वि. प्रा. के खाता बहियों में तैयार की गई है :

(i)	31.03.2022 को सेवारत सरकारी पेंशन विकल्प लेने वालों के संबंध में	97.83 करोड
(ii)	31.03.2022 को अलग हुए सरकारी पेंशन से अलग विकल्प लेने वालों के संबंध में	45.63 करोड
	कुल	143.46 करोड

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी

(डी) चूंकि देयताएं अनुमानित आधार पर सृजित की गई थी, कोई अन्य समायोजन यदि अपेक्षित होगा वह 2022–23 के लेखा से प्रभावी होगा।

(v) मूल कार्य पर सेवा कर की वापसी

ए. चंडीगढ़ और जयपुर हवाई अड्डों पर किए गए निर्माण कार्य के लिए भा. वि. प्रा. ने 11.11.2016 को चंडीगढ़ और जयपुर हवाई अड्डे के लिए क्रमशः 1,75,08,235 रुपए और 2,53,17,588 रुपए की राशि के सेवा कर की वापसी का दावा दायर किया था। चंडीगढ़ हवाई अड्डे के लिए 1,70,50,822 रुपए (1,75,08,235 में से) रिफंड आवेदन को विभाग द्वारा दिनांक 02.09.2020 के आदेश के तहत खारिज कर दिया गया था, जिसके खिलाफ भा. वि. प्रा. ने आयुक्त (अपील–।) के समक्ष अपील दायर की थी। दिनांक 15.02.2021 को, आयुक्त (अपील–।।) ने दिनांक 02.09.2020 के आदेश को निरस्त करते हुए अंतिम आदेश पारित किया है और विषय वस्तु को विभाग को वापस भेज दिया गया है। आयुक्त (अपील–।।) के आदेश के प्रति विभाग ने सीमा शुल्क उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (सीईएसटीएटी) के साथ अपील दायर की है, जिसके लिए विलंब माफी हेतु 09.03.2022 को सुनवाई हुई थी तथा अपील सीईएसटीएटी द्वारा स्वीकार कर ली गई है। भा. वि. प्रा. ने 07.04.2022 को प्रत्याक्षेप का ज्ञापन दायर किया है।

बी. चंडीगढ़ हवाई अड्डे के संबंध में, 1,75,08,235 रुपए की राशि, उल्लेख है कि मैसर्स चंडीगढ़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने अपनी लेखा बहियों में ''भा. वि. प्रा. से प्राप्य'' के रूप में दिखाया था। सेवा कर विभाग से धनवापसी राशि में अधिक समय लगने की संभावना और इस राशि को 'भा. वि. प्रा. से प्राप्य' के रूप में दिखाने के बारे में सीएंडएजी की टिप्पणियों को ध्यान में रखा गया है। भा. वि. प्रा. ने 27.09.2021 को मेसर्स चंडीगढ़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड को 1,75,08,235 रुपए की राशि जारी की है।

(vi) बीओटी मॉडल एक्स-बीआईएस संविदाएं :

(ए) वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए भा. वि. प्रा. के वार्षिक खातों में टिप्पणी संख्या 47 (VII) बीओटी मॉडल एक्स–बीआईएस संविदाओं का संदर्भ लिया जा सकता है। दिनांक 31.03.2022 तक गैर–रद्द वित्त पट्टों के अन्तर्गत वित्त पट्टा दायित्व के लिए भविष्य के न्यूनतम पट्टा भुगतान के संबंध में प्रकटीकरण निम्नानुसार है :

(करोड़ रु. में)

विवरण	31, मार्च 2022 तक	
	न्यूनतम पट्टा भुगतान	वर्तमान मूल्य न्यूनतम पट्टा भुगतान
1 वर्ष से अधिक नहीं	23.14	31.68
1 वर्ष के बाद और 5 वर्ष से अधिक नहीं	15.14	14.56
5 वर्ष के बाद	-	-

हस्ता.	हस्ता.	हस्ता.	हस्ता.
(जे. बी. सैनी)	(डी. भोजवानी)	(के. विनायक राव)	(संजीव कुमार)
का. नि. (पीएमक्यूए/सीए)	का. नि. (वित्त एवं लेखा)	सदस्य (वित्त)	अध्यक्ष

नई दिल्ली
26 जुलाई 2022

31 मार्च 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष का नकद प्रवाह विवरण

(करोड़ रु. में)

	विवरण	समाप्त वर्ष 2021-22	समाप्त वर्ष 2020-21
ए	**प्रचालन गतिविधियों से नकद प्रवाह**		
	कर पूर्व लाभ/हानि	**32.76**	**(2,767.01)**
	असाधारण मदें :– एयर इंडिया के समझौते के कारण संदिग्ध ऋण हेतु प्रावधान का प्रत्यावर्तन (पूर्व वर्ष–अव्ययित पुराने पुनर्निवेशन प्रावधान का प्रत्यावर्तन)	(836.48)	(409.11)
	कराधान से पूर्व लाभ / (हानि) और असाधारण मदें	**(803.72)**	**(3,176.12)**
	समायोजन हेतु:		
	मूल्यह्रास, परिशोधन व हानि	1,904.38	1,819.75
	पूर्व अवधि मूल्यह्रास	(2.86)	21.64
	वित्तीय लागत	69.67	45.01
	अन्य विविध मद	38.10	1.13
	वर्ष के दौरान प्राप्त अग्रिम शुल्क–भविष्य की अवधि के लिए प्रचालन पट्टा आय–पीपीपी हवाई अड्डे*	1,351.61	495.81
	वर्ष के दौरान निवल प्रावधानों हेतु समायोजन	196.91	97.90
	संदिग्ध ऋणों (एयर इंडिया सहित) हेतु संचयित प्रावधानों के लिए समायोजन	(1,261.91)	537.48
	संयुक्त उद्यम कंपनियों और एएआईसीएलएएससीएल से लाभांश आय	(87.08)	(27.70)
	ब्याज से आय	(30.25)	(98.99)
	बेची/हटाई गई परिसंपत्तियों पर (लाभ), निवल	(71.89)	(37.65)
	असाधारण मदों तथा प्रचालन पूंजीगत परिवर्तन से पूर्व प्रचालनात्मक लाभ	**1,302.96**	**(321.74)**
	अन्य प्रचालन परिसंपत्तियों में कमी/(वृद्धि)	2,487.63	(646.51)
	प्रचालन देयताओं में वृद्धि	44.67	417.28
	प्रचालन से प्राप्त नकद	3,835.26	(550.97)
	धनवापसी प्राप्ति का निवल प्रत्यक्ष कर (प्रदत्त) निवल	(519.20)	450.57
	प्रचालन गतिविधियों से प्राप्त निवल नकद - ए	**3,316.06**	**(100.40)**
बी	**निवेश गतिविधियों से नकद प्रवाह**		
	अचल परिसंपत्तियों की वृद्धि/ खरीद/ सीडबल्यूआईपी / पूंजीगत कार्यों के लिए अग्रिम	(3,972.16)	(3,921.02)
	अचल परिसंपत्तियों के विक्रय से प्राप्ति	72.67	40.50
	3 माह से अधिक बैंक जमा (निवल)	(1,301.95)	852.77
	संयुक्त उद्यम कंपनियों और एएआईसीएलएएससीएल से प्राप्त लाभांश	87.08	27.70

31 मार्च 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष का नकद प्रवाह विवरण

(करोड़ रु. में)

	विवरण	समाप्त वर्ष 2021-22	समाप्त वर्ष 2020-21
	ब्याज प्राप्ति	28.14	142.12
	संयुक्त उद्यम कंपनियों में निवेशों के लिए निवेश/अग्रिम	-	(2.55)
	निवेश गतिविधियों में उत्पन्न/(उपयोग) किया गया निवल नकद - बी	**(5,086.22)**	**(2,860.48)**
सी	**वित्तीय गतिविधियों से नकद प्रवाह**		
	पूंजीगत अनुदान के रूप में सरकार की ओर से की गई प्राप्ति (आरसीएस अनुदानों सहित)	1,102.50	662.06
	राज्य सरकार को आरसीएस अनुदान / पूंजीगत अनुदान का भुगतान / वापसी	(98.03)	(47.67)
	एसबीआई से कार्यशील पूंजी ऋण प्राप्त किया	600.00	1,400.00
	भारतीय स्टेट बैंक से लिया गया रुपया सावधि ऋण	625.00	-
	भारतीय स्टेट बैंक से प्राप्त बाहरी वाणिज्यिक उधार	373.42	-
	एसबीआई को कार्यशील पूंजी ऋण का पुनर्भुगतान	(1,650.00)	(150.00)
	एक्सिस बैंक से कैपेक्स ऋण प्राप्त किया	269.94	1,828.07
	ऋण पर ब्याज का भुगतान	(174.97)	(58.63)
	विदेशी वित्तीय संस्थान से ऋण का पुनर्भुगतान	(2.82)	(2.78)
	वित्तीय पट्टा देयताओं का भुगतान (ब्याज आदि सहित)	(22.88)	(11.35)
	निधिकरण गतिविधियों से निवल नकद / (प्रयुक्त) - सी	**1,022.16**	**3,619.70**
	नकद एवं नकद समतल्यों में निवल परिवर्तन (ए+बी+सी)	(748.00)	658.82
	वित्तीय वर्ष के प्रारम्भ में नकद एवं नकद समतल्यों	**1,086.46**	**427.64**
	वित्तीय वर्ष के अंत में नकद एवं नकद समतल्यों	**338.46**	**1,086.46**

टिप्पणियां :-

1. उपर्युक्त नकद प्रवाह विवरण द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स इंडिया द्वारा जारी नकद प्रवाह विवरण पर लेखांकन मानक – 3 में निर्धारित 'अप्रत्यक्ष विधि' के अंतर्गत तैयार किया गया है।
2. कोष्ठक में नकद बहिर्वाह/कमी को दर्शाया गया है।

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरण पर टिप्पणी

एएस 17 के अनुसार प्रकटीकरण - ''खण्ड रिपोर्टिंग''

(करोड़ रु. में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2021-22							वित्तीय वर्ष 2020-21						
	उत्तर	दक्षिण	पश्चिम	पूर्वोत्तर	पूर्व	अनाबंटित	महा योग	उत्तर	दक्षिण	पश्चिम	पूर्वोत्तर	पूर्व	अनाबंटित	महा योग
खंड राजस्व	**925.41**	**1,398.97**	**917.51**	**152.56**	**1,216.08**	**2,113.43**	**6,723.96**	776.99	1,099.32	728.67	155.77	979.85	999.75	4,740.35
खंड परिणाम														
खंड परिणाम (लाभ/हानि)	**(529.99)**	**(696.25)**	**(295.96)**	**(257.49)**	**(111.68)**	**1.039.99**	**(851.38)**	(863.80)	(917.70)	(635.54)	(267.47)	(431.98)	(141.30)	(3,257.79)
गैर आबंटित निगमित व्यय						**742.81**	**742.81**						1,141.05	1,141.05
प्रचालन लाभ	**(529.99)**	**(696.25)**	**(295.96)**	**(257.49)**	**(111.68)**	**1,039.99**	**(851.38)**	(863.80)	(917.70)	(635.54)	(267.47)	(431.98)	(141.30)	(3,257.79)
ब्याज व्यय	**6.23**	**8.73**	**5.07**	**1.76**	**6.24**	**41.64**	**69.67**	1.90	2.46	1.30	0.62	1.11	37.62	45.01
संयुक्त उद्यम कंपनियों और सहायक कम्पनियों से प्राप्त लाभांश						**87.08**	**87.08**						27.70	27.70
अपवादात्मक और असाधारण मदें– पुनर्निवेशन प्रावधान प्रत्यावर्तन/अशोध्य और संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान						**836.48**	**836.48**						409.11	409.11
ब्याज आय	**4.89**	**7.65**	**3.61**	**2.64**	**(1.05)**	**12.51**	**30.25**	4.10	6.49	3.60	1.51	1.97	81.32	98.98
कर पूर्व लाभ	**(531.33)**	**(697.33)**	**(297.42)**	**(256.62)**	**(118.97)**	**1,934.42**	**32.76**	(861.60)	(913.67)	(633.24)	(266.58)	(431.12)	339.21	(2,767.01)
आयकर व्यय/प्रावधान						**24.00**	**24.00**						(804.95)	(804.95)
कर पश्चात लाभ	**(531.33)**	**(697.33)**	**(297.42)**	**(256.62)**	**(118.97)**	**1910.42**	**8.76**	(861.60)	(913.67)	(633.24)	(266.58)	(431.12)	1,144.16	(1,962.06)
अन्य सूचना														
खंड परिसंपत्तियां	**3,352.88**	**5,703.63**	**3,085.04**	**2,493.36**	**3,902.76**		**18,537.67**	3,933.33	5,663.83	2,677.76	1,895.63	3,887.34		1,8057.89
गैर आबंटित परिसंपत्तियां						**18,459.79**	**18,459.79**						17,297.27	17,297.27
कुल परिसंपत्तियां	**3,352.88**	**5,703.63**	**3,085.04**	**2,493.36**	**3,902.76**	**18,459.79**	**36,997.46**	3,933.33	5,663.83	2,677.76	1,895.63	3,887.34	17,297.27	35,355.16
खंड देयताएं	**1,351.09**	**1,319.57**	**1,006.37**	**709.02**	**640.19**		**5,026.24**	1,098.45	1,024.82	838.43	287.99	583.33		3833.02
गैर आबंटित देयताएं						**19,724.83**	**19,724.83**						18,653.09	18,653.09
कुल देयताएं	**1,351.09**	**1,319.57**	**1,006.37**	**709.02**	**640.19**	**19,724.83**	**24,751.07**	1,098.45	1,024.82	838.43	287.99	583.33	18,653.09	22,486.11
पूंजीगत व्यय	**733.40**	**1,078.83**	**810.85**	**554.50**	**772.82**	**47.13**	**3,997.53**	708.43	1,378.32	854.47	386.47	835.17	88.66	4,251.52
गैर नकद व्यय														
मूल्यह्रास, परिशोधन और हानि	**371.59**	**637.02**	**279.50**	**126.73**	**453.74**	**35.80**	**1,904.38**	306.66	647.67	266.01	92.87	469.39	37.15	1,819.75
''अशोध्य और संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान का प्रत्यावर्तन – एयर इंडिया (वित्तीय वर्ष 2021–22)	**(200.19)**	**(202.30)**	**(123.49)**	**(41.78)**	**(263.89)**	**(4.83)**	**(836.48)**						(409.11)	(409.11)
अपवादात्मक और असाधारण मद– पुनर्निवशन प्रावधान प्रत्यावर्तन (वित्तीय वर्ष 2020–21)''														
प्रमुख गैर–नकद व्यय (संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान, पूर्व अवधि मूल्यह्रास, अशोध्य ऋण, पूर्व अवधि समायोजन –एअर इंडिया गैर–यातायात बिल)	**(28.94)**	**37.36**	**(9.31)**	**(1.40)**	**(17.02)**	**52.85**	**33.54**	177.66	(6.73)	52.90	25.16	89.80	220.32	559.11

CAB/AAI/Accounts Audit/1-122/2022-23/67

संख्या / No.

गोपनीय

लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

सत्यमेव जयते

भारतीय लेखापरीक्षा और लेखा विभाग,
कार्यालय प्रधान निदेशक लेखापरीक्षा (इन्फ्रास्ट्रक्चर), दिल्ली
(xix) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार और वित्तीय अनुपात, एजिंग और वित्तीय परिसंपत्तियों की वसूली की अपेक्षित तारीखों और वित्तीय देनदारियों के भुगतान के आधार पर, वित्तीय विवरणों के साथ अन्य जानकारी, निदेशक मंडल और प्रबंधन योजनाओं का हमारा ज्ञान और मान्यताओं का समर्थन करने वाले साक्ष्यों की हमारी जांच के आधार पर, हमारे समक्ष कुछ भी ऐसा विवरण नहीं आया है, जिससे हमें विश्वास हो कि लेखा परीक्षा रिपोर्ट की तारीख के अनुसार कोई भी सामग्री अनिश्चितता मौजूद है कि कंपनी तुलन पत्र की तिथि पर मौजूद अपनी देनदारियों को पूरा करने में सक्षम नहीं है और जो तुलन पत्र की तिथि से एक वर्ष की अवधि के अंदर आती हैं। हमारा कथन है कि यह कंपनी की भविष्य की व्यवहार्यता का आश्वासन नहीं है। हम आगे कहते हैं कि हमारी रिपोर्टिंग लेखा परीक्षा रिपोर्ट की तारीख तक के तथ्यों पर आधारित है और हम न तो कोई गारंटी देते हैं और न ही कोई आश्वासन देते हैं कि तुलन पत्र की तारीख से एक वर्ष की अवधि के अंदर आने वाली सभी देनदारियों को कंपनी द्वारा पूरा किया जाएगा, वे जब देय होंगी।

(xx) अधिनियम की धारा 135 (5) और 135 (6) के तहत कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII में निर्दिष्ट निधि में स्थानांतरण की आवश्यकता वाली जारी परियोजनाओं के अलावा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के लिए कोई अव्ययित राशि नहीं है। तदनुसार, आदेश के खंड 3(xx)(ए) और 3(xx) (बी) के अन्तर्गत रिपोर्टिंग कंपनी पर लागू नहीं होती है।

(xxi) आदेश के खंड 3(xxi) के अन्तर्गत रिपोर्टिंग एकल वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा के संबंध में लागू नहीं होती है। तदनुसार, उक्त खंड के संबंध में कोई टिप्पणी इस रिपोर्ट में सम्मिलित नहीं की गई है।

कृते बलविंदर एसोसिएट्स
फर्म पंजीकरण संख्या : 014822एन
चार्टर्ड अकाउंटेंट

हस्ता./–
गौरव थापर
वरिष्ठ भागीदार
सदस्यता सं. 095710
यूडीआईएन : 22095710APDYEF3295

स्थान : मोहाली
दिनांक : 16 अगस्त, 2022

स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट का ''संलग्नक - बी''

31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर सीमित चंडीगढ़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के सदस्यों को स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की सम तिथि की रिपोर्ट के पैरा 13 में संदर्भित।

अधिनियम की धारा 143 की उप-धारा 3 के खंड (i) के अन्तर्गत वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर रिपोर्ट

1. हमने चंडीगढ़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (''कंपनी'') के उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के वित्तीय विवरणों के हमारे लेखा परीक्षा के साथ 31 मार्च, 2022 तक वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का लेखा परीक्षण किया है।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लिए प्रबंधन का उत्तरदायित्व

2. इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग (''मार्गदर्शन टिप्पणी'') पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लेखा परीक्षा पर मार्गदर्शन टिप्पणी में बताए गए आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार करते हुए, कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंडों पर आंतरिक नियंत्रण के आधार पर, कंपनी का प्रबंध आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित करने और बनाए रखने के लिए उत्तरदायी है। इन उत्तरदायित्वों में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का डिजाइन, कार्यान्वयन और रखरखाव सम्मिलित है जो कंपनी की नीतियों का पालन, इसकी संपत्तियों की सुरक्षा, धोखाधड़ी और त्रुटियों की रोकथाम और इनका पता लगाने, सहित अपने आवश्यक लेखा रिकॉर्ड की सटीकता और पूर्णता, और विश्वसनीय वित्तीय जानकारी को समय पर तैयार करने के लिए व्यापार के व्यवस्थित और कुशल प्रचालन को सुनिश्चित करने के लिए अधिनियम की आवश्यकता के अनुसार प्रभावी तरीके से काम कर रहे थे।

लेखा परीक्षकों का उत्तरदायित्व

3. हमारी लेखा परीक्षा के आधार पर वित्तीय रिपोर्टिंग के संदर्भ सहित कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर एक राय व्यक्त करना हमारी उत्तरदायित्वों है। हमने आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लेखा परीक्षा के लिए लागू सीमा तक, लेखापरीक्षा पर मार्गदर्शन टिप्पणी लेखा परीक्षा मानकों के अनुसार और अधिनियम की धारा 143 (10) के अन्तर्गत निर्धारित नियमों के अनुसार अपना लेखा परीक्षा किया है, ये दोनों आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लेखा परीक्षा पर लागू होते हैं और दोनों आईसीएआई द्वारा जारी किए जाते हैं। इन मानकों और मार्गदर्शन टिप्पणी के अनुसार यह आवश्यक है कि हम नैतिक आवश्यकताओं का अनुपालन करें और इस बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए योजना बनाएं और लेखा परीक्षा करें कि क्या वित्तीय विवरणों के संदर्भ सहित पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित और बनाए रखा गया था और क्या ऐसे नियंत्रण सभी भौतिक मामलों में प्रभावी तरीके से संचालित होते हैं।

4. हमारे लेखा परीक्षा में वित्तीय विवरणों के संदर्भ सहित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता और उनकी प्रचालन प्रभावशीलता के बारे में लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने के लिए निष्पादित प्रक्रियाएं सम्मिलित हैं। इस वित्तीय विवरणों के संदर्भ सहित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण ों की हमारी लेखापरीक्षा में, वित्तीय विवरणों के संदर्भ सहित आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की समझ प्राप्त करना, जोखिम का आकलन करना कि एक भौतिक कमजोरी मौजूद है, और मूल्यांकन किए गए जोखिम के आधार पर आंतरिक नियंत्रण के डिजाइन और प्रचालन प्रभावशीलता का परीक्षण और मूल्यांकन करना सम्मिलित है। चुनी गई प्रक्रियाएं लेखापरीक्षक के निर्णय पर निर्भर करती हैं, जिसमें वित्तीय विवरणों के महत्त्वपूर्ण गलत विवरण के जोखिमों का आकलन सम्मिलित है, चाहे वह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो।

5. हमारा यह मानना है कि हमने जो लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त किया है, वह वित्तीय विवरणों के संदर्भ सहित कंपनी की आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली पर हमारी लेखा परीक्षा मत के लिए आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त है।

वित्तीय विवरणों के संदर्भ सहित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का अर्थ

6. वित्तीय विवरणों के संदर्भ सहित कंपनी का आंतरिक वित्तीय नियंत्रण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसे आमतौर पर स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसार वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता और बाहरी उद्देश्यों के लिए वित्तीय विवरण तैयार करने के संबंध में उचित आश्वासन प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। वित्तीय विवरणों के संदर्भ सहित कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में वे नीतियां और प्रक्रियाएं सम्मिलित हैं जोकि: (1) रिकॉर्ड के रखरखाव से संबंधित है, जो समुचित विवरण में, कंपनी की संपत्ति के लेनदेन और प्रकृति को सटीक और निष्पक्ष रूप से दर्शाता है; (2) उचित आश्वासन प्रदान करना कि, लेनदेन को आमतौर पर स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसार वित्तीय विवरण तैयार करने की अनुमति

देने के लिए आवश्यक रूप से दर्ज किया गया है, और कंपनी की प्राप्तियां और व्यय केवल कंपनी के प्रबंधन और निदेशकों के प्राधिकारों के अनुसार किए जा रहे हैं; तथा (3) कंपनी की परिसंपत्ति के अनधिकृत अधिग्रहण, उपयोग, या निपटान पर रोक या समय पर पता लगाने के बारे में उचित आश्वासन प्रदान करना, जिसका वित्तीय विवरणों पर काफी महत्त्वपूर्ण प्रभाव हो सकता है।

वित्तीय विवरणों के संदर्भ सहित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की अंतर्निहित सीमाएं

7. वित्तीय विवरणों के संदर्भ सहित आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाओं के कारण, जिसमें मिलीभगत की संभावना या नियंत्रणों की अनुचित प्रबंधन अवहेलना, त्रुटि या धोखे के कारण सामग्री का गलत विवरण सम्मिलित हो सकते हैं और इनका पता नहीं लगाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, भविष्य की अवधि के लिए वित्तीय विवरणों के संदर्भ सहित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के किसी भी मूल्यांकन के अनुमान जोखिम के अधीन हैं क्योंकि वित्तीय विवरणों के संदर्भ सहित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण शर्तों में बदलाव के कारण अपर्याप्त हो सकता है, या यह कारण कि नीतियों या प्रक्रियाओं के अनुपालन की स्थिति बिगड़ सकती है।

मत

8. हमारी राय में, वित्तीय विवरणों के संदर्भ में कंपनी के पास सभी भौतिक मामलों में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली है और आईसीएआई द्वारा जारी मार्गदर्शन टिप्पणी में बताए गए आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार करते हुए कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंडों पर आंतरिक नियंत्रण के आधार पर वित्तीय विवरणों के संदर्भ में इस तरह के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण 31 मार्च, 2022 तक प्रभावी तरीके से काम कर रहे थे।

कृते बलविंदर एसोसिएट्स
फर्म पंजीकरण संख्या : 014822एन
चार्टर्ड अकाउंटेंट

हस्ता./–
गौरव थापर
वरिष्ठ भागीदार
सदस्यता सं. 095710
यूडीआईएन : 22095710APDYEF3295

स्थान : मोहाली
दिनांक : 16 अगस्त, 2022

स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट का ''संलग्नक - सी''

31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर चंडीगढ़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के सदस्यों को स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की सम तिथि की रिपोर्ट के पैरा 12 में संदर्भित।

1.	क्या सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली के माध्यम से सभी लेखांकन लेनदेन का प्रक्रमण करने के लिए कंपनी के पास कोई प्रणाली है? यदि हां, तो आईटी प्रणाली से इतर लेखांकन लेनदेन के प्रक्रमण के वित्तीय प्रभावों के साथ–साथ खातों की सत्यता पर इसका प्रभाव, यदि कोई हो, तो उसका उल्लेख किया जा सकता है।	हाँ, कंपनी के पास सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली के माध्यम से सभी लेखांकन लेनदेन का प्रक्रमण करने की व्यवस्था है। चूंकि कंपनी की आईटी प्रणाली से इतर कोई लेखांकन लेनदेन नहीं है, इसलिए खातों की सच्चाई पर सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली से इतर लेखांकन लेनदेन के प्रक्रमण का कोई प्रभाव नहीं है।
2.	क्या मौजूदा ऋण की कोई पुनर्रचना है या ऋणदाता द्वारा कंपनी को ऋण चुकाने में असमर्थता के कारण उधार/ऋण/ब्याज आदि को माफ करने/बट्टे खाते में डालने के मामले हैं? यदि हां, तो वित्तीय प्रभाव के बारे में बताया जा सकता है। क्या ऐसे मामलों का ठीक से हिसाब लगाया जाता है?	प्रबंधन द्वारा हमें प्रदान की गई जानकारी और अभ्यावेदन के अनुसार, कंपनी ने कोई ऋण या जमा नहीं लिया है और इसलिए यह कंपनी पर लागू नहीं होता है।
3.	क्या केंद्र/राज्य सरकार या उसकी एजेंसियों से विशिष्ट योजनाओं के लिए प्राप्त/प्राप्त करने योग्य निधियों (अनुदान/सब्सिडी आदि) को इसके नियमों और शर्तों के अनुसार उचित रूप से लेखा/उपयोग किया गया था। विचलन के मामलों की सूची बनाएं।	**निधियों के लेखांकन के संबंध में :** प्रबंधन द्वारा हमें प्रदान की गई जानकारी और अभ्यावेदन के अनुसार, वाणिज्य मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान ''पेरिशेबल कार्गो (सीपीसी) के लिए केंद्र की स्थापना'' के लिए ''निर्यात के लिए व्यापार बुनियादी संरचना योजना (टीआईईएस)'' के अन्तर्गत 563 लाख रुपए की अनुदान राशि की मंजूरी दी है। जिसमें से कंपनी को वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान 282 लाख रुपए की राशि प्राप्त हुई थी। इंड –20 के अनुसार इसे गैर–वर्तमान देयता के रूप में दिखाया जाना चाहिए। यद्यपि, सीएचआईएएल के वित्तीय विवरण में उक्त राशि को अन्य वर्तमान देयताओं के अन्तर्गत दिखाया गया है और इसे आस्थगित राजस्व व्यय के रूप में माना जाता है क्योंकि प्रबंधन अगले वित्तीय वर्ष में कार्गो कॉम्प्लेक्स को आईक्लास (भा.वि.प्रा. की सहायक कम्पनी होने के नाते) को सौंपने के लिए विचार कर रहा है। यदि कार्गो कॉम्प्लेक्स आईक्लास को सौंप दिया जाता है तो अनुदान राशि आईक्लास से प्राप्त भुगतान से घटा दी जाएगी, जिसके परिणामस्वरूप सीएचआईएएल द्वारा अगले वित्तीय वर्ष में अपनी लेखा बहियों में बनाए गए सरकारी अनुदान और सीडब्ल्यूआईपी को बंद कर दिया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान, 31.03.2022 को 11.24 लाख रुपए की ब्याज राशि को ''सरकारी अनुदान–ब्याज वापसी योग्य'' के तहत अन्य वर्तमान देयताओं में अलग लाइन मद के रूप में प्रकट किया गया है। पिछले वर्ष वित्तीय वर्ष 2020–21 में अर्जित ब्याज राशि 32.62 लाख रुपए है, जिसमें से वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान विभाग को 28 लाख रुपए वापस कर दिया गया है। इसलिए, वित्तीय वर्ष 2020–21 के 4.62 लाख रुपए और वित्तीय वर्ष 2021–22 के 6.62 लाख रुपए को वित्तीय वर्ष 2021–22 में अन्य मौजूदा वित्तीय देयताओं के अन्तर्गत वापसी योग्य सरकारी अनुदान–ब्याज के रूप में प्रकट किया गया है। यहां यह उल्लेख करना है कि सीएचआईएएल द्वारा ब्याज का लेखा–जोखा सही तरीके से सीएचआईएएल के आधिकारिक बैंक के ब्याज की लागू फ्लेक्सी दर के अनुसार किया गया है।

		निधियों के प्रयोज्यता के संबंध में : वित्तीय वर्ष 2020–21 के दौरान उक्त परियोजना का निर्माण प्रारम्भ कर दिया गया है तथा वित्तीय वर्ष 2020–21 तथा वित्तीय वर्ष 2021–22 में क्रमशः 288.06 लाख रुपए एवं 453.96 लाख रुपए की राशि व्यय की जा चुकी है जो सीएचआईएएल के वित्तीय विवरणों में प्रगति में पूंजीगत कार्य में परिलक्षित होता है। स्वीकृति की शर्तों के अनुसार, कंपनी को प्राप्त अनुदान और उसके उपयोग के लिए उपयोग प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना था, लेकिन बाद में 31.03.2020 के बाद नहीं और पीएफएमएस (ईएटी) मॉड्यूल पर उपयोग प्रमाण पत्र भी अपडेट करना था। हमें प्रदान की गई जानकारी के अनुसार, कंपनी द्वारा 31 मार्च, 2020 तक कोई उपयोगिता प्रमाण पत्र या पीएफएमएस (ईएटी) मॉड्यूल में अपलोड नहीं किया जा सका क्योंकि वित्तीय वर्ष 2019–20 में निधि का कोई उपयोग नहीं हुआ। अनुदान का उपयोग बाद में वित्तीय वर्ष 2020–21 और वित्तीय वर्ष 2021–22 में किया गया। उपयोगिता प्रमाण पत्र दिनांक 02.06.2021, उस तिथि तक 523.38 लाख रुपए की राशि का व्यय दिखाते हुए इकाई द्वारा जारी किया गया है। यहां यह उल्लेख किया जाना है कि अधिकार प्राप्त समिति की बैठक दिनांक 28.12.2018 के अनुसार, सीएचआईएएल कार्गो परियोजना पर खर्च की गई राशि के केवल 50 प्रतिशत अनुदान के लिए पात्र है। अतः 02.06.2021 को जिस पर उपयोग प्रमाण पत्र जारी किया गया है, कार्गो परियोजना के प्रयोजन के लिए कार्गो अनुदान का उपयोग 261.69 लाख रुपए (अर्थात् 523.38 लाख रुपए का 50 प्रतिशत) है और 19.31 लाख रुपए की शेष राशि 02.06.2021 तक अप्रयुक्त है। तत्पश्चात अनुदान राशि पर दिनांक 31.03.2021 तक उपार्जित ब्याज 32.62 लाख रुपए है जिसमें से 28 लाख रुपए दिनांक 07.07.2021 को विभाग को वापस कर दिया गया है। कुछ तकनीकी कारणों से कंपनी द्वारा उपयोगिता प्रमाण पत्र पीएफएमएस पर अपलोड नहीं किया गया था और इसे रिकॉर्ड के लिए मेल के माध्यम से भेजा गया है। वर्तमान वर्ष के लिए उपयोग प्रमाण पत्र कंपनी द्वारा अभी तक अपलोड नहीं किया गया है क्योंकि टीआईईएस की बैठक होनी शेष है। 31.03.2022 को कार्गो परियोजना का शेष 742.02 लाख रुपए के सीडब्ल्यूआईपी और 563 लाख रुपए के सरकारी अनुदान (फरवरी 2019 में प्राप्त 281 लाख रुपए और दिसंबर 2021 में प्राप्त 282 लाख रुपए) के अन्तर्गत अन्य आस्थगित राजस्व सरकारी अनुदान के रूप में वर्तमान देयताओं के अन्तर्गत दिखाया गया है। उल्लेखनीय है कि 742.02 लाख रुपए में से सीआईएएल ने 50 प्रतिशत अनुदान राशि का उपयोग किया है, अर्थात 371.01 लाख रुपए और 31.03.2022 तक 191.99 लाख रुपए अप्रयुक्त राशि है।

कृते बलविंदर एसोसिएट्स
फर्म पंजीकरण संख्या : 014822एन
चार्टर्ड अकाउंटेंट

हस्ता./–
गौरव थापर
वरिष्ठ भागीदार
सदस्यता सं. 095710
यूडीआईएन : 22095710APDYEF3295

स्थान : मोहाली
दिनांक : 16 अगस्त, 2022

बलविंदर एसोसिएट्स
चार्टर्ड अकाउंटेंट

कार्यालय का पता :
एफ–549, चौथा तल,
फेज 7–ए,
सेक्टर – 75
मोहाली – 160 071

फोन : 91 172 4644163
फैक्स : 91 172 4631125
(मो.) : 98140 68636, 81948 82007
ई–मेल : admin@balwinderassociates.in
वेबसाइट : www.balwinderassociates.com

अनुपालन रिपोर्ट

हमने दिनांक 31.03.2022 को समाप्त वर्ष के लिए चंडीगढ़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के लेखों की लेखापरीक्षा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (5) और (6) के अन्तर्गत भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक द्वारा जारी निदेशों / उप–निदेशों के अनुसार की है और प्रमाणित करते हैं कि हमने हमें जारी किए गए सभी निदेशों / उप–निदेशों का अनुपालन किया है।

कृते बलविंदर एसोसिएट्स
फर्म पंजीकरण संख्या : 014822एन
चार्टर्ड अकाउंटेंट

हस्ता./–
गौरव थापर
वरिष्ठ भागीदार
सदस्यता सं. 095710
यूडीआईएन : 22095710APDYEF3295

स्थान : मोहाली
दिनांक : 16 अगस्त, 2022

गोपनीय

CIAP/AAI/CHIAL/6-103/22-23/Vol-II/303

संख्या/No.

भारतीय लेखापरीक्षा और लेखा विभाग,

कार्यालय,प्रधान निदेशक लेखापरीक्षा (इनफ्रास्ट्रक्चर), दिल्ली

INDIAN AUDIT & ACCOUNTS DEPARTMENT,
OFFICE OF THE PRINCIPAL DIRECTOR OF AUDIT
(INFRASTRUCTURE), NEW DELHI

दिनांक/Dated: 7/11/2022

लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

सेवा मे,

अध्यक्ष,
चंडीगढ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड,
रूम न0-1, परियोजना कार्यालय भवन
सिविल एयरपोर्ट,
चंडीगढ-160003

विषय: कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 143 (6)(b) के अन्तर्गत 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष हेतु चंडीगढ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के वार्षिक लेखों पर भारत के नियत्रंक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियाँ ।

महोदय,

मै इस पत्र के साथ 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए चंडीगढ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के वार्षिक लेखों पर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 143 (6) (b) के अन्तर्गत भारत के नियत्रंक एवं महालेखापरीक्षक की '**टिप्पणियाँ**' अग्रेषित करती हूँ। इन टिप्पणियों को कम्पनी की वार्षिक आमसभा मे उसी प्रकार रखा जाए जिस प्रकार वैधानिक लेखा परीक्षको की लेखा परीक्षा प्रतिवेदन रखी जाती है।

10/11/2022

CFO
CFO
17/11/22

Chandigarh International Airport Ltd. Receipt 51 Signature with Date 16/11/22

भवदीया,

संलग्नः टिप्पणियाँ

अतूर्वा सिन्हा
(अतूर्वा सिन्हा)
प्रधान निदेशक

तृतीयतल,ए-स्कन्ध,इंद्रप्रस्थएस्टेट,नईदिल्ली-110002
3rd Floor, A-Wing, Indraprastha Bhawan, I.P. Estate, New Delhi-110002
दूरभाष/Tele.: 011-23378473, 011-23370871

चंडीगढ़ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड के 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरण संबंधी नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की कंपनी अधिनियम धारा 143(6) (बी) के अंतर्गत टिप्पणी

चंडीगढ़ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड के 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के कंपनी अधिनियम 2013 (अधिनियम) के अंतर्गत वित्तीय रिपोर्टिंग फ्रेमवर्क के अनुसार वित्तीय विवरण तैयार करने का उत्तरदायित्व कंपनी प्रबंधन का है। अधिनियम की धारा 143 (10) के अंतर्गत लेखा परीक्षा के लिए निर्धारित मानकों के अनुरूप अधिनियम की धारा 143 के अनुसार वित्तीय विवरण पर अभिमत प्रकट करने की उत्तरदायित्व नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा अधिनियम की धारा 139 (5) के अंतर्गत नियुक्त संविधिक लेखा परीक्षक की है। उनके दिनांक 16 अगस्त 2022 की लेखा परीक्षा रिपोर्ट द्वारा कार्य निष्पादित किया होगा।

मेरे द्वारा नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की ओर से अधिनियम की धारा 143 (6) (ए) के अंतर्गत चंडीगढ़ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड के वित्तीय विवरणों की अनुपूरक लेखा परीक्षा की गई है। इस अनुपूरक लेखा परीक्षा को स्वतंत्र रूप से सांविधिक लेखा परीक्षकों के कार्य से संबंधित दस्तावेजों की उपलब्धता के बिना किया गया है और इसे प्राथमिक तौर पर सांविधिक लेखा परीक्षकों और कंपनी कार्मिकों तथा लेखा अभिलेखों की जांच तक सीमित रखा गया है। लेखा परीक्षा अनुपूरक लेखा परीक्षा के दौरान बताई गई मेरे अवलोकन के कुछ प्रभाव में दिए गए सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा की गई है।

इसके अतिरिक्त, मैं अधिनियम की धारा 143(6)(बी) के तहत निम्नलिखित महत्वपूर्ण मामलों को प्रकट करना चाहता हूं जो मेरे ध्यान में आए हैं और जो मेरे विचार से वित्तीय विवरणों और संबंधित लेखापरीक्षा रिपोर्ट को बेहतर तरीके से समझने के लिए आवश्यक हैं :

क. नकद प्रवाह पर टिप्पणियां

i निवेश गतिविधियों से नकद प्रवाह

निवेश गतिविधियों से निवल नकद - (56.62 करोड़ रुपए)

उपरोक्त में वर्ष 2021–22 के दौरान बायोमेट्रिक एक्सेस कंट्रोल सिस्टम की खरीद के लिए 1.82 करोड़ रुपए सम्मिलित हैं। यह परिसंपत्ति भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) से खरीदी गई थी और भा. वि.प्रा. को 31 मार्च 2022 तक 1.82 करोड़ रुपए का भुगतान नहीं किया गया था। इंड एएस 7 के पैरा 16 के अनुसार निवेश गतिविधियों से उत्पन्न नकदी प्रवाह में संपत्ति, संयंत्र और उपकरण प्राप्त करने के लिए नकद भुगतान सम्मिलित है।

इसलिए, संपत्ति का हिस्सा जिसके लिए भुगतान लंबित है, को निवेश गतिविधियों से नकदी प्रवाह के अन्तर्गत सम्मिलित नहीं किया जाना चाहिए। इसी तरह, अन्य मौजूदा वित्तीय देयताओं के अन्तर्गत दिखाए गए शेष 1.82 करोड़ रुपए के संबंधित प्रभाव को भी परिचालन गतिविधियों से नकदी प्रवाह की गणना करते समय कार्यशील पूंजी परिवर्तन के लिए समायोजन के अन्तर्गत नहीं माना जाना चाहिए क्योंकि प्रचालन गतिविधियां संस्था की प्रमुख राजस्व–उत्पादक गतिविधियां हैं। इसके परिणामस्वरूप प्रचालन गतिविधियों से उत्पन्न निवल नकदी और निवेश गतिविधियों से निवल नकदी बहिर्वाह को 1.82 करोड़ रुपए से अधिक बताया गया है।

ii प्रचालन गतिविधियों से उत्पन्न निवल नकद - 79.86 करोड़ रुपए

निवेश गतिविधियों से निवल नकद - (56.62 करोड़ रुपए)

कंपनी को वर्ष 2021–22 के दौरान वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार से चंडीगढ़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पेरिशेबल कार्गो कॉम्प्लेक्स की स्थापना के लिए 2.82 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त हुई थी। 'नकद प्रवाह के विवरण' पर इंड एएस–7 के पैरा 6 के अनुसार, प्रचालन गतिविधियां संस्था की प्रमुख राजस्व–उत्पादक गतिविधियां हैं और निवेश गतिविधियां लंबी अवधि की परिसंपत्तियों का अधिग्रहण और निपटान हैं और अन्य निवेश नकद समकक्षों में सम्मिलित नहीं हैं।

प्राप्त अनुदान पूंजीगत व्यय के लिए पूंजीगत अनुदान की प्रकृति का था। इस प्रकार, प्राप्त अनुदान को निवेश गतिविधियों से नकदी प्रवाह के भाग के रूप में वर्गीकृत किया जाना चाहिए था जबकि कंपनी ने इसे प्रचालन गतिविधियों से नकदी प्रवाह के अन्तर्गत वर्गीकृत किया है। आगे, इंड एएस 20 के पैरा 28 में प्रावधान है कि 'परिसंपत्ति की खरीद और संबंधित अनुदान की प्राप्ति को नकदी प्रवाह के विवरण में अलग–अलग मदों के रूप में प्रकट किया जाना चाहिए।

इसके परिणामस्वरूप प्रचालन गतिविधियों से नकदी प्रवाह को अधिक बताया गया है और निवेश गतिविधियों से निवल नकदी बहिर्वाह को 2.82 करोड़ रुपए से अधिक बताया गया है।

के लिए और की ओर से
भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक

अतूर्वा सिन्हा

अतूर्वा सिन्हा
प्रधान निदेशक लेखापरीक्षा (इन्फ्रास्ट्रक्चर)
नई दिल्ली

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 7 नवम्बर, 2022

एएआई कार्गो लाजिस्टिक्स एण्ड अलाइड सर्विसेज कंपनी लिमिटेड के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण

31 मार्च, 2022 को तुलन पत्र

(आंकड़े लाख रुपए में, जब तक अन्यथा उल्लिखित न हो)

विवरण	टिप्पणियां	31 मार्च, 2022 के अनुसार	31 मार्च, 2021 के अनुसार
परिसंपत्तियां			
गैर–वर्तमान परिसंपत्तियां			
संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण	3ए	23,766.92	18,544.32
प्रगतिशील पूंजीगत कार्य	3बी	1,785.24	1,828.43
अन्य अमूर्त परिसंपत्तियां	4	93.94	25.07
आस्थगित कर परिसंपत्तियां (शुद्ध)	5	-	21.05
आयकर परिसंपत्तियां (शुद्ध)	6	581.16	256.65
कुल गैर - मौजूदा परिसंपत्तियां		**26,227.26**	**20,675.52**
वर्तमान परिसंपत्ति			
वित्तीय परिसंपत्तियां			
व्यापार प्राप्तियां	7	4,039.05	6,447.04
नकद और नकदी के समतुल्य	8	11,960.76	8,500.37
अन्य बैंक में शेष राशि	9	10,000.00	9,000.00
अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां	10	279.31	167.33
अन्य वर्तमान परिसंपत्तियां	11	2,023.41	2,795.79
कुल वर्तमान परिसंपत्तियां		**28,302.54**	**26,910.53**
कुल परिसंपत्तियां		**54,529.79**	**47,586.05**
इक्विटी और देयता			
इक्विटी			
इक्विटी शेयर पूंजी	12	2,500.00	2,500.00
अन्य इक्विटी	13	36,314.81	33,006.24
कुल इक्विटी		**38,814.81**	**35,506.24**
देयताएं			
गैर-मौजूदा देनदारियां			
अन्य वित्तीय देयताएं	14	262.47	312.80
प्रावधान	15	94.26	44.93
आस्थगित कर देनदारियां (शुद्ध)	5	261.74	-
अन्य गैर–वर्तमान परिसंपत्तियां	16	13.48	29.26
कुल गैर–वर्तमान परिसंपत्तियां		**631.95**	**386.99**

(आंकड़े लाख रुपए में, जब तक अन्यथा उल्लिखित न हो)

विवरण	टिप्पणियां	31 मार्च, 2022 के अनुसार	31 मार्च, 2021 के अनुसार
वर्तमान देयताएं			
वित्तीय देयताएं			
(i) व्यापार देय	17		
(ए) सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों की कुल बकाया राशि*		152.58	214.43
(बी) सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के अलावा लेनदारों की कुल बकाया राशि		9,692.72	7,402.87
(ii) अन्य वित्तीय देयताएं	18	2,969.29	2,105.44
अन्य वर्तमान देनदारियां	19	2,266.88	1,969.94
प्रावधान	20	1.56	0.14
कुल वर्तमान देनदारियां		**15,083.03**	**11,692.82**
कुल देनदारियां		**15,714.99**	**12,079.81**
कुल इक्विटी और देनदारियां		**54,529.79**	**47,586.05**

संलग्न टिप्पणियां इन वित्तीय विवरणों का एक अभिन्न अंग हैं।

यह हमारी सम तिथि की रिपोर्ट में संदर्भित तुलन पत्र है।

कृते यूसीसी एंड ऐसोसिएट्स एलएलपी
चार्टर्ड अकाउंटेंट
फर्म पंजीकरण सं. : 010585एन/एन 500017

हस्ता/–
सुनीता उमेश
भागीदार
सदस्यता सं. 088316

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 13.10.2022

एएआई कार्गो लॉजिटिक्स एंड एलाइड सर्विसेज़ कंपनी लिमिटेड के निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

हस्ता/–
किशोर कुमार सेनापति
मुख्य वित्तीय अधिकारी
पैनः एपीयूपीएस 3057जी

हस्ता/–
गरिमा जौहरी
कंपनी सचिव
सदस्यता सं. : ए28015

हस्ता/–
अजय कुमार
मुख्य कार्यपालक अधिकारी
पैन : एसीएसपीबी 2799पी

हस्ता/–
संजीव कुमार
अध्यक्ष
डीआईएनः 01866640

31 मार्च 2022 को समाप्त अवधि के लिए लाभ हानि विवरण

(आंकड़े लाख रुपए में, जब तक अन्यथा उल्लिखित न हो)

विवरण	टिप्पणियां	31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के अनुसार	31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के अनुसार
प्रचालनों से राजस्व	21	48,067.03	35,468.45
अन्य आय	22	1,052.70	1,994.89
कुल आय		**49,119.73**	**37,463.34**
व्यय			
प्रचालन व्यय	23	27,023.03	18,078.32
कर्मचारी लाभ व्यय	24	4,113.40	3,294.28
वित्त लागत	25	28.98	32.33
मूल्यह्रास एवं परिशोधन व्यय	26	1,556.59	1,307.53
अन्य व्यय	27	2,084.22	5,058.51
कुल व्यय		**34,806.22**	**27,770.98**
आयकर पूर्व लाभ		**14,313.51**	**9,692.36**
वर्तमान कर		3,513.86	2,740.47
आस्थगित कर	5	278.59	(274.08)
आय कर व्यय		**3,792.46**	**2,466.39**
वर्ष हेतु लाभ		**10,521.05**	**7,225.97**
अन्य व्यापक आय			
मदें जिन्हें बाद में लाभ या हानि के लिए पुनर्वर्गीकृत नहीं किया जाएगा			
परिभाषित लाभ देयता का पुनर्माप		16.71	0.41
उपर्युक्त मद से संबंधित आयकर		(4.20)	(0.10)
वर्ष के लिए अन्य व्यापक हानि, आयकर के निवल		**12.51**	**0.30**
वर्ष के लिए कुल व्यापक (हानि), आयकर का निवल		**10,533.56**	**7,226.27**
भारतीय रुपए 10 प्रत्येक की प्रति इक्विटी शेयर आय			
मूल और तनुकृत आय प्रति शेयर	30	42.13	28.91

संलग्न टिप्पणियां इन वित्तीय विवरणों का एक अभिन्न अंग हैं।
यह हमारी सम तिथि की रिपोर्ट में संदर्भित तुलन पत्र है।

कृते यूसीसी एंड ऐसोसिएट्स एलएलपी
चार्टर्ड अकाउंटेंट
फर्म पंजीकरण सं. : 010585एन/एन 500017

हस्ता/–
सुनीता उमेश
भागीदार
सदस्यता सं. 088316

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 13.10.2022

एएआई कार्गो लॉजिटिक्स एंड एलाइड सर्विसेज़ कंपनी लिमिटेड के निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

हस्ता/–
किशोर कुमार सेनापति
मुख्य वित्तीय अधिकारी
पैनः एपीयूपीएस 3057जी

हस्ता/–
गरिमा जौहरी
कंपनी सचिव
सदस्यता सं. : ए28015

हस्ता/–
अजय कुमार
मुख्य कार्यपालक अधिकारी
पैन : एसीएसपीबी 2799पी

हस्ता/–
संजीव कुमार
अध्यक्ष
डीआईएनः 01866640

31 मार्च, 2022 को समाप्त अवधि हेतु नकद प्रवाह का विवरण (अप्रत्यक्ष प्रणाली के अंतर्गत)

(आंकड़े लाख रुपए में, जब तक अन्यथा उल्लिखित न हो)

	विवरण	31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के अनुसार	31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के अनुसार
ए.	**प्रचालनीय गतिविधियों से नकद प्रवाह**		
	कर पूर्व निवल लाभ	**14,313.51**	**9,692.36**
	समायोजन हेतु :		
	मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय	1,556.59	1,307.53
	प्राप्य राशियों पर अपेक्षित क्रेडिट हानि का प्रावधान	409.36	1,671.75
	ब्याज आय	(597.28)	(1,655.16)
	विदेशी मुद्रा में परिवर्तन पर (लाभ) / हानि	8.62	9.58
	वित्त लागत	28.98	32.33
	कार्यशील पूंजी में परिवर्तन से पहले प्रचालन लाभ	**15,719.78**	**11,058.39**
	समायोजन हेतु :		
	व्यापार से प्राप्य राशियों में उतार–चढ़ाव	1,998.62	(894.12)
	अन्य वर्तमान परिसंपत्तियों में उतार–चढ़ाव	772.38	647.81
	अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों में उतार–चढ़ाव	(111.98)	(7.97)
	चालू और गैर–चालू प्रावधानों में उतार–चढ़ाव	67.45	31.97
	गैर चालू देयताओं में उतार–चढ़ाव	(15.77)	29.26
	व्यापार प्राप्य राशियों और अन्य चालू देयताओं में उतार–चढ़ाव	2,524.90	(29,057.83)
	वित्तीय देयताओं में उतार–चढ़ाव	461.48	472.10
	प्रचालन गतिविधियों से सृजित नकदी	**21,416.91**	**(17,720.39)**
	आयकर रिफंड / (प्रदत्त)	(3,838.37)	2,174.43
	प्रचालन गतिविधियों से सृजित निवल नकदी	**17,578.53**	**(15,545.96)**
बी.	**निवेश गतिविधियों से नकद प्रवाह**		
	संपत्ति, संयंत्र और उपकरण हेतु भुगतान	(6,481.82)	(3,870.87)
	अन्य बैंक बैलेंस में कमी–वृद्धि	(1,000.00)	6,310.75
	प्राप्त ब्याज	597.28	2,056.35
	निवेश गतिविधियों में उपयोग निवल नकद	**(6,884.53)**	**4,496.23**
सी	**निधिकरण गतिविधियों से नकद प्रवाह**		
	प्रदत्त लाभांश (लाभांश वितरण कर सहित)	(7,225.00)	(2,770.00)
	निधिकरण गतिविधियों में उपयोग निवल नकद	**(7,225.00)**	**(2,770.00)**
डी	**विदेशी मुद्रा के परिवर्तन पर (लाभ) / हानि**	**(8.62)**	**(9.58)**
	नकद और नकद समतुल्य में निवल वृद्धि/ कमी (क+ख+ग)	**3,460.38**	**(13,829.31)**

31 मार्च, 2022 को समाप्त अवधि हेतु नकद प्रवाह का विवरण (अप्रत्यक्ष प्रणाली के अंतर्गत)

(आंकड़े लाख रुपए में, जब तक अन्यथा उल्लिखित न हो)

	विवरण	31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के अनुसार	31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के अनुसार
ई.	**नकद और नकद समतुल्य - आरंभिक शेष**		
	चालू खातों में बैंकों में शेष	6,334.85	82.22
	उपलब्ध नकद	0.27	0.39
	उपलब्ध चैक	18.34	27.13
	तीन महीने से कम की परिपक्वता के साथ जमा राशियां	2,146.92	22,219.96
		8,500.38	**22,329.69**
एफ	**नकद और नकद समतुल्य - अंतिम शेष**		
	चालू खातों में बैंकों में शेष	1,421.20	6,334.85
	उपलब्ध नकद	0.13	0.27
	उपलब्ध चैक	13.91	18.34
	तीन महीने से कम की मूल परिपक्वता के साथ जमा राशियां	10,525.53	2,146.92
		11,960.76	**8,500.38**
	नकद और नकद समतुल्य (डी-ई) में निवल वृद्धि /(कमी)	**3,460.38**	**(13,829.31)**

जी. भारतीय लेखा मानक 7 में संशोधन :

वित्तपोषण गतिविधियों से उत्पन्न होने वाली देनदारियों में गैर–नकद परिवर्तन उचित मूल्य परिवर्तन और विदेशी मुद्रा में उतार–चढ़ाव के प्रभाव से संबंधित हैं जिन्हें नगण्य माना जाता है।

एच. उपरोक्त नकद प्रवाह विवरण ''स्टेटमेंट ऑफ कैश फ्लो'' पर भारतीय लेखा मानक 7 (इंड एएस 7) में निर्धारित ''अप्रत्यक्ष विधि'' के तहत तैयार किया गया है।

आई. कोष्ठक में दिए गए आंकड़े नकदी बहिर्वाह दर्शाते हैं।

जे. संपत्ति, संयंत्र और उपकरण और अमूर्त परिसंपत्तियों की खरीद में पूंजीगत कार्य–प्रगति, विकास के तहत अमूर्त परिसंपत्ति, पूंजीगत अग्रिम और वर्ष के दौरान संपत्ति, संयंत्र और उपकरण के लिए देय राशि शामिल है।

यह हमारी सम तिथि की रिपोर्ट में संदर्भित नकद प्रवाह विवरण है।

कृते यूसीसी एंड ऐसोसिएट्स एलएलपी
चार्टर्ड अकाउंटेंट
फर्म पंजीकरण सं. : 010585एन/एन 500017

हस्ता/–
सुनीता उमेश
भागीदार
सदस्यता सं. 088316

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 13.10.2022

एएआई कार्गो लॉजिटिक्स एंड एलाइड सर्विसेज़ कंपनी लिमिटेड के निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

हस्ता/–
किशोर कुमार सेनापति
मुख्य वित्तीय अधिकारी
पैनः एपीयूपीएस 3057जी

हस्ता/–
अजय कुमार
मुख्य कार्यपालक अधिकारी
पैन : एसीएसपीबी 2799पी

हस्ता/–
गरिमा जौहरी
कंपनी सचिव
सदस्यता सं. : ए28015

हस्ता/–
संजीव कुमार
अध्यक्ष
डीआईएनः 01866640

31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष हेतु वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष हेतु महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों और अन्य व्याख्यात्मक जानकारी का सार

1. कंपनी विवरण

एएआई कार्गो लॉजिस्टिक एंड एलाइड सर्विसेज कंपनी लिमिटेड ('कंपनी') को कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत 11 अगस्त, 2016 को सम्मिलित की गई थी। कंपनी मुख्य रूप से कार्गो रसद और संबद्ध सेवाओं के कारोबार में शामिल है।

कार्गो व्यवसाय पहले भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (मूल कंपनी) का एक व्यापार प्रभाग था। इस प्रभाग से संबंधित पूरी व्यावसायिक गतिविधि को 01.04.2017 से मूल कंपनी से इस कंपनी में स्थानांतरित कर दिया गया है।

2. महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां

ए) **वित्तीय विवरण को तैयार करने का आधार** वित्तीय विवरण कंपनी अधिनियम, 2013, (''अधिनियम'') की धारा 133 के तहत अधिसूचित कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 के अनुसार भारतीय लेखा मानकों (''भारतीय लेखा मानक'') के अनुसार तैयार किए गए हैं। इन वित्तीय विवरणों को ऑन गोईंग कन्सर्न के आधार पर तैयार किया गया है और कुछ वित्तीय परिसंपत्तियों और वित्तीय देनदारियों को छोड़कर ऐतिहासिक लागत परंपरा के तहत प्रस्तुत किया गया है, जिन्हें प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में उचित मूल्यों पर मापा जाता है, जैसा कि नीचे दी गई लेखांकन नीतियों में बताया गया है।

इन वित्तीय विवरणों को महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों और माप के आधार पर तैयार किया गया है, जिनका सारांश नीचे दिया गया है। इन वित्तीय विवरणों में प्रस्तुत सभी अवधियों के दौरान इन लेखांकन नीतियों का लगातार उपयोग किया गया है जब तक कि अन्यथा न कहा गया हो।

सभी परिसंपत्तियों और देनदारियों को कंपनी के सामान्य प्रचालन चक्र और अधिनियम की अनुसूची 3 के खंड 2 में निर्धारित अन्य मानदंडों के अनुसार वर्तमान या गैर–वर्तमान के रूप में वर्गीकृत किया गया है। कंपनी ने बारह माह के रूप में अपने सामान्य प्रचालन चक्र का पता लगाया है। यह सेवाओं की प्रकृति और सेवाओं के प्रावधान और नकद और नकद समकक्षों में उनकी प्राप्ति के बीच के समय पर आधारित है।

बी) कार्यात्मक और प्रस्तुतीकरण मुद्रा

ये स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण मुद्रा भारतीय रुपए (रु.) में प्रस्तुत किए जाते हैं, जो कि कंपनी की कार्यात्मक मुद्रा भी है। जब तक अन्यथा इंगित न किया जाए, सभी राशियों को दशमलव के दो स्थानों तक निकटतम लाख में पूर्णांकित किया गया है। शून्य '0.00' 5,000 रुपए से कम राशि को दर्शाता है।

सी) माप का आधार

वित्तीय विवरण निम्नलिखित मदों को छोड़कर ऐतिहासिक लागत के आधार पर तैयार किए गए हैं :

मदें	माप आधार
कुछ वित्तीय परिसंपत्तियां और देयताएं	उचित मूल्य
निवल परिभाषित लाभ (परिसंपत्ति) / देयता	योजनागत परिसंपत्तियों का उचित मूल्य में से परिभाषित लाभ दायित्वों के वर्तमान मूल्य को घटाकर

डी) प्राक्कलनों और निर्णयों का उपयोग

प्रबंधन ने इन वित्तीय विवरणों को तैयार करने में, निर्णय, प्राक्कलन और अनुमान लगाए हैं जो लेखांकन नीतियों के लागू होने और संपत्ति, देनदारियों, आय और व्यय की रिपोर्ट की गई राशि को प्रभावित करते हैं। वास्तविक परिणाम इन अनुमानों से भिन्न हो सकते हैं। उन क्षेत्रों का सिंहावलोकन जिसमें निर्णय या जटिलता का एक उच्च स्तर शामिल था और उन मदों का जो मूल रूप से मूल्यांकन किए गए अनुमानों से भिन्न होने के अनुमानों और मान्यताओं के कारण भौतिक रूप से समायोजित होने की अधिक संभावना है, नीचे उल्लेख किया गया है। महत्वपूर्ण प्राक्कलनों या निर्णयों वाले क्षेत्र हैं :

जिस सीमा तक आस्थगित कर परिसंपत्ति को मान्यता दी जानी है, वह भविष्य की कर योग्य आय की संभावना के आकलन पर आधारित है जिसके आधार पर आस्थगित कर

31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष हेतु वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

संपत्ति का उपयोग किया जा सकता है।

वर्तमान कर व्यय और देय का प्राक्कलन।

परिभाषित लाभ दायित्व का प्राक्कलन।

प्रावधानों और आकस्मिकताओं की पहचान और माप : संसाधनों के बहिर्वाह की संभावना और परिमाण के बारे में प्रमुख धारणाएं।

गैर–वित्तीय परिसंपत्तियों की हानि परीक्षण : वसूली योग्य राशियों में अंतर्निहित प्रमुख धारणाएं

इन प्राक्कलनों और निर्णयों में से प्रत्येक के बारे में विस्तृत जानकारी वित्तीय विवरणों में प्रत्येक प्रभावित लाइन मद के लिए गणना के आधार के बारे में जानकारी के साथ संगत टिप्पणियों में शामिल है। प्राक्कलनों और अंतर्निहित मान्यताओं की समीक्षा निरंतर आधार पर की जाती है। लेखांकन प्राक्कलनों में संशोधन को संभावित रूप से मान्यता दी जाती है।

ई) उचित मूल्य मापन

कंपनी की कई लेखा नीतियों और प्रकटीकरणों में वित्तीय और गैर–वित्तीय परिसंपत्तियों और देयताओं दोनों के लिए उचित मूल्यों के मापन की आवश्यकता होती है। मूल्यांकन तकनीकों में उपयोग किए गए इनपुट के आधार पर उचित मूल्य पदानुक्रम में उचित मूल्यों को विभिन्न स्तरों में वर्गीकृत किया जाता है :

स्तर 1 : समान परिसंपत्तियों या देताओं के लिए सक्रिय बाजारों में उद्धृत (गैर–समायोजित) मूल्य।

स्तर 2 : स्तर 1 में शामिल उद्धृत कीमतों के अलावा अन्य इनपुट जो परिसंपत्ति या देयता के लिए प्रत्यक्ष रूप से (यानी कीमतों के रूप में) या परोक्ष रूप से (यानी कीमतों से प्राप्त) विचार योग्य हैं।

स्तर 3 : परिसंपत्ति या देयता के लिए इनपुट जो कि विचार योग्य बाजार डेटा (अदृश्य इनपुट) पर आधारित नहीं हैं।

जहां तक संभव हो, कंपनी किसी परिसंपत्ति या देयता के उचित मूल्य को मापते समय, विचार योग्य बाजार डेटा का उपयोग करती है। यदि किसी परिसंपत्ति या देयता के उचित मूल्य को मापने के लिए उपयोग किए जाने वाले इनपुट उचित मूल्य पदानुक्रम के विभिन्न स्तरों में आते हैं, तो उचित मूल्य माप को पूरी तरह से उचित मूल्य पदानुक्रम के समान स्तर में निम्नतम स्तर के इनपुट के रूप में वर्गीकृत किया जाता है जोकि संपूर्ण माप के लिए महत्वपूर्ण है। कंपनी उस रिपोर्टिंग अवधि के अंत में उचित मूल्य पदानुक्रम के स्तरों के बीच अंतरण को मान्यता देती है जिसके दौरान परिवर्तन हुआ है। इसके अलावा, उचित मूल्यों को मापने में किए गए अनुमानों के बारे में जानकारी टिप्पणी 28 – वित्तीय साधन में शामिल हैं।

एफ) चालू और गैर-चालू वर्गीकरण

सभी परिसंपत्तियों और देयताओं को चालू और गैर–चालू में वर्गीकृत किया गया है।

परिसंपत्तियां

एक परिसंपत्ति को चालू के रूप में तब वर्गीकृत किया जाता है जब वह निम्नलिखित में से किसी भी मानदंड को पूरा करती है :

ए) यह कंपनी के सामान्य प्रचालन चक्र में साधित होने या बिक्री या उपभोग हेतु समाधान होने की संभावना होती है;

बी) यह व्यापार करने के उद्देश्य हेतु मुख्य तौर पर धारित होता है;

सी) इसकी रिपोर्टिंग तारीख से 12 महीने के अंदर समाधान होने की संभावना होती है; या

डी) यह नकद या नकद समतुल्य है, जब तक कि रिपोर्टिंग तिथि के बाद कम से कम 12 महीनों के लिए इसे विनिमय किए जाने या देयता को निपटाने के लिए उपयोग नहीं किया जाता है।

चालू परिसंपत्तियों में गैर–वर्तमान वित्तीय परिसंपत्तियों का वर्तमान भाग शामिल है। अन्य सभी परिसंपत्तियों को गैर–चालू के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

देयताएं

एक देयता को चालू के रूप में तब वर्गीकृत किया जाता है जब वह निम्नलिखित में से किसी भी मानदंड को पूरा करती है :

ए) इसकी कंपनी के सामान्य प्रचालन चक्र में निपटान होने की संभावना होती है;

31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष हेतु वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

बी) यह मुख्य तौर पर व्यापार करने के उद्देश्य हेतु धारित होता है;

सी) इसकी रिपोर्टिंग तारीख से 12 महीने के अंदर निपटान होने की संभावना होती है;

डी) कंपनी के पास रिपोर्टिंग तिथि के बाद कम से कम 12 महीने के लिए देयता के निपटान को स्थगित करने का बिना शर्त अधिकार नहीं है। एक दायित्व की शर्तें, जो प्रतिपक्ष के विकल्प पर, इक्विटी लिखतों के निर्गम द्वारा इसके निपटान में परिणामित हो सकती हैं, इसके वर्गीकरण को प्रभावित नहीं करती हैं।

चालू देयताओं में गैर–चालू वित्तीय देयताओं का वर्तमान भाग शामिल है। अन्य सभी देयताओं को गैर–चालू के रूप में वर्गीकृत किया गया है

प्रचालन चक्र

प्रचालन चक्र प्रसंसाधन के लिए संपत्ति के अधिग्रहण और नकद या नकद समतुल्य में उनकी वसूली के बीच का समय है।

जी) वित्तीय लिखत

वित्तीय परिसंपत्तियों और वित्तीय देयताओं को तब मान्यता दी गई है जब कंपनी लिखतों के संविदात्मक प्रावधानों का एक पक्ष बन जाती है। वित्तीय संपत्ति और वित्तीय देयताओं को शुरू में उचित मूल्य पर मापा गया है। लेन–देन की लागतें जो वित्तीय परिसंपत्तियों और वित्तीय देयताओं के अधिग्रहण या जारी करने के लिए सीधे जिम्मेदार हैं (लाभ और हानि के विवरण के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय संपत्ति और वित्तीय देयताओं के अलावा) को जैसा उपयुक्त हो, प्रारंभिक मान्यता पर वित्तीय परिसंपत्तियों या वित्तीय देयताओं के उचित मूल्य में जोड़ा या घटाया गया है।

लाभ और हानि के विवरण के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय परिसंपत्तियों या वित्तीय देयताओं के अधिग्रहण के कारण सीधे लेनदेन लागत को लाभ और हानि के विवरण में तुरंत मान्यता दी गई है।

वित्तीय परिसंपत्तियां

वित्तीय परिसंपत्तियों के वर्गीकरण के आधार पर सभी मान्यता प्राप्त वित्तीय परिसंपत्तियों को बाद में उनकी संपूर्णता में या तो परिशोधित लागत या उचित मूल्य पर मापा जाता है।

<u>वित्तीय परिसंपत्तियों का वर्गीकरण</u>

निम्नलिखित शर्तों को पूरा करने वाले ऋण लिखतों को बाद में परिशोधित लागत पर मापा जाता है (ऋण लिखतों को छोड़कर जिन्हें प्रारंभिक मान्यता पर लाभ और हानि के विवरण के माध्यम से उचित मूल्य पर निर्दिष्ट किया जाता है) :

- परिसंपत्ति को एक व्यापार मॉडल के अंतर्गत रखा गया है जिसका उद्देश्य संविदात्मक नकदी प्रवाह एकत्र करने के लिए परिसंपत्तियों को धारित करना है; तथा
- लिखत की संविदात्मक शर्तें नकदी प्रवाह को निर्दिष्ट तारीखों को बनती हैं जो केवल पूरी तरह मूलधन और बकाया मूलधन पर ब्याज का भुगतान हैं।

निम्नलिखित शर्तों को पूरा करने वाले ऋण साधनों को बाद में अन्य व्यापक आय (एफवीटीओसीआई) के माध्यम से उचित मूल्य पर मापा जाता है (ऋण लिखतों को छोड़कर जिन्हें प्रारंभिक मान्यता पर लाभ और हानि के विवरण के माध्यम से उचित मूल्य के रूप में नामित किया जाता है)

- परिसंपत्ति को एक व्यापार मॉडल के अंतर्गत रखा गया है जिसका उद्देश्य संविदात्मक नकदी प्रवाह एकत्र करके और वित्तीय परिसंपत्तियों को बेचकर प्राप्त किया गया है; तथा
- लिखत की संविदात्मक शर्तें नकदी प्रवाह को निर्दिष्ट तारीखों को बनती हैं जो केवल पूरी तरह मूलधन और बकाया मूलधन पर ब्याज का भुगतान हैं।

एफवीटीओसीआई ऋण लिखतों के लिए लाभ और हानि के विवरण में ब्याज आय को मान्यता दी जाती है।

अन्य सभी वित्तीय परिसंपत्तियों को बाद में उचित मूल्य पर मापा जाता है।

प्रभावी ब्याज विधि

प्रभावी ब्याज पद्धति एक ऋण साधन की परिशोधित लागत की गणना करने और प्रासंगिक अवधि में ब्याज आय आवंटित करने की एक विधि है। प्रभावी ब्याज दर (ईआईआर) वह दर है जो अपेक्षित भविष्य की नकद प्राप्तियों (भुगतान किए गए या प्राप्त किए गए सभी शुल्कों और बिंदुओं सहित जो

31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष हेतु वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

प्रभावी ब्याज दर, लेनदेन लागत और अन्य प्रीमियम या छूट का एक अभिन्न अंग है) को सटीक रूप से छूट देती है। ऋण लिखत का जीवनकाल या जहां उचित हो प्रारंभिक मान्यता पर मिलने वाली अग्रणीत राशि के लिए एक छोटी अवधि में होता है।

एफवीटीपीएल के रूप में वर्गीकृत उन वित्तीय संपत्तियों के अलावा अन्य ऋण उपकरणों के लिए आय को प्रभावी ब्याज के आधार पर मान्यता दी गई है। ब्याज आय को लाभ और हानि के विवरण में पहचाना जाता है और 'अन्य आय' लाइन आइटम में शामिल किया जाता है।

लाभ और हानि विवरणी (एफवीटीपीएल) के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय संपत्तियां

इक्विटी उपकरणों में निवेश को एफवीटीपीएल के रूप में वर्गीकृत किया जाता है जब तक कि कंपनी इक्विटी उपकरणों में निवेश के लिए अन्य व्यापक आय में उचित मूल्य में बाद के बदलावों को प्रस्तुत करने के लिए प्रारंभिक मान्यता पर अपरिवर्तनीय रूप से चुनाव नहीं करती है जो व्यापार के लिए आयोजित नहीं होते हैं।

ऋण साधन जो परिशोधित लागत मानदंड या एफवीटीओसीआई मानदंड को पूरा नहीं करते हैं, उन्हें एफवीटीपीएल पर मापा जाता है । इसके अलावा, ऋण साधन जो परिशोधित लागत मानदंड या एफवीटीओसी मानदंड को पूरा करते हैं लेकिन एफवीटीपीएल के रूप में निर्दिष्ट हैं, उन्हें एफवीटीपीएल पर मापा जाता है

एक वित्तीय संपत्ति जो परिशोधित लागत मानदंड या ऋण उपकरणों को पूरा करती है जो एफवीटीओसीआई मानदंड को पूरा करती है, प्रारंभिक मान्यता पर एफवीटीपीएल के रूप में नामित किया जा सकता है यदि ऐसा पदनाम किसी माप या मान्यता की असंगति को समाप्त या महत्वपूर्ण रूप से कम करता है जो संपत्ति या देनदारियों को मापने या लाभ को पहचानने से उत्पन्न होगा। और उन पर होने वाले नुकसान या उन पर अलग–अलग आधार पर लाभ और हानि। कंपनी ने एफवीटीपीएल के रूप में किसी भी ऋण साधन को नामित नहीं किया है

एफवीटीपीएल में वित्तीय संपत्तियों को प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में उचित मूल्य पर मापा जाता है, लाभ और हानि के विवरण में मान्यता प्राप्त पूर्व माप पर उत्पन्न होने वाले किसी भी लाभ या हानि सहित। लाभ और हानि के विवरण में मान्यता प्राप्त हानि का शुद्ध लाभ वित्तीय संपत्ति पर अर्जित किसी भी लाभांश या ब्याज को शामिल करता है और अन्य आय रेखा मद में शामिल होता है। एफवीटीपीएल में वित्तीय संपत्तियों पर लाभांश की पहचान तब की जाती है जब लाभांश प्राप्त करने का कंपनी का अधिकार स्थापित हो जाता है, यह संभव है कि लाभांश से जुड़े आर्थिक लाभ इकाई को प्रवाहित होंगे, लाभांश निवेश की लागत के हिस्से की वसूली का प्रतिनिधित्व नहीं करता है और लाभांश की राशि को मजबूती से मापा जा सकता है।

वित्तीय परिसंपत्तियों की हानि

कंपनी परिशोधन लागत, एफवीटीओसीआई में ऋण लिखतों, व्यापार प्राप्य, नकद या अन्य वित्तीय संपत्ति प्राप्त करने के लिए अन्य संविदात्मक अधिकारों, और एफवीटीपीएल के रूप में निर्दिष्ट वित्तीय गारंटी पर मापी गई वित्तीय परिसंपत्तियों पर असमर्थता हानि को चिन्हित करने के लिए अपेक्षित क्रेडिट हानि मॉडल लागू करती है।

अपेक्षित क्रेडिट हानि, भार के रूप में होने वाले चूक से संबंधित जोखिमों के साथ क्रेडिट हानियों का भारित औसत है।

संतुलित करना

वित्तीय परिसंपत्तियों और वित्तीय देयताओं को संतुलित किया जाता है और तुलन पत्र में निवल राशि केवल तभी और तभी दशाई जाती है जब कंपनी के पास वर्तमान में कानूनी रूप से राशि को संतुलित करने का अधिकार हो और इसका इरादा या तो उन्हें निवल आधार पर निपटाने या संपत्ति को चिन्हित करने का और देनदारियों को एक साथ निपटाने का हो।

वित्तीय परिसंपत्तियों की अमान्यता

कंपनी एक वित्तीय परिसंपत्ति को तब अमान्य करती है जब परिसंपत्ति से नकदी प्रवाह के संविदात्मक अधिकार समाप्त हो जाते हैं, या जब यह वित्तीय परिसंपत्ति को स्थानांतरित करता है और तदनुसार परिसंपत्ति के स्वामित्व के सभी जोखिम और लाभ किसी अन्य पार्टी को हस्तांतरित हो जाते हैं।

31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष हेतु वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

वित्तीय देयताएं और इक्विटी लिखत

ऋण या इक्विटी के रूप में वर्गीकरण

कंपनी द्वारा जारी किए गए ऋण और इक्विटी लिखतों को संविदात्मक व्यवस्था के सार के अनुसार और एक वित्तीय देयता और एक इक्विटी साधन की परिभाषा के अनुसार या तो वित्तीय देयताओं या इक्विटी के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

इक्विटी लिखत

एक इक्विटी लिखत कोई भी संविदा होती है जो किसी इकाई की सभी देयताओं में कटौती के बाद एक इकाई की संपत्ति में अवशिष्ट ब्याज का साक्ष्य देती है।

वित्तीय देयताएं

वित्तीय देयताएं जो व्यापार के लिए धारित नहीं हैं और जिन्हें एफवीटीपीएल के रूप में नामित नहीं किया गया है, को बाद की लेखा अवधि के अंत में परिशोधन लागत पर मापा जाता है। वित्तीय देयताओं की वहन राशियां जिसे बाद में परिशोधन लागत पर मापा जाता है, प्रभावी ब्याज पद्धति के आधार पर निर्धारित की जाती है। ब्याज व्यय जिसे किसी परिसंपत्ति की लागत के हिस्से के रूप में पूंजीकृत नहीं किया गया है, उसे 'वित्त लागत' के अंतर्गत शामिल किया जाता है।

प्रभावी ब्याज पद्धति एक वित्तीय दायित्व की परिशोधित लागत की गणना करने और संगत अवधि में ब्याज व्यय आबंटित करने की एक विधि है। प्रभावी ब्याज दर वह दर है जिस पर वित्तीय देयता के अपेक्षित जीवन के दौरान अनुमानित भविष्य के नकद भुगतान (सभी शुल्क और भुगतान किए गए या प्राप्त अंक सहित प्रभावी ब्याज दर, लेनदेन लागत और अन्य प्रीमियम या छूट का एक अभिन्न अंग सहित) को छूट दी जाती है।

सभी वित्तीय देयताओं को बाद में प्रभावी ब्याज पद्धति या एफवीटीपीएल का उपयोग करके परिशोधन लागत पर मापा जाता है।

वित्तीय देनदारियों को अमान्य करना

कंपनी वित्तीय देयताओं को तब अमान्य करती है और केवल जब, कंपनी के दायित्वों का निर्वहन हो जाता है, रद्द हो जाता है या समाप्त हो जाता है।

मिश्रित वित्तीय लिखतें

एक मिश्रित वित्तीय लिखत के देयता घटक को शुरू में समान देयता के उचित मूल्य पर मान्यता दी जाती है जिसमें इक्विटी रूपांतरण विकल्प नहीं होता है। इक्विटी घटक को शुरू में समग्र रूप से मिश्रित वित्तीय साधन के उचित मूल्य और देयता घटक के उचित मूल्य के अंतर पर पहचाना जाता है। किसी भी प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार लेनदेन लागतों को देयता और इक्विटी घटक में उनकी प्रारंभिक वहन राशियों के अनुपात में आबंटित किया जाता है।

प्रारंभिक मान्यता के बाद, एक मिश्रित वित्तीय लिखत के देयता घटक को प्रभावी ब्याज पद्धति का उपयोग करके परिशोधन लागत पर मापा जाता है। एक मिश्रित वित्तीय लिखत के इक्विटी घटक का बाद में पुनर्माप नहीं किया जाता है।

वित्तीय दायित्व से संबंधित ब्याज को लाभ या हानि में मान्यता दी जाती है (जब तक कि यह किसी परिसंपत्ति की लागत में शामिल होने के योग्य न हो)। परिपक्वता पर रूपांतरण के मामले में, वित्तीय देयता को इक्विटी में पुनर्वर्गीकृत किया जाता है और कोई लाभ या हानि नहीं मानी जाती है।

एच) संपत्ति, संयंत्र और उपकरण

i. स्वीकृति एवं मापन

संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की मदों को लागत पर मापा जाता है, जिसमें पूंजीकृत उधार लागत, कम संचित मूल्यह्रास और संचित हानि, यदि कोई हो, शामिल होती हैं। संपत्ति, संयंत्र और उपकरण के एक मद की लागत में व्यापार रियायत और छूटों की कटौती के बाद आयात शुल्क और गैर–वापसी योग्य खरीद करों सहित इसकी खरीद कीमत, मद को उपयोग में लाने के इराने से उसे कार्यशील अवस्था में लाने के लिए कोई लागत और मद को तोड़ने और हटाने की अनुमानित लागत और जिस स्थल में वह है, उसे ठीक करने की लागत शामिल है। लीजहोल्ड परिसर में सुधार की लागत, यदि मान्यता मानदंड पूरे किए जाते हैं, को पूंजीकृत किया गया है और लीजहोल्ड सुधार के तहत अलग से प्रकटीकरण किया गया है। संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की किसी मद के निपटान पर किसी भी लाभ या हानि को लाभ या हानि में मान्यता दी जाती है।

31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष हेतु वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां

संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की लागत जो रिपोर्टिंग तिथि के अनुसार उपयोग के लिए तैयार नहीं हैं, पूंजीगत कार्य–प्रगति के रूप में प्रकट किए जाते हैं।

ii. अनुवर्ती व्यय

अनुवर्ती व्यय को केवल तभी पूँजीकृत किया जाता है जब यह संभावना हो कि व्यय से जुड़े भविष्य के आर्थिक लाभ कंपनी को प्राप्त होंगे।

iii. मूल्यह्रास

प्रबंधन द्वारा निर्धारित प्रत्येक संपत्ति के अनुमानित उपयोगी जीवन पर, सीधी–रेखा पद्धति पर मूल्यह्रास प्रदान किया जाता है। अधिनियम की अनुसूची 2 में निर्धारित उपयोगी जीवन काल को सांकेतिक उपयोगी जीवन माना जाता है।

संपत्ति, संयंत्र और उपकरणों की मदों का अनुमानित उपयोगी जीवन इस प्रकार है:

क्र. सं.	परिसंपत्ति श्रेणी	परिसंपत्ति का उपयोगी जीवन (वर्षों में)
1	फर्नीचर और फिक्सचर	10
2	कार्यालय उपकरण : विद्युत उपकरण और अधिष्ठापन	10
	अन्य	5
3	भवन	60
4	संयंत्र और मशीनरी	15
5	कंप्यूटर	
	वास्तविक प्रयोक्ता	3
	सर्वर	6
6	अमूर्त परिसंपत्तियां	10

प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में मूल्यह्रास पद्धति, उपयोगी जीवन और अवशिष्ट मूल्यों की समीक्षा की जाती है और यदि उपयुक्त हो तो समायोजित किया जाता है। तकनीकी मूल्यांकन और परिणामी सलाह के आधार पर, प्रबंधन का मानना है कि ऊपर दिए गए उपयोगी जीवन काल के उसके अनुमान, उस अवधि का सबसे अच्छा प्रतिनिधित्व करते हैं जिस पर प्रबंधन इन परिसंपत्तियों का उपयोग करने की अपेक्षा करता है। संवर्धन/(निपटान) पर मूल्यह्रास यथानुपात आधार पर प्रदान किया जाता है, अर्थात, उस तिथि से/(तक) जब परिसंपत्ति उपयोग/(निपटान) के लिए तैयार है।

परिसंपत्ति की वहन राशि की समीक्षा प्रत्येक तुलनपत्र तिथि पर की जाती है ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि क्या हानि का कोई संकेत है। यदि ऐसा कोई संकेत मौजूद है तो परिसंपत्ति की वसूली योग्य राशि का अनुमान लगाया जाता है। उन परिसंपत्तियों के लिए जो अभी तक उपयोग के लिए उपलब्ध नहीं हैं, उनके लिए प्रत्येक तुलन पत्र तिथि पर वसूली योग्य का अनुमान लगाया जाता है। जब भी किसी परिसंपत्ति या नकदी उत्पन्न करने वाली इकाई की वहन राशि उसकी वसूली योग्य राशि से अधिक हो जाती है, तो हानि क्षति की पहचान की जाती है। हानि क्षतियों को लाभ और हानि के विवरण में चिन्हित किया जाता है। यदि वसूली योग्य राशि का निर्धारण करने के लिए उपयोग किए गए अनुमानों में कोई परिवर्तन हुआ है, तो हानि क्षति को रिवर्स कर दिया जाता है। एक हानि क्षति को केवल उस सीमा तक रिवर्स कर दिया जाता है कि परिसंपत्ति की वहन राशि उस वहन राशि से अधिक न हो जो मूल्यह्रास या परिशोधन के निवल के रूप में निर्धारित की गई हो, यदि कोई हानि क्षति की पहचान नहीं की गई थी।

आई) अमूर्त परिसंपत्ति और परिशोधन

मान्यता और मापन

